इसी चित्र में 'क-ख' और 'च-छ' पट्टीनुमा दो समानान्तर रेखाएँ दिखाई गई हैं, जो गुजरात से अरुणाचल प्रदेश तक जा रही हैं। यह इस ग्रहण का खग्रास मार्ग है। इस पट्टी में बसे नगर-ग्रामों में इस ग्रहण की खग्रास आकृति दिखाई देगी। (अर्थात् इन नगरों में सूर्य का बिम्ब बिल्कुल ढक जाएगा। इस खग्रास मार्ग से ऊपर (उत्तर-भारत) स्थित नगर ग्रामों में सूर्य का बिम्ब दक्षिण की ओर से तथा नीचे (दक्षिण-भारत) स्थित नगरों में उत्तर की ओर से कटा दिखाई पड़ेगा। कोई नगर-ग्राम इस खग्रास-मार्ग के उत्तर या दक्षिण की ओर जितना अधिक समीपस्थ होगा, वहाँ सूर्य उतना ही अधिक ग्रस्त दिखाई देगा। इसी प्रकार कोई नगर-ग्राम इस खग्रास मार्ग से दक्षिण या उत्तर की ओर जितना दूर होगा, वहाँ सूर्य का ग्रस्त भाग उतना कम होगा। पृष्ठ—पर इन नगरों का प्रारम्भ, समाप्तिकाल तथा ग्रहण अवधि बताई गई है जहाँ यह ग्रहण खग्रास रूप में दिखाई देगा।

ग्रहण चित्र (2) देखिए—इस ग्रहण का खग्रास मार्ग काफ़ी बड़ा करके दिखाया गया है। इसमें गुजरात, मध्यप्रदेश, बिहार, बंगाल, अरुणाचल प्रदेश के उन नगर-ग्रामों को स्पष्टतापूर्वक देखा जा सकता है, जहाँ इस ग्रहण की खग्रास आकृति दिखाई देगी। इस चित्र में अंकित 'क-ख' और 'च-छ' रेखाओं के मध्य बसे नगर-ग्रामों में ही इस ग्रहण का खग्रास रूप देखा जा सकेगा।

इन दो रेखाओं की मध्यवर्ती रेखा 'ट-ठ' पर बसे इसके समीपस्थ स्थानों पर खग्रास ग्रहण का दृश्य अधिक आकर्षक होगा। कोई नगर इस 'ट-ठ' रेखा से उत्तर की ओर 'क-ख' रेखा की ओर अथवा दक्षिण की ओर 'च-छ' रेखा की तरफ जितना अधिक दूर होगा, उस नगर में खग्रास ग्रहण दिखाई देने का काल तथा खग्रास ग्रहण के समय पृथ्वी पर छाने वाली छाया भी उतनी कम होगी। 'ट-ठ' रेखा वाले विभिन्न स्थलों पर भारत में पूर्ण ग्रहण की अवधि 3 मिनट 50 सैकिण्ड तक होगी। पृष्ठ 16 पर एक अलग चार्ट में गुजरात, मध्य-प्रदेश, उत्तर-प्रदेश, बिहार, बंगाल, अरु० प्रदेश के—नगरों में खग्रास का प्रारम्भ काल तथा खग्रास की अवधि के सैकण्ड तक भी दिए गए हैं।

'क-ख' और 'च-छ' रेखाओं के मध्य खग्रास मार्ग के मध्य पड़ने वाले नगरों में आप दिन (प्रात:) के समय ही रात जैसा अद्भुत दृश्य देख सकते हैं। प्रात: मंगल, शुक्र को पूर्व में तथा गुरु को पश्चिमी आकाश में देख सकते हैं। प्रात: 7/30 बजे तक अन्य प्रमुख

तारे भी टिमटिमाते नज़र आएंगे। खग्रास प्रारम्भ एवं समाप्ति पर हीरे जैसी आकृति भी आप देख सकते हैं। **परन्तु सूर्यग्रहण को नंगी आँखों से कदापि न देखें।**

ध्यान रहें, अधिकांश भारत (पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश (पश्चिमी), जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश में यह ग्रहण खण्डग्रास रूप में तथा ग्रस्तोदय खण्डग्रास रूप में ही दिखाई देगा।

ग्रहण का सूतक–इस ग्रहण का सूतक सामान्यत: 21 जुलाई, 09 ई. के सूर्यास्त से प्रारम्भ हो जाएगा। लेकिन ग्रस्तोदय ग्रहण हो तो स्पर्शकाल से ठीक 12 घण्टे पूर्व लगभग 17 घं. 28 मिं. से प्रारम्भ हो जाएगा।

जैसे अमृतसर का सूर्योदय 5 घं. 40 मिं. होने के कारण ग्रहण ग्रस्तोदय खण्डग्रास होगा, तो सूतक 21 जुलाई की सायं 17 घं. 40 मिं. से प्रारम्भ होगा।

ग्रहण का पर्वकाल–पृष्ठ पर भारत के लगभग 200 नगरों का सूर्योदयकाल, ग्रहण प्रारम्भ, मध्य, मोक्षकाल तथा सूर्योदय दिया गया है। जहाँ सूर्योदय के बाद ग्रहण प्रारम्भ होगा, वहाँ ग्रहण प्रारम्भ से ग्रहण समाप्ति तक के काल को पर्वकाल माना जाएगा।

क्योंकि यह सूर्यग्रहण अधिकांश भारत में लगभग सूर्योदय से ही प्रारम्भ हो रहा है, इसलिए सूर्योदय होने से पूर्व ही धार्मिक लोगों को जप, पूजा, दान में प्रवृत्त हो जाना चाहिए। ग्रहण मोक्ष पर पुन: स्नान करके संकल्पपूर्वक दानादि कार्य करने चाहिए।

ग्रहण-काल में कृत्य-अकृत्य–ग्रहणकाल में स्नानादि करके इष्टदेव, भगवान् सूर्य की पूजा, पाठ, जपादि करना चाहिए। पूजा-पाठ, पितृ-तर्पण, वैदिक मन्त्रों, आदित्यहृदय स्तोत्र, सूर्याष्टक स्तोत्र, गायत्री मन्त्र, गणपत्यथर्वशीर्ष आदि स्तोत्रों का पाठ करना चाहिए। गणपत्युपनिषद् में भी लिखा है कि सूर्यग्रहण में महानदी अर्थात् गङ्गा, यमुना, सरस्वती आदि नदियों में या किसी प्रतिमा के पास मन्त्र जपने से वह सिद्ध हो जाता है।

'सूर्यग्रहणे महानद्यां प्रतिमासंनिधौ वा जप्त्वा स सिद्धमन्त्रो भवति।' (गणपत्युनिषद्)

वेध या ग्रहणकाल में पहले से पकाया हुआ अन्न भी नहीं खाना चाहिए। ग्रहण में सभी वर्णों को सूतक लगता है–**'सर्वेषामेव वर्णानां सूतकं राहुदर्शने।'** नरकट, दूध-दही, मट्ठा, घी का पका अन्न और मणि में रखा जल, तिल या कुश डालने पर अपवित्र नहीं होते। गङ्गाजल अपवित्र नहीं होता। जैमिनि पुत्रवान को रविवार और संक्रान्ति के सिवा ग्रहण में भी उपवास वर्जित करते हैं। हाँ सबके लिए जप आदि का विधान और शयन आदि का निषेध अवश्य है–

सूर्येन्दुग्रहणं यावत् तावत् कुर्याज्जपादिकम्। न स्वपेन्न च भुञ्जीत स्नात्वा भुञ्जीत भुक्तयो॥ (नि० सि०)

ग्रहण उपरान्त अन्न, जल, वस्त्र, फलों आदि का दान सुपात्र को देना चाहिए। रजस्वला स्त्री गंगा आदि नदियों या सरोवर में डुबकी न लगाएं, अपितु पात्र द्वारा उसका पानी अलग लेकर स्नान करें। गर्भवती महिलाओं को ग्रहणकाल में सब्ज़ी काटना, पापड़ सेंकनादि उत्तेजित कार्यों से परहेज़ करना चाहिए तथा धार्मिक ग्रन्थ का पाठ करते हुए प्रसन्नचित्त रहें। इससे भावी सन्तति स्वस्थ एवं सद्गुणी होती है।

ग्रहण का माहात्म्य–कुरुक्षेत्र, हरिद्वार आदि तीर्थों पर स्नानादि का अनन्त माहात्म्य होगा। **ग्रहण स्पर्शकाले स्नानं मध्ये होमः सुरार्चनम्।**
श्राद्धं च मुच्यमाने दां मुक्ते स्नानमिति क्रमः॥ (धर्मसिन्धु)

अर्थात् ग्रहण में स्पर्श के समय स्नान, मध्य में होम और देवपूजन और ग्रहण मोक्ष के समय में श्राद्ध और अन्न, वस्त्र, धनादि का दान और सर्वमुक्त होने पर स्नान करें–यह क्रम है।

ग्रहण का राशियों पर प्रभाव–यह ग्रहण कर्क राशि तथा पुष्य नक्षत्र में घटित हो रहा है। अतएव इस राशि तथा इस नक्षत्र में पैदा हुए जातक/जातिका के लिए यह ग्रहण विशेष अशुभप्रद एवं उथल-पुथल वाला रहेगा। बारह राशियों पर प्रभाव इस प्रकार रहेगा–

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुंभ	मीन
फल	कार्य सिद्धि	धन लाभ	धन हानि	दुर्घटना चोटभय चिन्ता	धन हानि	लाभ उन्नति	रोग, कष्ट भय	गुप्त चिन्ता	लाभ सौख्य	स्त्री/पति कष्ट	रोग, कष्ट भय	मान हानि, खर्च

जिस राशि वाले को ग्रहण का फल अशुभ हो, विशेषकर कर्क राशि वालों को, उन्हें अपने राशिस्वामी चन्द्रमा का तथा ताँबे या काँसे के पात्र में अन्न/घी भरकर संकल्पर्वूक दान देने से अरिष्ट की शान्ति हो जाती है। नवग्रह सम्बन्धी औषधि स्नान भी कल्याणप्रद माना गया है।

सूर्यग्रहण एवं लोक भविष्य–यह सूर्यग्रहण श्रावण अमावस्या, बुधवार को कर्क राशि, पुष्य नक्षत्र तथा वज्र योग कालीन घटित हो रहा है। तटवर्ती क्षेत्रों में तूफ़ान, प्राकृतिक प्रकोप, कृषि व फ़सलों को हानि एवं राजनीतिक उथल-पुथल के संकेत हैं। काश्मीर, चीन, पाकिस्तान, अफ़गानिस्तान तथा मुस्लिम राष्ट्रों में विशेष राजनीतिक उथल-पुथल एवं उपद्रव होने के संकेत हैं। रूई, चावल, सुपारी, गुड़, चीनी, गेहूँ आदि के भाव तेज होंगे। व्यापारी वर्ग को लाभ, परन्तु गुरुजनों, कारीगरों, लकड़ी का काम करने वालों, साधु, यज्ञ करने वालों तथा जल/तरल पदार्थों से सम्बन्धित कार्य करने वालों को कष्ट होगा। जहाँ-जहाँ ग्रहण ग्रस्तोदय होगा वहाँ उपद्रव, अराजकता तथा ब्राह्मणों में भय रहे।

उदितः सग्रहः सूर्यश्चन्द्रमा यदि वा भवेत्। राजयुद्धं प्रजानाशं सर्वग्रस्तोऽतिदुखदः।

जहाँ-जहाँ ग्रहण ग्रस्तोदित होगा, वहाँ धान्य आदि फसलों का नाश तथा राजा को भी कष्ट व पीड़ा रहे–

ग्रस्तावुदितास्तमितौ शारदधान्यवनीश्वरक्षयदौ॥

भारत के प्रसिद्ध नगरों में सूर्यग्रहण (22 जुला., 09 ई.) का स्पर्श, मोक्ष आदिकाल (भा. स्टै. टा.)

(2) [इन नगरों में खण्डग्रास ही दिखाई देगा। जिस नगर का स्पर्शकाल नहीं दिया गया है, वहाँ सूर्य ग्रस्त ही उदित होगा।]

नगर	ग्रहण प्रारम्भ घं.	मिं.	ग्रहण मध्य परमग्रास		ग्रहण समाप्त घं.	मिं.	सूर्योदय घं.	मिं.
अगरतला	5	30	6	29	7	35	4	50
अजमेर (राज.)	—	—	6	25	7	23	5	52
अमृतसर	—	—	6	28	7	24	5	40
अम्बाला	5	36	6	28	7	25	5	36
अयोध्या	5	32	6	27	7	28	5	17
अलवर (राज.)	—	—	6	25	7	23	5	39
अर्की (हि.प्र.)	5	36	6	28	7	25	5	32
अल्मोड़ा	5	35	6	27	7	26	5	24
अहमदाबाद	—	—	6	24	7	21	6	06
अलीगढ़	—	—	6	27	7	27	5	34
आगरा	—	—	6	27	7	25	5	36
आबू (राज.)	—	—	6	25	7	22	6	03
अबोहर	—	—	6	28	7	24	5	46
आनन्दपुर साहि.	5	36	6	27	7	25	5	35
आईजोल (मिजो.)	5	30	6	29	7	37	4	44
इलाहाबाद	5	30	6	26	7	27	5	24
इम्फाल	5	30	6	31	7	39	4	37
उदयपुर (राज.)	—	—	6	24	7	22	5	59
ऊना (हि.प्र.)	5	36	6	28	7	24	5	34
उधमपुर (का.)	5	39	6	30	7	24	5	36
कपूरथला	—	—	6	28	7	24	5	39
कठुआ	5	39	6	28	7	24	5	37
कन्नौज (उ.प्र.)	5	31	6	26	7	27	5	28
कोलकाता	5	29	6	26	7	31	5	04
करनाल	5	36	6	27	7	25	5	35
करतारपुर	—	—	6	28	7	24	5	38
कटक	5	28	6	25	7	27	5	17
कांगड़ा	5	36	6	28	7	25	5	34
कानपुर	5	32	6	27	7	26	5	28
कालका (ह.)	5	36	6	28	7	25	5	32
किश्तवाड़ (का.)	5	39	6	29	7	24	5	34
कुराली	5	36	6	28	7	25	5	35
कुरुक्षेत्र	—	—	6	27	7	25	5	36
कोचीन	—	—	6	20	7	14	6	13
कुल्लू	5	37	6	29	7	25	5	30
कैथल (हरि.)	—	—	6	26	7	24	5	37
कोटखाई (हि.प्र.)	5	36	6	28	7	25	5	31
कोहिमा	5	31	6	31	7	39	4	35
कन्याकुमारी	—	—	6	20	7	13	6	11
कोटकपुरा (पं.)	—	—	6	29	7	24	6	41
कोल्हापुर (म.)	—	—	6	21	7	18	6	10
खन्ना (पं.)	5	36	6	28	7	24	5	35
खरड़ (पं.)	5	36	6	28	7	25	5	35
खुर्जा (उ.प्र.)	5	36	6	29	7	25	5	36
गाजियाबाद	5	34	6	28	7	25	5	34
ग्वालियर	—	—	6	25	7	23	5	37
गुड़गांव	—	—	6	27	7	25	5	38
गुवाहाटी (बंगा.)	5	30	6	30	7	37	4	43
गोईंदवाल (पं.)	—	—	6	28	7	24	5	39
गोराया (पं.)	—	—	6	28	7	24	5	37
गांधीनगर (गु.)	—	—	6	24	7	21	6	05
चम्बा (हि.प्र.)	5	36	6	29	7	25	5	32
चण्डीगढ़	5	36	6	28	7	25	5	34
चन्दौसी (उ.प्र.)	5	33	6	27	7	26	5	31
चमोली (उत्तरां)	5	35	6	28	7	26	5	26
चेन्नई	—	—	6	21	7	18	5	52
छिन्दवाड़ा (म.प्र.)	—	—	6	28	7	23	5	41
जालन्धर	—	—	6	28	7	24	5	39
जम्मू	5	39	6	29	7	24	5	38
जयपुर	—	—	6	26	7	23	5	46
जलगांव (म.)	—	—	6	23	7	20	5	57
जैसलमेर	—	—	6	25	7	22	6	05
जीन्द	—	—	6	27	7	25	5	40
जोगिन्द्रनगर	5	36	6	28	7	25	5	32
जोधपुर	—	—	6	25	7	22	5	59
जैतों	—	—	6	27	7	23	5	42
जीरा (पं.)	—	—	6	27	7	23	5	41
झुझुनूं	—	—	6	27	7	23	5	45
झांसी (उ.प्र.)	—	—	6	25	7	25	5	39
टोहाना	—	—	6	26	7	25	5	39
डोडा (का.)	5	39	6	29	7	24	5	35
डलहौजी	5	37	6	27	7	25	5	33
तिरूवनन्तपुरम्	—	—	6	20	7	13	6	12
दिल्ली	—	—	6	27	7	25	5	37
दुर्ग (छत्ती.)	—	—	6	24	7	25	5	35
देहरादून	5	35	6	28	7	26	5	30
द्वारिका	—	—	6	24	7	19	6	21
धर्मशाला (हि.प्र.)	5	36	6	28	7	25	5	33
धूरी	—	—	6	28	7	24	5	40
नवलगढ़	—	—	6	28	7	25	5	46
नकोदर	—	—	6	28	7	24	5	39
नरवाना (ह.)	—	—	6	27	7	25	5	38
नवांशहर	5	36	6	28	7	25	5	36
नंगल	5	36	6	28	7	25	5	35
नागपुर	—	—	6	23	7	23	5	43

पर्वकाल— स्पर्श से मोक्ष समय तक का काल 'पर्वकाल' कहलाता है, जहाँ सूर्योदय से पहले ही ग्रहण प्रारम्भ होगा, वहाँ सूर्योदय से ग्रहण समाप्ति तक के समय को 'पर्वकाल' माना जाएगा।

नगर	ग्रहण प्रारम्भ		ग्रहण मध्य		ग्रहण समाप्त		सूर्योदय	
	घं.	मिं.	परमग्रास		घं.	मिं.	घं.	मिं.
नाहन (हि.प्र.)	5	36	6	29	7	25	5	32
नासिक	—	—	6	22	7	20	6	06
नालागढ़ (हि.प्र.)	—	—	6	28	7	25	5	36
नौशैहरा (का.)	5	39	6	29	7	24	5	40
पठानकोट	—	—	6	29	7	24	5	36
पटियाला	—	—	6	28	7	25	5	37
पणजी (गोआ)	—	—	6	21	7	17	6	14
पाण्डिच्चेरी	—	—	6	21	7	17	5	56
पंचकूला	5	36	6	28	7	25	5	34
पानीपत	—	—	6	27	7	25	5	37
पिहोवा	—	—	6	27	7	25	5	36
पिथौरागढ़	5	35	6	29	7	27	5	22
पुँछ (ज.का.)	5	36	6	29	7	24	5	37
पीलीभीत	5	34	6	27	7	26	5	25
पोर्ट-ब्लेयर	5	34	6	26	7	26	5	04
पालमपुर (हि.प्र.)	5	36	6	28	7	25	5	33
पूना	—	—	6	22	7	19	6	09
पुरी	5	28	6	24	7	27	5	19
पपरौला	5	36	6	28	7	25	5	33
फर्रुखाबाद	5	31	6	27	7	26	5	31
फगवाड़ा (पं.)	—	—	6	28	7	24	5	38
फरीदकोट	—	—	6	29	7	23	5	41
फाज़िल्का	—	—	6	29	7	23	5	47
फरीदाबाद	—	—	6	27	7	25	5	41
फतेहाबाद (हरि.)	—	—	6	27	7	25	5	41
विजयवाड़ा	—	—	6	22	7	21	5	45
बटाला	—	—	6	28	7	24	5	38
बंगा	—	—	6	28	7	25	5	37
बलाचौर (पं.)	5	36	6	28	7	25	5	36
बरनाला	—	—	6	27	7	23	5	40
बिजनौर (उ.प्र.)	5	35	6	28	7	26	5	32
बुलन्दशहर(उ.प्र.)	—	—	6	27	7	25	5	35
बरेली (उ.प्र.)	5	33	6	27	7	27	5	29

नगर	ग्रहण प्रारम्भ		ग्रहण मध्य		ग्रहण समाप्त		सूर्योदय	
	घं.	मिं.	परमग्रास		घं.	मिं.	घं.	मिं.
बारामूला (का.)	—	—	6	29	7	24	5	37
बनिहाल (का.)	5	39	6	29	7	24	5	33
बल्लभगढ़ (हरि.)	—	—	6	28	7	25	5	37
बीकानेर	—	—	6	27	7	24	5	53
बागपत	5	36	6	28	7	26	5	36
बैजनाथ	5	37	6	29	7	24	5	33
बिलासपुर(हि.प्र.)	5	37	6	29	7	25	5	34
बैंगलोर	—	—	6	21	7	17	6	03
भठिण्डा	—	—	6	28	7	24	5	43
भद्रवाह	5	39	6	28	7	25	5	34
भिवानी	—	—	6	28	7	24	5	41
भुवनेश्वर	5	28	6	24	7	27	5	18
मलेरकोटला	—	—	6	28	7	24	5	37
मोगा	—	—	6	27	7	24	5	40
मदुरई	—	—	6	20	7	15	6	05
मोहाली	—	—	6	28	7	25	5	34
मेरठ	—	—	6	27	7	25	5	34
मंगलौर	—	—	6	21	7	16	6	14
मुक्तसर	—	—	6	28	7	25	5	44
मण्डी (हि.प्र.)	5	38	6	29	7	26	5	31
मनीकरण	5	38	6	29	7	26	5	30
मुम्बई	—	—	6	22	7	19	6	12
मुर्शीदाबाद	5	29	6	27	7	32	5	01
यमुनानगर	5	35	6	28	7	25	5	34
रामपुरबुशैहर	5	37	6	29	7	25	5	30
रोहड़ू	5	37	6	29	7	24	5	30
रोपड़	5	36	6	28	7	25	5	35
रोहतक	—	—	6	27	7	25	5	38
रिवाड़ी	—	—	6	27	7	25	5	40
रामबन (का.)	5	39	6	29	7	24	5	36
रियासी (का.)	5	39	6	29	7	24	5	37
रामनगर (का.)	5	39	6	30	7	23	5	36
रतलाम (म.प्र.)	—	—	6	25	7	22	5	56
राँची (झार.)	5	29	6	26	7	29	5	14

नगर	ग्रहण प्रारम्भ		ग्रहण मध्य		ग्रहण समाप्त		सूर्योदय	
	घं.	मिं.	परमग्रास		घं.	मिं.	घं.	मिं.
राजौरी (का.)	—	—	6	28	7	25	5	42
रामपुर (उ.प्र.)	5	33	6	27	7	28	5	29
रायपुर (छत्ती.)	—	—	6	24	7	25	5	33
राजकोट	—	—	6	24	7	20	6	14
रूड़की	5	35	6	28	7	26	5	31
लखनऊ	5	31	6	26	7	27	5	26
लुधियाना	—	—	6	28	7	25	5	36
लाडवा	5	34	6	27	7	25	5	35
शिमला	5	36	6	28	7	25	5	32
शाहाबाद (ह.)	5	36	6	28	7	24	5	35
शाहजहांपुर	5	32	6	27	7	26	5	27
शिलांग	5	30	6	30	7	37	4	44
श्रीनगर	5	40	6	30	7	24	5	35
संगरूर (पं.)	—	—	6	28	7	24	5	39
सरहिन्द (पं.)	5	36	6	28	7	24	5	35
सपाटू (हि.प्र.)	5	37	6	29	7	26	5	33
सहारनपुर	5	34	6	27	7	25	5	33
सरकाघाट	5	37	6	29	7	25	5	34
सुन्दरनगर	5	36	6	29	7	25	5	31
सुनाम (पं.)	—	—	6	28	7	24	5	40
सोलन (हि.प्र.)	5	36	6	28	7	25	5	32
सिरसा (हरि.)	—	—	6	28	7	25	5	43
सोनीपत	—	—	6	27	7	25	5	36
हमीरपुर	5	37	6	28	7	24	5	33
हरिद्वार	5	35	6	28	7	26	5	31
हजारीबाग	5	29	6	26	7	29	5	14
हनुमानगढ़	—	—	6	28	7	23	5	46
होशियारपुर	5	36	6	28	7	24	5	35
हैदराबाद	—	—	6	22	7	20	5	52
हांसी (ह.)	—	—	6	27	7	24	5	41
हाटकोटी(हि.प्र.)	5	36	6	28	7	25	5	30
हिसार	—	—	6	27	7	24	5	41
हुबली (कर्ना.)	—	—	6	21	7	18	6	09

पर्वकाल—स्पर्श से मोक्ष समय तक का काल 'पर्वकाल' कहलाता है, जहाँ सूर्योदय से पहले ही ग्रहण प्रारम्भ होगा, वहाँ सूर्योदय से ग्रहण समाप्ति तक के समय को 'पर्वकाल' माना जाएगा।

गुजरात, मध्य प्रदेश, उ. प्र., बिहार, बंगाल के वे नगर जहाँ खग्रास (पूर्ण- ग्रहण) दिखाई देगा। (22 जुलाई)

[जहाँ स्पर्शकाल नहीं दिया गया है, वहाँ सूर्योदय से पहले ही ग्रहण प्रारम्भ हो जाएगा अर्थात् ग्रस्तोदय खग्रास ग्रहण होगा।]

नगर	स्पर्श काल		खग्रास प्रारम्भ		परम ग्रास		खग्रास की अवधि		मोक्ष काल		सूर्योदय घं. मिं.	
	घं.	मिं.	घं.	मिं.	घं.	मिं.	मिं.	सैकण्ड	घं.	मिं.	घं.	मिं.
ईटानगर (अरुणां.)	5	31	6	30	6	32	3	28	7	39	4	34
इन्दौर (म.प्र.)	—	—	6	22	6	23	3	13	7	22	5	54
इटारसी (म.प्र.)	—	—	6	22	6	23	2	50	7	23	5	48
उज्जैन (म.प्र.)	—	—	6	23	6	24	1	39	7	22	5	53
कटिहार	5	30	6	26	6	27	2	42	7	31	5	03
कूचबिहार (बंगा.)	5	30	6	27	6	29	3	52	7	34	4	52
खण्डवा (म.प्र.)	—	—	6	22	6	23	1	23	7	21	5	54
गया (बिहार)	5	30	6	24	6	26	3	15	7	29	5	13
छपरा (बिहार)	5	30	6	24	6	26	3	41	7	29	5	14
छतरपुर (म.प्र.)	—	—	6	24	6	25	1	01	7	25	5	36
जबलपुर (म.प्र.)	—	—	6	23	6	24	3	02	7	24	5	37
डाल्टनगंज (बि.)	5	29	6	25	6	25	0	39	7	28	5	19
डिब्रूगढ़ (असम)	5	32	6	31	6	33	3	38	7	41	4	28
थिम्फू (भूटा.)	5	31	6	28	6	29	2	48	7	35	4	49
दरभंगा (बिहा.)	5	30	6	25	6	27	3	16	7	30	5	09
दमन	—	—	6	22	6	23	1	46	7	19	6	11
दार्जिलिंग (बंगा.)	5	31	6	27	6	29	2	57	7	33	4	56
पंचमढ़ी (म.प्र.)	—	—	6	22	6	23	2	04	7	23	5	45
पटना (बिहा.)	5	30	6	25	6	27	3	47	7	30	5	11
पुरनिया (बिहा.)	5	30	6	26	6	27	3	22	7	31	5	03
बंकीपुर	5	30	6	24	6	26	3	51	7	29	5	12
मुजफ्फरपुर (बिहा.)	5	30	6	25	6	27	3	06	7	30	5	09
भरूच (गुज.)	—	—	6	21	6	23	3	16	7	20	6	07
भावनगर (गुज.)	—	—	6	22	6	23	2	49	7	20	6	11
भोपाल (म.प्र.)	—	—	6	22	6	24	3	12	7	23	5	47
भागलपुर (बिहा.)	5	30	6	26	6	27	2	54	7	31	5	04
मैहर (म.प्र.)	—	—	6	23	6	25	3	31	7	25	5	33
मिर्जापुर (उ.प्र.)	5	30	6	24	6	25	3	07	7	27	5	23
रीवा (म.प्र.)	—	—	6	23	6	25	3	37	7	26	5	30
विदिशा (म.प्र.)	—	—	6	22	6	24	3	11	7	23	5	46
वड़ोदरा (गुज.)	—	—	6	23	6	23	1	19	7	20	6	05
वाराणसी (उ.प्र.)	5	30	6	24	6	26	3	08	7	28	5	20
सिलीगुड़ी (बंगा.)	5	30	6	27	6	28	3	47	7	33	4	56
सूरत (गुज.)	—	—	6	21	6	23	3	17	7	20	6	08
सागर (म.प्र.)	—	—	6	22	6	24	3	25	7	24	5	42
सिलवासा (गुज.)	—	—	6	22	6	23	0	11	7	19	6	09
सिबसागर (आसा.)	5	31	6	31	6	32	1	15	7	41	4	29
गंगटोक	5	31	6	28	6	29	2	08	7	34	4	54

(3) खण्डग्रास चन्द्रग्रहण

(31 दिसंबर, सन् 2009 ई., गुरुवार)

यह ग्रहण पौष पूर्णिमा को 31 दिसंबर, 09 तथा 1 जनवरी, सन् 2010 ई. की मध्यगत रात्रि को सम्पूर्ण भारत में खण्डग्रास के रूप में दिखाई देगा । इस ग्रहण का स्पर्श-मोक्ष आदि का काल (भा. स्टैं. टा.) इस प्रकार होगा—

	घं. मिं.	
ग्रहण स्पर्श	24-22	31 दिसं०/1 जन० (गुरु/शुक्र)
ग्रहण मध्य	24-53	रात्रि
ग्रहण मोक्ष	25-24	(भा. स्टैं. टा.)

(ग्रहण की अवधि = 1 घं. 02 मिं.; ग्रासमान = 0.081 प्रतिशत)

(चन्द्र मालिन्यारम्भ = 22 घं. 45 मिं., चन्द्र क्रान्ति निर्मल = 27 घं. 00 मिं.)

भारत में जब 31 दिसंबर, 2009 ई. की रात्रि 12 बजकर 22 मिनट पर यह चन्द्रग्रहण शुरू होगा, उस समय सम्पूर्ण भारत में चन्द्र उदय हो चुका होगा। भारत के सभी नगरों/ग्रामों में 31 दिसंबर को सायं 4-00 (घं. मिं.) से सायं 6-00 बजे तक चन्द्र उदय हो जाएगा तथा यह खण्डग्रास चन्द्रग्रहण 31 दिसं. की रात्रि 24 घं. 22 मिं. से प्रारम्भ होकर रात्रि 1 बजकर 24 मिनट (अर्थात् 25 घं. 24 मिं.) पर समाप्त (मोक्ष) होगा। भारत के सभी नगरों में इसका प्रारम्भ, मध्य तथा मोक्ष रूप देखा जा सकेगा।

भारत के अतिरिक्त यह खण्डग्रास चन्द्रग्रहण अलास्का, आस्ट्रेलिया, इण्डोनेशिया, एशिया के देशों जैसे-पाकिस्तान, नेपाल, सिंगापुर, हांगकांग, श्रीलंका, बर्मा, आदि देशों, अफ्रीका, सम्पूर्ण यूरोप के देशों में भी (इंगलैण्ड, आयरलैण्ड आदि सहित) दिखाई देगा।

ग्रहण का सूतक—इस ग्रहण का सूतक 31 दिसंबर, 2009 ई० को दोपहर 3 बजकर 22 मिनट (15-22) (भा. स्टैं. टा.) पर प्रारम्भ हो जाएगा।

ग्रहण काल तथा बाद में क्या करें ?—ग्रहण के सूतक और ग्रहण काल में स्नान, दान, जप-पाठ, मन्त्र-जप, मन्त्र सिद्धि, तीर्थ-स्नान, ध्यान, हवनादि शुभ कृत्यों का सम्पादान करना कल्याणकारी होता है। धार्मिक लोगों को ग्रहण काल अथवा 31 दिसंबर के सूर्यास्त के बाद अपनी राश्यानुसार अथवा ब्राह्मण के परामर्श अनुसार दान योग्य वस्तुओं का संग्रह करके संकल्प कर लेना चाहिए तथा अगले दिन प्रात: 1 जनवरी, 2010 ई० को प्रात: सूर्योदय के समय पुन: स्नान करके संकल्पपूर्वक योग्य ब्राह्मण को दान देना चाहिए।

सूतक एवं ग्रहण काल में मूर्ति स्पर्श करना, अनावश्यक खाना-पीना, मैथुन, निद्रा, तैल, तैलाभ्यंग वर्जित है। झूट-कपटादि, वृथा-अलाप, मूत्र-पुरीषोत्सर्ग से परहेज़ करना चाहिए। क्योंकि 31 दिसंबर को नववर्ष 2010 ई० की पूर्वसन्ध्या में सूतक का भी विचार होगा। इसलिए सूझवान लोगों को इस दिन नाच-गाना, टी.वी. देखना, मदिरा आदि सेवन से तो अवश्य परहेज़ करना ही चाहिए। वृद्ध, रोगी, बालक एवं गर्भवती स्त्रियों को यथानुकूल भोजन या दवाई आदि लेने में दोष नहीं।

सूर्यादि ग्रहों के अनिष्टफल की शान्ति हेतु दान एवं जपादि मन्त्र													जप संख्या	जपकाल	जपनीय बीजमन्त्राः	हवन समिधा
सूर्य	कनक	माणिक्य	तांबा	सोना	लाल गाय	गुड़	घी	कमलादि	रक्तवस्त्र	लालचंदन	मूंगा	केशर	७०००	सूर्योदय	ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः	आक् काष्ठ
चन्द्र	चावल	मोती	चांदी	सोना	श्वेत बैल	मिश्री	दही	श्वेत पुष्प	श्वेतवस्त्र	श्वेतचंदन	शंख	कपूर	११०००	संध्याकाले	ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्रमसे नमः	पलाश
मंगल	मसूर	मूंगा	तांबा	सोना	लाल बैल	गुड़	घी	लाल कनेर	लालवस्त्र	लाल चंदन	केशर	कस्तूरी	१००००	सू.उ. २।१५	ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः	खैर
बुध	मूंग	पन्ना	कांस्य	सोना	शस्त्र	शक्कर	घी	सर्व रंग पु.	हरावस्त्र	अनेक फल	हाथीदांत	कपूर	९०००	सू.उ. ५ घड़ी	ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः	अपामार्ग
गुरू	पीतधान्य	पुखराज	कांस्यपात्र	सोना	अश्व	लवण श	घी	पीले पुष्प	पीतवस्त्र	पीला फल	धर्मग्रंथ	लवणशहद	१९०००	संध्याकाले	ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः	पीपल
शुक्र	चावल	हीरा	चांदी	सोना	श्वेत घोड़ा	मिसरी	दूध	श्वेत पुष्प	सफेदवस्त्र	सफेद चंदन	दही	सुगन्धित द्रव्य	१६०००	सू. उ. काल	ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः	गूलर
शनि	उड़द	नीलम	लोहा	सोना	काली गाय	कुलथी	तैल	काले पुष्प	कालावस्त्र	काले जूते	भैंस	कस्तूरी	२३०००	संध्याकाल	ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः	शमी
राहु	सप्तधान्य	गोमेद	सीसा	सोना	काला घोड़ा	ताम्र पात्र	तैल	कृष्ण पुष्प	नीलवस्त्र	नारियल	कंबल	खड्ग	१८०००	रात्रि	ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः	दूर्वा
केतु	सप्तधान्य	लसनिया	लोहा	सोना	बकरा	नारियल	तेल	धूम्र पुष्प	कालावस्त्र	शस्त्र ध्वज	कंबल	कस्तूरी	१७०००	रात्रि	ॐ स्त्रां स्त्रीं स्त्रौं सः केतवे नमः	कुशा
मुंथा	चावल	मोती	कांस्यपात्र	सोना	श्वेतचंदन	ऋतुपुष्प	घृत	श्वेतपुष्प	श्वेतवस्त्र	हाथीदांत	मुंथेश ग्रह.	ग्रह अनुसार	मुंथेश ग्रहानुसार	प्रातः	मुन्था स्वामी मन्त्र	

विशेष— ध्यान रहे, प्रत्येक ग्रह के दाने के साथ यथाशक्ति दक्षिणा भी अवश्य देनी चाहिए। **सप्तधान्य**— गेहूँ, उड़द, मूंगी, चने, जौं, कंगनी और धान्य, चावल।

सूर्यादि ग्रहों के अरिष्ट निवारण हेतु औषधि स्नान

सूर्य	चन्द्रमा	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
मन:शिला	पंचगव्य	बिल्व छाल	गोबर	चमेलीपुष्प	पिपरामूल	कालेतिल	लोबान	लोबान
इलायची	गोदूध	लाल पुष्प	अक्षत	पुष्प	जायफल	सूरमा	तारपीन	तारपीन
देवदारू	गोबर	हींग	मोती	श्वेत सरसों	केशर	लोबान	मोथा	तिलपत्र
केशर	गजमद	गोदनी	शहद	शहद	मूली बीज	सौंफ	गजदंत	गजदंत
खस	शंख सीप	जटामांसी	सुवर्ण	गुलर	मन:शिल	खस	कस्तूरी	छागमूत्र
रक्तपुष्प	गंगाजल	मौलसिरी	जायफल	दमयंती	इलायची	खिल्ला	बिल्वपत्र	लाल चंदन
रक्तचंदन	श्वेत चंदन	सिगरफ	पिपरामूल	मुलट्ठी	श्वेतचंदन	शतकुसुम	गंगाजल	गंगाजल
कनेर पुष्प	स्फटिक	मालकंगनी	नागकेशर	नवीनपत्ते	गंगाजल	गाँदमिश्रित	लालचंदन	कस्तूरी
मि. गंगाजल	गोमूत्र	गंगाजल	गंगाजल	गंगाजल	श्वेतकमल			

होमादि में अग्नि वास जानना

जिस दिन को होम/हवन करना हो, उस दिन की तिथि और वार की संख्या को जोड़कर १ जमा करें फिर कुल जोड़ को ४ द्वारा भाग देवें। यदि शेष शून्य (०) अथवा ३ बचें, तो **अग्नि का वास पृथ्वी** पर होगा। इस दिन होम करना कल्याणकारक होता है। यदि शेष २ बचें तो अग्नि का वास **पाताल** में होता है। इसी दिन होम करने से धन का नुकसान होता है। यदि ४ का भाग देने से १ शेष बचे तो आकाश में अग्नि का वास होगा, इसमें होम करने से आयु का क्षय होता है। **वार की गणना रविवार से तथा तिथि की गणना शुक्ल प्रतिपदा से करनी चाहिए।** तदुपरान्त ग्रह के मुख आहुति चक्र का विचार करना चाहिए।

ग्रहों के मुख में आहुति चक्र

सूर्य के नक्षत्र से चन्द्रमा के नक्षत्र तक गिनने से यदि ३ या ३ से कम की संख्या आए तो होमाहुति सूर्य के मुख में जाने, तीन से आगे की संख्या से ६ तक की संख्या में मिले, तो बुध के मुख में आहुति जानें। इसी प्रकार, निम्न क्रमानुसार सब ग्रहों में होमाहुति जानें।

ग्रह	सूर्य	बुध	शुक्र	शनि	चंद्र	मंग.	गुरु	राहु	केतु
नक्षत्र	३	३	३	३	३	३	३	३	३
फल	अशुभ	शुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	अशुभ

नवग्रहों के जपनीय होमार्थ (हवन) मन्त्र

सूर्य मन्त्र—अर्क (आक) समिधा द्वारा "ॐ आकृष्णेन रजसा वर्त्तमानो निवेशयन्नमृतं मर्त्यं च हिरण्येन सविता रथेना देवो याति भुवनानि पश्यन्॥ ॐ सूर्याय स्वाहा। इदं सूर्याय न मम ॥१॥

चन्द्रमा मन्त्र—(पलाश या ढाक समिधा के साथ)—"ॐ इमं देवाऽसपत्न Ω सुवध्वम् महते क्षत्राय महते ज्येष्ठयाय महते जानराज्यायेन्द्रस्येन्द्रियाय इमममुष्य पुत्रममुष्यै पुत्रमस्यै विश एष वोऽमी राजा सोमोऽस्माकं ब्राह्मणानां Ω राजा। ॐ सोमाय स्वाहा॥ इदं चन्द्रमसे न मम ॥२॥

भौम मन्त्र—(खैर की लकड़ी से) "ॐ अग्निर्मूर्द्धा दिवः ककुत्पतिः पृथिव्या अयम्। अपा Ω रेता Ω सि जिन्वति स्वाहा। ॐ भौमाय स्वाहा॥ इदं भौमाय इदं न मम॥"

बुध मंत्र—(अपामार्ग की समिधा से) ॐ उद्बुध्यस्वाग्ने प्रति जागृहित्वमिष्टापूर्ते स Ω सृजेथामयं च। अस्मिन्त्सधस्थे अध्युत्तरस्मिन् विश्वेदेवा यजमानश्च सीदत॥ ॐ बुधाय स्वाहा। इदं बुधाय इदं न मम॥

गुरु मन्त्र—(पीपल) ॐ बृहस्पते अति यदर्यो अर्हाद् द्युमद्विभाति क्रतुमज्जनेषु। यद्दीदयच्छवस ऋतप्रजात तदस्मासु द्रविणं धेहि चित्रम्॥ ॐ बृहस्पतये स्वाहा॥ इदं बृहस्पतये, इदं न मम।

शुक्र मन्त्र—(गूलर) **ॐ अन्नात् परिस्रुतो रसं ब्रह्मणा व्यपिबत् क्षत्रं पयः। सोमं प्रजापतिः** ऋतेन सत्यमिन्द्रियं पिवानं Ω शुक्रमन्धसऽइन्द्रस्येन्द्रियमिदं पयोऽमृतं मधु॥ ॐ शुक्राय स्वाहा॥ इदं शुक्राय, न मम।

शनि मन्त्र—(शमी की समिधा) ॐ शन्नो देवीरभिष्टय आपो भवन्तु पीतये। **शंय्योरभिस्रवन्तु नः। ॐ शनैश्चराय स्वाहा। इदं शनैश्चराय, इदं न मम्॥**

राहु मन्त्र—(दूर्वा) ॐ कयानश्चित्र आ भुवदूती सदा वृधः सखा। कया शचिष्ठया वृता॥ ॐ राहवे स्वाहा॥ इदं राहवे इदं न मम॥

केतु मन्त्र—(कुशा से) ॐ केतुं कृण्वन्न केतवे पेशो मर्या अपेशसे। समुषद्भिरजा यथाः। ॐ केतवे स्वाहा॥ इदं केतवे, इदं न मम॥

ग्रहों के गुण, वर्ण, स्वभाव, उच्च-नीच, स्व-गृह राशि आदि चक्र

नाम ग्रह	स्व-ग्रह राशि	मूल त्रिकोण	गुण	चरादि	वर्ण जाति	रंग	उच्च राशि	नीच राशि	पुरुष स्त्री	तत्त्व	कारक	संबंध	स्व-भाव	प्रकृति	धातु	रस	शरीरांग	दिशा	दृष्टि विशेष	भाग्योदय काल
सूर्य Sun	सिंह	सिंह	सत्त्व	स्थिर	क्षत्रिय	रक्त वर्ण	मेष	तुला	पुरुष	अग्नि	आत्मा	पिता	क्रूर	पित्त	सोना	तिक्त	शिर, नेत्र	पूर्व	७	२२ से २४
चन्द्र Moon	कर्क	वृष	सत्त्व	चंचल	वैश्य	श्वेत	वृष	बृश्चि.	स्त्री	जल	मन	माता	सौम्य	वातश्ले	चांदी	क्षार	बुद्धि, रक्त	पशि. उत्तर	७	२४ से २५
मंगल Mars	मेष, बृश्चिक	मेष	तम	चर	क्षत्रिय	लाल	मकर	कर्क	पुरूष	अग्नि	बल	भाई	क्रूर	पित्त	ताम्र	कटु	मज्जा	दक्षिण	७,४,८	२८ से ३२
बुध Merc	मिथुन, कन्या	कन्या	रज	द्विस्वभा	वैश्य	हरा	कन्या	मीन	नपुंसक	पृथ्वी	वाणी	बंधु/मित्र	मिश्र	त्रिधातु	कांस्य	मिश्र	त्वचा, मुख	उत्तर	७	३२ से ३६
गुरू Jup.	धनु, मीन	धनु	सत्त्व	स्थिर	ब्राह्मण	पीला	कर्क	मकर	पुरूष	आकाश	विद्या	संतान	शुभ	कफ	सोना	मधुर	चर्बी	ईशान	५७९	१६ से २४
शुक्र Ven.	वृष, तुला	तुला	रज	चर	वैश्य	सफेद	मीन	कन्या	स्त्री	जल	काम	स्त्री	शुभ	वात, कफ	चांदी	अम्ल	वीर्य	दक्षि., पूर्व	७	२६ से २८
शनि Sat.	मकर, कुम्भ	कुम्भ	तम	स्थिर	शुद	नीला काला	तुला	मेष	नपुंसक	वायु	संघर्ष	भृत्य	क्रूर	वात, श्ले	लोहा	कषाय	स्नायु	पश्चि.	३,७,१०	३६ से ४२
राहु Rahu	कन्या	कर्क	तम	चर	अत्यज	धूम्र	वृष	बृश्चि.	पुरुष	छाया	दुःख	शत्रु	क्रूर	वायु	लोहा	कषाय	हड्डी	दक्षिण	७	४४ से ५०
केतु Ketu	मीन	मकर	तम	चर	शूद्र	धूम्र	बृश्चि.	वृष	पुरुष	छाया	कष्ट	बाधा	क्रूर	वायु	लोहा	कषाय	चर्म	उत्तर	७	४८ से ५०

राशियों के गुण-स्वभाव तत्त्व, शुभ रत्नादि चक्र

राशि	स्वा. ग्रह	अंग्रेजी नाम	वर्ण	जाति	क्रूरादि	चरादि	तत्त्व	गुण	जीवादि	समादि	दिशा	शुभ रत्न	बल समय	शरीरांग	दीर्घादि	नरादि	प्रकृति	गुण	पृष्ठोदय आदि
मेष	मंगल	Aries	लाल	क्षत्रिय	क्रूर	चर	अग्नि	रज	धातु	विषम	पूर्व	मूंगा	रात्रि	शिर	ह्रस्व	पशु	पित्त	उष्ण	पृष्ठोदय
वृष	शुक्र	Taurus	श्वेत	वैश्य	सौम्य	स्थिर	पृथ्वी	तम	मूल	सम	दक्षिण	हीरा	रात्रि	नेत्र	ह्रस्व	पशु	वात	शांत	पृष्ठोदय
मिथुन	बुध	Gemini	हरा	शूद्र	क्रूर	द्वि. स्व.	वायु	सत	जीव	विषम	पश्चि.	पन्ना	रात्रि	भुजाएँ, गला	सम	नर	वात	चंचल	शीर्षोदय
कर्क	चंद्र	Cancer	श्वेत	विप्र	सौम्य	चर	जल	रज	धातु	सम	उत्तर	मोती	रात्रि	वक्ष, फेफड़े	सम	जल चर	कफ	शांत	पृष्ठोदय
सिंह	सूर्य	Leo	लाल	क्षत्रिय	क्रूर	स्थिर	अग्नि	तम	मूल	विषम	पूर्व	माणक	दिन	मेरू, रक्त, हृदय	दीर्घ	पशु	पित्त	उष्ण	शीर्षोदय
कन्या	बुध	Virgo	मिश्रित	वैश्य	सौम्य	द्वि. स्व.	पृथ्वी	सत	जीव	सम	दक्षिण	पन्ना	दिन	पेट, नाभि	दीर्घ	नर	त्रिदोष	शीत	शीर्षोदय
तुला	शुक्र	Libra	नीला	शूद्र	क्रूर	चर	वायु	रज	धातु	विषम	पश्चि.	हीरा	दिन	गुर्दे, कमर	दीर्घ	नर	वात	उष्ण	शीर्षोदय
बृश्चिक	मंगल	Scorpio	ताम्र	विप्र	सौम्य	स्थिर	जल	तम	मूल	सम	उत्तर	मूंगा	दिन	गुप्तांग	दीर्घ	कीट	कफ	शीत	शीर्षोदय
धनु	गुरु	Sagittarius	पीला	क्षत्रिय	क्रूर	द्वि. स्व.	अग्नि	सत	जीव	विषम	पूर्व	पुखराज	रात्रि	जंघा	सम	नर पशु	पित्त	उष्ण	पृष्ठोदय
मकर	शनि	Capricor	भूरा	वैश्य	सौम्य	चर	पृथ्वी	रज	धातु	सम	दक्षिण	नीलम	रात्रि	घुटने	सम	जल पशु	वात	शीत	पृष्ठोदय
कुम्भ	शनि	Aquarius	काला	शूद्र	क्रूर	स्थिर	वायु	तम	मूल	विषम	पश्चि.	नीलम	दिन	पिंडली	लघु	जल चर	त्रिदोष	उष्ण	शीर्षोदय
मीन	गुरु	Pisces	पीला	विप्र	सौम्य	द्वि. स्वा.	जल	सतो	जीव	सम	उत्तर	पुखराज	दिन	पाँव दोनों	लघु	जल चर	कफ	शीत	उभयोदय

चर, शीर्षोदयादि राशियों का महत्त्व—उपरोक्त राशियों के **गुण, स्वभाव, तत्वादि** का फलित ज्योतिष में विशेष महत्त्व होता है। संक्षेप में, **चर** का अर्थ है चलित अर्थात् जिसमें कार्य जल्दी हो। यात्रा करें, तो शीघ्र वापिस आ जावे। स्थिर लग्न राशि में कार्य करने से स्थायी प्रभाव होता है। मकान, दुकान, व्यवसायादि में प्रवेश करे, तो बहुत वर्षों तक रहे। द्वि-स्वभाव राशि में मिला-जुला प्रभाव होता है। अर्थात् पहिला आधा भाग स्थिर प्रभाव दिखाता है, अन्तिम आधा भाग 'चर' का प्रभाव दिखाता है। इसी भान्ति धातु का अर्थ है, सोना, चाँदी, लोहा, भूमि, सवारी धनादि पदार्थ। '**मूल**' का अर्थ है, फल, वृक्ष, अनाजादि भोग्य पदार्थ। '**जीव**' का अर्थ प्राणी—स्त्री, पुत्र, पौत्र, भाई आदि। **उदाहरणार्थ**—मान लीजिए, सौम्य राशि **मीन** में यदि कोई सौम्य ग्रह (शुक्र) बैठा है, तो प्रश्नकर्त्ता को स्त्री, संतानादि का सुख लाभ होगा (क्योंकि मीन राशि जीव सम्बन्धी राशि है) और यदि कोई अशुभ या क्रूर ग्रह स्थित हो, तो स्त्री, संतानादि सुख सम्बन्धी हानि होगी। ऐसा कहना चाहिए। इसी भान्ति, राशियों की दिशा बताने का तात्पर्य यह है कि जिस राशि में कारक ग्रह बैठे हो, उस राशि की दिशा में भाग्योदय होता है। **उदाहरण** के लिए किसी की जन्म कुण्डली में लग्नेश एवं नवमेश ग्रह वृष राशि में हो, तो जातक का भाग्योदय जन्म से दक्षिण दिशा में होगा—ऐसा कहना चाहिए। जैसे—यदि **कन्या लग्न** हो, तो बुध लग्नेश, दशमेश होगा। द्वितीयेश व नवमेश शुक्र, बुध (लग्नेश) सहित नवम् (भाग्य) स्थान पर इकट्ठे हों, तो वृष राशि (दक्षिण) में भाग्योदय होगा।

अरिष्ट ग्रहों के दान, पूजा एवं उपाय

[पं. विवेक शर्मा (एम.ए., एल.एल.बी.)]

अनिष्ट ग्रहों की शान्ति के लिए ज्योतिष शास्त्र में अनेक प्रकार के उपाय बतलायें गए हैं—जैसे मंत्रजाप-हवन, दान, ग्रह औषाधि स्नान, तीर्थ-स्नान, व्रत रखना, नग एवं यंत्र धारण करना इत्यादि। पाठकों के लाभार्थ, आगे कुछ उपायों का संक्षिप्त विवरण लिखा जाता है। **ध्यान रहे,** सूर्य चन्द्रादि ग्रहों की उपासना के माध्यम से हम सर्वपिता परमात्मा की ही उपासना करते हैं। क्योंकि विश्व के सभी सौरपिण्डों के द्वारा ईश्वर की असीम शक्ति की ही सतत अभिव्यक्ति हो रही है।

पूर्वा जन्मों में कृत शुभाशुभ कर्मों के अनुसार एवं ग्रहों के द्वारा अनुप्रेरित होकर मनुष्य ऐहिक जीवन में सुख-दुख, लाभ-हानि, इष्ट-अनिष्टादि फल प्राप्त करता है। जन्मपत्री एवं वर्ष कुण्डली में पड़े क्रूर ग्रह मनुष्य को प्रतिकूल एवं कठिन समस्याएं उत्पन्न करवाते हैं, जबकि शुभ एवं योगकारक ग्रह अनुकूल व सौभाग्यवर्द्धक परिस्थितियां बनाने में सहायक होते हैं।

यदि अशुभ ग्रहों के प्रभावस्वरूप बार-बार प्रयत्न करने पर भी जीवन में विघ्नों एवं विफलताओं का सामना पड़े और भाग्य साथ न देता हो, तो अशुभ ग्रहों की अनुकूलता हेतु ज्योतिष आचार्यों द्वारा प्रतिपादित अनिष्ट ग्रहों के उपायों को अपनाकर जीवन को स्वस्थ, खुशहाल एवं सुखी बनाने का प्रयास करना चाहिए।

परन्तु जन्मकुण्डली में किसी ग्रह का शुभाशुभ निर्णय करना सरल कार्य नहीं। किसी जातक की कुण्डली में यदि मंगल आदि कोई ग्रह नीचादि अशुभ अवस्था में स्थित होने पर भी तुरन्त एकदम अशुभ फल नहीं कह देना चाहिए। देखना चाहिए कि विचारणीय ग्रह किस भाव का स्वामी होकर नीचावस्था में बैठा है। नीचस्थ मंगल पर यदि गुरु की पंचम/नवमादि शुभ दृष्टि पड़ रही हो अथवा यदि नवांश कुण्डली में मंगल मित्र या उच्च राशि में पड़ा हो,. अथवा मंगल स्थित राशि (कर्क) का स्वामी ग्रह चन्द्रमा मित्र या उच्चादि राशि में स्थित हो अथवा मंगल, चन्द्रमा, गुरु आदि शुभ ग्रहों के साथ बैठा हो, तो ऐसी स्थिति में मंगल विशेष अधिक अशुभ फल नहीं करेगा। इसके अतिरिक्त विचारणीय भाव के कारक ग्रह की भी शुभाशुभ स्थिति का भी विचार कर लेना चाहिए।

◆सूर्य शान्ति के लिए उपाय◆

यदि किसी जातक की जन्म अथवा वर्ष कुंडली में सूर्य अशुभ कारक हो तो उसको निम्नलिखित मन्त्र की (अपनी सामर्थ्यानुसार) कम-से-कम 7000 की संख्या में जप करना चाहिए। जप का आरम्भ शुक्लपक्षीय रविवार प्रातः सूर्योदय से करना चाहिए। पाठ करते समय समीप ताम्र बर्तन में शुद्ध जल, ताण्डुल, लाल चन्दन, लाल पुष्प, गंगाजल, थोड़ा गुड़ डालकर पात्र को लाल वस्त्र, आम के पत्तों एवं नारियल द्वारा ढक लेना चाहिए। साथ ही दान योग्य वस्तुओं को संकल्पपूर्वक पहले से पास में रख लेनी चाहिएं।

बीज मंत्र—ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः (जप संख्या 7000)

सूर्य दान हेतु वस्तुएँ—गेहूँ, लाल चन्दन, गुड़, लाल पुष्प, लाल वस्त्र, घी, लाल वर्ण की गाय, सुवर्ण, माणिक्य, ताम्र बर्तन, नारियल आदि लाल फल, मिष्ठान, दक्षिणा आदि।

उपाय—(1) तांबे की अँगूठी में माणिक्य अथवा विधिवत् तैयार किया हुआ सूर्य-यन्त्र (ताम्र पत्र पर) धारण करें।

(2) खाना खाते समय सोने अथवा तांबे के चम्मच का प्रयोग करना तथा 11 रविवार तक सूर्य स्नान करना। जब जन्म या वर्ष कुण्डली में सूर्य अशुभ हो तो—

(3) 108 रविवार तक ताम्र बर्तन में शुद्ध जल, लाल चन्दन मिलाकर [illegible] को अर्घ्य देकर सूर्य स्तोत्र का पाठ करना शुभ है।

(4) 40 या 43 दिन तक चलते पानी में गुड़ या तांबे के सिक्के ब[illegible] शुभ होगा।

(5) सर्वप्रथम प्रातःकाल उठकर स्नान उपरान्त ताम्र कलश (गड़वी) [illegible] जल, दूध, पुष्प, गंध, लाल-चंदन आदि लेकर पूर्व दिशा में मुख करके गायत्री मंत्र तथा सूर्या[illegible] मंत्र के उच्चारण से सूर्य को अर्घ्य प्रदान करना चाहिए।

(6) रविवार को नमक से परहेज़ रखें। लवणरहित सादा भोजन क[illegible]। ग्यारह रविवार पर्यन्त केवल दही और चावल का सेवन करना चाहिए।

(7) जिन जातकों का सूर्य नीच का हो, उन्हें कार्तिक मास में तुल[illegible] पौधे पर दीपक प्रज्वलित करना चाहिए तथा पं. देवीदयालु कृत 'कार्तिक माहात्म्य' का पा[illegible] करना चाहिए।

◆चन्द्रमा शान्ति के लिए उपाय◆

जब जन्म या वर्ष कुण्डली में चन्द्र ग्रह अशुभ कारक हो तो निम्नलिखित मन्त्र की 11 हज़ार की संख्या में जप करना और तदुपरान्त दशमांश संख्या में हवन करना कल्याणकारी होगा। जप का आरम्भ पूर्णिमा या शुक्ल पक्ष के सोमवार से करना चाहिए।

तन्त्रोक्त चन्द्र मंत्र—ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्रमसे नमः (जप संख्या 11,000)

दान योग्य वस्तुएँ—चावल, सफेद चन्दन, शंख, कपूर, घी, दही, चीनी या मिश्री, क्षीर, मोती, श्वेत वस्त्र, श्वेत पुष्प, श्वेत फल, चांदी, मिठाई और दक्षिणा। **उपाय**=

(1) चांदी के बर्तनों का प्रयोग करना एवं चारपाई के पायों में चांदी के कील ठुकवाना।

(2) सफेद मोतियों की माला अथवा चांदी की अँगूठी में मोती धारण करना।

यदि कुण्डली में चन्द्र अशुभ हो, तो चन्द्रमा के अशुभत्व के निवारण हेतु उपाय—

(3) शीशे के गिलास में दूध, पानी आदि पीने से परहेज़ रखना तथा चाँदी के बर्तनों में दूध, पानी पीना शुभ होगा।

(4) पानी में कच्चा दूध मिलाकर चन्द्रमा का बीज मन्त्र पढ़ते हुए पीपल को डालना।

(5) लगातार 16 सोमवार व्रत रखकर सायंकाल सफेद वस्तुओं का दान करना चाहिए तथा पाँच छोटी कन्याओं को क्षीर सहित भोजन कराना चाहिए।

(6) सोमवार को ही प्रातःकाल स्नानादि करके ताम्र बर्तन में कच्ची लस्सी (जल तथा थोड़ा सा दूध) भगवान् की मूर्त्ति या शिवलिंग पर चढ़ाना चाहिए।

(7) चांदी का कड़ा, चैनी या सिक्का धारण करना चाहिए।

◆मंगल शान्ति के लिए उपाय◆

जन्म या वर्ष कुंडली में मंगल अशुभकारक एवं बाधाकारक हो, तो निम्न मन्त्र की कम-से-कम 10 हजार संख्या में शुक्ल पक्ष के मंगलवार से प्रारम्भ करें।

तन्त्रोक्त मंगल मन्त्र—ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः (जप संख्या 10,000)

दान योग्य वस्तुएँ—गेहूँ, मसूर, लाल बैल, घी, गुड़, सुवर्ण, मसूर, मूंगा, ताम्र बर्तन, कनेर पुष्प, लाल चन्दन, लाल वस्त्र, केशर, लाल फल, नारियल, मीठी चापाती, गुड़ से निर्मित रेवड़ियां, दक्षिणा आदि। मंगल का दान युवा ब्राह्मण को करना शुभ है।

उपाय—जब कुण्डली में मंगल शुभ एवं योगकारक होता हुआ भी फल न करता हो तो निम्नलिखित उपाय शुभ होंगे—

(1) तांबे की अँगूठी में मूँगा धारण करना अथवा तांबे का कड़ा पहनना।

(2) मंगलवार को घर में गुलाब का पौधा लगाना तथा 108 दिन तक रात को तांबे के बर्तन में पानी सिरहाने रखकर घर में लगाए हुए गुलाब के पौधे को वहीं पानी डालना।

(3) मंगलवार का व्रत रखकर 27 मंगल किसी अपाहज को मीठा विशेषकर गुड़ से निर्मित भोजन खिलाना।

(4) नारियल को तिलक करके तथा लाल कपड़े में लपेटकर लगातार 3 मंगलवार चलते पानी में बहाएँ।

(5) लाल रंग की गाय या लाल वर्ण के कुत्ते को भोजन खिलाना शुभ होगा।

(6) मंगलवार का व्रत रखना चाहिए। विशषकर उन कन्याओं को जिनकी कुण्डली में मंगल मंगलीक योग बनकर विवाह में बाधा, विलम्ब उत्पन्न कर रहा हो—उन्हें मंगलागौरी का व्रत लगातार 7 मंगलवार रखना चाहिए।

◆बुध शान्ति के लिए उपाय◆

जन्म या वर्ष कुंडली में बुध ग्रह अशुभफली हो तो भगवान् विष्णु का ध्यान करके शुक्ल पक्ष के बुधवार को आरम्भ करके 9000 की संख्या में बीज मंत्र का जप करना चाहिए।

तन्त्रोक्त बुध मन्त्र—ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः (जप संख्या 9000)

दान योग्य वस्तुएँ—मूंगी, 5 हरे फल, चीनी, हरे पुष्प, हरी इलायची, कांस्य-पत्र, पन्ना, सोना, हाथी का दांत, षड्रसों से युक्त भोजन हरी सब्ज़ी, हरा कपड़ा, दक्षिणा सहित दान करें।

उपाय—कुंडली में बुध शुभ होता हुआ भी फलकारक न हो तो निम्न उपाय शुभ होंगे—

(1) हरे रंग का पन्ना बुधवार को सोने की अँगूठी में धारण करना। हरे रंग के वस्त्रों को पहनना तथा हरे रंग के पर्दे लगाना शुभ होगा। हरे रंग की गाड़ी, स्कूटर या साईकिल आदि का प्रयोग करें। परन्तु यदि बुध अशुभ हो, तो हरे वस्त्र कदापि न पहनें।

(2) बुधवार को चाँदी या कांस्य के गोल टुकड़े को हरे रंग के कपड़े में लपेट कर जेब में रखें या भुजाओं के साथ बांधें।

यदि बुध अशुभ हो तो—(3) मूंगी साबत के सात दाने, हरा पत्थर, कांसे का गोल टुकड़ा, हरे वस्त्र में लपेट कर बुधवार को चलते पानी में बहाना शुभ होगा। पानी में बहाते समय कम-से-कम 7 बार बुध का बीज मन्त्र पढ़ें।

(4) हरे रंग के वस्त्र (परिधान) किसी हिजड़े को बुधवार के दिन शुभ होगा।

(5) बुधवार के दिन 6 इलायची हरे रूमाल में लपेटकर अपने पास रखें तथा इसके पश्चात् एक इलायची व तुलसीपत्र का सेवन करना शुभ रहेगा।

◆गुरु शान्ति के लिए उपाय◆

जब किसी व्यक्ति की जन्म या वर्ष कुंडली में गुरु शुभ फल प्रकट न कर रहा हो तो उसे शुक्ल पक्ष के बृहस्पतिवार को, शुभ मुहूर्त्त में निम्नलिखित मन्त्र का 19,000 की संख्या में पाठ करना तथा तदोपरान्त दशांश संख्या में हवन करना कल्याणकारी होगा।

तन्त्रोक्त गुरु मन्त्र—ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः (जप संख्या 19,000)

गुरु दान की वस्तुएं—पीले चावल, पुखराज, चने की दाल, हल्दी, शहद, पीला कपड़ा, पीले पुष्प व पीले फल (जैसे—आम, केले आदि), कांस्यपात्र, घोड़ा, लवण, शक्कर, घी, धर्मग्रन्थ, सुवर्ण, पीली मिठाई, दक्षिणा आदि।

उपाय—जन्म कुंडली में बृहस्पति शुभ व योगकारक होता हुआ भी शुभ फल प्रकट न कर रहा हो तो निम्नलिखित उपाय करें—

(1) सोने या चांदी की अँगूठी में तर्जनी अंगुली में तथा शुभ मुहूर्त्त में पुखराज धारण करें।

(2) 27 गुरुवार केसर का तिलक लगाना तथा केसर की पुड़िया पीले रंग के कपड़े या कागज़ में अपने पास रखना शुभ होगा।

गुरु के अशुभ प्रभाव के निवारण हेतु निम्नलिखित उपाय करें—

(3) चलते पानी में बादाम एवं नारियल पीले कपड़े में लपेटकर बहाना शुभ होगा।

(4) पीपल के वृक्ष को गुरुवार एवं शनिवार को गुरु का बीज मन्त्र एवं गुरु गायत्री मन्त्र पढ़ते हुए जल दें।

(5) वृद्ध ब्राह्मण को यथाशक्ति पीली वस्तुएँ, जैसे—चने की दाल, लड्डू, पीले वस्त्रों, शहदादि का दान करना चाहिए।

◆शुक्र शान्ति के लिए उपाय◆

जन्म या वर्ष कुंडली में शुक्र अशुभकारक हो तो शुभ मुहूर्त्त में निम्न मन्त्र का 16,000 की संख्या में जाप करना तथा तदुपरान्त दशांश संख्या में हवन करना कल्याणकारी होगा।

तन्त्रोक्त शुक्र मन्त्र—ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः (जप संख्या 16,000)

शुक्रदान की वस्तुएँ—चाँदी, चावल, सुवर्ण, दूध, दही अथवा दुग्ध निर्मित वस्तुएँ, मिश्री, श्वेत चन्दन, श्वेत घोड़ा, श्वेत वस्त्र, श्वेत पुष्प, श्वेत फल एवं सुगन्धित पदार्थ।

उपाय—कुंडली में यदि शुक्र शुभ एवं योगकारक होता हुआ भी फलीभूत न हो रहा हो तो निम्न उपाय कल्याणकारी रहेंगे—

(1) चाँदी की कटोरी में सफेद चन्दन, मुश्कपूर, सफेद पत्थर का टुकड़ा रखकर सोने वाले कमरे में रखे चन्दन की अगरबत्ती जलाना शुभ होगा।

(2) घर में तुलसी का पौधा लगाना, सफेद गाय रखना, सफेद पुष्प लगवाना शुभ होगा तथा क्रीम रंग के रेशमी कपड़े में चाँदी के चौरस टुकड़े पर शुक्र यन्त्र खुदवाकर विधिपूर्वक अपने पास रखें।

शुक्र अशुभ प्रभावी होने की स्थिति में नीचे लिखे उपाय कल्याणकारी होंगे—

(3) शुक्रवार को श्री दुर्गा पूजन, 5 कन्या पूजन उन्हें खीरादि श्वेत वस्तुएँ देना तथा गौशाला में शुक्रवार से शुरु करके सात दिन तक गाय को हरा चारा, शक्कर एवं चरी डालना।

(4) सफेद रंग के पत्थर पर चन्दन का तिलक लगाकर चलते पानी में बहा देना या चांदी के टुकड़े पर शुक्र यन्त्र खुदवा कर रेशमी क्रीम रंग के वस्त्र में लपेट कर शुक्रवार को नीम के वृक्ष के नीचे दबाना।

(5) शुक्रवार का विधिवत् व्रत रखना चाहिए तथा पाँच शुक्रवार पाँच कन्याओं का पूजन कर उन्हें मिश्री सहित श्वेत वस्तुओं की भेंट देनी चाहिए।

◆शनि शान्ति के लिए उपाय◆

जन्म या वर्ष कुण्डली में शनि अशुभ फल प्रदायक हो तो किसी शुभ मूहूर्त्त में आरम्भ करके निम्न मन्त्र का श्रद्धापूर्वक भगवान् शंकर का एवं शनि के रूप का ध्यान करते हुए 23 हज़ार संख्या पूर्ण करने के पश्चात् उसी मन्त्र सहित दशांश की संख्या में हवन करने से शुभ प्रभाव पड़ता है।

तन्त्रोक्त शनि मन्त्र—ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनैश्चराय नमः (जप संख्या 23,000)

शनि के दान योग्य वस्तुएँ—नीलम, लोहा, तिल, उड़द (माश), सरसों का तेल, काला वस्त्र, काली गाय, कुल्थी, लौह निर्मित पात्र, जूता, भैंस, कस्तूरी, सुवर्ण, नारियल, काले अथवा नीले पुष्प, फल, दक्षिणा इत्यादि।

उपाय—शनि शुभ होता हुआ भी शुभफल प्रकट न कर रहा हो तो निम्न उपाय शुभ होंगे—

(1) सोने की अँगूठी में नीलम धारण करें। उसके अभाव में नाव के कील की अँगूठी अथवा काले घोड़े के नाल (खुरों) की अँगूठी बनवाकर मध्यमा अंगूली में धारण करें।

(2) घर में नीले रंग के पर्दे तथा नीले रंग की चादरों का प्रयोग करना और स्वयं भी बहुधा नीले रंग के वस्त्रों का प्रयोग करना शुभ होगा। जब कुण्डली में शनि नीच या अरिष्टकर फल प्रकट कर रहा हो तो निम्न उपाय करें—

(3) शनिवार का व्रत और दशरथकृत 'शनि स्तोत्र' का पाठ करें।

(4) स्टील या लोहे की कटोरी में तेल का छाया-पात्र करके तेल पाँच शनिवार तक आक के पौधे पर अथवा **'शनि मन्दिर'** में डालना शुभ होगा। 5वें शनिवार को तेल चढ़ाने के बाद तेल वाली कटोरी को वही दबा देना या वही चढ़ा देना शुभ होगा। तेल चढ़ाते समय शनि का बीज मन्त्र पढ़ें।

◆राहु शान्ति के लिए उपाय◆

जन्म या वर्ष कुंडली में राहु अशुभ फलदायक हो तो निम्नलिखित मन्त्र का 18,000 की संख्या में जाप करके दशमांश का हवन करें—

मन्त्र—ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः (जप संख्या 18,000)

राहु दान योग्य वस्तुएँ—सप्तधान्य, गोमेद, सीसा, काला घोड़ा, तिल, तेल, सोने या चाँदी का सर्प, उड़द, खड़ग (तलवार), कवच, नीला वस्त्र, काले रंग के पुष्प, नारियल, दक्षिणा आदि।

उपाय—अशुभ राहु या राहु की महादशा या अन्तर्दशा में निम्नलिखित उपाय करें—

(1) काले व नीले वस्त्र पहनने से परहेज करें तथा चाँदी की चेनी व लॉकिट पहनना शुभ होगा।

(2) चापाती को खीर लगाकर कौओं को एवं काले रंग की गाय को खिलाएँ।

(3) काले तिल, कच्चा कोयला, नीले रंग के ऊनी कपड़े में बाँधकर शनिवार अथवा राहु के नक्षत्रों में घर के आंगन में दबाना शुभ होगा। अथवा नीले वस्त्र के बांधे रूमाल को राहु मन्त्र पढ़ते जल में प्रवाह कर देवें।

◆केतु शान्ति के लिए उपाय◆

जन्म या वर्ष कुण्डली में केतु अशभु फलकारी हो तो किसी शुभ मुहूर्त्त में नीचे लिखे मन्त्र की 17 हज़ार की संख्या में जाप करें तथा दशमांश का हवन करें।

(जप संख्या 17,000)

मन्त्र—ॐ स्त्रां स्त्रीं स्त्रौं सः केतवे नमः

केतु की दान योग्य वस्तुएँ—लहसुनिया, लोहा, बकरा, नारियल, तिल, सप्तधान्य, धूम्र (धुएँ जैसा) वर्ण का वस्त्र, कस्तूरी, लौह चाकू, कपिला गाय, दक्षिणा सहित।

उपाय—(1) केतु की शान्ति के लिए श्री गणेश चतुर्थी का व्रत रखें तथा श्रीगणेश पूजन तथा लड्डुओं का भोग लगाना शुभ होगा।

(2) काले वस्त्र में बाँधकर काले व सफेद तिल चलते पानी में बहाना।

(3) रंग-बिरंगी (चितकबरी) गाय की सेवा करना एवं रंग-बिरंगे कुत्ते को दूध व चापाती (Bread) डालना।

विविध समस्याओं के उपयोगी उपाय एवं टोटके

(1) शीघ्र विवाह के लिए—

यदि किसी जातक / जातिका के विवाह में विलम्ब हो रहा है अथवा हर बार विवाह की बात चलने पर कोई न कोई बाधा उपस्थित हो जाती है, तो सप्तम भाव, सप्तमेश ग्रह सम्बन्धी सम्यक विचार करके तत् ग्रह सम्बन्धी उपाय करने चाहिए, जिसका सविस्तार वर्णन हम अपने गतवर्षीय पंचांग के लेख 'वैवाहिक विलम्ब के कारण एवं निवारण' में लिख आए हैं। आगे कुछ उपयोगी उपाय दे रहे हैं, जिन्हें प्रयोग में करके आप इसका प्रभाव शीघ्र अनुभव करेंगे—

(i) जिस कन्या के विवाह कार्य में बार-बार विघ्न-बाधाएँ पड़ रही हों, उसको गुरु-पुष्य, रवि पुष्य, अक्षय तृतीया, श्रावण मास में, वसन्त पंचमी अथवा नवरात्रों में निम्नलिखित मन्त्र का पाठ आरम्भ करके यथेष्ठ संख्या में 51 हज़ार अथवा सवा लाख की संख्या में नियमित रूप में शिव-पार्वती अथवा माता के मन्दिर में धूप, दीप जलाकर पीले एवं लाल पुष्प चढ़ाकर सुनिश्चित समय में नियमित रूप से संकल्पपूर्वक एवं विधिवत् जप करना चाहिए। इससे देवी की कृपा से अवश्य कामना सिद्धि होती है—

ॐ ह्रीं गौर्य नमः
हे गौरि शंकरार्धांगि यथा त्वं शंकर प्रिया।
तथा मां कुरू कल्याणि कान्तकान्तां सुदुर्लभाम्॥

(हे गौरि, शंकर की अर्द्धाङ्गिनी ! जिस प्रकार तुम शंकर की प्रिया हो, उसी प्रकार हे कल्याणी ! मुझ कन्या को दुर्लभ वर प्रदान करो।)

(ii) जिन लड़कों के विवाह में विलम्ब हो रहा हो अथवा मनोवांछित स्त्री से विवाह हेतु निम्न मन्त्र की प्रातःकाल शुद्ध होकर दुर्गाजी के चित्रपट या मूर्ति पर लाल पुष्प समर्पित करें। दीप प्रज्वलित करके षोडशोपचार पूजन करें तथा निम्न मन्त्र की कम-से-कम 5 माला प्रतिदिन जप करें। साथ ही दुर्गासप्तशती का इसी मन्त्र से सम्पुट करके 18 पाठ करना या कराना चाहिए।

पत्नीं मनोरमां देहि मनोवृत्तानुसारिणीम्।
तारिणीं दुर्गसंसार सागरस्य कुलोद्भवाम्॥ (दुर्गा सप्त. २४)

(iii) शीघ्र विवाह के लिए शुक्ल पक्ष के प्रथम सोमवार को भगवान् शंकर का व्रत रखे और श्वेतार्क के वृक्ष के समीप धूप-दीप कर जल अर्पित करें और हाथ धोकर 8 पत्ते तोड़कर लाए। 7 पत्तों की पत्तल बनाएं और 8वें पत्ते पर अपना नाम लिखकर भगवान शंकर को अर्पित करें। जब तक वैवाहिक सम्बन्ध न बन जाए, प्रत्येक सोमवार को यह क्रिया करें।

(iv) कन्या के रिश्ते की बात करने जब उसके पिता या भाई आदि जाने वाले हों तो कन्या लाल वस्त्र धारण कर एवं खुले बाल रखकर उन्हें अपने हाथों कोई मिठाई खिलाकर विदा करें। इससे उसका रिश्ता अवश्य तय होने की सम्भावना बढ़ जाएगी।

(v) जिस युवक के विवाह में विलम्ब हो रहा हो, वह 21 मंगलवार को संध्या समय किसी भी हनुमान मन्दिर में जाकर उनके माथे से थोड़ा-सा सिंदूर लेकर उसी मन्दिर में राम-सीता की मूर्ति के चरणों में लगा दें और शीघ्र विवाह हेतु उनसे निवेदन करें।

(vi) पूर्णिमा को वटवृक्ष की 108 परिक्रमा करने वाली कन्या का विवाह शीघ्र होता है।

(vii) शीघ्र विवाह के लिए सोमवार को 1200 ग्राम चने की दाल व सवा लीटर कच्चा दूध दान करें। जब तक विवाह न हो, तब तक यह प्रयोग करते रहें।

(2) सुखी दाम्पत्य जीवन के लिए उपाय—

(i) यदि पति और पत्नी दोनों एक-दूसरे के मनोभावों को नहीं समझते, छोटी-छोटी बातों से वैमनस्य एवं अशान्ति पैदा हो रही हों, तो प्रातः नित्यकर्म से निवृत्त होकर स्वच्छ वस्त्र धारण करके किसी मन्दिर में जाकर शिवलिंग की पूजा करके निम्न मन्त्र की पाँच माला करें—

ॐ नमः संभवाय च मयो भवाय च नमः शंकराय
च मयस्कराय च नमः शिवाय च शिवतराय च॥

(ii) शुक्ल पक्ष के मंगलवार से प्रारम्भ कर यह प्रयोग लगातार 7 या 1' मंगलवार करें। यदि सम्भव हो, तो प्रतिदिन करें। हनुमान जी की प्रतिमा लेकर चन्दन, पीला सिन्दूर और देसी घी से तिलक लगाएं। श्री हनुमान जी से इसी बात की प्रार्थना करती है कि जिस प्रकार आपने सीता और श्रीराम का मिलन करवाया था, उसी प्रकार मुझे मेरे पति की प्राप्ति कराएं।

दारिद्रदुःखदहनं विजयं विवादे, कल्याण साधनमंगलवारणं च।
दाम्पत्यदीर्घसुख सर्वमनोरथात्मि, श्री मारुतेः स्तवमहो नितरां तनोति॥

हर बार मन्त्र उच्चारण के पश्चात् ललाट से पूँछ तक तिलक लगाएं, तत्पश्चात् पूंछ से ललाट तक पुनः यही क्रिया सम्पन्न करें। प्रतिदिन कम-से-कम 21 बार अवश्य इस मन्त्र का जप करें। प्रति मंगलवार एक माला का पाठ करें। मन्त्र जप करते हुए मन ही मन हनुमान जी से यह प्रार्थना करनी चाहिए कि हे हनुमान ! जिस प्रकार आपने माता सीता को उनके अभीष्ठ राम से मिलवाया था, उसी प्रकार मेरे मार्ग की सभी बाधाओं तथा विपदाओं का शमन कर मुझे मेरे पति से मिलवाने की कृपा करें।

(iii) दाम्पत्य जीवन में प्रेम की वृद्धि के लिए पति द्वारा भोजन करने के बाद उसके बचे भोजन में से एक निवाला पत्नी अवश्य खाएं, किन्तु अपने बचे भोजन में से उसे न खाने दें।

(iv) जो स्त्री शनिवार को चमेली के तेल का दीप जलाकर श्रीसुन्दरकाण्ड का पाठ करती है, उसका दाम्पत्य जीवन सुखों से युक्त रहता है।

(3) सन्तान प्राप्ति के लिए—

(i) सन्तान प्राप्ति के लिए, विशेष रूप से पुत्र प्राप्ति के लिए सबसे प्रमुख उपाय 'सन्तान गोपाल मन्त्र' का है। निम्न मन्त्र के पाठ के साथ सन्तान गोपाल स्तोत्र का भी पाठ कर लेना चाहिए।

मन्त्र— **ॐ नमो भगवते वासुदेवाय,**
देवकीसुत गोविन्द वासुदेव जगत्पते।
देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः॥

भगवान कृष्ण के बालरूप का चित्र अपने कक्ष में लगा लें। प्रातःकाल 108 बार मन्त्र का पाठ एक वर्ष तक लगातार करें। पति-पत्नी दोनों में से कोई एक अथवा दोनों जाप करें, तो ओर भी अधिक ठीक होगा।

(ii) सन्तान-प्राप्ति के लिए श्रीकृष्ण-जन्माष्टमी के दिन व्रत का संकल्प लेकर प्रातः स्नानादि से निवृत्त होकर श्वेत वस्त्र धारण करें। पत्नी लाल वस्त्र पहनें और घर के पूजा-स्थल में श्रीकृष्ण के बालरूप का चित्र व सन्तान गोपाल यन्त्र को स्थापित करें। घी का दीपक जलाएं तथा एक सेब, मक्खन, शहद, शिवलिंगी के 6 बीज और नागकेशर के 21 दाने एवं दोनों हाथों पर बांधने के लिए लाल रेशमी धागे अर्पित करें। फिर तुलसी की माला से '**ॐ कृष्णाय विद्महे दामोदराय धीमहि तन्नो विष्णु प्रचोदयात्**' का एक माला जाप करें। इसके स्थान पर 'सन्तान गोपात्र मन्त्र' का भी पाठ कर सकते हैं। जाप के बाद सन्तान प्राप्ति के लिए निवेदन करें। लाल धागों को पत्नी बाएं और पति दाएं हाथ में बांध लें और भोग को प्रसाद रूप में ग्रहण करें।

(iii) सन्तान न होने के कारण सदा चिंतित रहने वाले दम्पत्ति को चाहिए कि वे बागवानी करें, एक फलदार पौधा लगाकर नित्य उसकी देखभाल करें, उसे फलने-फूलने दें।

(iv) पुत्रदा एकादशी का व्रत (पौष शुक्ल एकादशी) रखने से भी दम्पत्ति की सन्तान मनोकामना पूर्ण होती है।

(v) जब गर्भधारण हो गया हो, तो एक चाँदी की बांसुरी बनाकर राधा-कृष्ण के मन्दिर में पति-पत्नी दोनों गुरुवार के दिन चढ़ाएं, तो गर्भपात नहीं होगा।

(4) अच्छे स्वास्थ्य के लिए

(i) **सिर दर्द**—शनिवार एवं मंगलवार को हनुमान जी के पैरों पर लगे सिंदूर का तिलक लगाते रहने से सिर दर्द की शिकायत काफी कम हो जाती है।

(ii) **उच्च रक्तचाप**—एक बार रक्तचाप बढ़ जाए तो उसका पूर्ण इलाज औषध विज्ञान में नहीं हो पाता। दवा लेते रहने पर यह केवल नियन्त्रण में रहता है। अतः उच्च रक्तचाप से मुक्ति के लिए रुद्राक्ष की माला काले धागे में पिरोकर पहनें। काला धागा लेना ज़रूरी है। विशेष लाभ हेतु तांबे का कड़ा पहनें तथा '**ॐ भौमाय नमः**' मन्त्र का नित्य जप करें। मन्त्र जप जब तक करें, भोजन में नमक की मात्रा कम रखें।

(iii) यदि छोटा बालक बीमार हो, तो उसके वज़न के बराबर बाजरा लें, उसमें से 7 मुट्ठी बाजरा प्रतिदिन बालक पर से 1 बार वार कर, छोटी-छोटी चिड़ियों को सूर्योदय से पहले डालें, आराम मिलेगा।

(iv) **नेत्र रोगों के लिए**—नेत्र ज्योति कम हो जाने, दृष्टि में दोष आ जाने, फूला, चौंधिया या आधा शीशी आदि से नेत्रों में खराबी आ जाने आदि की निवृत्ति के लिए 'नेत्रोपनिषद स्तोत्र' के एक हज़ार पाठ करवाकर सूर्य नारायण की उपासना और रविवार का व्रत करना चाहिए।

(5) आर्थिक समृद्धि एवं सम्पन्नता के लिए उपाय—

(i) कोई भी जातक यदि श्री 'श्रीयन्त्र' के सामने नियमित रूप से अथवा प्रत्येक शुक्रवार को श्री 'श्रीसूक्त' तथा बीजयुक्त 'लक्ष्मी सूक्त' का पाठ कर सकें तो कभी भी आर्थिक समस्या से ग्रस्त नहीं रहेंगे। इसका प्रभाव आप स्पष्ट रूप से सात शुक्रवार के पाठ से ही देखने लगेंगे।

(ii) आर्थिक सम्पन्नता बनाए रखने के लिए दीपावली पूजन के समय चाँदी की एक डिब्बी के साथ थोड़ी-सी नागकेशर व शहद का पूजन करें। अगले दिन प्रातः चाँदी की डिब्बी में नागकेशर के साथ सहद को भी चाँदी की डिब्बी में रखकर और उसे लाल वस्त्र में बांधकर धन रखने के स्थान पर रख दें।

(iii) भोजन करने से पहले गाय, कुत्ते और कौए के लिए एक-एक रोटी निकाल दें। इस क्रिया से कभी भी आर्थिक समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा।

(iv) शुक्लपक्ष के पहले शुक्रवार से लगातार 3 शुक्रवार तक लक्ष्मीनारायण मन्दिर परिसर में संध्याकाल में 9 वर्ष से कम आयु की 11 कन्याओं को खीर के साथ मिश्री का भोजन कराएं तथा विदा करते समय लाल वस्त्र भेंट स्वरूप प्रदान करें। इस उपाय से सम्पन्नता आती है।

(v) प्रत्येक शनिवार को संध्याकाल में पीपल के वृक्ष को मीठा जल और आटे का दीपक बनाकर, सरसों का तेल, एक लोहे की कील व साबुत उड़द के 11 दाने डालकर धूप-दीप के साथ अर्पित करें तथा बाएं हाथ से पीपल वृक्ष की जड़ को स्पर्श करके माथे से लगाएं व सात परिक्रमा करें (स्त्रियां परिक्रमा न करें) तो कुछ ही समय में आर्थिक तंगी दूर हो जाती है।

(6) ऋण (कर्ज़) मुक्ति के लिए उपाय—

सदैव अपनी आर्थिक एवं समर्थता को देखते हुए बैंक या किसी व्यक्ति से कर्ज लेना चाहिए। द्विपुष्कर, त्रिपुष्कर योगों में भी कभी कर्ज न लें। निम्न उपाय करने से अवश्य कष्ट में कमी आएगी—

(i) निम्न स्तोत्रों में से किसी का भी नियमित पाठ करने से आय के साधनों में वृद्धि, यदि कोई धन दबाकर बैठ गया हो, तो वह लौटाने को भी विवश हो सकता है—श्रीकनकधारा स्तोत्र, ऋणहर्ता गणपति स्तोत्र, ऋणमोचक मंगल स्तोत्र, श्रीसूक्त पाठ, गजेन्द्र मोक्ष, कुबेर मन्त्र का पाठ करें।

(ii) ऋण मुक्ति के लिए बुधवार को गाय को हरी घास अवश्य खिलायें। यदि ऋण मुक्त होने के बाद भी खिलाते रहेंगे तो आपका व्यवसाय और अधिक उन्नति करेगा।

(iii) प्रत्येक बुधवार को किसी श्रीगणेश मन्दिर में जाकर मोदक का भोग अर्पित करें तथा 11 परिक्रमा दें। परिक्रमा करते समय 'ॐ गं गणपत्यै नमः' का जप करें।

(iv) जब तक आपका ऋण पूर्ण रूप से समाप्त न हो जाए तब तक नियमित रूप से पीपल वृक्ष को जल अर्पित करें और उसकी गीली मिट्टी से तिलक करें। इसके प्रभाव से भी आप शीघ्र कर्ज मुक्त होंगे।

(7) बालक के अस्वस्थ होने पर—

यदि पैदायश के तुरन्त बाद बालक/बालिका अस्वस्थ हो जाए अथवा 1 वर्ष के भीतर बालक किसी गम्भीर रोग से पीड़ित हो, तो बालक की माता या पिता को षष्ठी देवी स्तोत्र का पाठ एवं षष्ठी देवी पूजन करना चाहिए। इसके लिए हमारे कार्यालय से प्रकाशित 'जन्मदिन पूजा पद्धति' का अवलोकन भी अवश्य करें।

वर-कन्या का मेलापक—आधुनिक सन्दर्भ में

भारतीय जीवन पद्धति में नर-नारी का विवाह-संस्कार विशेष महत्त्व रखता है। सुखी वैवाहिक जीवन पर ही मनुष्य के भावी जीवन की सफलता/असफलता, सुख-दुःख, लाभ-हानि, पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन निर्भर करता है। **महर्षि कश्यप अनुसार विवाह संस्कार ही गृहस्थाश्रम की आधारशिला है,** क्योंकि इसी आश्रम के माध्यम से मनुष्य देव, ऋषि एवं पितृ—इन तीनों ऋणों से उऋण होकर धर्म, अर्थ और कामार्थ अभीष्टों की पूर्ति करता है—

गृहस्थाश्रममुत्तमम् च आधारोऽन्याश्रमाणां भूतानां प्राणिनां तथा—(कश्यप)॥

वसिष्ठानुसार गृहस्थाश्रम के समान कोई उत्तम धर्म नहीं—

''कश्चिद् गृहस्थाश्रम समो न परोऽस्तिधर्मः।''

इस प्रकार **विवाह एक उच्चकोटि का पवित्र पर्व एवं धार्मिक सम्बन्ध है।** बौद्धिक एवं वैज्ञानिक रूप से यद्यपि आधुनिक मानव स्वयं को अत्यन्त उन्नत एवं बुद्धिमान मानने लगा है। बौद्धिक एवं भौतिक रूप से सम्पन्न होते हुए भी, ऐसा प्रायः देखने को मिलता है कि **अधिकांश विवाहित दम्पत्तियों के वैवाहिक एवं गृहस्थ जीवन में सामञ्जस्य** की कमी एवं असन्तोष बना रहता है। **कुछ सम्बन्धों में तो नौबत तलाक तक पहुँच जाती है। ईश्वर की विराट शक्ति के समक्ष मनुष्य की सीमित बुद्धि नितान्त पंगु दिखती है।** लाख **सतर्कता बरतने के बावजूद मनुष्य के द्वारा किए गए निर्णय एवं निष्कर्ष कई बार त्रुटिपूर्ण एवं असफल सिद्ध हो जाते हैं।** हमारे वैदिक साहित्य, महाकाव्यों एवं पौराणिक **ग्रन्थों में तो वर-कन्या का चुनाव अधिकांशतः उनके वैयक्तिक एवं परिवारिक गुणों तथा बाह्य आकर्षण पर ही आधारित पाया गया है। वर के गुणों में श्रेष्ठ कुल, गोत्र,** अच्छा स्वास्थ्य, अच्छी शिक्षा, अच्छा चरित्र, कन्या के अनुरूप अवस्था, गृहस्थी चलाने योग्य आजीविका, सिर पर किसी वृद्ध या गणमान्य की छाया आदि प्रमुख गुण विचारणीय होते थे। जबकि **कन्या के गुणों में** आकर्षक नयन नक्श, अच्छा स्वास्थ्य, शालीन स्वभाव, समुचित शिक्षा, भाग्यशालिनी, पतिव्रता, सन्तति सुख आदि के गुण विशेषतः विचारणीय होते हैं।

प्राचीनकाल एवं पौराणिक युग में समृद्ध लोग अपने कुल पुरोहित की सहायता अथवा उनके निर्देशानुसार अपने लड़के या कन्या के उपयुक्त साथी का चयन करने की परम्परा थी। कुछ उत्कृष्ट राजवंशों में **स्वयंवरों** की भी प्रथा थी। इसी कारण हमारे शास्त्रों में **१. बाह्य, २. दैव, ३. आर्ष, ४. प्रजापत्य, ५. असुर, ६. गान्धर्व, ७. राक्षस, ८. पैशाच** आदि आठ प्रकार के विवाह प्रणालियों के वर्णन मिलते हैं। **स्वयंवर प्रथा** गान्धर्व विवाह के अन्तर्गत ही आती थी। रामायण, महाभारत महाकाव्यों में तथा शिवपुराण, नारद-पुराण, स्कन्द, श्री भागवत, विष्णु आदि पुराणों में स्वयंवर प्रथा के विशद वर्णन मिलते हैं। ऐतिहासिक युग में पृथ्वीराज चौहान के काल में स्वयंवर प्रथा प्रत्यक्ष साक्ष्य है।

कालान्तर में वसिष्ठ, नारद आदि आचार्यों तथा मुहूर्त्त चिन्तामणि, मुहूर्त मार्त्तण्ड, विवाह-वृन्दावन, ज्योतिर्निबन्ध आदि ग्रंथाकारों द्वारा मेलापक में **वर-कन्या के जन्म नक्षत्रों** के आधार पर मुख्यतः मिलान किया जाता है। **नक्षत्र मिलान के अन्तर्गत अष्टकूटों (आठ तत्त्वों) पर विशेषतया विचार किया जाता है। अष्टकूट (8 तत्त्व) इस प्रकार से हैं—(१) वर्ण, (२) वश्य, (३) तारा, (४) योनि, (५) ग्रह मैत्री, (६) गण, (७) भकूट, (८) नाड़ी।**

प्रत्येक कूट (तत्त्व) का क्रम अनुकूल होने पर अपने-अपने गुणों का द्योतक है। वर्णादि अष्टकूटों में उनके क्रमानुसार ही गुणों की संख्या की गणना की जाती है, जैसे—**वर्ण का १, वश्य के २, तारा के ३, योनि के ४, ग्रह मैत्री के ५, गण मैत्री के ६, भकूट के ७, और नाड़ी के ८ गुण** माने जाते हैं। वर्णादि सभी अष्टकूटों का जोड़ (१+२+३+४+५+६+७+८ = कुल जोड़ **३६ गुण बनता है।** यद्यपि प्रत्येक कूट (तत्त्व) का अपना-अपना महत्त्व है। परन्तु इनमें से **ग्रह मैत्री, गण, भकूट** एवं **नाड़ी** दोष पर विशेष **रूप से विचार किया जाता है।**

३६ गुणों में से 16-17 गुण मिलते हों, तो **निम्न कोटि** का मिलान, 18 से 21 तक गुण हों, तो **मध्यम कोटि** का तथा **22 से 28 तक** गुण प्राप्त हों, तो **उत्तम कोटि** का और **29 से 35** तक गुण मिलते हों, तो **सर्वोत्तम कोटि** का मिलान माना जाता है। **अष्टकूटों पर आधारित विस्तृत स्पष्टीकरण इसी पंचाँग के अन्यत्र (मेलापक सारिणी से पूर्व) पृष्ठों पर देखें।**

परम्परया गुण मिलान के पश्चात् सामान्य दैवज्ञों द्वारा वर-कन्या की कुण्डलियों में **मंगलीक दोष** पर विचार किया जाता है। यदि वर-कन्या दोनों की कुण्डलियों में मंगलीक दोष (1-4-7-8 या 12वें भावों में मंगल होना) पाया जाए, तो 18 या उससे अधिक गुणों के मिल जाने पर सामान्यतः विवाह कर दिया जाता है।

अनेक वर-कन्या की कुण्डलियों के अध्ययन से, हमारे अनुभव में आया है कि उपरोक्त स्थूल रूप से मिलान की गई कुण्डलियों के पश्चात् भी जातक/जातिका का वैवाहिक जीवन सुखमय नहीं रहा। कई बार तो मिलान के बाद बात सम्बन्ध-विच्छेद (Divorce) तक जा पहुँचता है।

हमारे मतानुसार वर-कन्या के गुण मिलान एवं **मंगलीक दोष** पर अन्तिम निर्णय करते समय ज्योतिष सम्बन्धी अन्य महत्त्वपूर्ण तत्त्वों एवं तथ्यों पर भी ध्यान देना चाहिए। जैसे—मंगलीक दोष सम्बन्धी शास्त्रोक्त परिहार वाक्य, सप्तम, द्वितीय (कुटुम्ब), अष्टम एवं द्वादश भावों में (मंगल के अतिरिक्त) अन्य शुभाशुभ ग्रहों की स्थिति एवं उनकी दृष्टि का विचार, **सप्तमेश, द्वितीयेश, लग्नेश व भाग्येश** आदि ग्रहों की स्थिति, विवाह-सुख कारक ग्रहों

जैसे—शुक्र, चन्द्र एवं गुरु आदि ग्रहों की स्थिति, वर-कन्या की शुभाशुभ ग्रह दशा, नवमांश आदि षडवर्गों में लग्नेश, सप्तमेश एवं कारक ग्रहों की स्थिति, चलित-कुण्डलियों में सप्तमेश एवं भौमादि ग्रहों की स्थिति पर भी विचार करना आवश्यक होता है।

आधुनिक युग में जबकि लड़की का सामाजिक, शैक्षणिक एवं वैयक्तिक स्तर बढ़ चुका है। अतएव वर-कन्या के विवाह से पूर्व अष्टकूट गुण-मिलान के अतिरिक्त अन्य तत्त्वों पर भी अवश्य विचार कर लेना चाहिए। जैसे **राशियों के तत्त्व-विचार** मेष, सिंह व धनु राशियाँ **अग्नि तत्त्व** राशियाँ कहलाती हैं।

वृष, कन्या एवं मकर **पृथ्वी तत्त्व,** मिथुन, तुला व कुम्भ राशियाँ **वायु तत्त्व** तथा कर्क, वृश्चिक व मीन राशियाँ **जल तत्त्व** वाली राशियाँ कहलाती हैं।

(*i*) **पृथ्वी तत्त्व** की राशियों वाले जातकों/जातिका की मित्रता पृथ्वी तत्त्व, अग्नि तत्त्व, तथा वायु तत्त्व वाले जातक/जातिका के साथ रहती है। परन्तु पृथ्वी और अग्नि तत्त्व के मध्य (*ii*) जल और अग्नि तत्त्व के बीच (*iii*) जल तत्त्व और वायु तत्त्व वाली राशि जातकों के मध्य शत्रुता एवं वैमनस्य भाव होगा।

वर-कन्या की कुण्डलियों में मंगलीक दोष के अतिरिक्त अन्य अशुभ योगों का भी विचार करना चाहिए क्योंकि शनि, सूर्य, राहु, केतु अथवा अशुभ गुरु या पापी चन्द्र भी वैवाहिक जीवन में कष्टकारी हो सकता है—

लग्नेपापा व्यये पापाः पाताले च सप्तने तथा।
भार्या भर्तृ विनाशाय भर्ता भार्या विनाशयेत्॥

आधुनिक सन्दर्भ में सुखकारी एवं मंगलकारी **भावी वैवाहिक सम्बन्धों के लिए वर-कन्या दोनों के परिवारों की पृष्ठ भूमि,** वर-कन्या का **आर्थिक स्तर**—अर्थात् लड़का व लड़की-दोनों सर्विस में या व्यवसाय में कार्यरत हों तो अच्छा है।

वर-कन्या—दोनों का **आर्थिक स्तर** अर्थात् यदि लड़का व लड़की दोनों सर्विस में या व्यवसाय में कार्यरत हों तो अच्छा है।

वर-कन्या दोनों का **शैक्षणिक स्तर वर-कन्या के निवास का प्रादेशिक समानता या अन्तर।** वर-कन्या की **बौद्धिक समानता**—वर कन्या की **व्यावसायिक प्रतिष्ठा (Professional Status)**— इत्यादि बहुत से पहलू हैं जिन पर विचार करने की आवश्यकता होनी चाहिए।

आजकल बदलते परिवेश में वर-कन्या के मिलान के लिए सामाजिक, स्थानिक, वैचारिक आदि धारणाओं को ध्यान में रखते हुए विवाह का अन्तिम निर्णय करना उचित होगा। अधिक विवरण के लिए हमारी प्रकाशनाधीन पुस्तक की प्रतीक्षा करें।

—शुभ चिन्तक
पण्डित पन्ना लाल ज्योतिषी
गणितकर्त्ता

सन्तान सुख बाधाकारक योग एवं निवारण

ज्योतिष शास्त्र में संतान सम्बन्धी विशेष योग एवं विचार के लिए पति-पत्नी दोनों की वृहद-जन्मपत्रियों का होना आवश्यक है। दोनों की जन्मकुंडली, चंद्रकुंडली के पंचम स्थान से विचार किया जाता है। इसके अतिरिक्त ग्रहमैत्री, नवमांश, चलित की स्थिति सप्तमांश कुंडली, पंचम भावस्थ ग्रह, पंचमेश एवं पंचम भावस्थ ग्रह के राशिस्वामी आदि ग्रहों एवं उनकी दृष्टियों अष्टकवर्ग में ग्रहों के बलाबल का विचार करना आवश्यक होता है।

विशेष रूप से बृहस्पति को संतानकारक ग्रह माना गया है। पंचम भाव, पंचमेश, ग्रह एवं बृहस्पति का जन्म कुंडली में स्थान आदि से सन्तान सम्बन्धी विशेष योग आदि का निर्णय किया जाता है। ज्योतिषशास्त्रीय दृष्टि से नीचे दिए गए योग जातक/जातिका की जन्मकुंडली में हो तो सन्तान योग बनता है।

सन्तान योग

(क) स्त्री की कुण्डली में उपचय स्थान (3, 6, 10 एवं 11 वें) में गोचरवश बलवान् चन्द्र व मंगल आ जावे अथवा स्वराशि या स्वनवांश में आने पर उस मास एवं उस दिन में स्त्री को गर्भ स्थिति होनी सम्भव होती है।

(ख) पंचम भाव पर शुभ ग्रह की दृष्टि हो, पंचमेश केन्द्र या त्रिकोण में होकर शुभ ग्रह से दृष्ट हो, तो उस स्त्री को पुत्र सन्तान अधिक होती है।

(ग) पंचम भाव में चन्द्र, शुक्र या शनि हो, तो कन्या सन्तति अधिक होती है।

(घ) पंचम में जितने ग्रह हों और इस स्थान पर जितने ग्रहों की दृष्टि हो, उतनी संख्या में सन्तान संख्या जाननी चाहिए। पुरुष ग्रहों के योग और दृष्टि से पुत्र और स्त्री ग्रहों के योग और दृष्टि से कन्या सन्तति की संख्या का अनुमान करना चाहिए।

(ङ) सूर्य, गुरु, मंगल तथा पंचमेश ग्रह- ये चारों पुरुष राशि के नवांश में हों अथवा कुण्डली में पुरुष ग्रहों से युक्त या दृष्ट हों, तो पुत्रों की संख्या अधिक होती है।

(च) पंचम में स्त्री ग्रह हों अथवा पंचमेश स्त्री ग्रहों से युक्त या दृष्ट हो, नवम् में भी शुक्र हो, तो कन्या सन्तति अधिक होती है।

(छ) पंचम, अष्टम या 12 वें भावों में पापग्रह हों, तो सन्तान सुख में कमी होती है।

*लग्न में चन्द्र-गुरु का योग हो और सातवें भाव में शनि या मंगल हो तो सन्तान अभाव का योग होता है।

* सातवें भाव में बुध-शुक्र, चतुर्थ भाव में पाप ग्रह और पंचम भाव में अकेला गुरु हो, तो सन्तान प्रतिबन्धक योग होता है।

* लग्नेश, पंचमेश और नवमेश-ये तीनों ग्रह शुभग्रह से युक्त होकर 6, 8, 12वें भाव में पड़े हों, तो विलम्ब से सन्तान होती है।

* पंचमेश, पंचमेश द्वारा ग्रहीत राशि का स्वामी, पंचमेश द्वारा अधिष्ठित नवांश राशि का स्वामी अथवा गुरु स्थित राशि के स्वामी की महादशा या अन्तर्दशा में पुत्र सन्तान प्राप्ति के योग होते हैं।

नोट—और अधिक विस्तृत जानकारी के लिए विवाह एवं सन्तान सम्बन्धी हमारी शीघ्र ही प्रकाशित होने वाली ''सुत भाव प्रकाश'' फलित नामक पुस्तक की प्रतीक्षा करें।

सन्तान सुख में बाधाकारक अनिष्ट ग्रह

(क) सूर्य पंचम भाव में नीच (तुला) राशि का होकर पड़ा हो, तथा नवांश कुण्डली में सूर्य शनि की राशि में होकर पाप पीड़ित हो, अथवा सूर्य अष्टम भाव में, शनि पंचम में तथा पंचमेश राहु से युक्त हो, अथवा गुरु सिंह राशि में हो, पंचम भाव में पाप ग्रह हों तथा पंचमेश सूर्य के साथ हो, तो पितृ श्राप दोष के कारण सन्तान सुख में कमी होती है।

(ख) सूर्य, गुरु एवं पंचमेश राहु, शनि, केतु आदि पाप ग्रहों से युक्त या आक्रान्त हों, तो भी पितृ दोष के कारण सन्तानाभाव या सुख में कमी होती है।

(ग) पंचमेश, पंचम या नवम भाव में चन्द्रमा राहु, शनि या मंगल आदि पापग्रहों से युक्त या दृष्ट हो, तो मातृ-श्राप के कारण सन्तान प्रतिबन्धक योग होता है।

(घ) निष्कर्षतः—सन्तान बाधाकारक **सूर्य हो,** तो भगवान् शंकर और गरुड़ के क्रोध के कारण अथवा पितरों के श्राप का फल है। यदि सन्तान में प्रतिबन्धक **चन्द्रमा है,** तो माता या किसी अन्य स्त्री के चित्त को दुःख पहुँचाने के कारण या भगवती का शाप या (अनादर) सन्तान सुख में बाधाकारक होता है—

द्रोहात् शंभु सुपर्णयो हि सुतः शापात् पितृणां रवेः,
इन्दोः मातृ सुवासिनी भगवती कोपात् मनोदोषतः। **फलदीपिका॥**

यदि मंगल सन्तान बाधक हो, तो ग्राम देवता, भगवान् कार्तिकेय स्वामी की अवज्ञा करने से अथवा भाई बन्धुओं के श्राप से या शत्रुओं के दुष्ट व्यवहार से सन्तान सम्बन्धी कष्ट होता है।

● यदि बुध सन्तान सुख में बाधक हो, तो बिल्ली को मारने, मछलियों या किसी अन्य प्राणियों के अण्डों को नष्ट करने या छोटे बालक, बालिका के श्राप से या भगवान विष्णु के कोप से सन्तान कष्ट होता है।

● यदि कुण्डली में गुरु (बृहस्पति) सन्तान सुख में बाधाकारक हो, तो यह समझना चाहिए कि जातक ने पिछले जन्म अपने कुल गुरु या कुल पुरोहित से द्रोह किया है पूर्व जन्म में फलदार वृक्षों को काटा है।

शेष पृष्ठ 75 पर देखें

व्यापारिक वस्तुओं तथा शेयरों में मन्दा-तेज़ी-सन् 2009 ई०

वायदा व्यापारियों के लिए आवश्यक सुझाव—व्यापारिक वस्तुओं अथवा जिन्सों के दैनिक उतार-चढ़ाव के अध्ययन के बाद ही वस्तुओं का क्रय-विक्रय करना सफल व्यापार की कुंजी है। संसार के सभी पदार्थों पर प्रभाव रखने वाले ग्रह होते हैं तथा अपने में सभी पदार्थों का समावेश करने वाली राशियां होती हैं। जब ग्रह भ्रमण करता हुआ राशि-भोग करता है, तो उसकी हर गति का प्रभाव हर वस्तु पर पड़ता है, क्योंकि उस समय वे पदार्थ उस ग्रह के प्रभाव में रहते हैं और वस्तु के मूल्यों में जो परिवर्तन (घटाबढ़ी) होता है, उसे हम तेज़ी-मन्दी कहते हैं।

ज्योतिष शास्त्र का वायदा-व्यापार से गहरा सम्बन्ध है। ध्यान रहे, हाज़िर एवं वायदा बाज़ार पर राजनीतिक, सामाजिक, प्राकृतिक एवं आजकल अन्तर्राष्ट्रीय घटनाओं का प्रभाव भी अवश्य रहता है। इसके अतिरिक्त कुशल व्यापारी को अपनी वर्तमान विंशोंन्तरी ग्रह दशा तथा आर्थिक सामर्थ्य को ध्यान में रखते हुए ही व्यापार करना चाहिए। जन्म / वर्ष कुण्डली में हानिप्रद या अनिष्ट ग्रह से सम्बन्धित वस्तु का व्यापार न करें। अनुकूल ग्रहदशा जातक को व्यवसाय में विपुल धन लाभ तथा प्रतिकूल ग्रह दशा अकस्मात् धन हानि करवा सकती है। सदैव उतने ही लाभ की आशा करके व्यापार करें, जितनी कि हानि साधारणतया उठा सकने का सामर्थ्य हो।

गत् संवत 2063, 2064, 2065 में हमारे द्वारा निर्दिष्ट ग्रह स्थिति एवं तेजी-मन्दी के चांसों से सोना, चाँदी, गुड़, सोयाबीन, कॉपर, तेल, लोहे, स्टील, चने तथा शेयरों से सम्बन्धित अनेक व्यापारी लाभान्वित हुए।

आगे गोचर ग्रहों, नक्षत्रों के आधार पर व्यापारिक वस्तुओं (जिन्सों) के दैनिक मन्दा-तेज़ी की विशेष लाइनों एवं तूफ़ानी तेज़ी आदि का विवरण लिख रहे हैं। यदि आप प्रतिमास किसी विशेष एक जिन्स (वस्तु) की दैनिक तेज़ी-मन्दी रिपोर्ट या वायदा हाज़िर बाज़ार का चांस चाहते हैं तो प्रति जिन्स की एक मास की फीस 551 रु., 2 मास की फीस 1000 रु० होगी। पूरी फीस अग्रिम भेजें। रिपोर्ट लिखित रूप में रजिस्ट्री या कोरियर के माध्यम से भेज दी जाएगी। D.D. (ड्राफ्ट) या चैक या मनीआर्डर इस पते पर भेजें—

—पं० विवेक शर्मा C/o पं० देवी दयालु ज्योतिषी एण्ड सन्ज़, अड्डा होशियारपुर चौंक, जालन्धर—144008 (पंजाब) फोन 0181-2457959

● **जनवरी**—31 दिसम्बर की रात्रि को शनि वक्री होने से सोयाबीन, तेल, तिलहन, सोना, चांदी, क्रूयड-आयल, शेयरों में आयल तथा एनर्जी सेक्टर में विशेष तेजी देखने को मिलेगी। 3 जन. तक अच्छी घटाबढ़ी रहेगी। 4 जन. को शुक्र शतभिषा तथा बुध श्रवण नक्षत्र में आने से गेहूँ, गुड़, खांड, चावल, घी, सरसों, रुई, सोना, चांदी, अलसी, चना में तेजी बनेगी।

5 जन. को मंगल पू.षा में आने से घी, तेल, सोना, चांदी, चावल, सरसों, रुई, कपास, सन् में तेजी बनेगी। 6 जन. को केतु पुष्य में आने से लोहा, सरसों तथा अन्य तिलहनों में तेज़ी बनेगी। 8 जन. को गुरु उ.षा.(4) में आने से गुड़, चीनी, ग्वार के भावों में तेजी बनेगी। गुरु की अतिचारी गति के कारण रुई, चने, ग्वार में जोरदार तेजी बन सकती है।

10 जन. को सूर्य उ.षा. में आने से उड़द, मूंग, चावल, चना, गेहूं, गुड़, खांड, शक्कर, सरसों, सोयाबीन, लाल-मिर्च, रूई में तेजी बनेगी।

11 जन. को बुध वक्री तथा गुरु पश्चिम में अस्त होने से रुई, घी, गुड़, शेयर बाज़ार (बैंकिंग सेक्टर), खाण्ड, शक्कर, चने में तेजी, सोना, चांदी, उड़द में कुछ मन्दी बनेगी।

13 जन., मंगलवार को सूर्य मकर राशि में आकर बुध, गुरु एवं राहु के साथ मेल करेगा। मकर संक्रान्ति 30 मुहूर्त्ति है। मंगल एवं गुरु-दोनों अतिचारी हैं तथा अस्त भी हैं। अफवाहों का बाज़ार गर्म रहे। **घी, तेल, अलसी, गुड़, शक्कर, रूई, खाण्ड और शेयरों में तेजी की लाईन बने।** सोना, चांदी, अनाज, बारदाना, मूँगफली में तेजी बनकर अचानक मन्दी का रुख बनेगा। **14 जन. को वक्री बुध पश्चिम में अस्त होने से चांदी, रूई, घी में अच्छी तेजी बनेगी।**

16 जन. को शुक्र पू.भा में तथा 17 जन. को बुध उ.षा में आने से रुई, घी में तेजी, अनाज, गेहूँ में मन्दी बनेगी।

22 जन. को गुरु श्रवण में आने से गुड़, खांड, सोना, चांदी, रूई, घी, चावल तथा अनाजों के भावों में मन्दी बनेगी।

23 जन. को सूर्य श्रवण में आने से गेहूँ, जौं, चावल, रूई, सूत, सन, सोना, चांदी, गुड़, खांड, अलसी, सुपारी, लौंग, लाल-मिर्च में तेजी बने। 24 जन. को मंगल उ.षा. में आने से रुई में विशेष तेजी, धान्य, घी, तेल, सरसों, उड़द में भी तेजी रहेगी।

26 जन. को वक्री बुध धनु राशि में आकर मंगल के साथ मेल करेगा तथा इसी दिन कंकण सूर्यग्रहण दक्षिण भारत में दिखाई देगा। घी, गुड़, सोना, चांदी, खाण्ड, शक्कर, कॉपर, लाल मिर्च, गेहूँ, उड़द में विशेष तेज़ी बनेगी। इसी दिन वक्री बुध पूर्व में उदय होने से गेहूँ, चना, चावल, तिलहन, खाद्य तेल, कपास, खल-बिनौला तथा शेयरों में भी तेजी बनेगी।

27 जन. को मंगल मकर राशि में आकर सूर्य, गुरु एवं राहु के साथ मेल करेगा। मंगल एवं गुरु अतिचारी हैं। रूई, सोना, चांदी, तांबा, गुड़, खाण्ड, घी, तेल, अलसी, लाल-मिर्च

में तेजी तथा चना, अनाजों (गेहूँ, चावल) में मन्दी बनेगी। इसी दिन शुक्र मीन राशि में जाने से चांदी में पहले मन्दी का झटका लगने के बाद ही तेजी बनेगी। ताजा मशवरा प्राप्त करें।

30 जन. को शुक्र उ.भा. में आने से चावल, मोती, चांदी, कपूर, नमक, खांड, रूई, कपास, चीनी, घी में मन्दी का रुख बनेगा।

शेयर-बाज़ार—इस मास की 1, 2, 10, 12, 13, 14, 20, 21, 26, 27, 28 तारीखें विशेष तेजीकारक रहेंगी।

● **फरवरी**–1 फर. को बुध मार्गी होने से रूई में पहले मन्दी बाद में तेजी रहे। सोने-चांदी, कॉपर में घटाबढ़ी होकर तेजी बनेगी। तेल, अलसी, एरण्ड, गुड़, बिनौला, मूंगफली, कपूर, चंदन में मन्दी बनेगी। शेयरों में तेजी बनेगी।

5 फर. को सूर्य धनिष्ठा में, गुरु श्रव (2) में तथा वक्री शनि पू.फा. (4) में आने से सोना, सरसों, गेहूँ, जौं, चना, उड़द, मूंग, तिल, मूंग, मसूर में तेजी बनेगी। रुई में घटाबढ़ी रहेगी।

7 फर. को बुध मकर राशि में आकर सूर्य, मंगल, गुरु एवं राहु के साथ मेल करेगा। इस पंचग्रही योग के प्रभावस्वरूप तथा मंगल उदय होने से रूई, उड़द, तिल, तेल, सोना, चांदी, गुड़ में अच्छी तेजी बनेगी।

9 फर. को मंगल श्रवण में आने से जौं, चना, तिल, कॉपर, सोना, चांदी, सोयाबीन में तेजी बनेगी। 10 फर. को गुरु उदय होने से चांदी, चना, उड़द में तेजी, सोने में घटाबढ़ी के बाद मामूली मन्दी बनेगी।

12 फर. को सूर्य कुम्भ राशि में तथा 13 फर. को नैपच्यून भी कुम्भ राशि में आकर शनि के साथ समसप्तक योग बनाएंगे। घी, गेहूँ, सरसों, सोयाबीन, क्रूड-आयल, सोना, चांदी, कॉपर, मूंगफली, खाद्य-तेल, सोयाबीन, अलसी, शक्कर, खाण्ड, तेल-तिलहन आदि में अच्छी तेजी बनेगी। शेयर-बाज़ार में विशेष घटाबढ़ी होगी।

18 फर. को बुध श्रवण तथा शुक्र रेवती में आने से गुड़, खांड, अलसी, चना, चावल में तेजी बनेगी, चांदी, रूई में मन्दी बने।

19 फंर. को सूर्य शतभिषा में आने से सोना, चांदी, सूत, सन, तिल, तेल, एरण्ड, सरसों, हींग, हल्दी, लाल-मिर्च, गेहूँ, गुड़ में तेजी बनेगी।

20 फर. को गुरु श्रव.(3) में आने से गुड़, खाण्ड, सोना, चांदी तथा अनाजों के भावों में मन्दी बनेगी।

24 फर. को भौमवती अमावस्या भी लगभग सभी व्यापारिक जिन्सों में तेजीकारक रहेगी। 26 फर. को मंगल धनिष्टा में आने से राई, जौं, पीपल, सोना, चाँदी, ताँबा, पीतल, जिस्त, लोहा तेज होगा, गुड़, शक्कर, खांड, घी, रूई, कपास अनाज में मन्दी बनेगी।

28 फर. को बुध धनिष्ठा में आकर चावल, घी में तेजी, सोना, चांदी में मन्दी, रूई में घटाबढ़ी करेगा।

शेयर बाज़ार—इस मास की 1, 2, 7, 8, 12, 18, 19, 24 तारीखें शेयर मार्किट के लिए तेजीकारक रहेंगी।

● **मार्च**–मासारम्भ में वायदा एवं हाजिर बाज़ार में अच्छी घटाबढ़ी रहेगी। 4 मार्च को सूर्य पू.भा. में आने से सोना, चांदी, कॉपर, क्रूड-आयल, गेहूँ, चना, उड़द, चावल, ज्वार, बाजरा, घी, सरसों, सोयाबीन, तिल, तेल, गुड़, खांड में तेजी बनेगी। रात्रि बाद बुध भी कुम्भ राशि में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा। रूई, चांदी, घी, गुड़, खांड में अच्छी झटके के साथ तेजी लाएगा। यहां सूर्य-बुध का शनि के साथ सप्तम दृष्टि सम्बन्ध चल रहा है।

6 मार्च को शुक्र वक्री होने तथा गुरु श्रव (4) में आने से रुई में पहले तेजी, फिर मन्दी, घी, तेल, गुड़, चीनी, शक्कर, चना, गेहूँ और जौं में तेजी बनेगी। अलसी, सोयाबीन, सोना, चाँदी में घटाबढ़ी चलेगी।

7 मार्च को मंगल कुम्भ राशि में आकर सूर्य, बुध के साथ मेल करेगा। सू.,बु.,मं. का शनि के साथ समसप्तक योग बनेगा। सोना, चाँदी, कॉपर, गुड़, सोयाबीन, गेहूँ, उड़द, चना, क्रूड-आयल में अच्छी तेजी बनेगी।

9 मार्च को बुध शतभिषा में आने से सोना, चांदी में घटाबढ़ी के बाद मन्दी बनेगी। 10 मार्च को राहु श्रवण(1), केतु पुष्य(3) में आने से गेहूँ, अलसी, सोयाबीन में तेजी रहेगी।

14 मार्च को सूर्य मीन राशि में आकर शुक्र के साथ मेल करेगा। तिल, तेल, अलसी, सरसों, खाण्ड, गुड़, शक्कर, रूई, सोना, कॉपर में तेज़ी बने। गेहूँ, चावल आदि सब अनाजों में पहले तेज़ी, बाद में मन्दी बनेगी। चाँदी में मामूली मन्दी बनेगी।

15 मार्च, को मंगल शतभिषा में आने से रूई, सोना, चाँदी, घी, जिस्त, कॉपर में पहले मन्दी बनकर, बाद में तेजी बनेगी।

16 मार्च को बुध पूर्व में अस्त होने से अनाज, घी में मन्दी; रूई में घटाबढ़ी रहेगी। सोना, चाँदी में घटाबढ़ी होकर तेजी बनेगी।

17 मार्च को सूर्य उ.भा. में तथा बुध पू.भा. में आने से चावल, गुड़, खांड, शक्कर, गेहूँ, तेल में तेजी तथा सोना, चांदी, तांबा, लोहा तथा अनाज में मन्दी और रूई में घटाबढ़ी होगी।

22 मार्च को बुध मीन राशि में सूर्य एवं शुक्र के साथ मेल करेगा। इसी दिन गुरु धनिष्टा में, वक्री शुक्र उ.भा. में तथा शनि पू.फा.(3) में आएगा। व्यापारिक वस्तुओं, जिन्सों में विशेष उथल-पुथल के योग हैं। सोना, चांदी, कॉपर में पहले तेजी के बीच अच्छी घटाबढ़ी रहे, बाद में अचानक मन्दी का रुख बने। रूई, गुड़, खाण्ड, शक्कर, गेहूँ, चावलादि अनाज, मूँग, उड़द, तिल, तेल, तिलहन में अच्छी घटाबढ़ी के बाद मामूली तेज़ी बनेगी।

24 मार्च को बुध उ.भा. में आने तथा शुक्र पश्चिम में अस्त होने से सोना, चांदी, तांबा, पीतल, जिस्त, हींग, केसर में घटाबढ़ी के बाद तेजी बने। रूई, गुड़, खाण्ड, चावल, गेहूँ आदि में मन्दी बनेगी।

28 मार्च, शनिवार को चन्द्रदर्शन होने से रूई, सूत, चांदी, सोना, सरसों, मूंगफली, सोयाबीन में अच्छी तेजी बनेगी। 30 मार्च को शुक्र पूर्व में उदय होने से रूई, घी, सूत, चांदी, चावल में तेजी आएगी।

31 मर्चा को सूर्य रेवती में तथा बुध भी रेवती नक्षत्र में आने से अलसी, सरसों, एरण्ड, मूँगफली, लहसुन, मोती, रूई, गेहूँ, जौं, चना, चावल, केसर, मजीठ, लाल-चन्दन, लाल मिर्च आदि लाल वस्तुओं में तेजी बनेगी।

शेयर बाज़ार—इस मास की 4, 6, 7, 15, 22, 23, 31 मार्च को विशेष तेजी बनेगी।

● **अप्रैल**–2 अप्रैल को मंगल पू.भा. में आने से तिल, तेल, मूँगफली, एरण्ड, अलसी, नारियल, रूई, सूत, कपास, सोना, चांदी में तेजी बनेगी।

6 अप्रैल को बुध मेष राशि में आने से सोना, चांदी, कॉपर, गेहूँ, चना, जौं आदि अन्न, तिल, तेल, सरसों, रूई, कपास, घी, गुड़, चीनी में मन्दी बनेगी।

9 अप्रै. को गुरु धनि. (2) में आने से गेहूँ, चावल जौं, चना आदि में मन्दी और रूई में घटाबढ़ी होगी।

12 अप्रै. को बुध पश्चिम में उदय होने से गेहूँ, चने, खल-बिनौले, गुड़, सोना, चाँदी, तांबा, पीतल, लोहादि धातुओं में तेजी बने।

13 अप्रैल को सूर्य मेष राशि में बुध के साथ मेल करेगा। वैशाख संक्रान्ति 15 मुहूर्ति है। रूई, कपास, सूत, घी, तेल, तिल, सरसों, नारियल, सुपारी, बादाम, गुड़, खाण्ड, शक्कर, चांदी, सोना तेज होंगे। गेहूँ, चावल, उड़द, मूँग, अरहर, चना, जौं, मटर आदि में मन्दी बनेगी।

14 अप्रैल को मंगल मीन राशि में आएगा। सोना, रूई, लाल मिर्च, चना, तांबा, जिस्त, अरहर में तेजी बनेगी। चांदी में पहले मन्दी, फिर तेजी बनेगी। 17 अप्रैल को शुक्र मार्गी होने से रूई में मन्दी, सोना, चांदी, मोती, धान्य, गुड़, घी, चीनी में आगे जाकर अच्छी तेजी बनेगी।

19 अप्रैल को मंगल उ.भा. में आने से सोना, चाँदी, रूई, गेहूँ, जौं, चना, लाल-मिर्च, चन्दन आदि सुगन्धित पदार्थ भी तेज होंगे। 21 अप्रैल को बुध कृतिका में आने से चाँदी, घी, अफीम, कपास, चना में घटाबढ़ी होकर मन्दी बने, रूई में तेजी बनेगी।

24 अप्रैल को बुध वृष राशि में तथा 25 ता. को शनिवासरी अमावस भी तेजीकारक रहेगी। गेहूँ, जौं, चना, चावल, मटर, रूई, कपास, सूत, तिल, तेल आदि में तेजी बनेगी।

27 अप्रैल को सूर्य भरणी में आने से रूई, अलसी में मन्दी, सोना, चाँदी, ताँबा, मूँगा, पीतल, लोहा-चादर आदि गेहूँ, जौं, चना, चावल, मोंठ, अलसी, रूई, सरसों, गुड़, खाण्ड, घी में तेजी बनेगी।

शेयर बाज़ार—इस मास की 13, 14, 27, 28 तारीखें शेयर बाज़ार में विशेष तेज़ीकारक रहेंगी।

● **मई**–मासारम्भ ता. 1 मई को गुरु कुम्भ राशि में आने से सोना, ताँबा, कांसा, पीतल, लोहा, चना, रूई, घी, कपास में पहले मन्दी बनकर फिर तेजी बनेगी। बाज़ार के रुक को देखकर धीरे-धीरे आगे बढ़ें।

6 मई को मंगल रेवती में आने से गेहूँ, चना, मूँग, मोठ, जौं, ज्वार, बाजरा में मन्दी रहेगी। रूई, सोना, चाँदी में घटाबढ़ी होकर तेजी बनेगी।

9 मई को वक्री बुध पश्चिम में अस्त होने से चाँदी, घी में अच्छी तेजी, रूई, शेयर-बाज़ार में घटाबढ़ी के बाद तेजी, अलसी, चने, बिनौले भी तेज़ हों।

11 मई को सूर्य कृतिका में आने से घी, रूई, सोना, चाँदी, अलसी, एरण्ड, गेहूँ, जौं, चना, मूँग, मोठ, चावल, राई, सरसों में तेजी बनेगी। 12 मई को राहु उ.षा.(4) तथा केतु पुष्य(2) में आने से अलसी, सरसों, सोयाबीन में तेजी बनेगी।

14 मई को सूर्य वृष राशि में आकर बुध के साथ मेल करेगा। इन पर शनि की दृष्टि भी रहेगी। सोना, चाँदी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, कपास, रूई, सूत, बादाम, तिल, तेल, सरसों, सोयाबीन, कॉपर में अच्छी तेज़ी बने। जौं, चना, चावल में पहले तेज़ी बनकर फिर मन्दी बनेगी।

17 मई को शनि मार्गी होने से रूई में मन्दी के अच्छे झटके आएंगे, बाद में साधारण तेज़ी बने। सोना, चांदी, क्रूड-आयल, तिल, तेल, सरसों, हींग, सोयाबीन, मिर्च में झटके की तेज़ी बनेगी। परन्तु अचानक मन्दे का रुख भी बन सकता है। सावधानीपूर्वक कार्य करें।

23 मई को मंगल मेष राशि में प्रवेश करेगा। सोना, चाँदी, कॉपर आदि धातु, ऊन, रूई, कपास, वारदाना तथा गुड़, रसादि पदार्थों में तेज़ी आएगी।

25 मई को सूर्य रोहिणी में तथा वक्री बुध मेष राशि में मंगल के साथ मेल करेगा। तिल, तेल, एरण्ड, अलसी, सरसों, गुड़, खाण्ड, घी, गेहूँ, जौं, चना, ज्वार, बाजरा, मिर्च, सुपारी, राई, सोना, चाँदी, कॉपर में घटाबढ़ी के बाद तेज़ी बनेगी। 26 मई को वक्री बुध पूर्व में उदय होने से गेहूँ, चना, चावल, तिलहन, घी, खाद्य-तेल, रूई, कपास, खल-विनौला, चाँदी तथा शेयरों में तेजी बने।

30 मई को शुक्र मेष राशि में मंगल एवं बुध के साथ मेल करेगा। जौं, चना, गेहूं आदि अन्न, घी, सोना, चाँदी, कॉपर, गुड़, शक्कर, बारदाना में अच्छी तेज़ी बनेगी। ऊन, तिल, तेल, सरसों, अलसी, सोयाबीन में घटाबढ़ी रहेगी।

31 मई को बुध मार्गी होने से बैंकिंग शेयर्ज़, रूई, सोना, चाँदी, कॉपर, गेहूँ, जौं, चना, अनाज में तेज़ी बनेगी। रेशम, तेल, अलसी, एरण्ड, गुड़, बिनौला, चन्दन में घटाबढ़ी के बाद मन्दी बनेगी।

शेयर बाज़ार—इस मास की 1, 2, 9, 11, 14, 17, 25, 29, 30, 31 विशेष तेज़ीकारक रहेंगी।

● **जून**–मासारम्भ में हाजिर बाज़ार में प्रायः सब वस्तुओं में घटाबढ़ी चलेगी। 5 जून को बुध वृष राशि में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा। गेहूँ, जौं, चना, चावल, मटर, रूई, कपास, सूत, अफीम, तिल, तेल, सोने में तेज़ी बनेगी।

7 जून को सूर्य मृगशिर में आने से रूई, सूत, रेशम, सन, कपूर, कस्तूरी, चन्दन, सोना, चाँदी, उड़द, मूँग, चना, बाजरा, अलसी, नारियल, कॉपर, जिस्त में तेजी बनेगी।

10 जून को मंगल भरणी में आने से सोना, चाँदी, कॉपर, जिंक, गेहूँ आदि अनाज, लाल मिर्च में तेजी बनेगी। 13 जून को शुक्र भरणी में आने से सोना, चाँदी, लाल-चन्दन, सरसों,

तिल, तेल, अलसी, घी, उड़द, नारियल में मन्दी, चना, मूँग, रूई, चीनी में घटाबढ़ी के बाद तेज़ी बनेगी।

14 जून, रविवार को सूर्य मिथुन राशि में आएगा। 15 मुहूर्त्ति ज्येष्ठ संक्रान्ति तेज़ीकारक रहेगी। रूई, सरसों, लोहा, तिल, तेल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, चीनी, घी, मूँग, उड़द, गेहूँ, चना, चावल, बारदाना, सोना, चाँदी में तेज़ी बनेगी।

15 जून को गुरु वक्री होने से रूई, गेहूँ, जौं, चना, चावल, अलसी, और घी में मन्दी बनेगी। सोना, चाँदी, कॉपर में तेज़ी बनेगी। 17 जून को बुध रोहिणी में आने से रूई, कपास, सूत, सोना, चाँदी, तिल, तेल, सरसों, चावल, गुड़, खांड, कॉपर में तेज़ी आएगी। राई, रूई, कपास, घी में पहले तेज़ी फिर मन्दी बनेगी।

21 जून को सूर्य आर्द्रा नक्षत्र में आने से रूई, सूत, कपास, खल, अलसी, एरण्ड, मोती, गेहूँ, चावल, चना, जौं, चाँदी में तेजी बनेगी। सोना, कॉपर, जिस्त, जिंक में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी।

26 जून को बुध मृगशिर में तथा शुक्र कृतिका में आने से जौं, चावल, हींग, तिल, तेल, सरसों, रूई, सूत, चाँदी, सोना, हीरा, कॉपर, मोती आदि जवाहारात में मन्दी बने।

29 जून को मंगल कृतिका नक्षत्र में आएगा। शुक्र वृष राशि में जाकर बुध के साथ मेल करेगा। इन पर शनि की दृष्टि भी रहेगी। सोना, चाँदी, कॉपर, सरसों, सोयाबीन, तिल, तेल, सोयाबीन, मूँग, चावल में अच्छी तेजी बनेगी। रूई, कपास में घटाबढ़ी के बाद मन्दी बनेगी।

30 जून को बुध मिथुन राशि में सूर्य के साथ मेल करेगा। सोना, चाँदी, कॉपर, सरसों, तारामीरा, शेयरों में घटबढ़ी के बाद तेज़ी बनेगी।

शेयर रुख—ता० 5, 6, 10, 14, 21, 29 तेज़ीकारक रहेंगी।

● **जुलाई**–2 जुला. को बुध पूर्व में अस्त होने से घी, चावल में मन्दी, सोना, चाँदी, रूई, शेयरों में घटाबढ़ी के बाद तेज़ी बनेगी। **3 जुला. को मंगल वृष राशि में आकर शुक्र के साथ मेल करेगा। इन पर शनि की विशेष दृष्टि भी रहेगी। लाल मिर्च, सोयाबीन, सोना, कॉपर, जिंक, तेल तिलु, शेयरों** (आयल, सोफ्टवेयर सेक्टर) **में विशेष तेजी देखने को मिलेगी।**

4 जुला. को बुध आर्द्रा में आने से गेहूँ, तिल, उड़द, जौं, चना, मूँग, मोठ में मन्दी बनेगी। 5 जुला. को सूर्य पुनर्वसु में आने से रूई, सोना, चाँदी, गुड़, खांड, कपास, बिनौला, एरण्ड, अलसी, सरसों, लाख, तिल, चावल, नमक, हरड़, उड़द, गुग्गुल आदि सुगन्धित किरयाना पदार्थों में तेजी बनेगी।

8 जुला. को शुक्र रोहिणी में आने से सोना, चाँदी, कॉपर, अलसी, एरण्ड, सरसों, घी, तेल, गुड़, खाण्ड, सुपारी, नारियल में मन्दी बनेगी। 10 जुला. को बुध पुनर्वसु तथा शनि पू.फा. (4) में आने से चाँदी, रूई, कपास, सूत, सन में मन्दी, गेहूँ, जौं, उड़द, मूँग, सरसों, तिल में तेज़ी बनेगी।

14 जुला. को राहु उ.षा.(3), केतु पुष्य (1) में आने से लोहा, सरसों, खाद्य-तेल में तेज़ी बनेगी। 15 जुला. को बुध कर्क राशि में प्रवेश करेगा। चाँदी, सोना, सरसों,. सोयाबीन, गुड़, तेल, मूँगफली, में घटबढ़ी के मध्य पहले तेज़ी फिर मन्दी बनेगी।

16 जुला. को सूर्य भी कर्क राशि में प्रवेश कर बुध एवं केतु के साथ मेल करेगा। रूई, सूत, बादाम, सुपारी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, तिल, नारियल, सरसों, सोयाबीन, सोना, चाँदी आदि तेज़ होंगे। इसी दिन रात को बुध पुष्य में आने से रात को सोना, चाँदी में मन्दी का झटका भी सम्भव है। सावधानीपूर्वक आगे बढ़ें।

17 जुला. को मंगल रोहिणी में आने से रूई, कपास, सूत, वस्त्र, रेशम, सरसों, तिल, तेल, लाला-मिर्च, हींग तथा शेयरों में तेज़ी बनेगी।

19 जुला. को सूर्य पुष्य में आने से तिल, तेल, सरसों, खांड, चावल, गेहूँ, जौं, ज्वार, बाजरा, सुपारी, सोंठ, हींग, सिक्का, सोना, चाँदी, कॉपर तेज़ होंगे। रूई में पहले तेजी, फिर मन्दी बने।

20 जुला. को शुक्र मृगशिर में आने से गेहूँ चना, ज्वार में मन्दी तथा गुड़, खाण्ड, शक्कर में तेज़ी बनेगी। 22 जुला. को ग्रस्तोदय सूर्यग्रहण भी गुड़, सोने, तांबे में तेजीकारक रहेगा।

23 जुला. को बुध आश्लेषा में आने से तिल, तेल, सरसो, गुड़, खाण्ड, उड़द, मूँग, मूँगफली में तेजी बनेगी। 26 जुला. को शुक्र मिथुन में प्रवेश करेगा। इस पर गुरु की दृष्टि भी रहेगी। रूई, कपास, सूत, बारदाना, अरण्डी, तिल, तेल, सरसों, अरहर, ग्वार में मन्दी और अलसी, गुड़, घी, में अच्छी घटबढ़ी होगी। गेहूँ, चना, जौं, चावलों में तेज़ी बनेगी। इसी दिन बुध पश्चिम में उदय होने से गेहूँ, चने, खल-बिनौले, गुड़, सोना, चाँदी, तांबा, पीतल, लोहादि धातुओं में तेज़ी बने।

30 जुला. को बुध सिंह राशि में प्रवेश कर शनि के साथ मेल करेगा। इसी दिन वक्री गुरु मकर राशि में राहु के साथ मेल करेगा। सोना, चांदी, सूत, रुई, सरसों, चना, जौं, खाद्य-तेलों में अच्छी तेजी का रुख रहे। तेजी में तुरन्त मुनाफा लेकर सौदा कर लें। अचानक मन्दी का रुख बन सकता है।

शेयर बाज़ार—ता० 2, 3, 5, 16, 17, 20, 21, 22, 26, 29, 30, 31 तेजीकारक रहेंगी।

● **अगस्त**–ता०1 को शुक्र आर्द्रा में आने से अचानक चना, गेहूँ, चावल, उड़द, बाजरा आदि में मन्दी का वातावरण बनेगा।

2 अग. को सूर्य आश्लेषा में आने से सोना, चाँदी, रूई, बिनौला, गेहूँ, चावल, उड़द, चना, गुड़, शक्कर, घी, तिल, सरसों, एरण्ड, अलसी, मिर्च में तेज़ी बनेगी।

6 अग. को मंगल मृगशिर में आने से तिल, चाँदी, घी में तेज़ी, रूई में पहले मन्दी, फिर तेजी बनेगी। 7 अग. को बुध पू.फा. में आने से गुड़, खाण्ड, गेहूँ, चने में मन्दी बनेगी।

12 अग. को शनि उ.फा. में आने से घी, शक्कर, सरसों, कपास, रूई, सोयाबीन में तेजी बनेगी। 13 अग. को शुक्र पुनर्वसु में आने से सोना, चाँदी, रूई, कपास, सूत, चावल, घी मे मन्दी बनेगी।

16 अग. रविवार को सूर्य सिंह राशि में आकर शनि के साथ मेल करेगा। मंगल भी मिथुन राशि में शुक्र के साथ मेल करेगा। सोना, चाँदी, रूई, गुड़, खाण्ड, शक्कर, तिल, तेल, एरण्ड, सोयाबीन, लाल-मिर्च, कॉपर में अच्छी घटाबढ़ी के बाद तेज़ी बनेगी। शेयरों, अनाज में तेजी बनकर मन्दी बनेगी। (इस तेजी के दौर में अवश्य लाभ उठा लें)

17 अग. को बुध उ.फा. में आने से उड़द, मूँग, मोठ, मसूर, अरहर में कुछ तेजी बनेगी। रूई में घटाबढ़ी होकर मन्दी बने, चाँदी में भी मन्दी बनेगी। 19 अग. को बुध कन्या राशि में प्रवेश करेगा। इस पर मंगल एवं गुरु की दृष्टि रहेगी। रूई, चाँदी, घी, कपास, चना में मन्दी बनेगी। गेहूँ, जौं, गुड़, शक्कर, खाण्ड, हल्दी, सरसों, सोयाबीन, बैंकिंग शेयर्ज़ में तेजी बनेगी।

21 अग. को शुक्र कर्क राशि में केतु के साथ मेल करेगा तथा गुरु-शुक्र के मध्य समसप्तक योग बनेगा। रूई में पहले अच्छी मन्दी बाद में तेज़ी बने। अलसी, एरण्ड, तेल, घी, गुड़, शक्कर में तेज़ी तथा चाँदी, गेहूँ, जौं, चना, मटर, अरहर में मन्दी बने।

24 अग. को शुक्र पुष्य में आने से रूई, सूत, सन, चाँदी, रेशम, ऊन व धान्य में तेज़ी और लाख, चमड़ा, कपूर, पारा, हींग, गुड़, खाण्ड, शक्कर में मन्दी बनेगी।

25 अग. को वक्री गुरु धनि(1) में आने से चावल, जौं, चना में मन्दी और रूई में घटबढ़ी रहेगी।

26 अग. को मंगल आर्द्रा में आने से रूई, सूत, कपास, अलसी, एरण्ड, गुड़, खाण्ड, तिल, तेल, नमक, सोयाबीन में तेज़ी और चाँदी में मन्दी बने।

30 अग. को सूर्य पू.फा. में आने से जीरा, सोना, गुड़, खाण्ड, सरसों, तिल, तेल, घी, गेहूँ, ज्वार, चावल, रूई, सूत में तेज़ी, चाँदी में घटाबढ़ी रहेगी।

31 अग० को बुध हस्त में आएगा। इसी दिन शनि पश्चिम में अस्त होगा। रूई, सोने, क्रूड-आयल, शेयरों में मन्दी बनकर तेज़ी बनेगी।

***शेयर-बाज़ार*—ता० 2, 6, 16, 17, 19, 21, 26, 30 को तेज़ी बने।**

● **सितम्बर**—मासारम्भ में क्रूड-आयल, सोने, आयल-गैस के शेयरों पर सावधानीपूर्वक छोटे-छोटे सौदे करते हुए आगे बढ़ें।

4 सितं. को शुक्र आश्लेषा में आने से रूई, चावल, घी,चने में मन्दी बनेगी।

7 सितं. को बुध वक्री होने से घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, सोने, चाँदी, कॉपर, शेयरों में तेजी बनेगी। गेहूँ, जौं, चने में मन्दी का रुख रहेगा।

9 सितं. को शनि कन्या राशि में प्रवेश करेगा। इस पर गुरु एवं मंगल की विशेष दृष्टियां रहेंगी। रूई, गुड़, सोयाबीन, सरसों, सोयाबीन, क्रूड-आयल, सोना, चाँदी में प्रारम्भ में तेजी का झटका लगने के बाद मन्दी बनेगी।

13 सितं. को सूर्य उ.फा. में तथा वक्री बुध भी उ.फा. में आने से रूई, कपास, रेशम, सूत, सोना, चाँदी, घी, तेल, अलसी, लोहा, सरसों, एरण्ड, चावल, उड़द में पहले तेजी बनकर बाद में थोड़ा मन्दा बने।

15 सितं. को शुक्र सिंह राशि में आने से सोना, ताम्बा, जौं, चना, गेहूँ, लाल-चन्दन, लाल-मिर्च, अन्य लाल रंग की वस्तुओं, घी, ज़िंक में तेज़ी बनेगी।

16 सितंबर, बुधवार को सूर्य कन्या राशि में बुध एवं शनि के साथ मेल करेगा। इन पर गुरु की दृष्टि रहेगी। रूई, नारियल, तिल, तेल, सोयाबीन, लाल-मिर्च, क्रूड-आयल, शेयरों, सोने व चाँदी में पहले तेज़ी बनकर फिर मन्दी का रुख शुरु हो सकता है। इसलिए थोड़ी तेज़ी बनते ही मुनाफा काट लें।

17 सितं. को मंगल पुनर्वसु में आने से रूई, चाँदी, नमकथ खाण्ड, तिल, तेल, सरसों, सोयाबीन में तेज़ी बनेगी।

20 सितंबर, रविवार को कन्या राशिस्थ चन्द्रदर्शन होने से गुड़, तेल, सोना, चाँदी में तेज़ी तथा रूई में घटाबढ़ी होगी।

24 सितं. को वक्री बुध सिंह राशि में शुक्र के साथ मेल करेगा। चाँदी, सोना, कॉपर, सूत, रूई, सोयाबीन में तेज़ी बनेगी, कपूर, गुड़, खाण्ड, शक्कर आदि में मन्दी बनेगी।

26 सितं. को सूर्य हस्त में तथा शुक्र पू.फा. में आने से गेहूँ, जौं, ज्वार, गुड़, खाण्ड, कपास, रूई, नमक, हरड़, हींग, हल्दी में तेजी बनेगी। उड़द, मूँग, चना में कुछ मन्दी बने।

27 सितं. को वक्री बुध पूर्व में उदय होने से गेहूँ, चना, चावल, तिलहन, घी, खाद्य-तेल, रूई, कपास, खल-बिनौला, चाँदी में तेज़ी बने। शेयरों में घटाबढ़ी के बाद मन्दी बने।

29 सितं. को बुध मार्गी होने से सोना, चाँदी, गेहूँ, जौं, चना, अनाज में घटाबढ़ी होकर तेजी बने, रेशम, तेल अलसी, एरण्ड, गुड़, बिनौला में मन्दी बनेगी।

● **अक्तूबर**—3 अक्तू. को वक्री गुरु श्रवण में आने से गुड़, चीनी, सोना, चाँदी तथा अनाजों के भावों में मन्दी बनेगी। 4 अक्तू. को बुध कन्या राशि में सूर्य एवं शनि के साथ मेल करेगा । गेहूँ, जौं, चना, गुड़, शक्कर, चीनी, हल्दी, रूई, चाँदी, तेल, सरसों, सोयाबीन में तेज़ी बनेगी ।

5 अक्तू. को मंगल कर्क राशि में केतु के साथ मेल करेगा तथा गुरु के साथ समसप्तक योग भी बनेगा। इसी दिन शनि पूर्व में उदय होने से शेयर-बाज़ार, अलसी, सरसों, एरण्ड, बिनौला, मूँगफली, रूई में मन्दी, गुड़, शक्कर, सोना, तांबा, चीनी, चावल, जिस्त में अच्छी तेज़ी बने । 6 अक्तू. को शनि उ.फा.(3) में आने से रूई में घटाबढ़ी, तेल, अनाज तेज़ होंगे।

10 अक्तू. को सूर्य चित्रा नक्षत्र में आएगा। इसी दिन शुक्र कन्या राशि में आकर बुध एवं शनि के साथ मेल करेगा। रूई, सूत, सोना, चाँदी, कॉपर, क्रूड-आयल, गुड़, चीनी, अरहर, गेहूँ, चना, तिल, नारियल, केसर, कपूर, लाल-मिर्च, चावल में तेज़ी बनेगी। 11 अक्तू. को मंगल पुष्य में आने से रूई, चाँदी में घटाबढ़ी रहेगी। सोने में विशेष तेज़ी बनेगी। 12 अक्तू. को बुध हस्त में आने से गेहूँ, चना में मन्दी बनेगी।

13 अक्तू. को गुरु मार्गी होने से रूई में मन्दी होकर फिर तेज़ी बने। चाँदी में मन्दी, चावल, अलसी, सरसों, गुड़ में तेज़ी बनेगी।

17 अक्तू. को सूर्य तुला राशि में शनिवार को प्रवेश करेगा। 30 मुहूर्त्ति संक्रान्ति है। सूर्य पर मंगल की दृष्टि भी रहेगी। गेहूँ, जौं, चना, अलसी, सोना, तांबा, सुपारी, लाल-मिर्च, रूई में तेज़ी रहेगी। रूई, चाँदी, घी में मन्दी बनेगी। इसी दिन बुध पूर्व में अस्त होने से शेयरों, चावल में भी मन्दी बने।

20 अक्तू. को मंगलवारी चन्द्रदर्शन तथा बुध चित्रा में आने से वायदा बाज़ार में तेज़ी का रुख रहे। सोना, चाँदी, रूई, गुड़, सरसों, मूँगफली में तेज़ी बनेगी।

23 अक्तू. को सूर्य स्वाती में आने से रूई, सूत, सन, रेशम, कपड़ा, सोना, चाँदी, गुड़, शक्कर, बिनौला, सुपारी, मिर्च, अलसी, सरसों, हींग में तेज़ी बनेगी।

24 अक्तू. को बुध तुला राशि में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा। इन पर मंगल की दृष्टि रहेगी। रूई, गुड़, चीनी, सोना, चाँदी में तेज़ी बनेगी। सरसों, एरण्ड, बिनौला, मूँगफली, सोयाबीन में घटा-बढ़ी के बाद कुछ तेज़ी बनेगी।

28 अक्तू. को बुध स्वाती तथा शुक्र चित्रा में आने से रूई में मन्दी, सोना, चाँदी, सोयाबीन, साफ्टवेयर तथा बैंकिंग शेयर्ज़ में विशेष घटा-बढ़ी रहने के बाद भाव सम रहेंगे।

शेयर-बाज़ार—ता. 4, 5, 9, 10, 17, 18, 20, 25, 26, 30 तेज़ीकारक रहेंगी।

● **नवम्बर**—3 नवं. को शुक्र तुला राशि में सूर्य एवं बुध के साथ मेल करेगा। इन पर पहले ही मंगल की दृष्टि है। रूई, चाँदी, घी, सोना, गुड़, चीनी, सरसों, सोयाबीन में अच्छी तेज़ी बनेगी।

5 नवं. को बुध विशाखा में आने से रूई, कपास, घी, चीनी, चावल में मन्दी बनेगी।

8 नवं. को शुक्र स्वाती में आने से गुड़, चीनी, सरसों, सोयाबीन में तेज़ी बने। 9 नवं. को मंगल आश्लेषा में आने से चाँदी, रूई, घी, चावल, चना में अच्छी मन्दी बने।

12 नवं. को बुध वृश्चिक राशि में आकर शनि द्वारा दृष्ट रहेगा। घी, तेल, सरसों, रूई, चाँदी, सोना, सोयाबीन, बैंकिंग शेयर्ज़ में तेज़ी बनेगी। 14 नवं. को बुध अनुराधा में आने से रूई, सन, सूत, सोना, चाँदी में मन्दी बनेगी।

16 नवं. सोमवती अमावस के दिन सूर्य वृश्चिक राशि में आकर बुध के साथ मेल करेगा। **शनि की इन पर दृष्टि रहेगी। रूई, सोना, चाँदी, कॉपर, ऊन, क्रूड-आयल में तेज़ी बने,** गुड़, लाल-मिर्च में मन्दी बन सकती है।

17 नवं. को राहु धनु तथा केतु मिथुन राशि में आने से रूई, घी, चावल, चाँदी, चना में घटा-बढ़ी के बाद मन्दी का रुख रहेगा। 18 नवं. बुधवार को वृश्चिक राशिकालीन चन्द्रदर्शन होने से सोना, चाँदी, सूत, सन, नारदाना, जूट, गुड़, शक्कर, चीनी में मन्दी, घी में तेज़ी बनेगी।

19 नवं. को सूर्य अनुराधा तथा शुक्र विशाखा में आने से जौं, चना, सोना, चाँदी, कॉपर में घटा-बढ़ी होकर तेज़ी बने, गेहूँ, अलसी, मिर्च में तेज़ी होकर मन्दी बनेगी।

22 नवं. को बुध ज्येष्ठा में आने से घी, गुड़, खाण्ड, चावल, सोने में तेज़ी बनेगी।

27 नवं. को शुक्र वृश्चिक राशि में सूर्य के साथ मेल करेगा। इन पर शनि की दृष्टि रहेगी। रूई, शेयरों, चाँदी, अफीम में पहले मन्दी फिर तेज़ी बनेगी। गुड़, गेहूँ, जौं, उड़द, मूँग, मोंठ, बाजरा आदि अनाजों में तेज़ी बनेगी। 28 नवं. को बुध पश्चिम में उदय होने से खल-बिनौले, गुड़, सोना, चाँदी, तांबा, पीतल आदि धातुओं में तेज़ी होगी।

29 नवं. को शुक्र अनुराधा में आने से गुड़, चीनी, चावल, नमक, सरसों में मन्दी बने, घी, चाँदी में तेज़ी बनेगी।

शेयर बाज़ार—ता. 3, 9, 12, 16, 17, 21, 22, 23, 27, 28 विशेष तेज़ीकारक रहेंगी।

● **दिसम्बर**—1 दिसं. को बुध धनु राशि में आकर राहु के साथ मेल करेगा। अकेला बुध यद्यपि मन्दीकारक होता है। परन्तु राहु के साथ होने के कारण यहाँ मन्दी न बनकर तेज़ी बनेगी। रूई, कपास, वस्त्र, सूत, चाँदी, सोना, ग्वार, सोयाबीन में तेज़ी बनेगी।

2 दिसं. को सूर्य ज्येष्ठा में आने से सोना, चाँदी, चावल, गेहूँ, जौं, चना, अलसी, सरसों, एरण्ड, हींग, गुड़, चीनी में तेज़ी बने। रूई में पहले मन्दी, बाद में तेज़ी बने।

(ता. 3 से 9 दिसं. तक तेज़ी का माहौल रहेगा। वायदा एवं हाजिर बाज़ार में तेज़ी का रुख रहेगा।)

10 दिसं. को बुध पू.षा. तथा शुक्र ज्येष्ठा में आने से सोना, चाँदी, चावल, सरसों, तिल, तेल, हींग में मन्दी बने।

13 दिसं. को शुक्र पूर्व में अस्त होने से सोना, चाँदी, ताम्बा, पीतल, जिस्त, हींग, पारा, केसर, सूरजमुखी, सोयाबीन में तेज़ी बने, रूई में मन्दी बनेगी।

15 दिसं., मंगलवार को सूर्य धनु राशि में बुध एवं राहु के साथ मेल करेगा। रूई, कपास, सूत, तिल, तेल, सोना, चाँदी, कॉपर में तेज़ी बनेगी।

17 दिसं. को शनि हस्त नक्षत्र में आने से कपास रूई, हल्दी, ग्वार, चने में मन्दी बनेगी। 18 दिसं. शुक्रवार को धनु राशिकालीन चन्द्रदर्शन होने से सोने, सरसों, तिल, तेल, गेहूँ, चावल, उड़द, चना, ऊन में मन्दी तथा रूई, चाँदी, सोना में घटाबढ़ी होकर बाद में तेज़ी बने।

19 दिसं. को गुरु कुम्भ राशि में प्रवेश करेगा। मंगल की गुरु पर दृष्टि है। सोना, तांबा, कांसा, पीतल, लोहा में तेज़ी बनेगी।

20 दिसं. को मंगल वक्री होगा तथा शुक्र धनु राशि में आकर सूर्य, बुध एवं राहु के साथ मेल करेगा। रूई, चाँदी, सोना, अलसी, चना, चीनी, चावल, जौं, लाल-मिर्च, तांबा, तथा शेयरों में भी अच्छी तेज़ी बनेगी।

22 दिसं. को बुध उ.षा. में आने से गेहूँ, चना, चावल में अचानक थोड़ी मन्दी बनेगी।

26 दिसं. को बुध वक्री होने से घी, गुड़, चीनी, शक्कर, शेयरों में तेज़ी बनेगी। गेहूँ, जौं, चना में मन्दी बने।

28 दिसं. को सूर्य पू.षा. में आने से तिल, तेल, सरसों, बिनौला, गुड़, हल्दी, चाँदी, गुग्गुल में तेज़ी बनेगी।

30 दिसं. को वक्री बुध पश्चिम में अस्त होगा तथा पू.षा. नक्षत्र में भी प्रवेश करेगा। रूई, शेयरों में मन्दी, चाँदी, घी में अच्छी तेज़ी, अलसी, चना, बिनौला, सोना, कॉपर में भी घटा-बढ़ी के बाद तेज़ी बनेगी।

ग्रहण का राशियों पर प्रभाव—यह खण्डग्रास चन्द्रग्रहण आर्द्रा नक्षत्र तथा मिथुन राशि में घटित हो रहा है। इसलिए इस राशि एवं नक्षत्र में उत्पन्न जातकों को चन्द्रमा तथा राशिस्वामी बुध का जप, दान करना कल्याणकारी रहेगा। बारह राशि वालों के लिए इस ग्रहण का फल इस प्रकार होगा—

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुंभ	मीन
फल	धन लाभ	धन हानि	दुर्घटना शरीर कष्ट	धन हानि	लाभ उन्नति	रोग कष्ट भय	चिन्ता, संतान को कष्ट	शत्रु भय, साधारण लाभ	स्त्री कष्ट	रोग, गुप्त चिन्ता	खर्च अधिक कार्य-विलम्ब	कार्य सिद्धि

ग्रहण का लोक-भविष्य एवं प्रभाव—यह ग्रहण आर्द्रा नक्षत्र तथा मिथुन राशि में पौष मास में घटित हो रहा है। ब्राह्मणों, क्षत्रियों, कला के क्षेत्र से सम्बन्धित लोगों, सत्य बोलने वालों तथा पवित्र रहने वालों, चोर आदि लोगों को कष्ट एवं पीड़ा रहे। पाकिस्तान, मुस्लिम देशों, केन्द्रीय सत्ता (यमुना निकट) के लिए कठिन एवं चुनौतीपूर्ण समय होगा। कहीं अल्प वर्षा, राज्य-परिवर्तन तथा प्राकृतिक प्राकोपों से व्यापक जन-धन की हानि होगी।

(4) कंकण सूर्यग्रहण (15 जनवरी, 2010 ई., माघी अमावस, शुक्रवार)—इस सूर्यग्रहण की कंकणाकृति सम्पूर्ण अफ्रीका, उत्तरी श्रीलंका, दक्षिणी-पूर्वी बांगलादेश तथा भारत के सुदूर दक्षिणी भाग-रामेश्वरम्, कन्याकुमारी तथा तिरूवनन्तपुरम् (केरल, तामिलनाडू के दक्षिणी भागों में) आदि कुछ नगरों में ही दिखाई देगा।

शेष सारे भारत में यह सूर्यग्रहण खण्डग्रास रूप में ही दिखाई देगा। पृथ्वी पर इस कंकण ग्रहण का प्रारम्भ इस-प्रकार होगा—

		भा. स्टै. टा.
ग्रहण प्रारम्भ	—	9-35
ग्रास प्रारम्भ	—	10-48
ग्रास समाप्त	—	14-25
ग्रहण समाप्त	—	15-38

(ग्रहण का ग्रासमान = 91 प्रतिशत)

भारत के प्रत्येक नगर/ग्राम में इसे खण्डग्रास रूप में देखा जा सकेगा। ग्रहण चित्र (3) में इस ग्रहण का विभिन्न भारतीय स्थलों पर स्पर्श, मोक्षकाल (भा. स्टै. टा.) बतलाने वाली वक्र रेखाएँ 5-5 मिनटों के अन्तर पर दी गई हैं। नगर के अक्षांश, रेखांशों द्वारा इस चित्र में नगर का स्थान अंकित कर आप अपने अभीष्ट नगर में इस ग्रहण का स्पर्श-मोक्षकाल (भा. स्टै. टा.) आसानी से जान सकते हैं।

आगे पृष्ठ 19 पर भारत के प्रसिद्ध नगरों में इस ग्रहण का स्पर्श-मोक्षकाल (भा. स्टै. टा.) दिया गया है।

ग्रहण का ग्रासमान—क्योंकि भारत में यह कंकण सूर्यग्रहण खण्डग्रास रूप में दिखायी देगा। दक्षिणी भारत में इस ग्रहण का सबसे अधिक ग्रासमान होगा। ज्यों-ज्यों हम उत्तर भारत की ओर बढ़ते जाएंगे, ग्रहण का ग्रासमान अर्थात् परम-ग्रास उतना ही कम होता जाएगा। श्रीनगर में सबसे कम ग्रासमान लगभग 40% रहेगा। कन्याकुमारी में सबसे अधिक ग्रासमान लगभग 94 प्रतिशत रहेगा। (कंकण सूर्यग्रहण का)

ग्रहण का सूतक—इस ग्रहण का सूतक 14 जनवरी की रात्रि से प्रारम्भ हो जाएगा। पृष्ठ-पर दिए भारत के विभिन्न नगरों के ग्रहण आरम्भ से ठीक 12 घण्टे पहले ग्रहण-सूतक का प्रारम्भ-काल जानें। जैसे-हरिद्वार में ग्रहण-आरम्भ 11 घं. 58 मिं. पर होगा, तो हरिद्वार में ग्रहण का सूतक 14 जनवरी, 2010 ई० की रात्रि 23 घं. 58 मिं. पर प्रारम्भ होगा।

ग्रहण के समय क्या करें-क्या न करें ?—जब ग्रहण का प्रारम्भ हो तो स्नान, जप, मध्यकाल में होम, देव पूजा और ग्रहण का मोक्ष समीप में होने पर दान तथा पूर्ण मोक्ष होने पर स्नान करना चाहिए।

स्पर्शे स्नानं जपं कुर्यान्मध्ये होमं सुराचर्नम्।
मुच्यमाने सदा दानं विमुक्तौ स्नानमाचरेत्॥ (ज्ये. नि.)

ग्रहणकाल में भगवान् सूर्य की पूजा, आदित्यहृदय स्तोत्र, सूर्याष्टक स्तोत्र आदि स्तोत्रों का पाठ करना चाहिए। पका हुआ अन्न, कटी हुई सब्जी ग्रहणकाल में दूषित हो जाते हैं, उन्हें नहीं रखना चाहिए। परन्तु तेल, घी, दूध, दही, लस्सी, मक्खन, पनीर, आचार,

खण्डग्रास चन्द्रग्रहण (31 दिसम्बर, 2009 ई.)

चटनी, मुरब्बा आदि में तिल या कुशा रख देने से ये ग्रहणकाल में दूषित नहीं होते। सूखे खाद्य पदार्थों में तिल या कुशा डालने की आवश्यकता नहीं। (मन्वर्थ मुक्तावली)— यथा— **अन्नं पक्वमिह त्याज्यं स्नानं सवसनं ग्रहे।**
वारितक्रारनालादि तिलैदंर्भैर्न दुष्यते॥

ध्यान रहे, ग्रस्त सूर्य विम्ब को नंगी आंखों से कदापि न देखें। वैल्डिंग वाले काले ग्लास में से इसे देख सकते हैं। ग्रहण के समय तथा ग्रहण की समाप्ति पर गर्म पानी से स्नान करना निषिद्ध है।—**न स्नायादुष्णतोयेन नास्पृशं स्पर्शयेत्तथा॥** रोगी या वृद्ध के लिए निषेध नहीं है। ग्रहणकाल में सोना, खाना, पीना, तैलमर्दन, मैथुन, मूत्र-पुरीषोत्सर्ग निषिद्ध है। नाखून भी नहीं काटने चाहिए।

माघ (मौनी) अमावस और ग्रहण-सूतक—यह ग्रहण 15 जनवरी माघ (मौनी) अमावस के दिन घटित हो रहा है। 14 जनवरी से हरिद्वार में कुम्भ महापर्व के स्नान का माहात्म्य भी प्रारम्भ हो रहा है। अतएव 15 जन. को माघ (मौनी) अमावस के दिन ग्रहण भी घटित होने से हरिद्वार, कुरुक्षेत्र आदि तीर्थ स्थानों पर अनुष्ठान, तर्पण, श्राद्ध-क्रिया का अनन्त कोटि माहात्म्य रहेगा। परन्तु 15 जन. को ग्रहणसूतक में भोजन निषिद्ध होने से ब्राह्मणों को श्राद्ध भोजन नहीं खिलाया जा सकता, अतएवं मौनी अमावस का ब्राह्मण भोजन ब्राह्मणों को अपक्व अन्न (सूखा) देना चाहिए अथवा 14 जनवरी को श्राद्ध-समय (मध्याह्न/अपराह्ण) में ब्राह्मण भोजन कराना चाहिए।

ग्रहण का राशिफल—यह ग्रहण मकर राशि तथा उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में होगा, अतएव इस राशि, नक्षत्र में उत्पन्न लोगों के लिए यह विशेष अशुभ है। अत: इस राशि वालों को ग्रहण-दान, पाठ, आदित्यहृदय स्तोत्रों, सूर्याष्टक स्तोत्रों का पाठ विशेष रूप से करना चाहिए। स्मृति निर्णय में कहा है कि सूर्यग्रहण में सूर्य का जप व दान और चन्द्रग्रहण में चन्द्र तथा राहु का जप व दान करना चाहिए विभिन्न राशि वाले जातकों के लिए इस ग्रहण का फल नीचे दिया जा रहा है—

जन्म/नाम राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	रोग, कष्ट भय	गुप्त चिन्ता	सौख्य लाभ	स्त्री पति कष्ट	रोग, कष्ट भय	मान-हानि, खर्च	कार्य सिद्धि	धन लाभ	धन हानि	चोट, दुर्घटना, भय	धन हानि	धन लाभ

ग्रहण का अन्यफल एवं लोकभविष्य—यह सूर्यग्रहण माघ मास, शुक्रवार, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र एवं मकरराशि में घटित हो रहा है। मातृ-पितृ भक्त, वेदपाठी, ब्राह्मणों, विद्यार्थियों तथा धर्मात्माओं को कष्ट एवं परेशानी, दक्षिण दिशा के देशों/प्रदेशों में रहने वालों को कष्ट रहे। तीर्थ-स्थानों पर उपद्रव एवं अराजकता रहे। चाँदी, रूई, सोने में तेज़ी बनेगी। कृषि उद्योग से सम्बन्धित लोगों के मनमाना आचरण से महँगाई में वृद्धि होगी।

से सम्बन्धित लोगों को मनमानी आचरण से महंगाई में वृद्धि होगी।

खण्डग्रास सूर्यग्रहण (15 जनवरी, सन् 2010 ई., शुक्रवार)

[भारत के विभिन्न नगरों में खण्ड सूर्यग्रहण का प्रारम्भ, परमग्रास तथा समाप्तिकाल (भा.स्टैं.टा.)]

नगर	ग्रहण प्रारम्भ घं.	मि.	परम ग्रास घं.	मि.	ग्रहण समाप्त घं.	मि.
अमृतसर	11	56	13	35	15	03
अजमेर	11	42	13	31	15	07
अगरतला	12	16	14	03	15	32
अयोध्या	12	00	13	41	15	20
अम्बाला	11	58	13	39	15	09
अलवर	11	48	13	30	15	10
अर्की (हि.प्र.)	12	00	13	40	15	08
अल्मोड़ा (उत्तरा)	12	00	13	43	15	13
अहमदाबाद	11	27	13	22	15	04
अलीगढ़	11	52	13	38	15	12
आगरा	11	51	13	38	15	13
अबोहर	11	51	13	32	15	02
आबू (राज.)	11	32	13	24	15	03
आनन्दपुर सा.	11	58	13	39	15	07
आईज़ोल	12	20	14	05	15	33
ईटानगर	12	26	14	08	15	33
इलाहाबाद	11	57	13	48	15	21
इम्फाल	12	24	14	07	15	34
इन्दौर	11	38	13	34	15	13
उज्जैन (म.प्र.)	11	36	13	31	15	11
उदयपुर (राज.)	11	34	13	27	15	06
ऊना (हि.प्र.)	11	58	13	40	15	07
ऊधमपुर (का.)	11	59	13	35	15	02
कपूरथला	11	55	13	36	15	04
कठुआ	11	58	13	35	15	03
कन्नौज (उ.प्र.)	11	58	13	45	15	17
कोलकाता	12	07	13	58	15	29
करनाल	11	54	13	35	15	10
करतारपुर	11	54	13	35	15	04
कटक (उड़ी.)	11	57	13	52	15	26
कांगड़ा	12	00	13	41	15	07
कानपुर	11	57	13	45	15	18

नगर	ग्रहण प्रारम्भ घं.	मि.	परम ग्रास घं.	मि.	ग्रहण समाप्त घं.	मि.
कोल्हापुर	11	15	13	19	15	07
कालका (ह.)	11	59	13	40	15	09
किश्तवाड़ (का.)	12	00	13	36	15	04
कुराली	11	57	13	39	15	08
कुरुक्षेत्र	11	54	13	36	15	09
कुर्नूल (आ.प्र.)	11	25	13	29	15	14
कोचीन	11	06	13	15	15	06
कुल्लू	12	01	13	40	15	07
कैथल	11	54	13	36	15	09
कोटखाई (हि.प्र.)	11	59	13	40	15	08
कावारट्टी	10	55	13	05	15	00
कोहिमा	12	25	14	08	15	34
कावलूर	11	20	13	26	15	13
कोटकपूरा (पं.)	11	53	13	34	15	04
कूचबिहार (बंगा.)	12	16	14	02	15	30
*कन्याकुमारी	11	06	13	15	15	06
कैनानोर (केर.)	11	07	13	16	15	06
खन्ना	11	55	13	36	15	05
खरड़	11	57	13	38	15	08
खुर्जा (उ.प्र.)	11	53	13	39	15	12
गंगटोक	12	16	14	01	15	29
गाज़ियाबाद	11	54	13	40	15	12
ग्वालियर	11	48	13	35	15	13
गुड़गांव	11	52	13	38	15	11
गुवाहाटी	12	21	14	05	15	32
गोईंदवाल	11	57	13	35	15	03
गोराया	11	55	13	36	15	06
गांधीनगर (गु.)	11	28	13	23	15	04
गया	12	03	13	53	15	26
चम्बा (हि.प्र.)	12	01	13	40	15	07
चण्डीगढ़	11	58	13	39	15	09
चन्दौसी (उ.प्र.)	11	59	13	40	15	14

नगर	ग्रहण प्रारम्भ घं.	मि.	परम ग्रास घं.	मि.	ग्रहण समाप्त घं.	मि.
चमौली (उत्तरां)	12	01	13	41	15	12
चेन्नई	11	25	13	31	15	15
छिन्दवाड़ा	11	40	13	36	15	17
जालन्धर	11	55	13	36	15	04
जम्मू	11	58	13	35	15	02
जयपुर	11	46	13	35	15	09
जबलपुर (म.प्र.)	11	48	13	39	15	16
जलगांव (म.)	11	28	13	23	15	09
जैसलमेर (रा.)	11	32	13	32	15	02
जीन्द	11	54	13	36	15	10
जोगिन्द्रनगर	11	59	13	40	15	07
जोधपुर	11	40	13	33	15	03
जैतों	11	53	13	35	15	03
जीरा	11	53	13	35	15	03
झांसी (उ.प्र.)	11	46	13	36	15	16
झुझुनूं	11	50	13	37	15	07
टोहाना	11	54	13	36	15	08
डोडा (का.)	12	01	13	41	15	05
तंजौर	11	17	13	24	15	11
डलहौज़ी	11	59	13	38	15	07
तैमनलोंग (मणि.)	12	23	14	07	15	33
डिब्रूगढ़	12	29	14	09	15	34
*तिरूवन्तपुरम	11	05	13	15	15	06
दार्जिलिंग	12	14	14	00	15	29
*तिरुनेलवेली (ता.ना.)	11	08	13	17	15	07
दिल्ली	11	53	13	39	15	11
दुर्ग (छत्ती.)	11	46	13	43	15	20
देहरादून	11	59	13	42	15	11
द्वारिका	11	16	13	10	14	54
धर्मशाला	11	59	13	39	15	07
धूरी (पं.)	11	54	13	35	15	05
नवलगढ़ (राज.)	11	48	13	34	15	07

नगर	ग्रहण प्रारम्भ घं.	मि.	परम ग्रास घं.	मि.	ग्रहण समाप्त घं.	मि.
नकोदर	11	55	13	35	15	04
नरवाना (ह.)	11	54	13	36	15	08
नैलोर	11	28	13	32	15	16
नवांशहर	11	58	13	39	15	08
नंगल (पं.)	11	58	13	39	15	09
नागपुर	11	40	13	38	15	17
नाहन (हि.प्र.)	11	58	13	39	15	10
नासिक (म.)	11	22	13	23	15	07
नालागढ़ (हि.प्र.)	11	59	13	40	15	08
नौशेहरा (ज.का.)	12	01	13	36	15	02
नालगौंडा	11	30	13	33	15	16
पटना	12	05	13	54	15	26
पठानकोट	11	59	13	39	15	04
पटियाला	11	56	13	37	15	08
पणजी (गोआ)	11	11	13	16	15	06
पाण्डिच्चेरी	11	22	13	28	15	14
पंचकूला	11	58	13	39	15	10
पानीपत	11	54	13	39	15	10
पिथौरागढ़	12	01	13	43	15	13
पुँछ (ज.का.)	12	00	13	36	15	01
पीलीभीत	11	59	13	42	15	16
पोर्ट-ब्लेयर	12	05	13	54	15	24
पालमपुर (हि.प्र.)	12	01	13	38	15	07
पूना	11	19	13	21	15	07
पुरी	11	56	13	51	15	26
पपरौला (हि.प्र.)	12	00	13	38	15	08
फर्रुखाबाद	11	58	13	44	15	17
फगवाड़ा	11	55	13	36	15	05
फरीदकोट	11	52	13	32	15	02
फाज़िल्का	11	51	13	31	15	02
फरीदाबाद	11	52	13	39	15	12
फतेहाबाद (ह.)	11	53	13	39	15	08

नगर	ग्रहण प्रारम्भ घं.	मि.	परम ग्रास घं.	मि.	ग्रहण समाप्त घं.	मि.
वड़ोदरा (गुज.)	11	27	13	23	15	05
वाराणसी	11	59	13	50	15	23
विजयवाड़ा	11	34	13	36	15	18
बटाला	11	57	13	35	15	04
बंगा (पं.)	11	56	13	35	15	05
बलाचौर (पं.)	11	57	13	37	15	08
बरनाला	11	51	13	33	15	03
बिजनौर	11	58	13	38	15	12
बुलन्दशहर	11	53	13	39	15	12
बरेली	12	00	13	48	15	14
बारामूला (का.)	12	02	13	36	15	00
बनिहाल (का.)	12	01	13	35	15	01
बल्लभगढ़ (हरि.)	11	53	13	39	15	11
बीकानेर (राज.)	11	48	13	34	15	04
बागपत	11	59	13	44	15	17
बैजनाथ (हि.प्र.)	12	00	13	40	15	08
बिलासपुर (हि.प्र.)	12	00	13	41	15	09
बैंगलौर	11	17	13	24	15	11
भठिण्डा (पं.)	11	52	13	34	15	03
भद्रवाह	12	00	13	35	15	01
भिवानी	11	51	13	34	15	09
भागलपुर (बि.)	12	09	13	57	15	28
भोपाल	11	41	13	36	15	14
भुवनेश्वर	11	57	13	51	15	26
मोगा	11	53	13	34	15	04
*मदुरई	11	12	13	20	15	09
मोहाली	11	58	13	38	15	08
मैसूर	11	12	13	20	15	09
मेरठ	11	54	13	39	15	12
मुर्शीदाबाद(बं.)	12	10	13	59	15	29
मंगलौर	11	07	13	15	15	06
मुक्तसर (पं.)	11	51	13	32	15	02
मन्दसौर (म.प्र.)	11	34	13	37	15	08
मण्डी (हि.प्र.)	12	00	11	40	15	07
मनीकरण	12	01	11	41	15	09

नगर	ग्रहण प्रारम्भ घं.	मि.	परम ग्रास घं.	मि.	ग्रहण समाप्त घं.	मि.
मुम्बई	11	17	13	18	15	05
मुजफ्फरपुर	12	06	13	55	15	26
मिदनापुर	12	05	13	56	15	28
यमुनानगर	11	54	13	38	15	10
रामपुरबुशैहर	11	59	13	40	15	09
रोहड़ू (हि.प्र.)	11	59	13	40	15	07
रोपड़	11	58	13	36	15	08
रोहतक	11	53	13	39	15	10
रिवाड़ी	11	51	13	37	15	10
रामबन (का.)	12	00	13	35	15	01
रियासी (का.)	12	00	13	35	15	01
रामनगर (का.)	12	00	13	35	15	01
रतलाम (म.प्र.)	11	31	13	34	15	08
राँची (झार.)	12	01	13	53	15	26
राजौरी (का.)	12	01	13	36	15	00
रायपुर (छत्ती.)	11	47	13	44	15	21
राजकोट (गु.)	11	20	13	16	14	59
रूड़की	11	57	13	42	15	12
राजामुन्दरी(आंध्रा)	11	38	13	39	15	20
लखनऊ	11	58	13	46	15	19
लुधियाना	11	55	13	36	15	05
लाडवा	11	53	13	38	15	08
शिमला	11	59	13	40	15	09
शाहाबाद (ह.)	11	55	13	37	15	09
शिलांग (मेघा.)	12	20	14	05	15	32
शाहजहांपुर	12	00	13	48	15	15
श्रीनगर	12	02	13	36	15	00
संगरूर	11	54	13	35	15	06
सरहिन्द	11	56	13	37	15	06
सपाटू (हि.प्र.)	11	59	13	38	15	09
सहारनपुर	11	58	13	39	15	11
सरकाघाट	12	00	13	41	15	08

नगर	ग्रहण प्रारम्भ घं.	मि.	परम ग्रास घं.	मि.	ग्रहण समाप्त घं.	मि.
सुन्दरनगर	12	00	13	41	15	07
सरींगेरी (कर्ना.)	11	10	13	18	15	08
सुनाम (पं.)	11	53	13	34	15	05
सम्बलपुर	11	54	13	49	15	24
सोलन	11	59	13	40	15	09
सिलीगुड़ी	12	14	14	00	15	29
सिरसा	11	50	13	31	15	06
सिलचर(आसाम)	12	21	14	06	15	33
सोनीपत	11	53	13	39	15	11
सिलवासा(गुज.)	11	21	13	20	15	05
हमीरपुर	11	59	13	40	15	08
हरिद्वार	11	58	13	42	15	12
हज़ारीबाग	12	02	13	53	15	26
हनुमानगढ़	11	50	13	30	15	02
होशियारपुर	11	57	13	37	15	05
हैदराबाद	11	29	13	32	15	15
हाँसी	11	51	13	37	15	09
हाटकोटी(हि.प्र.)	11	59	13	40	15	09
हिसार	11	51	13	36	15	08
हुबली (कर्ना.)	11	41	13	20	15	08

भारत के मुख्य शहर जहाँ कंकणकृति दिखाई देगी

नगर	कंकण प्रारम्भ घं.	मि.	कंकण समाप्त घं.	मि.	कंकण की अवधि घं.	मि.
कन्याकुमारी	13	10	13	20	9	58
मदुरूई	13	19	13	22	2	58
तिरूवन्तपुरम	13	11	13	18	7	15
तिरूनेलवेली	13	12	13	21	8	46

शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या एवं पाया विचार सं. २०६६ (सन् 2009-10 ई०)

गतवर्ष से शनि सिंह राशि में संचार कर रहा है। आगामी वर्ष **8 सितम्बर, 2009 ई.** तक शनि इसी राशि में ही संचार करेगा। नौ (9) सितम्बर की रात्रि को भरणी नक्षत्र एवं मेष के चन्द्रमाकालीन **बुधवार को रात के 11 बजकर 55 मिनट** पर (अतिचार गतिवश) **कन्या** (Virgo) **राशि में प्रवेश** करेगा। सम्वत् के अन्त (15 मार्च सन् 2010 ई०) तक कन्या राशि में संचरित रहेगा।

वर्षारम्भ से 16 मई, 2009 ई० तक शनि वक्री अवस्था में रहेगा। 17 मई से शनि **मार्गी** होकर 12 जन. 2010 ई. तक मार्गी रहेगा। ता. 13 जन. 2010 ई. से पुनः वक्री होगा। **ध्यान रहे शनि, भौम आदि क्रूर ग्रह जब गोचरवश वक्री होकर संचार** करते हैं, तो प्रजा में अशान्ति, विग्रह, आवश्यक वस्तुओं की कमी, मंहगाई, व्याधिभय, राजनीतिक टकराव, उपद्रव, छत्रभंग (सत्ता परिवर्तन), भूकम्प, दुर्भिक्ष आदि प्राकृतिक प्रकोप, हिंसक घटनाएं आदि घटित होती हैं।

शनि साढ़ेसाती एवं ढैय्या के प्रभावस्वरूप जातक को परिवारिक एवं आर्थिक उलझनें, रोग-कष्ट एवं निकट बन्धुओं से विरोध, आय के साधनों में अड़चनें, आकस्मिक खर्च आदि अशुभ फलघटित होते हैं।

गतवर्ष की पंचाँग दिवाकर में सिंह राशि में शनि के संचार का फल विस्तारपूर्वक लिख चुके हैं। यहाँ संक्षेप में पुनः दिया जा रहा है—

सिंह राशिकालीन शनि की साढ़ेसति एवं ढैय्या विचार-सं. २०६६
(वर्षारम्भ से 8 सितम्बर, 2009 ई. तक)

मेष—मेष राशि को शनि पंचमस्थ होगा, इसका पाया 'लोह' होने से विघ्न बाधाओं के बाद सफलता, परिवारिक उलझनें व आय वृद्धि के साथ-साथ खर्च भी बहुत बढ़ेंगे।

वृष—शनि की ढैय्या का प्रभाव 8 सितम्बर तक रहेगा, जिससे गुप्त चिन्ताएँ, अपव्यय एवं गृह सम्बन्धी परेशानियाँ होंगी। परन्तु पाया ताम्र होने से कुछ बिगड़े काम बनेंगे तथा लाभ के अवसर भी प्राप्त होंगे।

मिथुन—तृतीयस्थ शनि शुभ होगा। लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। 22 मार्च से 5 अप्रैल के मध्य आय कम खर्च अधिक रहें। चाँदी का पाया होने से उत्तरार्ध भाग में शुभफल प्राप्त होंगे।

कर्क—शनि का पाया सुवर्ण होने से आय कम व खर्चों में अधिकता रहे। व्यवसाय में अड़चनें पड़े। गुरु की दृष्टि होने से धर्म-कर्म में रूचि बढ़ेगी।

सिंह—केन्द्रस्थ शनि होने से साढ़ेसाती का प्रभाव अभी रहेगा। आमदन में विघ्न बाधाएँ व खर्च बढ़ेंगे। पाया लोहा है। अपने भी परायों जैसा व्यवहार करेंगे। **1 मई के बाद** में पुरुषार्थ से लाभ होगा। धर्म-कर्म में रूचि बढ़ेगी।

कन्या—आय कम व खर्च अधिक होंगे। बनते कामों में अड़चनें रहें। घरेलू एवं व्यवसायिक उलझनों तथा पाया सुवर्ण होने के कारण मानसिक तनाव हो। साढ़ेसाती का प्रभाव 9 सितम्बर के बाद बढ़ेगा।

तुला—एकादशस्थ शनि तथा पाया ताम्र होने से वर्ष के पूर्वार्द्ध में धन लाभ एवं उच्च प्रतिष्ठित लोगों के सम्पर्क-सूत्र बनेंगे। किसी मंगल कार्य का आयोजन होगा।

बृश्चिक—शनि का संचार दशमस्थ होने से व्यवसाय में अड़चनें हो। खर्च भी बढ़ें, परन्तु शनि का पाया रजत होने से विघ्नों के बावजूद निर्वाह योग्य साधन बनेंगे।

धनु—नवम स्थान में शनि होने से लाभ व उन्नति में विघ्न पड़ें, शरीर कष्ट एवं खर्च अधिक हों। शनि का पाया लौह होने से आर्थिक परेशानियों के कारण तनाव हो।

मकर—अष्टमस्थ शनि होने से शनि की ढैय्या का अशुभ प्रभाव रहेगा। शरीर कष्ट, परिवारिक उलझनें एवं खर्चों की अधिकता रहे। पाया ताम्र एवं गुरू के कारण आकस्मिक धन लाभ के अवसर भी प्राप्त होंगे।

कुम्भ—शनि सप्तमस्थ व पाया लोहा होने से शरीर कष्ट, धन लाभ अल्प परन्तु खर्चों की अधिकता रहेगी। 1 मई से 29 जुला. के मध्य गुरू का संचार होने से शुभ फल भी घटित होंगे। गृह में किसी मंगल कार्य का प्रसंग होगा।

मीन—शनि षष्ठ स्थानगत होने से कठिन परिस्थितियों के बावजूद निर्वाह योग्य धन के साधन बनते रहेंगे। परन्तु राशि स्वामी गुरु नीचस्थ होने से बहुत अधिक संघर्ष करने पर भी पर्याप्त धन लाभ न हो पाए, खर्च भी बहुत अधिक होंगे।

9 सितम्बर, बुधवार को शनि भरणी नक्षत्र एवं मेष राशि के चन्द्रमाकालीन, रात्रि 11 बजकर 55 मिनट से कन्या राशि में प्रवेश होगा, जिससे विभन्न राशियों पर इसका प्रभाव इस प्रकार से होगा—

कन्या राशिकालीन शनि साढ़ेसाती एवं ढैय्या फल—२०६६
(9 सितम्बर, 2009 ई० से 15 मार्च, 2010 ई० तक)

- **साढ़ेसाती—सिंह, कन्या व तुला** राशि के जातक शनि की **साढ़ेसाती** के अशुभ प्रभाव में आएँगे।
- **ढैय्या—मिथुन एवं कुम्भ राशि वालों को शनि की ढैय्या** का अशुभ प्रभाव शुरु होगा।

विभिन्न राशियों पर कन्या राशिस्थ शनि का फल सं० २०६६

मेष—शनि षष्ठ स्थान में संचार होने से तथा पाया सुवर्ण होने के कठिन परिस्थितियों का सामना रहेगा। परन्तु पूर्वार्द्ध में मंगल की स्वगृही दृष्टि होने से निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे।

वृष—शनि पंचमस्थ होने से कार्य-व्यवसाय या उच्च विद्या में विघ्न-बाधाएँ हों। पाया लोहा होने से परिवारिक परेशानियों एवं आर्थिक उलझनों का भी सामना रहे।

मिथुन—शनि चतुर्थ होने से शनि की ढैय्या प्रारम्भ होगी। आवास एवं व्यवसाय सम्बन्धी परेशानियां बढ़ें। ता. ९ सितं. से पाया भी सुवर्ण होने से आकस्मिक व्यय व तनाव बढ़ेंगे।

कर्क—शनि साढ़साती का अशुभ प्रभाव समाप्त होगा। पाया भी ताम्र होगा। कुछ बिगड़े काम बनेंगे। 5 अक्तू० से मंगल का संचार होने से खर्च, तनाव व उत्तेजना बढ़ेगी।

● **सिंह**—शनि दूसरे स्थान पर राशि बदलेगा। साढ़ेसाती के कारण धन सम्बन्धी उलझनें एवं तनाव बढ़ेगे। परन्तु इस राशि को शनि का पाया रजत होने के कारण बीच-बीच धन लाभ के अवसर प्राप्त होते रहेंगे।

● **कन्या**—इस राशि में शनि प्रवेश होने से शनि साढ़ेसाती का प्रभाव बढ़ेगा। शनि का पाया भी लोहा होने से आय कम व खर्च अधिक रहेंगे। ऋण लेने की सम्भावना बनेगी।

● **तुला**—राशि को शनि साढ़ेसाती प्रारम्भ होगी, घरेलू एवं व्यवसायिक उलझनें बढ़ेंगी। परन्तु इस राशि को शनि का पाया 'ताम्र' होने से आकस्मिक लाभ व कुछ बिगड़े कामों में सुधार भी होगा।

वृश्चिक—इस राशि पर एकादशस्थ शनि की तीसरी शत्रु दृष्टि होगी। परिवारिक चिन्ताएं बढ़ेंगी। शनि का पाया भी सुवर्ण होने से आर्थिक परेशानियां बढ़ेंगी।

धनु—दशमस्थ शनि होने से व्यवसाय एवं गृह सम्बन्धी अत्यन्त कठिन आर्थिक परिस्थितियों का सामना होगा। परन्तु पाया चांदी होने से विविध अड़चनों के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे।

मकर—राशि को शनि नवमस्थ होने से भाग्योन्नति व धन लाभ के मार्ग में अड़चनें पैदा हों। निकटस्थ भाई-बन्धुओं से मतान्तर हों। शनि का **पाया लोहा** होने से आय के साधन सीमित, परन्तु खर्चों में वृद्धि रहे, मानसिक तनाव भी बढ़े।

कुम्भ राशि—शनि अष्टमस्थ होने से शनि की ढैय्या प्रारम्भ होगी। व्यवसायिक उलझनें बढ़ेंगी। खर्च भी अधिक होंगे। शनि का पाया ताम्र होने से निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे तथा कुछ बिगड़े काम बनेंगे।

मीन—शनि सप्तमस्थ होकर मीन राशि पर दृष्टि करेगा। जिससे आय सीमित तथा खर्च अधिक रहेंगे। तनाव व गुप्त चिन्ताएं होंगी। शनि का पाया चांदी होने से धन लाभ के अवसर भी प्राप्त होंगे।

शनि–साढ़ेसाती एवं ढैय्या सम्बन्धी उपाय

शनि के बीज मन्त्र या वैदिक मन्त्र की 23 हज़ार की संख्या में विधिपूर्वक जप करना, तदुपरान्त दशमांश संख्या में हवन करना या करवाना कल्याणकारी रहता है। शनिवार का व्रत रखना, उड़द, सप्तधान्यादि दान, कृष्ण वस्त्र, शिव उपासना, शनि स्तोत्र तथा शनि से सम्बन्धित अन्य वस्तुओं का दान करने से लाभ होता है। इसके अतिरिक्त शुभ मुहूर्त्त में नीलम एवं विधिपूर्वक निर्मित **शनि यन्त्र** धारण करना भी लाभप्रद रहता है।

शनि का बीज मन्त्र—*"ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः॥" जप संख्या 23 हज़ार*

शनि का वैदिक मन्त्र—

"ॐ शन्नो देवी रभिष्टय आपो भवन्तु पीतये, शं योरभिस्त्रवन्तु नः॥ शं नमः॥"

सर्वारिष्ट शान्त्यर्थ शनि स्तोत्र—

"ॐ नमस्ते कोणसंस्थाय पिंङ्गलाय नमोऽस्तु ते।
नमस्ते बभ्रु रूपाय कृष्णाय च नमोऽस्तुते॥
नमस्ते रौद्रदेहाय नमस्ते चान्तकाय च।
नमस्ते यमसंज्ञाय नमस्ते शौरये विभो॥
नमस्ते मन्दसंज्ञाय शनैश्चर नमोऽस्तु ते।
प्रसादं कुरु देवेश दीनस्य प्रणतस्य च॥" (धर्मसिन्धु)

गुरू का शुभाशुभ गोचर फल संवत् २०६६
(सन् 2009-10 ई०)

वर्षारम्भ में गुरू मकर राशि में संचार कर रहा है। ता० 30 अप्रैल तक मकर में ही संचार करेगा। ता० 1 मई से गुरू अतिचार गति से कुम्भ राशि में प्रवेश करेगा। 15 जून, 2009 ई० को वक्री होगा। वक्री गुरू **ता० 30 जुलाई से पुनः मकर राशि** में संचार करेंगे। ता० 13 अक्तूबर से गुरू मार्गी होंगे तथा 19 दिसम्बर की रात्रि 12 बजकर, 13 मिनट पर पुनः कुम्भ राशि में संचार करेंगे।

ध्यान रहे, **1 मई, शुक्रवार को गुरू जब अतिचार गति से** आगामी राशि (कुम्भ) में प्रवेश करेगा उस समय क्रूरग्रह शनि वक्र-गति से सिंह राशि में संचार कर रहा होगा। गोचरवश इस ग्रह स्थिति का फल अशुभ माना गया है—

यदा क्रूरग्रहो वक्री ह्यातिचारी तु सौम्यकः।
पीडा व्याधि भयं तत्र दुर्भिक्षं राज्य विग्रहम्॥

अर्थात् जब कोई क्रूर ग्रह वक्री हो और सौम्य ग्रह अतिचार गति में आ जाए, तो समाज में सत्ता परिवर्तन, विग्रह, व्याधि, दुर्भिक्ष, हिंसक घटनाएँ, जरूरी वस्तुओं में कमी, मंहगाई अशुभ फल घटित होते हैं।

मकर राशि में संचरणकाल शुभाशुभ गोचरफल यद्यपि गतवर्षीय पंचांग में लिख चुके हैं। पाठकों की सुविधा के लिए पुनः लिख रहे हैं—

मकर राशिस्त गुरू का शुभाशुभ फल

(वर्षारम्भ से 30 अप्रैल तक एवं 30 जुलाई से 19 दिसम्बर तक)

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
आय कम व खर्च अधिक, परिवार में मन मुटाव तनाव व परेशानी हो।	योजना में कुछ सफलता भूमि, वाहनादि सुख मिलें प्रिय-बन्धु सुख	आय कम खर्च अधिक ऋण-रोग एवं घरेलू उलझनें बढ़ेंगी। आकस्मिक खर्च बढ़े।	विघ्नों के बाद कार्य सिद्धि धन-लाभ भाग्य में उन्नति के योग हैं।	आय कम खर्च अधिक हों। रोग व शत्रु भय, बन्धु से विरोध रहे।	भूमि-वाहनादि सुख हों धन लाभ धर्म-कर्म में रुचि गृह में शुभ कार्य पर खर्च हो।	कार्यों में विघ्न-बाधाएं व खर्च अधिक स्वास्थ्य हानि व घरेलु उलझनें।	धन लाभ, किसी प्रिय-बन्धु का सुख, पदोन्नति, विदेश यात्रा के चांस हों।	अचानक धन लाभ के चांस हों भाग्य वृद्धि हो किसी प्रिय व श्रेष्ठ जन से सम्पर्क।	संघर्ष से निर्वाह योग्य धन-लाभ, खर्चों की अधिकता परिवार में वैमनस्य हो।	धन-लाभ, अल्प धर्म-कर्म में रूझान शुभ कार्यों पर खर्च अधिक।	धन-सम्पदा सवारी आदि का सुख हों, भाग्य उन्नति प्रिय-मिलन व्यय अधिक।

कुम्भ राशिस्थ संचरण काल में गुरू का शुभाशुभ गोचरफल

(1 मई से 29 जुला. ई० फिर 19 दिसं. रात्रि से संवत् के अंत तक)

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
धन सम्पदा व सवारी आदि का सुख हो, भाग्य में उन्नति प्रिय मिलन, व्यय अधिक	आय कम व खर्च अधिक रहे, परिवार में कलह-क्लेश एवं उलझनें मिलाप	बिगड़े कामों में कुछ सुधार भूमि, वाहनादि का सुख मिले। किसी प्रिय बन्धु से मिलाप।	आय कम व खर्च अधिक हों, ऋण व रोग का भय घरेलू उलझनें बढ़ेंगी।	धन लाभ व भाग्य में विघ्नों के बाद सिद्धि हो यात्रा के विचार बनेंगे।	आय कम व खर्च अधिक रहेंगे। रोग व शत्रु भय निजबन्धु से विरोध रहे।	भूमि-वाहनादि सुख हों धन-लाभ, धर्म में रुचि, गृह में शुभ कार्य पर खर्च हों।	बनते कामों में बाधाएँ, खर्च अधिक, शरीर-कष्ट गृह कलह-क्लेश हो, द्वितीय भाग शुभ रहेगा।	प्रियबन्धु से मेल, धन लाभ, अच्छा पदोन्नति विदेश यात्रा के योग हैं।	अचानक धन लाभ के अवसर मिलें भाग्य में वृद्धि किसी श्रेष्ठजन से मेल विदेश यात्रा के योग।	संघर्ष के बा-वजूद निर्वाह योग्य धन लाभ पर, खर्चों में अधिकता परिवार में क्लेश हो।	धन लाभ अल्प रहे धर्म-कार्यों में प्रवृत्ति, शुभ कार्यों पर खर्च विशेष अधिक रहे।

गुरु का कारकत्व—गुरु पति सुख, धर्म-आध्यात्म, सन्तान, पुत्र, विद्या, विवेक बुद्धि, बड़ा भाई, सुवर्ण, ज्योतिष आदि विद्याओं का कारक माना जाता है। शरीर में लिवर, हृदयकोश, पाचन प्रक्रिया, कान आदि का भी कारक माना जाता है। कुण्डली में गुरु अशुभ हो अथवा अशुभ ग्रह द्वारा दृष्ट या युक्त हो, तो गुरु सम्बन्धित सुख में कमी करता है।

हमारे कार्यालय से छपी ज्योतिष तत्त्व (फलित खण्ड) भाग I में **गोचर विचार** पढ़ना चाहिए।

गुरु के अशुभ फल की शान्ति—अथवा गुरु की शुभता बढ़ाने के लिए वृद्ध ब्राह्मण को भोजन कराना, गुरुवासरी अमावस्या तथा गुरुवार का व्रत रखना, पुखराज धारण करना, पीले वस्त्र, चने की दाल, कांस्य पात्र, सुवर्ण, शक्कर, केले, लड्डुओं, धार्मिक ग्रन्थ आदि का दान यथाशक्ति करने तथा गुरु के बीज मन्त्र अथवा गुरु गायत्री मन्त्र का जाप 19,000 की संख्या में विधिपूर्वक करना शुभ एवं फलदायक रहेगा। गुरु धनु और मीन राशि का स्वामी है। पति सौख्य की प्राप्ति के लिए स्त्रियों को गुरु के बीज मन्त्र, व्रत, पुखराज धारण तथा यथाशक्ति दान करना लाभदायक रहता है। प्रत्येक गुरुवार केसर का तिलक भी लगाना चाहिए।

***गुरु गायत्री मन्त्र*—"ॐ अंगिरो जाताय विद्महे वाचस्पतये धीमहि तन्नो गुरुः प्रचोदयात्"**

***गुरु बीज मन्त्र*—"ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः॥"**

राहु का शुभाशुभ गोचर फल-संवत् २०६६

वर्षारम्भ से 16 नवम्बर, 2009 तक राहु **मकर राशि** में ही संचार करेगा। ता० **17 नवम्बर से राहु दुपैहर 11 बजकर 41 मिनट पर धनु राशि** में संचार करेगा। वर्ष के शुरू से 30 अप्रैल, 2009 तक तथा फिर 30 जुलाई से 16 नवम्बर तक राहु का गुरु के साथ योग सम्बन्ध होने से गतवर्ष की अपेक्षा कुछ शुभ फल प्राप्त होंगे।

मकर राशिस्थ राहु का गोचर फल

(वर्षारम्भ से 16 नवम्बर, 2009 ई० तक)

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
आय अल्प किन्तु खर्च बहुत रहें। कार्य-व्यवसाय में उलझनें व तनाव बढ़े।	व्यव-साय में संघर्ष एवं अड़चनें रहें, बड़ी कठिनता से निर्वाह योग्य आय बनें।	धन लाभ व उन्नति के चांस प्राप्त होंगे शुभ कार्यों पर खर्च होंगे। शुभ समाचार मिले।	बनते कामों में अड़चनें, लाभ कम तथा खर्च अधिक रहें, गुप्त चिन्ता हो।	आर्थिक उलझनें बढ़ें, विशेष संघर्ष के बाद भी बाद भी आय कम व खर्च अधिक रहें।	किसी निकट बन्धु से मन-मुटाव आय में कमी व खर्च बढ़ें परिवारिक उलझनें बढ़ें।	कार्य-व्यवसाय में विघ्नों के बाद सफलता मिले आय के साथ-साथ खर्च भी बहुत हों।	पराक्रम व उत्साह में वृद्धि शुभ यात्रा धन व उन्नति के चांस बनेंगे। परन्तु खर्च भी बढ़ेंगे।	घरेलू कलह-क्लेश हो, वृथा खर्च बढ़े, शरीर कष्ट व तनाव बढ़े। रोग भय	किसी बन्धु से बिगाड़ हो, रोग व शत्रु भय हो, खर्चों में वृद्धि हो, लंबी यात्रा के योग हैं।	बनते कामों में विघ्न वृथा दौड़-धूप व खर्च अधिक रहे। तनाव बढ़े।	बिगड़े कामों में कुछ सुधार, भूमि-वाहन आदि सुख व धन लाभ हो। खर्च भी बढ़ें।

धनु राशिस्थ राहु का गोचर फल (संक्षेप में)

(17 नवम्बर से 15 मार्च 2010 ई० तक)

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
बिगड़े कामों में सुधार हो, वाहन आदि के सुख हों, खर्च बढ़ेंगे।	कार्य व्यवसाय में विघ्नों के बाव जूद निर्वाह योग्य आय साधन बनें।	बनते, कामों में विघ्न लाभ कम व खर्च अधिक रहेंगे। किसी प्रिय बंधु से तकरार हो।	विशेष परिश्रम के बाद भी आय कम व खर्च अधिक रहें।	भाग्य-उन्नति में विघ्न बाधाएँ हों, आर्थिक उलझनों के कारण गुप्त चिन्ताएँ।	निकट बन्धु से तनाव बढ़ें। आय में कमी व खर्च बढ़ेंगे। निकट बंधु से तनाव हो।	धन लाभ व उन्नति के मार्ग प्रशस्त विदेश यात्रा के चाँस बनेंगे। कोई खुश-खबरी मिले।	कार्य व्यवसाय में विघ्नों के बाद सफलता मिले-खर्च भी बढ़ेंगे।	किसी प्रिय बन्धु से तकरार लाभ कम तथा खर्च अधिक होंगे।	अड़चनें रहें, पर गुज़ारे योग्य आय के साधन बनते रहें।	धन-लाभ व उन्नति के चाँस, विदेश यात्रा के योग, खर्च भी बढ़ेंगे।	बनते कामों में विघ्न रहें वृथा दौड़-धूप व खर्च हो सुख में कमी हो।

अनिष्ट राहु की शान्ति हेतु तिल, तेल, भूरे रंग का वस्त्र, कम्बल, नारियल, सप्तधान्य, सतनाजा, कृष्ण पुष्प आदि का दक्षिणा सहित दान करना कल्याणकारी रहता है। जन्मपत्री अनुशीलन के बाद गोमेध भी धारण किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त राहु के बीज मन्त्र **'ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः'** का 18 हज़ार की संख्या में जाप करें। गजेन्द्र मोक्ष स्तोत्र का पाठ भी शुभ है। राहु का गायत्री मन्त्र—

ॐ शिरोरूपाय विद्महे अमृतेशाय धीमहि तन्नो राहुः प्रचोदयात्॥

केतु के अरिष्ट की शान्ति हेतु लोहा, सप्तधान्य, लाल-काला वस्त्र, नारियल, कम्बल, कस्तूरी, बेल, कुष्ठाश्रम आदि में भोजन, क्षीर का दान तथा जन्मपत्री विश्लेषण के पश्चात् लहसनिया नग धारण करना कल्याणकारी रहता है। केतु के बीज मन्त्र **'ॐ स्त्रां स्त्रीं स्त्रौं सः केतवे नमः'** की 17 हज़ार की संख्या में जाप करना तथा श्री गणेश स्तोत्र एवं अपराजिता स्तोत्र का पाठ करना शुभ है। केतु की शान्ति के लिए गायत्री मन्त्र—

ॐ पद्म पुत्राय विद्महे अमृतेशाय धीमहि तन्नो केतुः प्रचोदयात्॥

अनिष्ट ग्रहों की शान्ति के सम्बन्ध में और अधिक विस्तृत जानकारी के लिए हमारी प्रकाश्य पुस्तक **अनिष्ट ग्रह शान्ति और उपयोगी उपाय** मँगवाकर पढ़ें। **—सम्पादक**

केतु का कर्कराशिस्थ गोचर फल संवत् २०६६

(वर्षारम्भ से 16 नवम्बर 2009 ई. तक

वर्षारम्भ से 16 नवम्बर, 2009 तक केतु कर्क राशि में ही संचार करेगा। **17 नवम्बर से केतु दुपैहर 11 बजकर 41 मिनट पर मिथुन राशि में संचार करेगा।**

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
आर्थिक संकट के कारण घरेलू झंझट व अशान्ति रहे।	बिगड़े कामों में सुधार परिश्रम से धन लाभ अच्छा वाहन सुख मिले।	वृथा दौड़-धूप अधिक हो, लाभ कम व खर्च अधिक रहे। तनाव हो।	शरीर कष्ट व तनाव रहे, बनते कामों में विघ्न, खर्च ज्यादा हो।	रोग व शत्रु भय अपने परायों जैसा व्यवहार रखें। खर्च अधिक रहेंगे।	धन लाभ साधारण वाहन, भूमि आदि साधनों की प्राप्ति संघर्ष अधिक रहे।	लाभ अल्प व खर्च अधिक रहे। गृह में कोई मंगल कार्य हो। विदेश यात्रा योग बने।	भाग्य उन्नति में विघ्न, वृथा खर्च बढ़े, दुर्घटना से चोट आदि का भय।	धन-हानि, रोग व शत्रु भय विद्या में विघ्न परिवार सम्बन्धी चिन्ता खर्च अधिक रहें।	कुटुम्ब में किसी प्रियजन से वैमनस्य, खर्च अधिक, किसी से धोखा मिले।	पराक्रम से धन लाभ हो बिगड़े कामों में सुधार, खुश-खबरी मिले।	घरेलू कलह-क्लेश मन अशान्त लाभ कम खर्च अधिक।

सम्पूर्ण 'कार्तिक माहात्म्य'

[35 अध्यायों सहित (खेमकरी)] भाष्यकार : पं. पन्ना लाल ज्योतिषाचार्य

वैसे तो बाज़ार में असंख्य प्रकाशकों ने कार्तिक माहात्म्य प्रकाशित किए हुए हैं। परन्तु अधिकांश में अधूरा पाठ तथा उनका मुख्य उद्देश्य धन अर्जित करना है।

शास्त्रों में कार्तिक मास को विशेष रूप से धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्षप्रदायक बताया गया है। स्कन्द पुराण में एक प्रसंग में कहा गया है कि कलयुग में कार्तिक के समान कोई दूसरा मास नहीं, वेदों के समान कोई शास्त्र नहीं और गङ्गा जी के समान कोई तीर्थ नहीं है।

सामान्य रूप से जब सूर्य तुला राशि (प्रायः 16 या 17 अक्तू.) में प्रवेश करते हैं, तभी सौर कार्तिक मास का प्रारम्भ हो जाता है। परन्तु पौराणिक परम्परा अनुसार आश्विन पूर्णिमा से लेकर कार्तिक पूर्णिमा तक की भी अवधि में ही कार्तिक व्रत, स्नान, पूजन आदि नियमपूर्वक करने का विधान है।

प्रस्तुत पुस्तक में कार्तिक मास में व्रत, स्नान, पूजन आदि के विशेष नियम, तुलसी एवं श्रीगङ्गा की उत्पत्ति, तुलसी, आँवला, पीपल, वटादि वृक्षों का महत्त्व व पूजा विधान, जलन्धर दैत्य व भगवान् शिव का युद्ध, सति-वृन्दा का पतिव्रत धर्म, करवा-चौथ, अहोई व्रत तथा कार्तिक मास में दीप दान एवं मार्जन का महत्त्व, मुख्य पर्वों जैसे—एकादशी, धन, त्र्योदशी, दीपावली, अन्नकूट, भाई-दूज, भीष्मपंचक, कार्तिक व्रत उद्यापन, तुलसी विवाह विधि, तुलसी स्तोत्र एवं आरती और भगवान की आरतियां संग्रहीत हैं।

कृपया खरीदने से पहिले भाष्यकार पं. पन्ना लाल ज्योतिषाचार्य (सम्पादक—पंचांगदिवाकर, जालन्धर) का नाम तथा वितरक पं. देवीदयालु पब्लिकेशन्ज़ का नाम अवश्य देख लें—मूल्य—25 रु.

पता—जनरल बुक डिपो, अड्डा होशियारपुर चौंक,
जालन्धर—144008 (पंजाब) 0181—2457959

सर्वार्थ सिद्धि, अमृत सिद्धि, गुरु पुष्यादि योग-वि. संवत् २०६६ (सन् 2009-10)

किसी विशेष कार्य हेतु आवश्यक परिस्थितिवश अथवा शीघ्रता में कोई सुनियोजित एवं निर्धारित मुहूर्त्त न मिलता हो, तो आगे लिखे गए सर्वार्थ सिद्धि, अमृत सिद्धि, रवि योग, गुरु पुष्य आदि योगों में अभीष्ट कार्यों का शुभारम्भ करके मनोवांछित कार्यों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

सर्वार्थ सिद्धि योगों में—अनुबन्ध करना, परीक्षा, नौकरी अथवा चुनाव आदि के लिए आवेदन करना, क्रय-विक्रय करना, यात्रा या मुकद्दमा करना, भूमि, सवारी, वस्त्र-आभूषणादि का क्रय करना इत्यादि कृत्य किए जा सकते हैं। **अमृत सिद्धि योगों में** स. सि. योगों वाले कृत्यों के अतिरिक्त प्रेम विवाह करना, विदेश यात्रा, किसी कार्य सिद्धि हेतु सकाम अनुष्ठान करना आदि। रवि योग स. सि. योगों की भान्ति शुभ कार्यों के लिए प्रशस्त माने जाते हैं। **रवि योग की** उपलब्धता में यदि कोई कुयोग भी हो, तो '**रवि योग**' अन्य कुयोगों का नाश करके शुभ फल प्रदान करता है।

रविपुष्य योग—में जड़ी-बूटी तोड़ना तथा तोड़कर औषध तैयार करना, किसी विशेष रोग में रोगी को औषधि देना शुभ होता है। यन्त्र-मन्त्र-तन्त्रादि प्रयोगों में यह योग शुभ होते हैं।

गुरुपुष्य योग—गुरु अथवा पिता, दादा या श्रेष्ठ व्यक्ति से मन्त्र, तन्त्र या किसी विशिष्ट विषय के सम्बन्ध में उच्च विद्या ग्रहण करना, धन, भूमि-विद्या एवं आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करना, कोई धार्मिक अनुष्ठान प्रारम्भ करना, गुरू धारण करना, विदेश-यात्रा आरम्भ करना शुभ होता है।

उपरोक्त सभी योगों में से कोई योग विशेष ग्रहण करने से पूर्व तिथि एवं चन्द्रमा का बल भी ध्यान में रख लेवें, तो अत्यन्त लाभदायक होगा। (अर्थात् कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी से शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा पर्यन्त चन्द्र निर्बल माना जाता है।) इनके अतिरिक्त गुरु-शुक्र ग्रहों के अस्त काल में, ग्रहण काल, श्राद्ध पक्ष आदि का भी ध्यान कर लेना प्रशस्त होगा। **विवाह, मुण्डन, गृहनिर्माण, गृहप्रवेश आदि कार्य निर्धारित मुहूर्त्तों** में ही करने **कल्याणकारी होंगे**। ध्यान रहे, 14 दिसं. से 8 फर. (2010) तथा 16 फर. से 21 मार्च तक गुरु अस्त रहेगा। पण्डित विवेक शर्मा, पंचाँगकर्त्ता।

सर्वार्थ सिद्धि योग

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
2009 ई.	घं. मिं.	2009 ई.	घं. मिं.
27 मार्च	5 41	28 मार्च	सू. उ.
30 मार्च	25 53	31 मार्च	सू. उ.
1 अप्रै.	सू. उ.	1 अप्रै.	23 07
2 अप्रै.	21 46	3 अप्रै.	20 29
8 अप्रै.	15 56	9 अप्रै.	सू. उ.
11 अप्रै.	सू. उ.	11 अप्रै.	16 56
13 अप्रै.	सू. उ.	13 अप्रै.	20 20
18 अप्रै.	7 53	19 अप्रै.	सू. उ.
23 अप्रै.	14 43	25 अप्रै.	सू. उ.
27 अप्रै.	9 08	28 अप्रै.	सू. उ.
30 अप्रै.	सू. उ.	1 मई	सू. उ.
6 मई	सू. उ.	6 मई	22 51
15 मई	15 38	16 मई	18 34
19 मई	24 04	20 मई	सू. उ.
21 मई	सू. उ.	22 मई	22 36
25 मई	सू. उ.	26 मई	सू. उ.
28 मई	सू. उ.	29 मई	सू. उ.
1 जून	4 01	1 जून	सू. उ.
12 जून	सू. उ.	12 जून	25 34
16 जून	8 18	17 जून	सू. उ.
18 जून	सू. उ.	19 जून	8 32

सर्वार्थ सिद्धि योग

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
2009 ई.	घं. मिं.	2009 ई.	घं. मिं.
21 जून	5 01	21 जून	सू. उ.
22 जून	सू. उ.	22 जून	23 45
25 जून	सू. उ.	25 जून	15 30
28 जून	10 30	29 जून	सू. उ.
3 जुला	14 25	4 जुला	सू. उ.
5 जुला	19 31	6 जुला	सू. उ.
10 जुला	सू. उ.	10 जुला	7 43
14 जुला	सू. उ.	14 जुला	16 25
16 जुला	सू. उ.	16 जुला	17 05
18 जुला	14 53	19 जुला	सू. उ.
20 जुला	सू. उ.	20 जुला	10 25
26 जुला	सू. उ.	27 जुला	सू. उ.
30 जुला	20 26	31 जुला	22 45
2 अग.	सू. उ.	3 अग.	4 31
9 अग.	20 44	10 अग.	सू. उ.
15 अग.	सू. उ.	15 अग.	21 35
23 अग.	सू. उ.	23 अग.	26 20
26 अग.	27 38	28 अग.	5 35
30 अग.	सू. उ.	30 अग.	11 05
6 सितं.	सू. उ.	6 सितं.	27 55
8 सितं.	सू. उ.	9 सितं.	5 10

सर्वार्थ सिद्धि योग

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
2009 ई.	घं. मिं.	2009 ई.	घं. मिं.
14 सितं.	23 44	15 सितं.	सू. उ.
20 सितं.	सू. उ.	20 सितं.	12 18
23 सितं.	12 10	24 सितं.	13 39
27 सितं.	21 37	28 सितं.	सू. उ.
28 सितं.	24 44	29 सितं.	सू. उ.
4 अक्तू.	सू. उ.	4 अक्तू.	10 45
6 अक्तू.	सू. उ.	6 अक्तू.	11 13
7 अक्तू.	10 52	8 अक्तू.	सू. उ.
12 अक्तू.	6 01	13 अक्तू.	4 37
13 अक्तू.	सू. उ.	13 अक्तू.	27 08
25 अक्तू.	सू. उ.	26 अक्तू.	सू. उ.
26 अक्तू.	8 46	27 अक्तू.	सू. उ.
1 नवं.	19 32	2 नवं.	सू. उ.
3 नवं.	18 22	5 नवं.	सू. उ.
8 नवं.	11 22	9 नवं.	9 59
15 नवं.	5 06	15 नवं.	सू. उ.
17 नवं.	5 53	17 नवं.	सू. उ.
22 नवं.	सू. उ.	22 नवं.	16 49
23 नवं.	सू. उ.	23 नवं.	19 58
28 नवं.	4 49	28 नवं.	सू. उ.
29 नवं.	सू. उ.	30 नवं.	5 02
1 दिसं.	सू. उ.	1 दिसं.	26 36

सर्वार्थ सिद्धि योग

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
2009-10	घं. मिं.	2009-10	घं. मिं.
2 दिसं.	सू. उ.	3 दिसं.	सू. उ.
4 दिसं.	20 24	5 दिसं.	सू. उ.
6 दिसं.	सू. उ.	6 दिसं.	16 14
12 दिसं.	11 15	13 दिसं.	सू. उ.
14 दिसं.	12 52	15 दिसं.	सू. उ.
19 दिसं.	24 16	20 दिसं.	सू. उ.
25 दिसं.	13 47	26 दिसं.	सू. उ.
27 दिसं.	सू. उ.	27 दिसं.	15 12
29 दिसं.	सू. उ.	29 दिसं.	13 29
30 दिसं.	सू. उ.	31 दिसं.	सू. उ.
(सन् 2010 ई.)			
1 जन.	6 43	1 जन.	27 56
6 जन.	17 22	7 जन.	सू. उ.
9 जन.	सू. उ.	9 जन.	17 21
11 जन.	सू. उ.	11 जन.	20 18
16 जन.	6 54	17 जन.	सू. उ.
21 जन.	21 06	23 जन.	सू. उ.
25 जन.	23 40	26 जन.	सू. उ.
27 जन.	सू. उ.	27 जन.	15 27
28 जन.	18 14	29 जन.	20 37
3 फर.	सू. उ.	3 फर.	24 21

सर्वार्थ सिद्धि योग

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
2010 ई.	घं. मिं.	2010 ई.	घं. मिं.
12 फर.	13 03	13 फर.	16 11
16 फर.	24 43	17 फर.	सू. उ.
18 फर.	सू. उ.	20 फर.	6 21
22 फर.	7 30	23 फर.	सू. उ.
25 फर.	सू. उ.	26 फर.	सू. उ.
3 मार्च	सू. उ.	3 मार्च	10 21
12 मार्च	सू. उ.	12 मार्च	22 33

अमृत सिद्धि योग

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
27 मार्च	सू. उ.	28 मार्च	5 11
24 अप्रै.	सू. उ.	24 अप्रै.	13 58
30 अप्रै.	25 54	1 मई	सू. उ.
25 मई	16 04	26 मई	सू. उ.
28 मई	8 50	29 मई	सू. उ.
21 जून	5 01	21 जून	सू. उ.
22 जून	सू. उ.	22 जून	23 45
25 जून	सू. उ.	25 जून	15 30
18 जुला	14 53	19 जुला	सू. उ.
20 जुला	सू. उ.	20 जुला	10 25
26 जुला	17 50	27 जुला	सू. उ.
11 अग.	23 15	12 अग.	सू. उ.

अमृत सिद्धि योग

प्रारम्भ काल 2009 ई.	घं. मिं.	समाप्ति काल 2009 ई.	घं. मिं.
15 अग.	सू. उ.	15 अग.	21 35
23 अग.	सू. उ.	23 अग.	26 20
26 अग.	27 38	27 अग.	सू. उ.
8 सितं.	सू. उ.	9 सितं.	5 10
20 सितं.	सू. उ.	20 सितं.	12 18
23 सितं.	12 10	24 सितं.	सू. उ.
6 अक्तू.	सू. उ.	6 अक्तू.	11 13
21 अक्तू	सू. उ.	21 अक्तू	22 29
28 नवं.	4 49	28 नवं.	सू. उ.
25 दिसं.	13 47	26 दिसं.	सू. उ.
(सन् 2010 ई.)			
22 जन.	सू. उ.	22 जन.	22 48
25 फर.	26 20	26 फर.	सू. उ.

रवि योग (2009-10 ई.)

प्रारम्भ काल	घं. मिं.	समाप्ति काल	घं. मिं.
29 मार्च	4 19	29 मार्च	27 11
30 मार्च	25 53	31 मार्च	11 22
31 मार्च	24 30	1 अप्रै.	23 07
3 अप्रै.	20 29	5 अप्रै.	18 10
7 अप्रै.	16 26	8 अप्रै.	15 56
15 अप्रै.	25 47	17 अप्रै.	4 52
27 अप्रै.	9 08	27 अप्रै.	16 33
28 अप्रै.	7 10	29 अप्रै.	5 14
29 अप्रै.	27 27	30 अप्रै.	25 54
2 मई	23 38	4 मई	22 36
6 मई	22 51	7 मई	23 32
15 मई	15 38	16 मई	18 34
27 मई	11 04	28 मई	8 50
29 मई	6 57	30 मई	5 30
1 जून	4 01	3 जून	4 31
5 जून	6 52	6 जून	8 40
14 जून	4 21	15 जून	6 39
25 जून	15 30	26 जून	13 18
27 जून	11 36	28 जून	10 30
30 जून	10 13	2 जुला	12 29
4 जुला	16 48	5 जुला	19 31
5 जुला	27 24	6 जुला	22 28

रवि योग

प्रारम्भ काल 2009 ई.	घं. मिं.	समाप्ति काल 2009 ई.	घं. मिं.
13 जुला	15 01	14 जुला	16 25
24 जुला	20 51	25 जुला	19 02
26 जुला	17 50	27 जुला	17 22
29 जुला	18 42	31 जुला	22 45
4 अग.	7 39	5 अग.	10 45
11 अग.	23 15	12 अग.	23 42
22 अग.	27 26	23 अग.	26 20
24 अग.	25 58	25 अग.	26 24
28 अग.	5 35	30 अग.	11 05
2 सितं.	20 13	3 सितं.	22 47
10 सितं.	5 11	11 सितं.	4 49
21 सितं.	11 32	22 सितं.	11 28
23 सितं.	12 10	24 सितं.	13 39
26 सितं.	18 34	29 सितं.	27 40
2 अक्तू.	8 18	3 अक्तू.	9 48
9 अक्तू.	9 26	10 अक्तू	8 26
10 अक्तू	17 48	11 अक्तू	7 17
20 अक्तू	21 21	21 अक्तू	22 29
22 अक्तू	24 19	23 अक्तू	26 46
24 अक्तू	4 14	25 अक्तू	5 39
27 अक्तू	11 50	29 अक्तू	16 49
31 अक्तू	19 18	1 नवं.	19 32
8 नवं.	11 22	9 नवं.	9 59
19 नवं.	8 45	19 नवं.	18 29

प्रारम्भ काल 2009-10	घं. मिं.	समाप्ति काल 2009-10	घं. मिं.
20 नवं.	11 01	20 नवं.	13 46
22 नवं.	16 49	23 नवं.	19 58
25 नवं.	25 34	28 नवं.	4 49
30 नवं.	5 02	30 नवं.	28 05
7 दिसं.	14 29	8 दिसं.	13 03
19 दिसं.	24 16	20 दिसं.	27 25
22 दिसं.	6 34	23 दिसं.	9 28
25 दिसं.	13 47	27 दिसं.	15 12
30 दिसं.	11 39	31 दिसं.	9 20
(सन् 2010 ई.)			
5 जन.	18 36	6 जन.	17 22
18 जन.	13 09	19 जन.	16 07
20 जन.	18 49	21 जन.	21 06
23 जन.	23 51	24 जन.	8 21
24 जन.	24 08	26 जन.	22 28
28 जन.	18 14	29 जन.	15 27
3 फर.	24 21	4 फर.	23 37
16 फर.	24 43	17 फर.	27 01
19 फर.	4 55	19 फर.	16 01
20 फर.	6 21	21 फर.	7 14
23 फर.	7 08	25 फर.	4 29
26 फर.	23 45	27 फर.	20 54
6 मार्च	8 11	7 मार्च	9 09

ज्वालामुखी योग

ज्वालामुखी योग अनिष्टकारी योगों में से एक माना गया है। इसमें आरम्भ किए कार्य में बार-बार विघ्न पड़ते हैं। इसके सम्बन्ध में निम्नलिखित लोकोक्ति का प्रचलन है-जन्मे तो जीवे नहीं, बसे तो उजड़े गांव, नारी पहने चूड़ियाँ, पुरुष विहीनी होय। बोवे तो काटे नहीं, कुएं उपजे न नीर॥

प्रारम्भ काल	घं. मिं.	समाप्ति काल	घं. मिं.
3 फर.	15 47	3 फर.	15 55
1 मार्च	22 00	2 मार्च	5 24
4 अप्रै.	19 16	5 अप्रै.	3 08
13 अग.	23 34	14 अग.	11 45
9 सितं.	5 10	9 सितं.	22 55

प्रारम्भ काल	घं. मिं.	समाप्ति काल	घं. मिं.
13 अक्तू.	4 37	13 अक्तू.	21 07
16 दिसं.	17 32	17 दिसं.	18 34
(सन् 2010 ई.)			
21 फर.	18 27	22 फर.	7 30
22 फर.	17 48	23 फर.	7 08

द्विपुष्कर एवं त्रिपुष्कर योग (2009-10 ई.)

(गाड़ी, आभूषणादि बहुमूल्य वस्तुएँ खरीदने हेतु विशेष मुहूर्त्त)

द्विपुष्कर एवं त्रिपुष्कर योगों में बहुमूल्य एवं उपयोगी पदार्थ, वस्तुएँ जैसे-ज़मीन-जायदाद, हीरे-जवाहरात, स्वर्ण-चाँदी के आभूषण, कार, ट्रक, स्कूटर, गाय-भैंस क्रय करना, नवीन उद्योग की स्थापना आदि करना लाभदायक रहता है। इन योगों में यदि कोई अनिष्ट हो जाए, तो भी दुगुनी अथवा तीन गुणा हानि होने की सम्भावना हो जाती है। तो त्रिपुष्कर दोष की शान्ति के लिए तीन गौओं के मूल्य का धन तथा द्विपुष्कर में दो गौओं के मूल्य और तिलों द्वारा निर्मित पीठी का दान करना शुभ होगा। (वसिष्ठ.)

द्विपुष्कर योग

प्रारम्भ काल 2009-10	घं. मिं.	समाप्ति काल 2009-10	घं. मिं.
17 जन.	11 46	17 जन.	19 50
27 जन.	15 22	28 जन.	सू. उ.
23 मार्च	2 02	23 मार्च	सू. उ.
16 मई	18 34	16 मई	23 57
26 मई	सू. उ.	26 मई	11 03
19 जुला	12 52	19 जुला	18 51
28 जुला	सू. उ.	28 जुला	15 27
20 सितं.	12 18	20 सितं.	19 58
10 अक्तू	सू. उ.	10 अक्तू	8 26
24 नवं.	सू. उ.	24 नवं.	13 56
17 जन.	10 02	17 जन.	18 05
26 जन.	24 49	27 जन.	सू. उ.

(रवि पुष्य योग)

प्रारम्भ काल	घं. मिं.	समाप्ति काल	घं. मिं.
11 जन.	18 55	12 जन.	सू. उ.
8 फर.	सू. उ.	8 फर.	27 28
8 मार्च	सू. उ.	8 मार्च	12 41
12 अक्तू	6 01	12 अक्तू	सू. उ.
8 नवं.	11 22	9 नवं.	सू. उ.
6 दिसं.	सू. उ.	6 दिसं.	16 14

(गुरु पुष्य योग)

प्रारम्भ काल	घं. मिं.	समाप्ति काल	घं. मिं.
30 अप्रै.	25 54	1 मई	सू. उ.
28 मई	8 50	29 मई	सू. उ.
25 जून	सू. उ.	25 जून	15 30
25 फर.	26 20	26 फर.	सू. उ.

त्रिपुष्कर योग

प्रारम्भ काल 2009-10	घं. मिं.	समाप्ति काल 2009-10	घं. मिं.
3 जन.	सू. उ.	3 जन.	10 20
15 फर.	22 59	16 फर.	सू. उ.
21 फर.	12 50	21 फर.	26 19
3 मार्च	सू. उ.	3 मार्च	20 21
11 अप्रै.	16 56	11 अप्रै.	20 27
21 अप्रै.	14 07	22 अप्रै.	सू. उ.
26 अप्रै.	11 02	27 अप्रै.	सू. उ.
5 मई	9 37	5 मई	22 34
20 जून	7 05	20 जून	11 02
23 जून	21 22	24 जून	सू. उ.
28 जून	10 30	29 जून	सू. उ.
22 अग.	सू. उ.	22 अग.	9 22
26 अग.	3 59	26 अग.	सू. उ.
1 सितं.	सू. उ.	1 सितं.	15 31
5 सितं.	22 42	5 सितं.	26 39
20 अक्तू	सू. उ.	20 अक्तू	21 21
25 अक्तू	सू. उ.	25 अक्तू	16 52
3 नवं.	23 08	4 नवं.	सू. उ.
13 दिसं.	11 50	13 दिसं.	14 36
29 दिसं.	सू. उ.	29 दिसं.	9 22
(सन् 2010 ई.)			
6 जन.	6 20	6 जन.	सू. उ.
16 फर.	सू. उ.	16 फर.	13 09
21 फर.	7 14	21 फर.	18 27
2 मार्च	सू. उ.	2 मार्च	12 29

द्वादश संक्रान्तियों का प्रवेश फल—सन् 2009-10 ई.

सूर्य जिस राशि पर संचार कर रहा हो, उसे छोड़कर जब वह दूसरी राशि में प्रवेश करे, उस समय का नाम **संक्रान्ति** है। **संक्रान्ति** के पुण्यकाल में स्नान, दान, जप-पाठ, श्राद्ध, हवनादि शुभ कृत्य करने से विशेष पुण्यों की प्राप्ति होती है तथा मनुष्य धन-धान्यादि एवं पारिवारिक सुखों से सम्पन्न रहता है।

माघ संक्रान्ति—13 जन. 2009 ई., मंगलवार की अर्द्धरात्री के बाद 30 घं. 27 मिनट पर, अर्थात् 14 जन. बुधवार की प्रातः 6/27 (घं.मिं.) पर मकर संक्रान्ति का प्रवेश होगा। यह संक्रान्ति 30 मुहूर्ति है। स्नानदानादि का पुण्यकाल 14 जन. सूर्योदय से दुपैहर तक रहेगा। इस मास में गंगाजल आदि पवित्र तीर्थ-जलों से स्नान उपरान्त भगवान श्री विष्णु सहित पंचदेव पूजन, पुरुषसूक्त, सूर्याष्टक स्तोत्र, अर्घ्य, देव स्तुति, पितृ तर्पण तथा तिल सहित सामग्री द्वारा हवन करके ब्राह्मणों को खीर सहित भोजन, गर्म वस्त्र, फलादि एवं तिलों का दक्षिणा सहित दान करने का विशेष माहात्म्य होता है। यह संक्रान्ति मेष, वृष, कर्क, कन्या, तुला, वृश्चिक एवं कुम्भ राशि के वालों के लिए लाभदायक होगी।

माघ मास में श्रीगणेश संकट चौथ, षट्तिला एकादशी, सोमवती मौनी अमा. (26 जन.), बसन्त पंचमी (31 जन.), रथ सप्तमी (2 फर.) आदि मुख्य पर्व होंगे।

फाल्गुन संक्रान्ति—12 फर. 2009 ई., गुरुवार, 19 घं. 24 मिं. पर प्रवेश होगा। यह संक्रान्ति 45 मुहूर्ति है। इसका पुण्यकाल मध्याह्न (दुपै.) के बाद से प्रारम्भ होगा। इस मास में 23 फर. को श्री महाशिवरात्रि का सर्वकल्याणकर व्रत रखने से अश्वमेघ यज्ञ के तुल्य फल प्राप्त होता है। गुरूवार की संक्रान्ति होने से धान्य, अनाजादि के मूल्यों में तेज़ी रहे। पृथ्वी में धर्मकर्म के आचरण अधिक होने से प्रजा में सुख साधन बढ़ेंगे। मेष, वृष, कन्या, तुला, धनु एवं मीन राशि वालों के लिए यह संक्रान्ति लाभदायक रहेगी। होलाष्टक 4 मार्च, फा. पूर्णिमा तथा होली 11 मार्च को होगी)।

चैत्र संक्रान्ति—14 मार्च 2009 ई. शनिवार, चैत्रकृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को 16 घं. 16 मि. पर प्रवेश करेगी। संक्रान्ति 15 मुहूर्ति है। इसका पुण्यकाल प्रातः 9/52 से प्रारम्भ होगा। इस मास में शीतलाष्टमी व्रत, पापमोचनी एकादशी व्रत और चैत्र शुक्ल पक्ष में श्री दुर्गा जी का विशेष (नवरात्रों में) पूजन करने का विधान है। चैत्र संक्रान्ति शनिवार को होने से सर्वप्रकार के अनाज तेज भाव होंगे।

वैशाख संक्रान्ति—यह संक्रान्ति 13 अप्रैल, सोमवार को अर्द्धरात्रि के पश्चात् रात्रि 12 बजकर 47 मिनट पर ज्येष्ठा नक्षत्र में प्रवेश करेगी। इस संक्रान्ति के स्नान, दान आदि का विशेष पुण्यकाल 14 अप्रैल, मंगलवार को प्रातः 7 बजकर 11 मिनट तक होगा। वैशाख मास में जो व्यक्ति नित्य प्रति प्रातःकाल सूर्योदय से पूर्व शुद्ध जल में, धर्म स्थान पर या तीर्थस्थान पर अथवा घर में गंगाजल मिश्रित पवित्र जल से स्नान-जपादि करके यथाशक्ति अनाज, वस्त्रों, फलादि का दान करता है। उसके रोग-शोक दूर होते हैं तथा उसे आरोग्य, विवाह, धन-सम्पदादि सुखों की प्राप्ति होती है। इस मास में तुलसीदल, पुष्पों एवं तीर्थ जल से भगवान श्रीविष्णु की पूजा करके नित्य **वैशाख माहात्म्य, विष्णुसहस्रनाम एवं ''ॐ नमो भगवते वासुदेवाय''**—मंत्र का पाठ करने का विशेष विशेष माहात्म्य होता है। इस मास में **अक्षया तृतीया (27 अप्रै.)** को जप, पूजन, होमादि करने का पुण्य होता है। इस दिन ब्राह्मण को अनाज, दूध-दही, बर्फी, जलापूरित घड़ा, छाता, फल आदि एवं नव संवत पंचांग का दान करना पुण्यप्रद होता है। यह संक्रान्ति 15 मुहूर्ति होने से गेहूँ, चने, धान्यादि सब प्रकार के अनाज तेज भाव होंगे। मेष, वृष, मिथुन, वृश्चिक, कुंभ व मीन राशि वालों को संक्रान्ति का फल शुभ होगा।

ज्येष्ठ संक्रान्ति—यह संक्रान्ति 14 मई, गुरुवार को रात्रि 9 बजकर 40 मिनट पर उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में प्रवेश करेगी। इसका पुण्यकाल, स्नान-दानादि का विशेष माहात्म्य दुपैहर से होगा। इस मास में भी श्री विष्णु सहस्रनाम स्तोत्र का पाठ, नारायण कवच एवं कमलनेत्र स्तोत्र आदि का पाठ करके भगवान श्री विष्णु जी का पूजन करने से धन सम्पत्ति, विवाह,सन्तान एवं सौभाग्य की प्राप्ति होती है। संक्रान्ति 45 मुहूर्त्ति होने से चीनी, चावल, शक्कर, हल्दी, दूध आदि पेय-जल वस्तुओं में विशेष तेज़ी होगी। इस मास में अष्टमी, एकादशी, गंगादशहरा एवं निर्जला एकादशी आदि पर्वों पर श्रद्धापूर्वक व्रत रखकर जलापूरित घड़ा (पात्र), गेहूँ, चावल, सत्तु, आदि, वस्त्र, छाता, पंखा, आम्र, खरबूजे आदि मौसमी फल, दूध, चीनी एवं ग्रीष्मोपयोगी वस्तुओं के दान करने का विशेष माहात्म्य है।

आषाढ़ संक्रान्ति—14 जून, रविवार को शतभिषा नक्षत्र कालीन अर्द्ध-रात्रि के बाद प्रातः 4 बजकर 17 मिनट (28/17 घं.मिं.) पर प्रवेश करेगी। अतएव स्नान-दान, जपादि का **पुण्यकाल 15 जून,** सोमवार को सूर्योदय से प्रातः 10 बजकर 41 मिनट तक रहेगा। इस संक्रान्ति के पुण्यकाल में स्नानोपरान्त भगवान श्रीविष्णु जी की लक्ष्मी सहित पूजार्चना के बाद ब्राह्मण दम्पत्ति को क्षीर सहित भोजन करवाना तथा यथाशक्ति फल, आँवला, आम, छाता, जलापूरित घड़ा पात्र, वस्त्रादि का दान करना पुण्यप्रद होता है। यह संक्रान्ति 15 मुहूर्त्ति होने से सर्वप्रकार के अनाज, खल-बिनौला, सोना-चांदी आदि तेज भाव होंगे।

श्रावण संक्रान्ति—16 जुलाई, गुरूवार को नवमी तिथि एवं अश्विनी नक्षत्रकालीन दोपहर 3 बजकर 8 मिनट (15/08) से प्रारम्भ होगी। इस का स्नान-दान, जपादि का

पुण्यकाल प्रातः 8 बजकर 44 मिनट से शुरू होगा। श्रावण संक्रान्ति 30 मुहूर्त्ति है। श्रावण मास में भगवान शंकर की पूजा का विशेष महत्त्व है। प्रतिदिन श्रावण माहात्म्य, श्री शिवमहापुराण एवं श्री शिव स्तोत्रों का विधिपूर्वक पाठ करके दूध-गंगाजल, बिल्वपत्र, फलादि सहित शिवलिङ्गका पूजन "**ॐ नमः शिवाय**" मंत्र का जप करते हुए करना चाहिए।

इस मास में 22 जुला. (अमावस) को खण्डग्रास सूर्यग्रहण होने से कुरूक्षेत्र, गंगादि, तीर्थों पर स्नान दान आदि का विशेष माहात्म्य है। परन्तु राजनीतिक क्षेत्रों में विशेष उतार-चढ़ाव देखने को मिलेंगे। सर्वप्रकार के अनाज एवं खाद्य तेलों में तेज़ी होगी।

भाद्रपद संक्रान्ति—16 अगस्त, रविवार को 15 मुहूर्त्ति तथा रात्रि 23/29 (भा.स्टैं.टा.) पर प्रवेश करेगी। इस का पुण्यकाल दोपहर बाद एवं अगले दिन सूर्योदय से होगा। भाद्रपद कृष्ण अष्टमी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का व्रत करना पुण्यप्रद एवं विशेष रूप से संतानादि सुखों के लिए करना शुभ है। यह संक्रान्ति—मेष, वृष, कन्या, तुला, धनु व कुम्भ राशि वालों के लिए लाभदायक रहेगी।

आश्विन संक्रान्ति—16 सितम्बर, बुधवार, मघा नक्षत्रकालीन रात्रि 23/23 घं. मि., त्र्योदशी तिथि को प्रवेश करेगी। यह संक्रान्ति 30 मुहूर्त्ति है। इसका स्नान-दानादि का माहात्म्य 16 सितं. दोपहर से तथा अगलते दिन सूर्योदय पर होगा। इसी दिन मघा त्र्योदशी एवं गजच्छाया योग सायं 19/36 के बाद होने से इस पर्व का स्नान-दान एवं पितरों का श्राद्ध, तर्पण आदि का विशेष महत्त्व है। इस योग में खीर में शहद मिलाकर ब्राह्मण को भोजन करवाने से पितर तृप्त होकर आशीर्वाद देते हैं। इस मास में 19 सितं. से शरद् नवरात्रों में दुर्गापूजन का विशेष महत्त्व होता है। संक्रान्ति 30 मुहूर्त्ति होने से गेहूँ, चना, चीनी, मैदा, सरसों, घी, खाद्य तेलों आदि तेज़ भाव होंगे।

कार्तिक संक्रान्ति—17 अक्तूबर, शनिवार को हस्त नक्षत्रकालीन, चतुर्दशी तिथि को 11 बजकर 20 मिनट पर प्रवेश करेगी। इसी दिन शनिवार को प्रदोषव्यापिनी अमावस को ही दीपावली का महापर्व होगा। संक्रान्ति का पुण्यकाल सूर्योदय से होगा। प्रदोषकाल से लेकर मध्यरात्रि के बीच श्रीमहालक्ष्मी पूजन, दीपमाला, मन्त्र, जप-अनुष्ठानादि करने का विशेष माहात्म्य है। इस मास में प्रतिदिन कार्तिक माहात्म्य का पाठ तथा नित्य श्री भगवान विष्णु का पूजन, तुलसी पूजा, तुलसी व पीपल के मूल पर दीपक जलाने का विशेष माहात्म्य है। अमावस के दिन शनिवार को ही कार्तिक संक्रान्ति होने से आगामी दिनों में सर्वप्रकार के अनाज, जनोपयोगी व आवश्यक वस्तुओं के भाव तेज़ होंगे। इसी मास में अक्षया नवमी, देवप्रबोधिनी एकादशी, तुलसी विवाह एवं कार्तिक पूर्णिमा को विशेष रूप से दीपदान करने का विशेष महत्त्व होता है।

मार्गशीर्ष संक्रान्ति—16 नवम्बर, सोमवार, अमावस तिथि को विशाखा नक्षत्र में प्रातः 11 बजकर 11 मिनट पर प्रवेश करेगी । यह संक्रान्ति 45 मुहूर्त्ति है तथा इसका पुण्यकाल प्रातः सूर्योदय से होगा। यह संक्रान्ति सोमवार को अमावस तिथि में होने से इस दिन हरिद्वार, कुरुक्षेत्र, प्रयाग आदि तीर्थों में स्नान, दान-जपादि का माहात्म्य विशेष रूप से होगा। तीर्थस्थल पर न जा सकने की स्थिति में अपने घर पर ही गंगाजल एवं तीर्थ जल सहित स्नान-दानादि करके भगवान श्री विष्णु जी का पूजन एवं नित्य प्रति श्री मद्भागवत पुराण का पाठ करना चाहिए। इस मास में 28 नवं. को मोक्षदा एकादशी का व्रत करना विशेष शुभ होता है। इस मास में महंगाई में तेज़ी विशेष रूप से होगी। रसदार वस्तुओं में भी तेज़ी हो। आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों में अत्यधिक वृद्धि से आम लोगों में गहरा असंतोष रहे।

पौष संक्रान्ति—15 दिसं. मंगलवार को 15 मुहूर्त्ति, रात्रि 1/51 घं. मि. (25/51) से प्रवेश होगा। इस संक्रान्ति का पुण्यकाल आगामी दिवस (16 दिसं.) बुधवार की प्रातः 8 बजकर 15 मिनट तक विशेष रूप से होगा। इस मास भगवान श्री विष्णु जी का पूजन, जप-दानादि करना शुभ रहेगा। इस मास में 28 दिसं. को पुत्रदा एकादशी व्रत रखकर यथाशक्ति दान करने से मनोवांछित पुत्र सन्ततति की प्राप्ति होती है। 31 दिसं., बृहस्तपतिवार, पौष पूर्णिमा से तीर्थों पर माघ स्नान का पुण्य पर्व आरम्भ होगा। पौष संक्रान्ति मंगलवार को होने से अनाज, कैमिकल, रसदार वस्तुएँ, गेहूँ, चावल, चीनी, खल बिनौले, तैलादि पदार्थ तेज़ भाव होंगे।

माघ-संक्रान्ति—14 जनवरी, 2010 ई०, वीरवार, माघ कृष्ण पक्ष में, 12/38 घं. मि. पर प्रवेश होगा। इस का पुण्यकाल प्रातः सूर्योदय से होगा। इस दिन कुम्भ स्नान माहात्म्य भी प्रारम्भ होने से इसका महत्त्व और भी बढ़ जाता है। गंगादि तीर्थों पर स्नान का दान का विशेष माहात्म्य है। नित्य प्रति भगवान् विष्णु का पूजन, माघ माहात्म्य का पाठ एवं हवन करने का विशेष माहात्म्य है।

फाल्गुन संक्रान्ति—12 फर. 2010 ई., शुक्रवार, फाल्गुन कृष्ण पक्ष में चतुर्दशी तिथि को रात्रि 25/38 घं. मि. पर प्रवेश होगा। यह संक्रान्ति 30 मुहूर्त्ति है। श्रीमहाशिवरात्रि के दिन ही अर्द्धरात्रि उपरान्त फाल्गुन संक्रान्ति का प्रवेश होने से आगामी दिन शनिवार (13 फर.) को (प्रातः 8/02 घं. मि. तक पुण्यकाल है) स्नान-दान-तर्पण एवं जपादि का विशेष माहात्म्य रहेगा। संक्रान्ति 30 मुहूर्त्ति होने से अत्यधिक महंगाई, जनोपयोगी वस्तुओं में तेज़ी एवं सामान्य लोगों में भय और असंतोष व्याप्त हो।

चैत्र संक्रान्ति—14 मार्च 2010 ई., रविवार को 15 मुहूर्त्ति, रात्रि 22/30 घं. मि. पर प्रवेश होगी। इसका पुण्यकाल दुपैहर से प्रारम्भ होगा। ता. 15 मार्च (चैत्र अमावस) को सोमवती अमावस होने से तीर्थादि स्नान करने का विशेष महत्त्व है। रविवार संक्रान्ति होने से गेहूं, चने, चावल, खल-बिनौले, खाद्य तेल आदि के भाव तेज़ होंगे। सामान्य लोगों में भय, दुःख व परेशानियां बढ़ें।

रूद्राक्ष की महिमा एवं महत्त्व (रुद्राक्ष धारण एवं जप-पूजन विधि सहित)

शिवपुराण, लिङ्गपुराण एवं स्कन्द आदि पुराणों में **रूद्राक्ष के महत्त्व एवं माहात्म्य** का विशेष रूप से वर्णन किया गया है। रूद्राक्ष को साक्षात् शिवस्वरूप कहा गया है। रूद्राक्ष भगवान् शिव को अति प्रिय है। रूद्राक्ष के दर्शन, स्पर्श तथा उस पर जप करने से समस्त पापों का हरण करने वाला माना गया है।

रूद्राक्ष की उत्पत्ति के सम्बन्ध में कहा जाता है कि भगवान् शंकर जी के मनोहर नेत्रपुरों से जल एवं अश्रुओं की बूंदे गिरने से पृथ्वी पर रूद्राक्ष नामक वृक्ष पैदा हुआ। **''रूद्रस्य अक्षि रूद्राक्षः, अक्ष्युपलक्षितम् अश्रु, तज्जन्यः वृक्षः॥''**—श्री मद्देवीभागवत में इस संदर्भ में एक कथा उपलब्ध है—एक बार आशुतोष भगवान् शंकर ने देवताओं एवं मनुष्यों के हित की भावना से त्रिपुरासुर का वध करना चाहा और एक सहस्र वर्षों तक तपस्या की तथा अघोरास्त्र का चिन्तन किया, भगवान् की आँखों से अश्रुविन्दु गिरे, उन्हीं अश्रुओं से रूद्राक्ष के महान् वृक्षों की उत्पत्ति हुई।

भोग और मोक्ष की इच्छा रखने वाले चारों वर्णों के लोगों और विशेषतः शिव भक्तों को शिवपार्वती की प्रसन्नता के लिए रूद्राक्ष के फलों को अवश्य धारण करना चाहिए। आंवले के फल के बराबर जो रूद्राक्ष हो, वह श्रेष्ट एवं समस्त अरिष्टों का विनाश करने वाला होता है। जो रूद्राक्ष बेर के फल के समान होता है, वह छोटा होने पर भी सुख-सौभाग्य की वृद्धि करने वाला होता है। रूद्राक्ष को मन्त्रपूर्वक धारण करने से वह पापों का नाश करने वाला तथा अभीष्ट मनोरथों का साधक माना गया है। रूद्राक्ष की माला शिवपुराण के अनुसार शुद्ध रूद्राक्ष मनकों की माला को धारण करना, ऐसी माला से जप करने से विशेष फल प्राप्त होते हैं। रूद्राक्ष के दाने समान आकार-प्रकार वाले चिकने, मजबूत, स्थूल, कण्टकयुक्त (उभरे हुए छोटे-छोटे दाने) और सुन्दर रूद्राक्ष अभिलाषित पदार्थों के दाता तथा भोग-मोक्ष प्रदान करने वाले होते हैं। जिस रूद्राक्ष में अपने आप ही डोरा पिरोने के योग्य छिद्र हो, वही उत्तम माना गया है। जिसमें मनुष्य के प्रयत्न से छेद किया गया हो, वह मध्यम श्रेणी का होता है। रूद्राक्ष धारण करने का अधिकार सभी आश्रमों, समस्त वर्णों, स्त्रियों और शूद्रों को भगवान शिव की आज्ञा से सदैव रूद्राक्ष धारणा करना चाहिए—

सर्वाश्रमाणां वर्णानां स्त्रीशूद्राणां शिवाज्ञया।
धार्याः सदैव रुद्राक्षाः, रूद्ररूप समाहिताः॥

(शिवपुराण, विश्वे २५/४७) रूद्राक्ष को शुभ मुहूर्त्त में मन्त्रपूर्वक धारण करें।

रूद्राक्ष धारण का शुभ मुहूर्त्त—मेष संक्रान्ति, पूर्णिमा, अक्षय तृतीया, दीपावली, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, शिवरात्रि दिवस, विजयादशमी, अयन परिवर्तन काल, ग्रहणकाल, गुरुपुष्य, रविपुष्य, द्विपुष्कर व त्रिपुष्कर योग आदि शुभ मुहूर्त में धारण करने से सद्यः सम्पूर्ण पापों से निवृत्ति हो जाती है। शास्त्रों में रूद्राक्ष के एक मुख से चौदह मुख तक का वर्णन किया गया है। इन रूद्राक्षों का स्वरूप एवं धारण मन्त्र इस प्रकार हैं—

(1) एकमुखी रुद्राक्ष—साक्षात् शिवस्वरूप है और ब्रह्महत्यादि पापों को दूर करता है। इसको **''ॐ ह्रीं नमः''** मन्त्र उच्चारण से धारण करना चाहिए।

(2) दो मुखी रुद्राक्ष—देवी-देवता स्वरूप है और पापों को दूर करता है। यह अर्द्धनारीश्वर रूप है और इसे धारण करने से अर्धनारीश्वर प्रसन्न होते हैं। **''ॐ नमः''** इस मन्त्र से द्विमुखी रूद्राक्ष धारण करना चाहिए।

(3) त्रिमुखी रुद्राक्ष—अग्नि रूप है तथा नारी हत्या पाप को दूर करता है। तेज और शौर्य को बढ़ाने वाला है। तीन मुख वाले रूद्राक्ष को धारण करने से ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। **''ॐ क्लीं नमः''** यह त्रिमुखी रूद्राक्ष धारण करने का मन्त्र है।

(4) चतुर्मुखी रुद्राक्ष—यह साक्षात् ब्रह्मा जी का स्वरूप है। इस रूद्राक्ष के स्पर्श, दर्शन मात्र से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष चारों पुरुषार्थों की प्राप्ति होती है। धारण करने से संतति की प्राप्ति होती है। इसे धारण करने का मन्त्र **''ॐ ह्रीं नमः''** है।

(5) पंचमुखी रुद्राक्ष—पञ्चदेवों (विष्णु, शिव, गणेश, सूर्य और देवी) का स्वरूप है— **''पञ्चवक्त्रं तु रूद्राक्षं पञ्चब्रह्मस्वरूपकम्''** इसके धारण करने से नर हत्या के पाप से प्राणी मुक्त हो जाता है। यह रूद्राक्ष कालाग्नि रूद्र स्वरूप भी है और अभक्ष्य-भक्षण और आगम्य गमन पापों को दूर करता है। मोक्षप्रदायक होता है। पंचमुखी रूद्राक्ष को **''ॐ ह्रीं नमः''** इस मन्त्र से धारण करना चाहिए।

(6) छः मुखी रुद्राक्ष—साक्षात् स्वामी कार्तिकेय स्वरूप है और दक्षिणकर में धारणीय है तथा ब्रह्महत्याधि पापों को दूर करता है। इसके धारण करने से श्री एवं आरोग्य की प्राप्ति होती है। **''ॐ ह्रीं नमः''** मन्त्र से इसे धारण करना चाहिए।

(7) सप्तमुखी रुद्राक्ष—सप्तमुखी रूद्राक्ष अनङ्ग नाम वाला और साक्षात् कामदेव स्वरूप है। अत्यन्त भाग्यशाली और स्वर्ण चोरी के पाप को दूर करता है। **''ॐ हुं नमः''** यह धारण करने का मन्त्र है।

(8) अष्टमुखी रुद्राक्ष—यह रूद्राक्ष साक्षात् साक्षी विनायक देव है। इसके धारण करने से पञ्चपातकों का विनाश होता है। **''ॐ हुं नमः''** इस मन्त्र से धारण करने से परमपद की प्राप्ति होती है।

(9) नवमुखी रुद्राक्ष—भैरव तथा कपिल मुनि का प्रतीक माना गया है अथवा नौ रूप धारण करने वाली महेश्वरी दुर्गा उसकी अधिष्ठात्री देवी मानी गयी है। जो मनुष्य भक्तिपरायण हो अपने बायें हाथ व भुजा में नवमुखी रूद्राक्ष को करता है, उस पर नवशक्तियां प्रसन्न होती हैं तथा वह शिवजी के समान बली है। इसे **''ॐ ह्रीं हुं नमः''** मन्त्र से धारण करना चाहिए।

(10) दशमुखी रुद्राक्ष—साक्षात् भगवान जनार्दन है। इसके धारण करने से ग्रह, पिशाच, बेताल, ब्रह्मराक्षस और नागादि का भय दूर हो जाता है। **''ॐ ह्रीं नमः''** इन मन्त्र से धारण करने पर साधक की पूर्णायु होती है और वह शान्ति प्राप्त करता है।

(11) एकादशमुखी रूद्राक्ष—साक्षात् एकादश रूद्र स्वरूप है और शिखा पर धारण करने से पुण्यफल, सहस्त्रयज्ञों के फल के समान इसका फल है। एकादशमुखी रूद्राक्ष ''**ॐ ह्रीं हुं नमः**'' इस मन्त्र से धारण करना चाहिए। धारक साक्षात् रूद्ररूप होकर सर्वत्र विजयी होता है।

(12) द्वादश मुखी रूद्राक्ष—साक्षात् महाविष्णु का स्वरूप है। ''**ॐ क्रौं क्षौं रौं नमः**'' इस मन्त्र से धारण करके धारक साक्षात् विष्णु को ही धारण करता है। इसे कान में धारण करने से द्वादशआदित्य भी प्रसन्न होते हैं और अश्वमेघादि को प्राप्त होता है। इसे द्वादश आदित्य स्वरूप भी माना जाता है।

(13) तेरहमुखी रूद्राक्ष—तेरहमुखी रूद्राक्ष कामदेश स्वरूप है। समस्त कामनाओं की सिद्धि कराने में समर्थ तथा सभी प्रकार के भोगों की प्राप्ति होती है। ''**ॐ ह्रीं हुं नमः**'' इस मन्त्र से धारण करना चाहिए।

(14) चौदरहमुखी रूद्राक्ष—चतुर्दशमुखी रूद्राक्ष रूद्र की अक्षि से उत्पन्न हुआ, वह भगवान् का नेत्र स्वरूप है। ''**ॐ नमः**'' इस मन्त्र से धारण करने पर मनुष्य शिव रूप हो जाता है और सभी व्याधियों का हरण करके परमगति को पाता है।

रुद्राक्ष को धारण करने की सरल विधि—यदि किसी कारणवश रूद्राक्ष के विशेष रूद्राक्ष मन्त्रों से धारण न कर सके तो इस सरल विधि का प्रयोग करके धारण कर लें। रूद्राक्ष के मनकों को शुद्ध लाल धागे में माला तैयार करने के बाद पंचामृत (गंगाजल मिश्रित विशेष रूप से) और पंचगव्य को मिलाकर स्नान करवाना चाहिए और प्रतिष्ठा के समय ''**ॐ नमः शिवाय**'' इस पंचाक्षर मन्त्र को पढ़ना चाहिए। उसके पश्चात् पुनः गंगाजल में शुद्ध करके निम्नलिखित मन्त्र पढ़ते हुए चंदन, बिल्वपत्र, लालपुष्प, धूप, दीप द्वारा पूजन करके अभिमंत्रित करें—

''**ॐ तत्पुरूषाय विद्महे महादेवाय धीमहि तन्नो रूद्रः प्रचोदयात्॥**'' इससे अभिमंत्रित करके धारण करना चाहिए।

शिवपूजन, मन्त्र, जप, उपासना आरम्भ करने से पूर्व ऊपरलिखी विधि के अनुसार रूद्राक्ष माला को धारण करने एवं एक अन्य रूद्राक्ष की माला का पूजन करके जप करना चाहिए। इसके अतिरिक्त नीचे लिखी सावधानियों का भी ध्यान रखना चाहिए।

(1) जो रूद्राक्ष कीड़ों ने दूषित किया हो, जो टूटा-फूटा हो, जिसमें उभरे हुए दाने न हो, जो व्रणयुक्त हो तथा पूरा-पूरा गोल न हो, इन पांच प्रकार के रूद्राक्षों को धारण नहीं करना चाहिए।

(2) जो रूद्राक्ष छिद्र करते हुए फट गये हों और जो शुद्ध रूद्राक्ष जैसे न हो, उन्हें धारण न करें।

(3) धारण करने से पहले परीक्षण कर लें कि रूद्राक्ष असली है या नकली। नकली रूद्राक्ष पानी में तैरने लगेगा और असली रूद्राक्ष पानी में डूब जायेगा।

(4) जो रूद्राक्ष गोल, चिकना, मोटा, कांटेदार हो, उसे ही खरीदना चाहिए।

(5) एकमुखी रूद्राक्ष को किसी पीतल के बर्तन में रख दें। उसके ऊपर से 108 बिल्वपत्र लेकर चंदन से ''**ॐ नम शिवाय**'' मन्त्र लिखकर सबसे नीचे रूद्राक्ष रखकर रात्रि में रख दें। प्रातः रूद्राक्ष बिल्वपत्र के ऊपर विराजित होगा तो वह शुद्ध रूद्राक्ष होगा।

(6) एकमुखी रूद्राक्ष को ध्यानपूर्वक देखने पर त्रिशूल या नेत्र का निशान कहीं न कहीं अवश्य ही दिखाई देता है।

(7) रूद्राक्ष के दानों को तेज़ धूप में छः घण्टे तक रखने से अगर रूद्राक्ष चटकें (टूटे नहीं) तो असली माने जाते हैं।

(8) रूद्राक्ष धारण करने पर मद्य, मांस, लहसुन, प्याज, सहजन, लिसोडा और विड्वराह (ग्राम्यसूयकर) इन पदार्थों का परित्याग करना चाहिए।

(9) जप आदि कार्यों में छोटा रूद्राक्ष ही विशेष फलदायक होता है और बड़ा रूद्राक्ष रोगों पर विशेष फलदायी माना जाता है।

(10) रूद्राक्ष शिवलिंग से अथवा शिव प्रतिमा से स्पर्श कराकर धारण करना चाहिए।

(11) रूद्राक्ष धारण करने के उपरान्त सुबह-सायं भगवान् शंकर का पूजन और ''**ॐ नमः शिवाय**'' मन्त्र का जप अवश्य करना चाहिए।

रूद्राक्ष मन्त्रपूर्वक धारण करने से अनेक अनिष्टों के निवारक के साथ-साथ बहुत से क्लिष्ट रोगों में रामबाण औषधि के रूप में सहायक होता है। आध्यात्मिक क्षेत्र के साथ-साथ इसका (रूद्राक्ष) औषधि के रूप में प्रयोग का भी विशेष महत्त्व है। रोगनिवारण हेतु निम्नलिखित ढंग से रूद्राक्ष का प्रयोग करना चाहिए—

(1) एकमुखी रूद्राक्ष—धारण करने से स्त्री सम्बन्धी रोग, हृदय रोग, त्वचा रोग तथा उदर सम्बन्धी रोगों की शान्ति की शान्ति में सहायक होता है।

(2) द्विमुखी रूद्राक्ष—मस्तिष्क, गुर्दा, फेफड़े एवं पाचनक्रिया से सम्बन्धित रोग शान्ति के लिए द्विमुखी रूद्राक्ष धारण करना शुभ है।

(3) त्रिमुखी रूद्राक्ष—विशेषरूप से रक्तविकार, रक्तचाप, शक्तिक्षीणता और स्त्रीयों को मासिक धर्म सम्बन्धी रोगों के निवारण में लाभप्रद होता है।

(4) चतुर्मुखी रूद्राक्ष—को धारण करने से मानसिक रोग, पक्षाघात, पीत, ज्वर, दमा-श्वास, यौन विकार आदि रोगों में शान्ति के लिए शुभ है। मन्दबुद्धि बच्चों को तथा वाक शक्ति कमज़ोर हो, उनको अवश्य ही धारण करना चाहिए।

(5) पंचमुखी रूद्राक्ष—को धारण करने से मधुमेह, यौनव्याधियों, उच्चरक्तचाप, बालग्रह आदि रोगों की शान्ति होती है.

(6) छः मुखी रूद्राक्ष—नेत्र रोग, दृष्टि दोष, नपुंसकता, प्रदरादि रोगों के निवारण में विशेष लाभकारी है।

(7) सप्तमुखी रूद्राक्ष—दुर्बलता, लकवा, अस्थिदुर्बलता एवं अस्थिक्ष्मा तथा मिरगी आदि रोग होने पर धारण करना शुभ होता है।

(8) अष्टमुखी रूद्राक्ष—चमड़ी सम्बन्धी रोग, सर्पदंश का भय, शीघ्रपतन, नपुंसकता एवं ल्यूकोरिया आदि रोगों को शान्त करने में लाभकारी सिद्ध होता है।

(9) नवमुखी रूद्राक्ष—हिस्टीरिया, माहवारीदोष, मानसिक रोग, बच्चों में देर से चलना, देर से बोलना, आंखों में दृष्टि दोष, अपस्मार आदि के रोगी को धारण करने से लाभ होता है।

(10) दशमुखी रूद्राक्ष—धारण करने से दमा, गठिया, सायटिका, जलोदर, मन्दाग्नि एवं नेत्र दोष आदि शान्त हो जाते हैं।

(11) एकादशमुखी रुद्राक्ष—हृदयस्थ विकार, उच्चरक्तचाप, मधुमेह आदि के रोगियों को अवश्य धारण करना चाहिए।

(12) द्वादशमुखी रुद्राक्ष—कुष्टरोग, हैजा, अतिसार, पाण्डुरोग, रतौंधी, भगन्दर दोष आदि सभी प्रकार के दोषों की शान्ति में सहायक सिद्ध होता है।

(13) त्रयोदशमुखी रुद्राक्ष—को आयुर्वेद की संजीवनी की संज्ञा दी गई है। इसके साथ ही चतुर्दशमुखी रूद्राक्ष के धारण करने वाले प्राणी सभी प्रकार की महामारियों से सुरक्षित रहते हैं। अर्थात् यह रूद्राक्ष कवच का कार्य करते हैं। पाण्डुरोग (पीलिया), रक्तविकार और स्त्रीविकार और स्त्रीरोग में धारण करने से चमत्कारिक प्रभाव होता है।

इसके अतिरिक्त ऐसे दुर्लभ रूद्राक्ष भी पाए जाते हैं जिनके आश्चर्यजनक एवं चमत्कारिक प्रभाव मिलते हैं। रूद्राक्ष धारण करने के साथ-साथ अगर शिवपूजन, रूद्राक्ष की माला से "**ॐ नमः शिवाय**" का जप भी किया जाए तो अत्यन्त शुभ फल प्राप्त होते हैं।

भगवान् शिव की जटाओं में गङ्गा रहस्य

देव नदी गङ्गा का जल शारीरिक एवं मानसिक क्लेशों को दूर करने वाला है। गङ्गा वस्तुतः लोकमाता एवं विश्वपावनी है। गङ्गा के आश्रय से मानव भौतिक उन्नति ही नहीं, अपितु आध्यात्मिक पीयूष को भी ग्रहण करता है। इसके दर्शन, स्मरण, पान एवं स्नान से मनुष्य के समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं। भगवान् शंकर की जटाओं में चन्द्रमणियों की भान्ति सुशोभित होने वाली मां गङ्गा का सम्बन्ध ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों से माना गया है। वह पहले ब्रह्म जी के कम्मलु में समाई रहीं, फिर भगवान् विष्णु के चरणोदक रूप से प्रवाहित हुई और तदनन्तर महादेव जी की जटाओं में सुशोभित हुईं।

वाल्मीकि रामायण में गंगा को त्रिपथगा एवं त्रिपथगामिनी कहा गया है अर्थात् पहले यह आकाश मार्ग में गईं थीं, उसके बाद देवलोक में गईं, फिर जल रूप में भूतल पर पहुँची। भगवान् विष्णु के तीन पाद (पृथ्वी, अन्तरिक्ष और द्यूलोक) की भान्ति माँ गंगा का क्षेत्र भी तीन लोक हैं। वाल्मीकि रामायण के अनुसार गङ्गा की उत्पत्ति

हिमालय पत्नी मैना से बतायी गयी है। गङ्गा उमा से ज्येष्ठ थीं। पूर्वजों के उद्धार के लिए भागीरथ ने अत्यधिक कठोर तप किया। ब्रह्मा जी भागीरथ की तपस्या से प्रसन्न हो गये और वर मांगने के लिए कहा। भागीरथ ने अपने पूर्वज सागर-पुत्रों के उद्धार के लिए गंगावतरण का वर मांगा, जो उन्होंने सहर्ष प्रदान किया। गंगा जी का वेग सहन करने की शक्ति भगवान शिव के अतिरिक्त किसी में नहीं थी। गङ्गा को धारण करने के लिए भागीरथ ने अपने तप से भगवान शंकर को संतुष्ट किया। अन्त में प्रसन्न होकर भगवान शंकर ने जटा से गङ्गा धारा को छोड़ा। देवनदी गङ्गा भागीरथ के पीछे-पीछे कपिल मुनि के आश्रम तक पहुंची जहां भागीरथ के पूर्वज भस्म हुए थे। पावनमयी गंगा जल से स्पर्श करते ही शाप-ग्रस्त सगर पुत्रों की अस्थियों का उद्धार हो गया। इसके साथ ही भूलोक पर गंगावतरण से भूलोक वासियों का अनन्तकाल के लिए कल्याण हो गया। ऋषि भागीरथ जी के अथक प्रयासों एवं तप के फलस्वरूप ही गंगा का स्वर्ग से भूलोक पर अवतरण हुआ। इसी कारण उनका एक नाम भागीरथी भी है। इनका अवतरण वैशाख शुक्ल सप्तमी तिथि को माना जाता है।

भगवान् शिव के अङ्गभूत सर्प एवं नाग देवता

भगवान् शिव/शङ्कर के गले एवं अन्य अंगों में लिपटे सर्प तमोगुण के प्रतीक हैं। जैसे प्रकृति में सत्व, रज और तम- तीनों गुणों का मिश्रण रहता है, उसी भान्ति भगवान् शिव ने भी तीनों गुणों की प्रतीकात्मक वस्तुएँ धारण कर रखी हैं, परन्तु भगवान् स्वयं प्रकृति जन्य इन तीनों गुणों से **अप्रभावित एवं परे रहते हैं।** काल और अमृत (**मृत्यु एवं जीवन**) दोनों तत्त्व **भगवान शिव** के आधीन हैं। जीवनामृत के रूप में भगवान् शिव ने शिर पर पावन गङ्गा धारण की है तथा मृत्यु एवं काल के रूप में विषैले सर्पों को भी धारण कर रखा है। जैसे पिता अपने क्रोधी एवं क्रूर लड़कों को भी अपने साथ लिपटाए रखते हैं। ऐसे ही भगवान् शिव अपने विषैले, क्रूर एवं दुष्ट जीवों से भी घृणा नहीं करते हैं, बल्कि करूणा भाव रखते हुए गले में लिपटाए रखते हैं। शिव सब प्राणियों के दुःख-दर्द रूपी विषों को ग्रहण कर पी जाते हैं। इसी कारण वह **नीलकण्ठ** कहलाए।

योगशास्त्र में सर्पों को क्रिया शक्ति का प्रतीक भी माना गया है। ये ही शिव के आभूषण, श्री विष्णु की शय्या या कालान्तर में पृथ्वी को धारण करने वाले शेषनाग के रूप में चित्रित किए गए हैं। हठ योग तन्त्रानुसार शिव के गले में लिपटे सर्प शरीर में स्थित मूलाधार चक्र में **कुण्डलिनी शक्ति** के प्रतीक हैं, जो स्वयंभूत लिङ्ग के पास अपनी पूंछ को मुख में डालकर सुप्तावस्था में रहती है तथा वह ध्यानादि कठिन साधनों द्वारा मूलाधार चक्र से उठकर षट्चक्रों को वेंधती हुई सहस्त्रार में शिव स्वरूप से जा मिलती है। भगवान् विष्णु की शय्या भी नागराज अनन्त की बनी हुई है। भगवान् शंकर के अतिरिक्त श्रीगणेश भी सित सर्प विभूषित हैं—(सत सर्प विभूषिताय) भगवान् सूर्य के रथ में बारहों मास नाग बदल-बदल कर उनके रथ का वहन करते हैं—ऐसा पुराणों में वर्णन मिलता है। विभिन्न देवताओं ने भी सर्प नाग रूपों को धारण कर रखा है, जिससे वे देव रूप हैं, ऐसी मान्यताएं अनेक शास्त्रों में वर्णित मिलती हैं। सर्प-नाग वायु पान करते हैं। काश्मीर, बिहार, बंगाल, आसाम आदि प्रदेशों में नागादि देवताओं की आज भी बड़ी प्रतिष्ठा की जाती है। अनन्त, वासुकि, शेष पद्नाभं, तक्षक, कंबल, शंखपाल, धृतराष्ट्र और कालिए आदि नव नाग देवता हैं। नित्य प्रातः सायं स्मरणीय माने जाते हैं। नित्यप्रति इनका उच्चारण करने से **मनुष्य को नाग विष का भय नहीं रहता** और सर्वत्र विजय होती है—

नवनाग स्तोत्रम् : **अनन्तं वासुकिं शेषं, पद्नाभं च कम्बलम्।**
शङ्खपालं धृतराष्ट्रं, तक्षकं कालियं तथा॥१॥
एतानि नवनामानि, नागानां च महात्मनाम्।
सायंकाले पठेन्नित्यं, प्रातःकाले विशेषतः॥२॥
तस्मै विषभयं नास्ति, सर्वत्र विजयी भवेत्॥३॥

अर्थात्-अनन्त, वासुकि, शेषनाग, पद्मनाभ, कम्बल, शंखपाल, धृतराष्ट्र, तक्षक और कालिय। ये महान् आत्मा वाले नौ नागों के नाम हैं जो लोग नित्य ही सायंकाल और विशेष रूप से प्रातःकाल इन नामों का उच्चारण करते है, उन्हें सर्प और विष से कोई भय नहीं रहता तथा उनकी सब जगह विजयी होती है अर्थात् सफलता मिलती है॥१-३॥ (यह स्तोत्र **कालसर्प दोष निवारण** हेतु भी जपनीय है)

नाग गायत्री मन्त्रः, **ॐ नव कुलाय विद्महे, विष दन्ताय धीमहि। तन्नो सर्पः प्रचोदयात्॥** इसके साथ ही शिवलिंग पर चांदी का सर्प युगल-नाग स्तोत्र एवं नाग पूजादि करके चढ़ाना विशेष फलप्रद होता है।

प्रत्येक शनिवार को एक नारियल लें। उस पर मौली लपेटें, काले तिल व सरसों के तेल का तिलक लगावें। इसको सात बार जातक के सिर पर घुमायें। घुमाते समय '**ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः**' का सात बार उच्चारण करें तथा शीघ्र से शीघ्र उसे चलते पानी में बहा दें। कालसर्प दोष निवारण हेतु उत्तम उपाय है।

✦डमरू और मन्त्रशास्त्र✦

भगवान् शिव के द्वारा धारण किए गए डमरू, त्रिशूल, सर्पादि आभूषण प्रतीकात्मक रहस्यों की अभिव्यक्ति करते हैं। भगवान् शिव के बाएँ हाथ में प्रायः डमरू दर्शाया जाता है। डमरू के चौदह नादों से ही मूल चौदह माहेश्वर अर्थात् (१४) **शिव सूत्रों** का प्राकट्य हुआ। इन मूल शिव सूत्रों के आधार पर ही पाणिनि मुनि द्वारा व्याकरण शास्त्र की रचना की गई। इस सम्बन्ध में पुराणों में यह आख्यान प्रसिद्धि है कि एक समय भगवान् शंकर आनन्दमय होकर नृत्य कर रहे थे और डमरू बजाते हुए वे ताण्डव नृत्य में समाधिस्थ हो गए। उस समय उनके डमरू की **नाद-ध्वनि** से अ इ उ ण, ऋ लृ क्, ए ओ ङ, ओ च् .... इत्यादि चौदह शिव सूत्रों का प्रस्फुटन हुआ। इसी स्फोट से शब्दों के अर्थ का ज्ञान सुस्पष्ट हुआ— **स्फुटति अर्थ यस्मात् स स्फोटः॥**

इन्हीं माहेश्वर (शिव) सूत्रों के आधार पर ऋषि पाणिनि ने व्याकरण शास्त्र (अष्टाध्यायी) की रचना की, जो आगे चलकर समस्त वाङ्गमय संस्कृत साहित्य के विस्तार का आधार बना। इन्हीं सूत्रों के आधार पर दिव्य मन्त्र शास्त्र का अविर्भाव हुआ। '**अ**'- आदि निर्गुण ब्रह्म का वाचक है और '**उ**' सगुण ब्रह्म का। '**इ**' चित्त-शक्ति की बोधक है। जब **अ** (अर्थात् निर्गुण ब्रह्म) '**इ**' (माया रूपी चिद्शक्ति) के साथ सम्पर्क में आता है, तो वह '**उ**' अर्थात् सगुण ब्रह्म हो जाता है। शिवसूत्र अक्षर ब्रह्म के स्वरूप ओ३म् को भी प्रतिध्वनित करते हैं। योग साधना अनुसार **डमरू, शंख** आदि के नाद भीतरी अनाहत नाद को भी प्रतिध्वनित करते हैं।

अधिक एवं विस्तृत जानकारी के लिए भक्तिप्रदायन मनुष्यों को '**शिव-मन्त्रावली**' पुस्तक का अवश्य अध्ययन करना चाहिए।

● जल आदि चार स्तम्भों का फल-संवत् २०६६ ●

(१) जल स्तम्भ—चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र का सम्पर्क 63.4% प्रतिशत हुआ है। फलस्वरूप आगामी वर्ष कुछ राज्यों में मध्यम से कुछ अधिक स्तर पर वर्षा होगी। गतवर्ष की भान्ति बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, असम, हि.प्र., पंजाब आदि राज्यों में समुचित वर्षा होगी। परन्तु कुछ राज्यों में खण्ड वर्षा से फसलों को हानि होगी। चावल, गन्ना, रूई का उत्पादन अच्छा हो। कहीं बाढ़ से क्षति, तो कहीं पेयजल सम्बन्धी समस्याओं एवं अनाज की कमी के कारण संकट तथा महँगाई दर में विशेष वृद्धि होगी।

(२) तृण स्तम्भ—वैशाख शुक्ल प्रतिपदा को भरणी नक्षत्र का सम्पर्क 80% प्रतिशत है। फलस्वरूप घास, तृण, बांस, जड़ी-बूटियों, पौधों एवं वनस्पतियों की फसल पहले से ओर बढ़ेगी। पशुचारा, घास एवं धान्यादि की फसल भी जल स्तम्भ की सहायता से अच्छी होगी। आयुर्वेदिक दवाईयों के दाम विशेष नहीं बढ़ेंगे।

(३) वायु स्तम्भ—ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा को मृगशिर नक्षत्र के सम्पर्क का अभाव है। वायु-स्तम्भ का बिल्कुल अभाव होना चिन्ताजनक परिस्थितियां उत्पन्न करेगा। कुछ क्षेत्रों में अपूर्व वायु-वेग, भूकम्प आदि से व्यापक हानि तथा कुछ क्षेत्रों में गर्मी, आर्द्रता बढ़ेगी। मेघों का संचालन अव्यवस्थित होने से कहीं व्यापक वर्षा, तो कहीं कम वर्षा से कुछ क्षेत्र सूखाग्रस्त भी रहेंगे।

(४) अन्न स्तम्भ—आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा को पुनर्वसु नक्षत्र का सम्पर्क मात्र 2% प्रतिशत है। गेहूँ, चने, मक्की, दालवाना, मूँग, मोंठ की फसल ठीक नहीं रहेगी। व्यापारी लोग कम पैदावार का अनुमान लगाकर तेज़ी का व्यापार करेंगे, जिससे महँगाई ओर बढ़ेगी। सरकार को विशेष अन्न नीति बनानी पड़ेगी।

ऊपर लिखित चार स्तम्भ किसी भी देश की आर्थिक स्थिति को समझने एवं मापने में विशेष महत्त्व रखते हैं। क्योंकि अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से इन चार स्तम्भों पर ही निर्भर रहती है।

≈ वर्षादि के विश्वामान ≈

वर्षादि विश्वा का कुल मान २० विश्वे होते हैं। जिस पदार्थ (विषय) के विश्वा १ से २० अंकों के मध्य जितने अधिक (२० अथवा उसके समीपस्थ) होंगे, उस वस्तु के उत्पादन की मात्रा उतनी अधिक होगी। जैसे आगे सं. २०६६ में धान्य के विश्वे ११ लिखे हैं, इसका तात्पर्य यह हुआ कि आगामी वर्ष धान्य का उत्पादन मध्यमस्तरीय होगा।

वर्षा १३, धान्य ११, तृण १५, शीत १५, तेज ११, वायु १३, वृद्धि १५, क्षय १५, विग्रह ५, क्षुधा ९, तृषा ७, निद्रा ३, आलस्य १३, उद्यम ५, शान्ति १५, क्रोध १३, दंभ ५, लोभ ३, मैथुन १५, रस ९, फल १३, उत्साह ९, उग्रता ९, पाप ७, पुण्य ११, व्याधि ९, व्याधिनाश ५, आचार ३, अनाचार ७, मृत्यु ३, जन्म ११, देश उपद्रव १७, देश-स्वास्थ्य ५, चोरभय ११, चोरनाश ३, अग्नि १७, अग्निशान्त ३, उद्भिज ७, जरायुज ३, अंडज १३, स्वेदज ९, टिड्डी १९, तोता ११, मूषक १५, सोना ११, तांबा ९, स्वचक्र ७, परचक्र ९, वृष्टि ११, अनावृष्टि १९॥

≈ गुर्रा फल विचार (सन् 2009-10 ई.) ≈

इस्लामी नववर्ष कुण्डली (सन् 2009 ई.)

गत् संवत् २०६५ वि. में पौष शुक्ल तृतीया, मंगलवार तदनुसार 30 दिसम्बर, सन् 2008 ई. को 1 मुहर्रम (यकम) को हिजरी सन् 1430 प्रारम्भ हुआ था। मंगलवार को **हिजरी सन् का प्रारम्भ होने से सन् 2009 ई. में वर्ष का बादशाह मंगल (मरीख) होगा।** 1 मुहर्रम से एक दिन पूर्व चन्द्रदर्शन वाले दिन 29 दिसंबर, सन् 2008 ई., को सूर्यास्त के समय 17 घं. 31 मिं. पर मिथुन लग्न में मुस्लिम मतानुसार नववर्ष का उदय होगा। मिथुन लग्न राशि पर मंगल की विशेष अशुभ दृष्टि पड़ रही है।

सन् 2009 ई. के प्रारम्भ से ही मुस्लिम देशों में अग्निकाण्ड, उपद्रव, हिंसक एवं विस्फोटक घटनाएं अधिक होंगी। कहीं अप्रत्याशित रूप से सत्ता-परिवर्तन के भी योग हैं। गर्मी, खुश्की व त्वचा के रोग अधिक होंगे। गुरु-शनि के मध्य षडाष्टक योग होने से पाक, अफ़गानिस्तान आदि बहु-मुस्लिम राष्ट्रों में सत्तारूढ़ सरकारों को जबरदस्त राजनैतिक, सामाजिक एवं आर्थिक चुनौतियों का सामना रहेगा। महंगाई, मुद्रा-स्फीति, आदि में वृद्धि तथा आतंकवादी घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि होगी।

इस्लामी नववर्ष कुण्डली (सन् 2009-10 ई.)

संवत् २०६६ वि. में पौष शुक्ल तृतीया तद्नुसार 19 दिसंबर, सन् 2009 ई., शनिवार को 1 मुहर्रम (यकम) को हिजरी सन् 1431 प्रारम्भ होगा। शनिवार को हिजरी सन् का प्रारम्भ होने से 19 दिसं., 09 से दिसं., 10 ई. तक वर्ष का बादशाह शनि होगा। गुरु-शनि के मध्य नवपंचम तथा मंग.-गु. के मध्य समसप्तक योग बना हुआ है। ग्रहस्थिति अनुसार पाकिस्तान, अफ़गानिस्तान, ईराक, इरान, सूडान आदि मुस्लिम बाहुल्य देशों में अत्यन्त गम्भीर राजनैतिक, आर्थिक एवं सामाजिक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। पाक, ईराक, अफ़गानिस्तान आदि कुछ कट्टरपंथी देशों में अनेक स्थलों पर विस्फोटक घटनाएँ घटित होंगी। अमरीकी दबाव एवं आक्रामक रुख के चलते पाकिस्तान की गठबन्धन सरकार को विशेष सुधारात्मक पग उठाने पड़ेंगे तथा भारत के साथ वार्ता का दौर भी नए स्तर से प्रारम्भ होगा। दोनों देशों के मध्य नवीन समझौते तथा घोषणाएँ होंगी ; विशेषकर काश्मीर को लेकर। किसी मुस्लिम राष्ट्र के प्रधान नेता के लिए विशेष संकट भरी स्थिति बन सकती है।

◆ वि. संवत् 2066 में लाभ-हानि चक्र ◆

(विंशोत्तरी मतानुसारेण)

आगामी वर्ष में आपको जिस राशि का लाभ-हानि का विवरण ज्ञात करना हो, तो आप निम्नलिखित चक्र में अपनी राशि के नीचे लिखे लाभ-हानि के अंकों को जमा कर दें, फिर कुल जमा जोड़ में से 1 कम करके जोड़ को 8 से भाग दे देवें। भाग करने के पश्चात् यदि 1 बचे तो आगामी वर्ष में धन लाभ अच्छा रहेगा। मनोवांछित योजनाएं सफल होंगी। मनोरंजक कार्यों की ओर रूचि बढ़ेगी। यदि शेष 2 बचे तो, धन लाभ मध्यम पर शुभ कार्यों पर खर्च अधिक होगा। यदि शेष 3 बचें तो लाभ कम, खर्च (अपव्यय) अधिक रहेगा। व्यर्थ भाग-दौड़ अधिक रहेगी और घरेलू उलझनें बढ़ेंगी। यदि शेष 4 बचें तो, मानसिक तनाव, शरीर कष्ट और रोगादि पर खचे हो, आर्थिक समस्याएं उत्पन्न हों। यदि शेष 5 बचें तो लाभ कम तथा फिजूलखर्ची अधिक रहेगी। बनते कार्यों में विघ्न पड़ेगा। यदि शेष 6 बचें तो, भाग्योन्नति और धन लाभ के मार्ग प्रशस्त होंगे। कोई बिगड़ा कार्य बनेगा। यदि शेष 7 बचें तो, व्यापार, लॉटरी, सट्टे आदि द्वारा अकस्मात् धन लाभ होगा। ज़मीन-जायदाद आदि कार्यों पर खर्च भी रहेंगे। आय के साधनों में भी वृद्धि होगी। यदि 8 अर्थात् 0 बचे, तो उस वर्ष लाभ कम व खर्च अधिक रहेगा, मानसिक परेशानियाँ भी बढ़ने के संकेत हैं।

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
लाभ	११	५	११	५	८	११	५	११	८	२	२	८
हानि	५	१४	११	८	५	११	१४	५	११	१४	१४	११

● सूर्य आर्द्रा प्रवेश फल—संवत् २०६६ ●

आर्द्रा प्रवेश कुण्डली
21-06-2009 ई.

३ सू.
मं. १ शु.
४ के.
२ चं. बु.
१२
५ श.
११ गु.
६
८
१० रा.
७
९

वि. संवत् २०६६ में सूर्यदेव आषाढ़ कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी तिथि, रविवार तदनुसार 21 जून, 2009 ई. को मृगशिर नक्षत्र, गंड योग एवं वृष राशिस्थ चन्द्रकालीन रात्रि 27 घं. 51 मिं. (22 जून की प्रातः 03 घं. 51 मिं.) पर वृष लग्न कालीन आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करेंगे।

सूर्यदेव का आर्द्रा प्रवेश पृथ्वी तत्त्व प्रधान लग्न एवं राशि (वृष) में हुआ है। लग्नेश तथा जल तत्त्व प्रधान ग्रह शुक्र द्वादश (व्यय) भाव में मंगल के साथ है। लगभग सभी ग्रह अग्नि एवं वायु तत्त्व प्रधान राशियों में विराजमान हैं। जल स्तम्भ भी मध्यम से कुछ अधिक 63% है। फलस्वरूप सम्पूर्ण देश में खण्ड वर्षा के ही योग हैं। कहीं अत्यधिक वर्षा से बाढ़, आँधी से जन, धन एवं कृषि को हानि तथा कई भागों में अनुकूल एवं उपयोगी वर्षा की कमी के कारण कृषि उत्पादन कम होगा। सूर्य का आर्द्रा प्रवेश चतुर्दशी तिथि में होने से सम्पूर्ण धान्य, वस्त्र तथा अन्य दैनिक उपयोगी वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि होगी।

यथा—समस्त धान्यवासांसि महर्घाणि भवतिहि॥

आर्द्रा प्रवेश मृगशिर नक्षत्र में होने के कारण धान्य, अनाज, वस्त्र, घी, रूई महँगे होंगे। महँगाई में अचानक बहुत वृद्धि होगी।

यथा—यदि रौद्रं प्रविष्टोर्कोमृगांके मृगगेसति। धान्यां बरघृतादीनां प्राबल्यं तर्हिजायते।

आर्द्रा प्रवेश आधी रात से पर भाग में होने से प्रजा में दुःख एवं परेशानियां फैले। **दुःखमतोऽपरत्रा।** परन्तु वृद्धि नामक योग में सूर्य का आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश होने से निकट भविष्य में जनसंख्या में विशेष वृद्धि हो और यज्ञ, हवन आदि शुभ कर्म होंगे।

तरणिर्यदि रौद्रर्क्षं प्रविशेद् वृद्धि योगके।
पुत्रपौत्राभिवृद्धिः स्यात्तर्हि यज्ञादि कर्मच॥

✪ आर्षमान द्वारा रक्षा फल विचार ✪

आर्षमान को वर्ष में राष्ट्र की रक्षा के चार दुर्गों (किले) एवं समृद्धि का प्रतीक माना जाता है—

(१) प्रथम आर्ष—गतवर्ष की पौष अमावस्या को मूल नक्षत्र के स्पर्श से माना जाता है। मूल नक्षत्र का स्पर्श लगभग 92 प्रतिशत है।

(२) द्वितीय आर्ष—वैशाख शुक्ल तृतीया को रोहिणी नक्षत्र 75% है।

(३) तृतीया आर्ष—श्रावण पूर्णिमा को श्रवण नक्षत्र 74 प्रतिशत है।

(४) चतुर्थ आर्ष—कार्तिक पूर्णिमा को कृतिका नक्षत्र का अभाव है।

इस वर्ष रक्षा के तीन दुर्ग बली तथा एक दुर्ग बिल्कुल शुन्य है। फलस्वरूप अन्तर्राष्ट्रीय सन्धियों, परमाणु ऊर्जा तथा अन्य ऊर्जा एवं सुरक्षा के क्षेत्र में भारत उल्लेखनीय प्रगति करेगा। परन्तु सीमावर्ती क्षेत्रों में घुसपैठ तथा आतंकवादी घटनाओं, आन्तरिक सुरक्षा के क्षेत्र में देश की सुरक्षा ऐजन्सीयों को विशेष प्रयास करने की आवश्यकता रहेगी।

ग्रहों के आधार पर आगामी वर्ष की प्रमुख भविष्यवाणियाँ संवत् २०६६ (सन् 2009-10 ई.)

- नया 'शुभकृत' नामक सम्वत् होने से सम्पन्न लोग अधिकांशतः क्रय-विक्रय के कार्यों, प्रदर्शनों व उत्सवों में संलग्न रहेंगे। भारत के राजनैतिक पटल पर विशेष उतार-चढ़ाव होंगे। विभिन्न राजनेताओं और राजनीतिक पार्टियों में परस्पर टकराव, विरोध तथा कहीं नए गठबन्धन बनेंगे।
- राजा शुक्र तथा मन्त्री चन्द्रमा होने से लोग ऐश्वर्य-परस्ती, धन और समय का अधिक अपव्यय करेंगे। राजनीति एवं समाज के हर क्षेत्र में स्त्रियों का प्रभाव एवं वर्चस्व बढ़ेगा। कन्या सन्तति की सँख्या अधिक बढ़ेगी।
- रसेश शनि होने से घी, तेल, अनाजादि तथा पेयजल में कमी हो। सामान्य जनपयोगी वस्तुओं के मूल्यों में ज़बरदस्त तेज़ी होने से लोगों में गहरा आक्रोश एवं असन्तोष व्याप्त होगा। भारत सहित दक्षिण एशिया के देशों में अग्निकाण्ड, हिंसक एवं विस्फोटक घटनाएँ तथा भूकम्प, भूस्खलन-बाढ़ादि प्राकृतिक प्रकोपों का भय रहे।
- अत्यधिक महँगाई, भ्रष्टाचार, बेरोज़गारी, पेयजल एवं विद्युत् संकट और राज्यों में खाद्यान्न व आवश्यक वस्तुओं में कमी होने की ज्वलन्त समस्याओं का सामना रहेगा। सम्भावित चुनावों में महँगाई एवं भ्रष्टाचार मुख्य मुद्दे रहेंगे।
- आगामी लोकसभा चुनावों का परिणाम 'त्रिशंकु लोकसभा' के रूप में ही सामने आएगा। प्रान्तीय एवं छोटे दलों का सहयोग लोकसभा चुनावों में निर्णायक सिद्ध होगा। उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, दिल्ली, उत्तराखण्ड, गुजरात में भाजपा को गत चुनावों की अपेक्षा अधिक सीटें प्राप्त होंगी, परन्तु कुछ अन्य राज्यों में निराशा का सामना करना पड़ेगा।
- प्रधानमन्त्री डा० मनमोहन सिंह की मान-प्रतिष्ठा एवं प्रभुत्व में अन्तर्राष्ट्रीय एवं विश्वस्तरीय तौर पर वृद्धि होगी। परन्तु परमाणु करार समझौते एवं उससे होने वाले लाभ को साधारण जनता तक नहीं पहुँचाया जा सकेगा। जिसका परिणाम कांग्रेस पार्टी को आगामी लोकसभा चुनावों में देखने को मिलेगा। परन्तु कांग्रेस की राजस्थान, मध्य प्रदेश, मिज़ोरम, हरियाणा में स्थिति सुदृढ़ होगी।
- 9 सितम्बर से शनि कन्या राशि में आने से महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, उड़ीसा आदि में आकस्मिक बाढ़, भूस्खलन, प्राकृतिक प्रकोपों के कारण जन, कृषि व धन हानि के संकेत हैं। कश्मीर, असम आदि प्रदेशों में विदेशी घुसपैठ एवं आतंकवादी विस्फोटों के कारण दुर्भाग्यशाली हिंसक एवं विस्फोटक दुर्घटनाओं का भय रहेगा। आतंकवादियों के बढ़ते कदम और गगन चुम्बी महँगाई देश के समक्ष प्रमुख मुद्दे बने रहेंगे॥
- 17 अक्तूबर को खप्पर योग के प्रभावस्वरूप दूध, घी, अन्नाजादि खाद्य वस्तुओं में गगनचुम्बी महँगाई, राजनैतिक अस्थिरता, हिंसा व तोड़फोड़ की घटनाएँ घटित होंगी।

अप्रत्यक्षाणि शास्त्राणि विवादस्तत्र केवलम्।
प्रत्यक्षं ज्योतिषं चन्द्रार्कौ यत्र साक्षिणौ॥

अनादिकाल से मानव अज्ञात एवं अगोचर को जानने के लिए संवेदनशील एवं जिज्ञासु रहा है। उसकी इसी जिज्ञासा प्रवृत्ति के कारण चिन्तनशील प्रबुद्ध मनुष्यों ने अपने परिवेश से सहस्रों मील दूर संचरणशील ग्रह, नक्षत्र एवं ताराओं के स्वरूप एवं उनके पारस्परिक प्रभावों का गहन निरीक्षण, अध्ययन एवं चिन्तन करना प्रारम्भ कर दिया था।

मानव कल्याण की भावना को ध्यान में रखते हुए एवं मानव जीवन को स्वस्थ, सुव्यवस्थित एवं नियमित रूप प्रदान करने के लिए ही हमारे प्राचीन ऋषियों ने अध्यात्म एवं वैदिक ज्ञान, दर्शनशास्त्र, संगीत, आयुर्वेद, ज्योतिष आदि शास्त्रों का प्रणयन किया। ज्योतिष शास्त्र का एक अन्य नाम ज्योतिःशास्त्र भी आता है, जिसका अर्थ प्रकाश देने वाला अथवा प्रकाश के सम्बन्ध में ज्ञान करवाने वाला शास्त्र होता है--अर्थात् जिस शास्त्र से संसार का मर्म, जीवन-मृत्यु का रहस्य और जीवन के सुख-दुख के सम्बन्ध में प्रकाश मिले, वह ज्योतिषशास्त्र है। ज्योतिष शास्त्र मानव जीवन के भूत, भविष्य एवं वर्तमान काल की साकार कहानी है। मनुष्य के संचित, प्रारब्ध एवं क्रियमाण (वर्तमान) कर्मों एवं उनके शुभाशुभत्व का ज्ञान ज्योतिष शास्त्र के द्वारा ही सम्भव है। मनुष्य के भूत-भविष्य सम्बन्धी शुभाशुभ घटनाएं, सुख-दुःख, सफलता-असफलता, लाभ-हानि, मान-अपमान, भाग्योदय के कालादि का ज्ञान भी इसी शास्त्र द्वारा किया जा सकता है। जातक के जन्म समय सौर-मण्डल एवं जन्मकुण्डली में जिस प्रकार के ग्रहों की स्थिति होती है, उसी के अनुसार मनुष्य (जीव) का बाह्य एवं अभ्यान्तरिक जीवन प्रभावित होता रहता है--
ग्रहाधीनं जगत्सर्वम् ग्रहाधीना नरावराः। सृष्टि रक्षण-संहाराः सर्वे चापि ग्रहानुगाः। (बृह.)

ईश्वर की अपार कृपा से उत्तरी भारत के सर्वाधिक प्रतिष्ठित एवं सर्वप्राचीन प्रकाशन **''पंचांगदिवाकर'', 'मुफीद आलम जन्त्री'** (उर्दू—हिन्दी—पंजाबी) **एवं तिथ पत्रिका** (पंजाबी भाषा) को प्रकाशित होते हुए प्रस्तुत संवत् २०६६ (2009-10 ई.) में **गौरवशाली 134 वर्ष** हो जाएंगें। इस पंचांग समूह के प्रवर्त्तक एवं संस्थापक हमारे पूज्य पितामह विश्व विख्यात **मशहूर आलम पण्डित देवीदयालु जी** (लाहौर) से लेकर आज तक की दीर्घावधि में हमारे प्रकाशनों को जो राष्ट्रीय एवं विश्वव्यापी स्तर पर ख्याति एवं प्रशंसा प्राप्त हुई— वह सुविज्ञ पाठकगणों से छिपी नहीं है। उत्तरी भारत में शताब्दि से भी अधिक वर्षों पर्यन्त ज्योतिष के क्षेत्र में **हमारी पंचांग, जन्त्री** एवं अन्य प्रकाशनों का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। हमारे प्रकाशनों की निरन्तर अग्रसर ख्याति को देखकर कुछ दुष्ट प्रकृति के धन लोलुप एवं लालची प्रकाशक हमारे टाईटल से मिलता-जुलता टाईटल व नाम रखकर विषय-सामग्री को तोड़-मरोड़ कर छापते हैं। इस प्रकार लोगों को गुमराह व धोखा देने की कुचेष्टा करते रहे हैं। सुविज्ञ पाठकों को सूचित किया जाता है कि वह असली व प्रामाणिक **पंचांगदिवाकर, तिथ पत्रिका, मुफीद आलम जन्त्री तथा हमारी नव प्रकाशित 'अर्द्धशताब्दि पंचांग'** (संवत् २००१ से २०६० तक) खरीदते समय प्रथम पृष्ठ पर गणितकर्त्ता पं. पन्ना लाल ज्योतिषी एम. ए., पं. विवेक शर्मा (एम.ए.एल.एल.बी.) व पंकज शर्मा (एम.कॉम.), जालन्धर के नाम अवश्य देख लिया करें।

≈गतर्षीय पंचांगदिवाकर में चामत्कारिक भविष्यवाणियां≈

ईश्वर की कृपा से हमारी गतवर्षों की पंचांगों एवं जन्त्रियों से उल्लिखित **अनेकश: भविष्यवाणियां** ठीक निकलती आ रही हैं। **उदाहरणस्वरूप** जैसे—भारत का स्वतन्त्र होना (सं. 1947 ई.), बंगलादेश के रूप में पाकिस्तान का विभाजन, कांग्रेस (ई) की पराजय, पुन: सत्ता में आना, ईरान-ईराक युद्ध (२०३९), पूर्व प्रधानमन्त्री इन्दिरा गांधी की आकस्मिक मृत्यु (संवत् २०४१), पूर्व प्रधानमन्त्री राजीव गांधी की आकस्मिक मृत्यु (संवत् २०४८), सन् १९९८ में मोर्चा सरकार (गुजराल सरकार) का पतन (२०५५) तथा लोकसभा चुनावों में भाजपा का सफल होकर सत्तारूढ़ होना आदि आगे संवत् २०५७ से २०६५ तक की कुछ प्रमुख भविष्यवाणियां ही उद्धृत हैं, जो ईश्वर कृपावश चामत्कारिक रूप से सत्य एवं सही निकली हैं। **उदाहरणार्थ—**

संवत् २०५७ के पंचांग में—पाकिस्तान में शरीफ सरकार का तख्ता पलट तथा आपात् स्थिति का लगना एवं शासन परिवर्तन, छत्रभंग, उपद्रव, राजनीतिक टकराव व हिंसक घटनाएं होना (पृष्ठ 51 —कालम I व II)

सं. २०५८ के पंचांगदिवाकर पृष्ठ 56 (कालम II) पर जगत लग्न में कालसर्प योग के कारण मिथुन व धनु राशि वाले देशों में विस्फोटक घटनाएं घटित होंगी जैसा कि **अमरीका में दुखद त्रासदी घटी। २०५९ में** पृष्ठ ५६ (कालम I) में पढ़ें—''अफ़गानिस्तान में नया राजनैतिकग्रुप उभर कर सामने आएगा तथा तालिबान अमरीकी युद्ध शक्ति के सामने अधिक देर तक टिक नहीं पाएँगे।'' पृष्ठ 60 (का. I) पर पंजाब के शीर्षक के अन्तर्गत स्पष्ट पढ़ें—''आगामी विधानसभा चुनावों में सत्तारूढ़ बादल सरकार को काफ़ी कम सीटें तथा कांग्रेस पार्टी का मुख्य पार्टी के रूप में उभरकर आना।'' अमेरिका व ईराक युद्ध होना पृष्ठ 58.

संवत् २०६० में **ईराक में सत्ता परिवर्तन** के योग के बारे में स्पष्टत: पढ़ें पृष्ठ 63.।

सम्वत् २०६१ की पंचांगदिवाकर में स्पष्टत: पढ़ें—**आगामी लोकसभा चुनावों में श्रीमती सोनिया गाँधी तथा कांग्रेस पार्टी भाजपा की अपेक्षा अधिक सीटों पर कामयाब होकर निकलेगी।** पृष्ठ 67 कालम I, राजस्थान के संदर्भ में पृष्ठ 68 पर पढ़ें। चुनावों में कांग्रेस को हार का सामना रहेगा।

संवत् २०६२ (2005-06) की पंचांग में ''पाकिस्तान और भारत के मध्य दोस्ती और शान्तिवार्ताओं के नए आयाम जुड़ना (पृष्ठ 56 का. II, पृष्ठ 60-I) **हरियाणा** की प्रान्तीय चौटाला सरकार के वर्चस्व को गहरी ठेस पहुँचना (पृष्ठ 59 का. II) ''हरियाणा, महाराष्ट्र, बिहार आदि प्रदेशों में नेतृत्व परिवर्तन के योग''—अस्थिरता के बावजूद मनमोहन सरकार का अस्तित्व 2007 तक अवश्य बना रहेगा—पृष्ठ 60 का. I)

संवत् २०६३ (2006-07) की पंचांग में मुस्लिम राष्ट्रों के कारण डीज़ल-पैट्रोल के मूल्यों में अत्यधिक तेज़ी के कारण मुद्रा-स्फीति दर में वृद्धि होगी। (पृष्ठ 53), पंजाब, बिहार में नेतृत्व परिवर्तन की प्रबल संभावना (पृष्ठ 53) **7 फरवरी, 2007 ई. तक यू. पी. ए. सरकार के वर्चस्व को कोई खतरा नहीं** (पृष्ठ 53) 24 मई से 12 जुलाई के मध्य मंगल-शनि योग के कारण काश्मीर, महाराष्ट्र, उ. प्र. आदि प्रदेशों में उपद्रव, हिंसा एवं विस्फोटक घटनाएं घटित होने के योग हैं (जैसा कि मुम्बई में 11 जुलाई को भयानक बम विस्फोट हुए) पृ. 58 का. I)

संवत् २०६४ (2007-08 ई.) के (पृष्ठ 59 का. II) में आप स्पष्ट पढ़ सकते हैं— 'पाकिस्तान के अन्दरूनी हालात अत्यन्त विक्षुब्ध रहेंगे। 29 जुला. से 15 सितम्बर तक की अवधि पाक सरकार के लिए चुनौतीपूर्ण व अग्निपरीक्षा के होंगे।' जैसा कि मुशर्रफ सरकार को प्रधान न्यायाधीश व नवाज़ शरीफ के विरोध का सामना करना पड़ा।

संवत् २०६४ में पृष्ठ 56 पर मुख्य बाक्स की अन्तिम पंक्ति पर स्पष्टत: पढ़ें— ''उत्तरप्रदेश, उत्तराखण्ड, पंजाब आदि प्रदेशों में नेतृत्व परिवर्तन के योग होंगे।'' नतीजे आपके सामने थे। पृष्ठ 63 कालम II उ.प्र. शीर्षक के अन्तर्गत स्पष्ट पढ़ें—''नेतृत्व परिवर्तन के प्रबल योग हैं।'' जैसा कि समाजवादी पार्टी के साथ हुआ।

गतवर्ष संवत् २०६५ (2008-09) के पृष्ठ 59 पर मुख्य बाक्स में आप स्पष्टत: पढ़ें—''**यू.पी.ए. के घटक दलों में आपसी समन्वय का अभाव रहेगा तथा परमाणु करार मुद्दे पर लेफ्ट व कांग्रेस के सम्बन्ध विच्छेद किसी भी समय सम्भव जैसाकि 20 जुलाई, 2008 ई. को लेफ्ट सरकार से अलग हो गई।** इसी 59 पृष्ठ पर स्पष्ट पढ़ें— '**गुजरात में अनेक आन्तरिक एवं कांग्रेसी विरोध के बावजूद भाजपा विजयी होगी**' दिसंबर, 07 में ही **मोदी सरकार** का बनना इस तथ्य को सत्य प्रामाणिक किया। पृष्ठ 59

पर ही '**हि.प्र., कर्नाटक आदि कुछ प्रदेशों सत्ता परिवर्तन की प्रबल सम्भावनाएं**' पृष्ठ 59 पर ही स्पष्ट पढ़ें—'29 अग. से 10 अक्तू. के मध्य कालसर्प योग पड़ने से भारत सहित पाकिस्तान, नेपाल आदि देशों में राजनीतिक संकट, संविधान और सरकार के बीच टकराव पैदा होंगे। पृष्ठ 64 पर कालम I पर पढ़ें—'**21 जून से 9 अग. तक शनि-मंग. योग तथा 29 अग. से 12 सितं. मध्य कालसर्प योग बनने से उ.प्र., म.प्र., बिहार, उड़ीसा, बंगाल आदि पूर्वी प्रदेशों में अनाज की कमी, अथवा उपद्रव, बाढ़ादि प्राकृतिक प्रकोप घटित होंगे।**' संयोगवश यह दुखद भविष्यवाणी सत्य साबित हुई। कोसी नदी में आई बाढ़ के कारण व्यापक जन-धन की हानि हुई। पृष्ठ 64 कालम II पर हिमाचल प्रदेश शीर्षक के नीचे स्पष्ट पढ़ें—'**भाजपा का प्रभावक्षेत्र बढ़ेगा तथा भाजपा शक्तिशाली पार्टी के रूप में उभरकर सामने आएगी।**' वामदलों का गठबन्धन तोड़ना तथा डॉ. मनमोहन सिंह का अस्थिरता के बाद पुन: सशक्त रूप में उभरना तथा अपना कार्यकाल पूरा करना (देखें पृष्ठ 66-67) पंचाँग दिवाकर वि. २०६५

≈सं. २०६६ में ग्रहों की आकाशी कौंसिल और भविष्यफल≈

विक्रमी संवत् २०६६ में ग्रहों की आकाशी कौंसिल (ग्रह-परिषद्) के **दश अधिकारों** में से **पाँच अधिकार** शुभ एवं सौम्य ग्रहों को तथा **पांच अधिकार** क्रूर एवं उग्र ग्रहों को प्राप्त हुए हैं। **राजा** का मुख्य अधिकार सौन्दर्य-प्रिय **दैत्य गुरू शुक्र** को प्राप्त हुआ है, जबकि **मन्त्री** के अधिकार सौम्यग्रह **चन्द्रमा** को मिला है। फलस्वरूप सम्वत् में वर्षा अच्छी होगी। सुख-साधनों से सम्पन्न लोग ऐश्वर्य-परस्ती एवं अपना धन और समय का अधिक व्यय करेंगे। राजनीति एवं समाज के हर क्षेत्र में स्त्रियों का प्रभाव एवं वर्चस्व बढ़ेगा। लड़कियों की संख्या में विशेष वृद्धि होगी। **मन्त्री चन्द्रमा** एवं कृषि स्वामी व धातुओं का स्वामी गुरु (बृहस्पति) होने से गेहूँ, धान्य, सरसों, चावलों आदि की पैदावार अच्छी होगी। अनाज, सुवर्ण, ताम्बा, पीतल, दुग्धादि कार्यों में संलग्न व्यापारी लोग अच्छा मुनाफा उठा पाएँगे। सुख के साधनों में विस्तार होगा। **धनेश** बुध के कारण कृषि आदि किसान तथा फुटकर उपयोगी वस्तुओं का संग्रह करने वाले व्यापारी अच्छा लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

शुभकृत् नामक सम्वत्सर का आगमन होने से सम्पन्न लोग अधिकांशत: क्रय-विक्रय के कार्यों में तथा विविध प्रदर्शनों, पार्टियों एवं उत्सवों में संलग्न रहेंगे। विभिन्न राजनेता और राजनीतिक पार्टियाँ परस्पर टकराव, विरोध एवं निजस्वार्थ में लगे रहेंगे। किंवा प्रजा की भलाई के कामों में कम ध्यान देंगे। **धान्येश मंगल** होने से गेहूँ, चने, ज्वार, धान्य, चावल, ईख, घृत-तैलादि स्निग्ध पदार्थों की पैदावार में कमी एवं मूल्यों में अत्यधिक तेजी होगी। चोरी, ठगी, डकैती एवं हिंसा की घटनाएँ अधिक होंगी। **रसाधिपति शनि** होने से अनुकूल एवं उपयोगी वर्षा की कमी, रसदार वस्तुओं जैसे—ईख, दूध, घी, तैल, मक्खन, खाण्ड, गुड़ आदि तथा पेयजल में कमी हो। इन सामान्य जनोपयोगी वस्तुओं के मूल्यों में जबरदस्त तेजी होने से लोगों में गहरा आक्रोश एवं असंतोष व्याप्त होगा। **लोगों में परस्पर प्रेम भाव एवं भाईचारे की विशेष कमी रहेगी। सूर्यदेव को वर्षा**, फल और दुर्ग (रक्षा)—ये तीन **अधिकार प्राप्त** होने से पृथ्वी पर यद्यपि कृषि, फल, परमाणु सौर ऊर्जा एवं सैन्य संसाधनों में उल्लेखनीय उन्नति होगी, परन्तु विश्व के अधिकांश देशों के राष्ट्राध्यक्ष विशेषकर मुस्लिम बाहुल्य देशों के प्रमुख अपना वर्चस्व बढ़ाने के लिए विश्व की बढ़ी शक्तियों से लोहा लेने से नहीं कतराएँगे। शनि की दृष्टि के प्रभावस्वरूप भारत सहित दक्षिण एशिया के कुछ देशों जैसे—पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बंगलादेश, श्रीलंका, नेपाल आदि देशों में कहीं अग्निकाण्ड, हिंसक एवं विस्फोटक घटनाएँ तथा भूकम्प, भूस्खलन-बाढ़ आदि प्राकृतिक प्रकोपों का भय होगा। अत्यधिक महँगाई, बेरोज़गारी, भ्रष्टाचार, पेयजल एवं विद्युत् संकट और कहीं राज्यों में खाद्यान्न व आवश्यक वस्तुओं में कमी होने की ज्वलन्त समस्याओं का सामना रहेगा।

वर्ष प्रवेश कुं. तथा जगत् लग्न कुण्डली अनुसार विश्व का भविष्यफल संवत् २०६६

नववर्ष प्रवेश कुं. ३७/५०

जगत् लग्न कुण्डली ४६/४०

वि. सम्वत् २०६६ का नववर्ष प्रवेश 26 मार्च (प्रविष्टे १३ चैत्र) गुरुवार, चैत्र अमावस की समाप्ति पर रात्रि 9 बजकर 36 मिनट पर, उत्तराभाद्रपद नक्षत्र कालीन तुला लग्न में प्रविष्ट होगा। वर्ष लग्नेश (नेतृत्व-भावेश) शुक्र उच्च राशि का होकर षष्ठ भाव में सूर्य, चन्द्र, बुध ग्रहों के साथ अस्तंगत होकर **चतुर्ग्रही योग** बना रहा है। षष्ठ भाव प्रत्यक्ष एवं परोक्ष शत्रुओं, ऋण एवं विदेशी सहायता को अभिव्यक्त करता है। जबकि राष्ट्रों की आर्थिक स्थिति का स्वामी मंगल पंचम में स्थित होकर शुभग्रह शनि द्वारा दृष्ट है। दशम भाव (प्रशासनिक प्रबन्धन) में केतु की अशुभ स्थिति है, परन्तु गुरु की शुभ दृष्टि पड़ रही है। राशि स्वामी चन्द्र भी षष्ठ भाव में निर्बल स्थिति में है। ग्रहस्थिति के अनुसार **विश्व के अधिकांश देशों में परमाणु हथियारों** के निर्माण की प्रतिस्पर्धा एवं होड़ बढ़ेगी। अधिकतर देश प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से अपना वर्चस्व बनाने के लिए परमाणु ईंधन एवं संहारक हथियारों का संग्रह करने में संलिप्त रहेंगे। **शनि-मंगल** के मध्य परस्पर दृष्टियाँ एवं समसप्तक योग होने से दक्षिण एशिया के कुछ देशों के आन्तरिक भागों में कहीं अग्निकाण्ड, हिंसक आंदोलन, विस्फोटक घटनाएँ घटित होने से अशान्ति फैलेगी। विश्वव्यापी व्यापारिक

क्षेत्रों में आर्थिक मन्दी के कारण पाकिस्तान, अफगानिस्तान, नेपाल, श्रीलंका, बंगलादेश भारत सहित अनेक विकासशील देश आर्थिक मन्दी की लपेट में आ जाएँगे। राजनीतिक एवं आर्थिक क्षेत्रों में विश्व के प्रमुख देशों जैसे—अमरीका, भारत, चीन, फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी, कैनेडा आदि देशों के मध्य नए समीकरण बनेंगे। **भारत-पाकिस्तान सहित विश्व की प्रमुख शक्तियों** के सामने आतंकवाद से निपटना प्रमुख मुद्दा बना रहेगा।

जगत् लग्न कुण्डली में धनु लग्न उदित हुआ है। लग्न का स्वामी गुरु कोश भाव में राहु युक्त होकर दशमभाव को देख रहा है। चन्द्र अष्टमेश होकर द्वादश भाव (गुप्त शत्रुओं के) भाव में नीच राशि (वृश्चिक) का होकर पड़ा है। जगत् लग्न कुण्डली में भी शनि-मंगल क्रूर ग्रहों के मध्य समसप्तक का अनिष्ट योग बना हुआ है। प्रस्तुत ग्रहस्थिति के अनुसार विश्व का राजनीतिक वातावरण विक्षुब्ध, तनावपूर्ण एवं अशान्त रहेगा। विश्व के प्रमुख देश और अन्य विकासशील देश अपनी सामरिक (युद्ध) शक्ति बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक परमाणु हथियार बनाने के लिए प्रयत्नशील रहेंगे। परन्तु बाह्य तौर पर विश्व के प्रमुख देशों के सामने आतंकवाद प्रमुख मुद्दा बनकर उभरेगा। गुरु-राहु का योग होने से विश्व के बहुत से देशों को आर्थिक संकट का सामना रहेगा। विशेषकर मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर व कुम्भ राशि के देश एवं नगर विशेष रूप से प्रभावित होंगे। इन राशियों के अन्तर्गत उ. अमरीका, इंग्लैण्ड, अफ्रीका, स्काटलैण्ड, कैनेडा, चीन, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, टर्की, तिब्बत, अल्जीरिया, स्पेन, बंगलादेश, श्रीलंका, रूस आदि देश विशेष रूप से प्रभावित होंगे। कुछ देश विकट आर्थिक मन्दी का शिकार होंगे।

मुस्लिम देशों की नववर्ष कुं.

हिजरी सम्वत् 1430 के मतानुसार यकम मुर्हरम मंगलवार को सायं 17-31 घंटा-मिंट पर मिथुन लग्न में दाखिला साल होगा। बादशाह साल **मंगल** की लग्न भाव पर विशेष सातवीं नज़र पड़ रही है। अष्टम भाव में नीचस्थ गुरु के साथ चतुर्ग्रही योग बना हुआ है। ग्रहस्थिति के अनुसार मुस्लिम बाहुल्य राष्ट्रों की कूटनीति विशेष तौर पर प्रभावित रहेगी। कुछ इस्लामिक देश अमेरिका की साम्राज्यवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए विश्वस्तरीय गठजोड़ बनाने के लिए प्रयास करेंगे। इस्लामी गठजोड़ के राष्ट्रों में विशेषकर पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईराक, ईरान, बंगलादेश, सूडान, साऊदी अरब, लैबनान, टर्की आदि मुस्लिम राष्ट्र अपने वर्चस्व के लिए विश्वस्तरीय संगठन की बुनियाद रखेंगे। पाकिस्तान, अफगानिस्तान आदि देशों के भीतरी भागों तथा सीमावर्ती सरहदी इलाकों पर पाक हकूमत और मुजाहिरीन एवं दहशतगर्द ग्रुपों के मध्य हिंसक व विस्फोटक घटनाओं का क्रम जारी रहने के योग बनते हैं। पाकिस्तान, अफ़गानिस्तान आदि मुस्लिम देशों के आन्तरिक, सामाजिक व राजनीतिक हालात अस्थिर एवं असमंजस पूर्ण रहेंगे। सरकारी तन्त्र और दहशतगर्द ग्रुपों के टकराव बढ़ेंगे।

≈ सन् 2009 में ग्रहगोचर और विश्व के हालात् ≈

वर्ष के आरम्भ में ही 28 जन. से 6 मार्च के मध्य **शनि-मंगल** के मध्य षडाष्टक योग तथा मंगल-राहु का योग बना हुआ है, जिसके फलस्वरूप भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, अफगानिस्तान, ईराक आदि मुस्लिम बाहुल्य देशों में कहीं अग्निकाण्ड विस्फोट एवं हिंसक घटनाएँ होने के योग हैं। कहीं छत्रभंग होने के भी संकेत हैं। **7 मार्च से 13 अप्रैल** के बीच **शनि-मंगल** के मध्य सम-सप्तक योग बनने से कहीं राजनैतिक टकराव, जातीय दंगे-फिसाद और कहीं विस्फोटक घटनाएँ घटित होने के संकेत हैं। वर्षारम्भ से शनि भी 16 मई तक वक्री होने से कहीं विरोधी देशों में टकराव एवं युद्ध के समाचार मिलेंगे—

"**शनि वक्रे दुर्भिक्षं राजां युद्धं परस्परम्॥** रुण्ड मुण्ड च........मेदिनी॥"

खप्पर योग—आगे चांद्र वैशाख, ज्येष्ठ एवं आषाढ़ मासों में क्रमशः **पाँच शनिवार, पाँच रविवार एवं** पाँच मंगलवारों का समावेश होने से **10 अप्रैल से 7 जुलाई** तक की अवधि में **खप्पर** नामक अनिष्टकारी अशुभ योग बन रहा है जिसका फल शास्त्रकारों ने अशुभ माना है।

शनि भानु कुजे वारे बहवः संक्रमा—मासा यदाः। तदामहर्घं अनिलं कुर्वते रोग विग्रहम्॥

अर्थात् तीनों चान्द्र मासों में क्रमशः जब शनि, रवि एवं मंगलवारों का आगमन हो, तो इनके प्रभावस्वरूप देशमें महँगाई बढ़े, रोगों का प्रकोप भी बढ़े, लोगों व प्रशासकों में विग्रह हो। जनांदोलनों, विवादों एवं साम्प्रदायिक उपद्रवों के कारण प्रजा में अशान्ति हो।

30 जुलाई से 16 नवंबर के बीच मकर राशि पर गुरु-राहु का योग मकर राशि में संचार होने से अनुपयोगी वर्षा के योग बनते हैं। दूध की कमी और पृथ्वी पर कहीं दुर्भिक्ष का भय तथा कहीं पेयजल की कमी हो। उत्तर-पश्चिमी देशों में कहीं अति वृष्टि, बाढ़प्रकोप, पूर्व-दक्षिण देशों में राजविग्रह और दुर्भिक्ष का भय होगा। कहीं बाढ़, भूस्खलन, भूकम्प आदि प्राकृतिक आपदाओं से जन व धन हानि के संकेत हैं।

5 सितं. से 4 अक्तू. का मध्य-अवधि में पाँच शनिवार और पाँच रविवार होने से, इस अवधि में विश्व के अनेक स्थलों पर बाढ़ादि का प्रकोप, रोगोत्पात, उपद्रव, जातीय एवं साम्प्रदायिक दंगे-फिसाद व अनाज के दामों में तोजी होगी। (ईशान कोण) में कहीं छत्र भंग, उपद्रव, विस्फोट व अग्निकाण्ड की वारदातें हों—

शनिवारा यदा पंच पाताले कम्पते फणीः। ईशान देश भङ्गश्च वह्णि दाहो महर्घता॥

मार्गशीर्ष मास (3 नवं. से 2 दिसं.) के **मध्य पाँच मंगलवार** होने से कहीं युद्धभय, उपद्रव, हिंसक घटनाएँ एवं **छत्रभङ्ग** (सत्ता परिवर्तन) के योग हों। किसी प्रमुख नेता की आकस्मिक मृत्यु या अपदस्थ होने के भी संकेत हैं।

उपरोक्त गोचरस्थ कुछ अशुभ ग्रह योगों एवं अवरोधों के बावजूद वर्ष प्रवेश एवं जगत् लग्न कुण्डली में शुक्र उच्चस्थ होने से विभिन्न देशों के मध्य शैक्षणिक व सांस्कृतिक मूल्यों का आदान प्रदान बढ़ेगा। अमेरिका, यूरोपीय एवं एशियाई देशों के मध्य वैज्ञानिक, व्यापारिक, सामाजिक एवं राजनैतिक एवं आर्थिक सम्बन्धों में वृद्धि होगी। दूरसंचार, कम्पयूटरर्ज एवं मनोरंजन क्षेत्र, ऊर्जा क्षेत्र, परमाणु अनुसन्धान (न्यूकलियर साईंस) एवं नाभकीय क्षेत्रों में उल्लेखनीय उन्नति होगी। वैश्विक स्तर पर विश्व के लोग और पास आएँगे और विश्व-शान्ति की स्थापना हेतु संयुक्त राष्ट्र संस्था द्वारा भी विशेष प्रयोग किए जाएँगे।

विश्व के कुछ अन्य देश

अमेरिका (America)—इसकी प्रभाव राशि मिथुन है। वर्षप्रवेश कुं. में मिथुन राशि का भाग्य भाव में तथा जगत् लग्न कुं. में सप्तम भाव पर आधिपत्य है। ग्रहस्थिति अनुसार आगामी राष्ट्रपति चुनाव में डैमोक्रेट प्रत्याशी बराक ओबामा को संघर्षपूर्ण हालात के बाद सफलता प्राप्ति की संभावना बनती है। **नया परमाणु करार** भारत और अमरीका के मध्य मैत्री के सेतु का काम करेगा। इस बात की पुष्टि होने के बाद कि पाकिस्तान अल कायदा, तालिबान तथा अन्य कट्टरपंथी आतंकवादियों का शरण स्थल बन गया है, अमरीका द्वारा पाकिस्तान पर फौजी तथा आर्थिक दबाव बढ़ाएगा। अमरीकी कांग्रेस द्वारा परमाणु करार को स्वीकृति देकर भारत के साथ नए सामरिक, आर्थिक समझौते किए जाएंगे। अमरीका की आर्थिक मन्दी का प्रभाव सम्पूर्ण विश्व पर देखने को मिलेगा। नए राष्ट्रपति ओबामा द्वारा नई नीतियों की घोषणा से भारत के साथ सम्बन्ध सुदृढ़ होंगे जबकि आतंकवाद एवं पाकिस्तान के खिलाफ शिकंजा और कसेगा।

पाकिस्तान (Pakistan)—इसकी प्रभावराशि कन्या पर शनि साढ़ेसति का प्रभाव रहेगा। ९ सितं. से शनि का संचार भी रहेगा। नवनियुक्त राष्ट्रपति जरदारी को बहुमुखी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। पाकिस्तान हकूमत को दहशतगर्द एवं कट्टरवादी तत्त्वों से निपटने के लिए कठोर पग उठाने की संकल्प शक्ति को बढ़ाना होगा। इसके लिए हकूमत को अमरीका और भारत सरकार के विश्वास को भी प्राप्त करने की आवश्यकता रहेगी। सरहदी और कबायली इलाकों में पाक और अमरीका के खिलाफ ज़बरदस्त/आन्दोलन हिंसक घटनाएं घटित होंगी। जरदारी सरकार आगामी वर्ष भारत की नवनिर्वाचित सरकार के साथ कई नए समझौते भी करेगी तथा ऊपरी तौर पर आतंकवाद के विरुद्ध युद्ध की सयुंक्त घोषणा की जाएगी। नवाज़ शरीफ की पार्टी [पी. एम. एल. (एन.)] के साथ गठबन्धन अधिक देर तक नहीं चल पाएगा। ९ सितंबर के बाद की अवधि पाक-हकूमत के लिए अत्यंत चुनौतिपूर्ण एवं अग्निपरीक्षा वाली होगी। राजनीतिक संकट, उपद्रव, अग्निकाण्ड, छत्रभङ्ग, हिंसक एवं विस्फोटक घटनाएं घटित होने के योग हैं। पाक के अन्दरूनी एवं राजनीतिक हालात अस्थिर, विषम, अनिश्चित एवं अशान्त बने रहेंगे।

वि. संवत् २०६६ में ग्रहस्थिति और भारत

गणतन्त्र दिवस के 60वें वर्ष की वर्षकुण्डली में भारत 26 जन. 2009 ई. को दुपैहर 1 बजकर 20 मिनट पर माघ की अमावस तिथि, सोमवार को वृष लग्न में प्रवेश करेगा। लग्नेश शुक्र दशम (संसदीय) भाव में उच्चाभिलाषी अवस्था में मुथा मुक्त होकर कुम्भ राशि में बैठा है। शनि जो मुंथा स्वामी भी है, उसकी मुंथा पर स्वगृही दृष्टि पड़ रही है। भारत की प्रभाव राशि **मकर** पर भी सूर्य, चन्द्र, गुरु, बुध, राहु सहित **पंचग्रही योग** बना हुआ है। **ग्रह स्थिति** के अनुसार वर्षारम्भ के **प्रथम तीन** मास भारत सरकार के लिए विशेष संघर्षपूर्ण

एवं चुनौतियों से भरे होंगे। वर्षारम्भ के पूर्वार्द्ध भाग में भारत के कुछ प्रदेशों में विधानसभा के चुनाव तथा लोकसभा के चुनाव घटित होने की सम्भावनाएं होंगी। **गणतन्त्र कुं.** में चतुर्थ भाव (सामान्य प्रजा की प्रसन्नता का भाव) में शनि वक्री होकर शत्रु-राशि में पड़ा है, उसकी लग्न भाव पर गुप्त शत्रु दृष्टि एवं लग्नेश शुक्र पर प्रत्यक्ष शत्रु दृष्टि पड़ रही है। जिसके प्रभावस्वरूप वर्ष के प्रारम्भिक महीनों के दौरान देश का राजनैतिक एवं सामाजिक वातावरण अत्यन्त विक्षुब्ध, अशान्त, तनावपूर्ण एवं अनिश्चित रहेगा। विभिन्न पार्टियों के मध्य नए राजनीतिक समीकरण बनेंगे। जोड़-तोड़ की राजनीति पुनः सक्रिय होगी। कांग्रेस भाजपा-दो प्रमुख पार्टियों के सदृश एक तृतीय गठबन्धन राजनीतिक पार्टी अस्तित्व में आएगी। राजनीतिक प्रभुसत्ता प्राप्त करने के लिए कुछ पार्टियां अपने संगठन को मज़बूत करने के लिए नए-नए कुटिल हथकण्डे अपनाने से भी गुरेज़ नहीं करेंगी। राजनीतिक टकराव, आरोप-प्रत्यारोप एवं कहीं हिंसक घटनाएं घटित होने के योग हैं। **गणतन्त्र** कुं. में मुंथेश शनि की मुंथा पर स्वगृही दृष्टि पड़ने तथा नवम (भाग्य) स्थान पर सूर्य, चन्द्र सहित पंचग्रही योग होने से भारत के विकास कार्यों, जैसे अन्तरिक्ष विज्ञान क्षेत्र, शिक्षा, कम्पयूटर्ज़, साईंस एवं टैक्नालोजी, इंजीनियरिंग, सूचना एवं संचार (Information Technology) परिवहन सड़क व भवन निर्माण के क्षेत्रों में उल्लेखनीय उन्नति होगी।

स्वतन्त्र भारत के 62वें वर्ष (15 अग० 2008 ई०) की वर्ष-कुण्डली में धनु लग्न उदित हुआ था। यह लग्न शून्यांश व 10 कला का होने से सन्धिगत कहा जा सकता है, परन्तु लग्न भाव में चन्द्र-गुरु का शुभ योग होने पर भी सप्तम भाव में मुंथा होना, अष्टम स्थान पर सूर्य-केतु का योग तथा **लग्न पर** मंगल की गुप्त शत्रु-दृष्टि पड़ने से भारत की विकास योजनाओं एवं विकास कार्यों में अगस्त 2008 ई. के पश्चात् केन्द्रिय सरकार एवं भारतीय जनता को गम्भीर आर्थिक संकट एवं बाढ़ादि प्राकृतिक प्रकोपों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रहस्थिति के अनुसार आगामी वर्ष के पूर्वार्द्ध भाग में भारतीय जन-साधारण को

आतंकवाद एवं नक्सलवादी हिंसक घटनाओं का भय, कहीं जातीय व साम्प्रदायिक जनान्दोलन, विद्युत् संकट, औद्योगिक एवं आर्थिक क्षेत्रों में मन्दी, आकाश को छूती-मंहगाई, भ्रष्टाचार, बेमौसमी एवं अत्याधिक वर्षा से आई प्रलयंकारी बाढ़ादि प्राकृतिक प्रकोपों से अनेक प्रदेशों में करोड़ों की फसलों, धन-सम्पदा एवं लोगों की क्षति का होना, देश के उत्तर-पूर्वी भागों जैसे उ.प्र., म.प्र., बिहार, उड़ीसा आदि प्रदेशों में कहीं दुर्भिक्ष, महामारी, क्लिष्ट रोग, लूटमार, चोरी, एवं प्राकृतिक आपदाओं के कारण लोगों की आकस्मिक मृत्यु का भय हो। कुछ राज्यों में बिगड़ती कानून और व्यवस्था की समस्या, बेरोज़गारी, राजनेताओं में परस्पर टकराव एवं अस्थिरताओं का दौर रहेगा।

कुं स्वतन्त्र भारत 63वाँ वर्ष
15 अग. 2009 ई.
21/27 घं. मिं.

भाव	ग्रह
1	
11	
10	गु.(व.) रा.
12	
2	चं. मं.
2	शु.
9	
4	सू. के. मुंथा
6	
8	
5	बु. श.
7	

स्वतन्त्र भारत के 63वें वर्ष की कुण्डली में मीन लग्न उदित हुआ है। लग्नाधिपति गुरु वक्री एवं नीच राशिस्थ होकर राहु के साथ 11वें भाव में पड़ा है, तथा उच्चदृष्टि से पंचम भावस्थ मुंथा को देख रहा है। पंचमभाव की मुंथा और मुंथेश चन्द्र का उच्चराशिस्थ होकर भाग्येश मंगल के साथ तीसरे स्थान में होने से आगामी वर्ष के उत्तरार्ध भाग (विशेषकर 15 अग. के बाद) में केन्द्रिय सरकार औद्योगिक एवं आर्थिक क्षेत्र में विशेष उन्नति करेगी। नए-नए उद्योगों की स्थापना के फलस्वरूप रोज़गार व उन्नति मार्ग प्रशस्त होंगे। अमेरिका के साथ परमाणु करार का सफलता पूर्वक पारित हो जाने से भारत के अमरीका के साथ व्यापारिक, आर्थिक एवं औद्योगिक सम्बन्ध और अधिक मज़बूत होंगे। अमेरिका के अतिरिक्त यूरोपीय व अन्य देशों जैसे कैनेडा, इंगलैण्ड, जर्मनी, फ्रांस, जापान, पाकिस्तान, ईरान, रूस....... आदि विश्व के अन्य देशों के साथ भी मुक्त व्यापारिक व सांस्कृतिक सम्बन्धों में बेहतरी होगी। राजनीतिक देश में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

≈आगामी लोकसभा चुनावों में गठबन्धन सरकार के योग≈

वर्ष प्रवेश कुण्डली में चतुर्थ भाव पर **भारत** की प्रभाव राशि **मकर** पर **गुरू-राहु** का अशुभ योग बना है। स्वतन्त्र भारत के 62वें वर्ष की कुं. में दूसरे भाव में राहु की स्थिति होने से यही संकेत मिलते हैं कि आगामी वर्ष चुनावों में किसी भी राजनीतिक पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं प्राप्त होगा। लोकसभा चुनावों में भाजपा की स्थिति गतवर्षों की अपेक्षा बेहतर होगी। पुन: गठबन्धन सरकार के ही योग हैं। नवनिर्वाचित केन्द्रिय सरकार के लिए **आगामी वर्ष गम्भीर चुनौतियों एवं कठिन परीक्षा का समय होगा।** जगत-कुं. और स्वतन्त्र भारत के 63वें वर्ष मकर राशि पर **गुरु-राहु** का योग होने से देश की उपयोगी योजनाओ के निर्माण एवं क्रियान्वन में अवरोध पैदा होंगे। गेहूं, धान्य आदि अनाज के मूल्यों में और तेज़ी होगी। राजा और प्रजा में भयोत्पादक व कष्टकारी घटनाएं घटित हों। राजनेताओं एवं सामान्य प्रजा के **नैतिक एवं-चरित्रिक मूल्यों में** भी कमी आएगी। **अमीरों और गरीबों** के मध्य खाई और अधिक बढ़ेगी। बेईमानी, भ्रष्टाचार, स्वार्थपरता,धन लोलुपता एवं भोगवादिता की प्रवृत्तियों को बढ़ावा मिलेगा। विरोधी पार्टियों और **जन साधारण लोगों के सामने गगन चुम्बी मंहगाई और बढ़ता भ्रष्टाचार मुख्य मुद्दा रहेगा।**

सम्वत् २०६६ में ग्रह गोचर और भविष्य फल

वर्ष के आरम्भ भारत की प्रभाव राशि मकर पर गुरु नीच राशिस्थ होकर राहु युक्त होकर संचार कर रहा है, जो कि 30 अप्रैल तक सम्बन्ध रहेगा। राशिस्वामी शनि पहले से वक्री होकर सिंह राशिस्थ है और वह गुरु के साथ षडाष्टक स्थिति में है। फलस्वरूप सब प्रकार के अनाज, जैसे—गेहूं, धान्य, चावल, चने, सर्वप्रकार की दालें तेज़ भाव होंगे। राजनेताओं एवं प्रशासक वर्ग में भय और अशान्ति का वातावरण बने।

गुरु—राहु यदैकग भवेतां सहितौ यदा। सर्वधान्य महर्घत्वं राजानो भय विह्वलाः।

14 जन. से 11 फर. तक मकर राशि पर सूर्य-राहु का योग बनना, फिर **28 जन. से 6 मार्च** तक **मंगल-राहु** का योग तथा चतुर्ग्रही व पंचग्रही योग बनने से सामाजिक व राजनीतिक हालात अनिश्चित व अशान्तपूर्ण रहेंगे। कहीं जनान्दोलन, विग्रह एवं राजनीतिक पार्टियों में टकराव व हिंसा के समाचार प्राप्त होंगे।

एक राशौ यदा यान्ति पंचखेचरा :। प्लावयन्ति महीं सर्वा रुधिरेण जलेन वा॥

8 मार्च से 13 मार्च के मध्य शनि और मंगल ग्रहों के मध्य **समसप्तक** योग बनेगा, जिसके प्रभावस्वरूप उत्तर-प्रदेश, मध्य-प्रदेश, बिहार, असम एवं जम्मू-कश्मीर के पूर्वोत्तर भाग में हिंसा, राजनीतिक टकराव, उपद्रव, साम्प्रदायिक तनाव, विस्फोट एवं हिंसक घटनाएँ घटित होने के योग हैं—

यदा सौरि भौमे सुरराज मन्त्री, भार्गवश्च यदैक राशौ समसप्तके वा।
अयोध्या मध्यदेशे लंकापुरे, पूर्वस्यां च क्षुधाभयं शस्त्रं करोति॥

10 अप्रैल से 9 मई तक की अवधि में चान्द्र वैशाख मास में **पाँच शनिवार** पड़ने से सामान्य लोगों में आवश्यक वस्तुओं—जैसे दूध, ईंधन, सब्ज़ियाँ आदि वस्तुओं के भावों में अत्यधिक तेज़ी, क्लिष्ट रोगों की उत्पत्ति, लोगों में पारस्परिक सौहार्द्र की कमी, राजनीतिक गठबन्धनों में परिवर्तन व साम्प्रदायिक टकराव हो—

शनिवारा यदा पंचजायन्ते रविपंचकम्।
महार्घं जायते धान्यं रोग शोकाकुला पृथिवी॥

10 मई से 7 जून की अवधि (ज्येष्ठ मास) में **पाँच रविवार** होने से देश में कहीं अनाज की कमी से दुर्भिक्ष, महंगाई हो, और **सत्ता परिवर्तन** के भी योग बनते हैं—

यत्रमासे रविवाराः जायन्ते पंच सततम्।
दुर्भिक्षं छत्रभङ्गं स्यात् दारुते च महद्भयम्॥

आगे **आषाढ़ मास** (8 जून से 7 जुला. पर्यन्त) में पाँच मंगलवार होने से छत्रभङ्ग (सत्ता परिवर्तन), राजनीतिक अस्थिरता, जातीय एवं हिंसक टकराव, अग्निकाण्ड, उपद्रव एवं आतंकवादी घटनाओं तथा किसी प्रमुख नेता की आकस्मिक मृत्यु के भी योग होंगे—

यत्र मासे महीसूने जायन्ते पंचवासराः।
रक्तेन पूरिता पृथ्वी छत्रभङ्गस्तदा भवेता॥

चान्द्रमासों में क्रमानुसार ५ शनि, ५ रवि एवं ५ मंगलवार पड़ने से खप्पर योग के अनिष्टकारी योग का अशुभ प्रभाव सम्भव है।

आगे 22 जुलाई को **खण्डग्रास सूर्यग्रहण** घटित होने से राजनीतिक क्षेत्र में विशेष उतार चढ़ाव होंगे। किसी विशेष नेता के अपदस्थ होने के योग हैं।

भाद्रपद संक्रान्ति **16 अग. रविवार** को होने से तथा **सूर्य-शनि** का योग (16 अग. से 8 सितं.) तक रहेगा। नेताओं में परस्पर टकराव एवं विरोध हो। सीमाओं पर कहीं युद्ध के समाचार मिलें। कश्मीर घाटी में हिंसक वारदातें हों, अनाज आदि आवश्यक वस्तुओं में तेजी के कारण साधारण प्रजा दुःखी हो।

30 जुला. से 16 नवं. तक **गुरु-राहु** का योग मकर राशि पर तथा 5 अक्तू. से 16 नवं. तक मंगल-केतु का योग सत्तारूढ़ सरकार के लिए कठिन चुनौतियाँ लेकर आएगा। अवसरवादी नेता दल परिवर्तन करने में देरी नहीं करेंगे।

21 अग. से 19 दिसं. के मध्य गुरु-शुक्र के मध्य समसप्तक योग कश्मीर, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली आदि प्रदेशों के लिए अनिष्टकार एवं विशेष घटनाप्रद होगा।

≈कन्या राशिस्थ शनि का फल≈

9 सितम्बर से शनि कन्या राशि में प्रवेश करेगा, जिससे अफ़गानिस्तान, पाक तथा भारत में कश्मीर, महाराष्ट्र, मुम्बई, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, उड़ीसा, दिल्ली आदि विशेष रूप से प्रभावित होंगे। कहीं आकस्मिक बाढ़ादि, भूस्खलन, प्राकृतिक प्रकोपों के कारण जन, कृषि व धन हानि के संकेत हैं। कश्मीर, असम आदि प्रदेशों में विदेशी घुसपैठ एवं आतंकवादी विस्फोटों के कारण दुर्भाग्यशाली हिंसक दुर्घटनाओं का भय रहेगा—

काश्मीरं याति नाशंहयरवदलितं विग्रहं तत्र कुर्यात्
रत्नस्थं धातुरूप्यं गजहय वृषभं छागलं माहिषं च।
मंजिष्ठाकुंकुमाद्यंरसकस सहितं यान्तिसर्वे समर्घं,
कन्यायां सूर्यपुत्रे सकल सुखं संग्रहेसर्वधान्यम्॥

उपरोक्त प्रदेशों में कहीं जनांदोलन, विग्रह, साम्प्रदायिक टकराव, हिंसक वारदातों एवं विस्फोटक घटनाओं के घटित होने का भय होगा। सोना, चाँदी, सर्वप्रकार के रत्न, हाथी, घोड़े, भैंस, गाय आदि चौपाय, मंजीठ, केशर, पैट्रोलियम पदार्थ, खाद्य तैल, चावल, गेहूँ, दालें (धान्यादि) तेज़ भाव होंगे। इन सब का संग्रह करने वाले व्यापारी लाभान्वित होंगे।

खप्पर-योग—17 अक्तू. शनिवार के दिन कार्तिक **अमावस** है तथा इसी दिन **कार्तिक संक्रान्ति** होने से **खप्पर योग** बना है, जिसके फलस्वरूप बाढ़ादि प्राकृतिक प्रकोपों से कृषि धन-जन की हानि, दूध, घी, अनाजादि खाद्य वस्तुओं में गगनचुम्बी महंगाई, राजनैतिक अस्थिरता, हिंसा व तोड़फोड़ की घटनाएँ घटित होंगी।

3 नवं. से 2 दिसं. के मध्य पुनः **पाँच मंगलवार** होने से केन्द्रीय सरकार के नेतृत्व के सम्बन्ध में गम्भीर राजनैतिक संकट उत्पन्न होंगे।

पौष मास (3 दिसं. से 31 दिसं.) के मध्य ५ गुरुवार होने से देश के पश्चिमी भागों (जैसे पाक सीमाओं एवं काश्मीरादि) में कहीं उपद्रव, राजनीतिक टकराव, विग्रह, विस्फोट एवं युद्ध जैसे हालात बनेंगे। महँगाई और भ्रष्टाचार के कारण सामान्य लोगों में क्रोध, असन्तोष एवं विक्षोभ की भावना होगी।

माघ मास (1 जन. से 30 जन., 2010 ई. तक)—पाँच शुक्रवार तथा पाँच शनिवार होने से एवं इसी मध्य खण्ड सूर्यग्रहण के प्रभाव के कारण मिश्रित प्रभाव होंगे। जनसंख्या में वृद्धि, धन-सम्पदा का प्रसार बढ़ेगा। पाँच शनिवार होने से जातीय उत्पात और साम्प्रदायिक दंगे-फसाद बढ़ेंगे। कहीं विस्फोटक घटनाएं घटेंगी, जनोपयोगी आवश्यक वस्तुओं मूल्यों में तेज़ी का रुझान रहेगा। केन्द्रीय सरकार के घटक दलों में तनाव एवं आरोप-प्रत्यारोप रहेंगे।

फाल्गुन मास (31 जन. से 28 फर., 2010 ई.) तक पाँच रविवार होना भी शुभ नहीं है। देश के कुछ राज्यों में अनाज की कहीं, दुर्भिक्ष भय, छत्रभंग (सत्ता-परिवर्तन), उपद्रव, जातीय हिंसा, अग्निकाण्ड, जनांदोलन एवं हिंसक घटनाएं घटित होने के योग हैं।

आगामी लोकसभा निर्वाचन एवं प्रमुख राजनैतिक दल

कांग्रेस पार्टी

कुण्डली कांग्रेस पार्टी

10 मं.
8 सू. बु.
11 रा.
9
7 गु. शु.
12
6
1 चं. श.
3
5 के.
2
4

कांग्रेस कुण्डली में धनु लग्न उदित है। वर्षारम्भ से ही लग्नेश गुरु नीच राशिगत संचार करेगा। 27 जन. से राशि स्वामी मंगल उच्च राशिगत संचार करने से यदि फरवरी मास में कुछ राज्यों (राजस्थान, म. प्र., मिज़ोरम) में विधानसभा चुनाव हुए, तो कांग्रेस को उनमें लाभ प्राप्त हो सकता है। परन्तु 7 मार्च के बाद मंगल के कुम्भ राशिगत संचार करने तथा ग्रहस्थिति अनुसार आगामी लोकसभा चुनावों में यद्यपि भाजपा के साथ एक प्रमुख पार्टी के रूप में रहेगी। परन्तु यूपीए घटक के कुछ प्रमुख दलों में परस्पर वैचारिक मतभेद उभरकर आने की सम्भावना है। कांग्रेस के क्षेत्रीय पार्टियों के साथ नए गठबन्धन होंगे। आगामी विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों में कई प्रदेशों में कांग्रेस की प्रतिष्ठा को गहरी ठेस पहुँचेगी तथा उनकी आशा के विपरीत कम सीटों पर ही विजय प्राप्त होगी।

भारतीय जनता पार्टी

भाजपा की स्थापना कुण्डली में मिथुन लग्न उदित है। चन्द्रमा यद्यपि षष्ठस्थ नीच राशिगत है, परन्तु उस पर मंगल की स्वक्षेत्री शुभ दृष्टि पड़ रही है। ग्रहस्थिति अनुसार आगामी वर्ष भाजपा पार्टी के लिए भी कठिन चुनौतियों एवं विषम परिस्थितियों से भरा होगा। कुछ

राज्यों के विधानसभा चुनावों जैसे—छत्तीसगढ़, दिल्ली, राजस्थान में कुछ सफलता परन्तु म.प्र. तथा अन्य कुछ राज्यों में असफलताएं भी प्राप्त हो सकती है।

लोकसभा के चुनावों में कुछ स्थलों पर आश्चर्यजनक एवं आकस्मिक सफलताएं भी मिलेंगी परन्तु स्वतन्त्र रूप से सरकार बनाने का दावा फिर भी नहीं बन पाएगा। प्रान्तीय एवं छोटे दलों का सहयोग लोकसभा चुनावों में निर्णायक सिद्ध होगा। अगले लोकसभा चुनावों के परिणाम त्रिशंकु लोकसभा के रूप में ही सामने आएंगे। आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा उ.प्र., हि.प्र., हरियाणा, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, दिल्ली, बिहार, छत्तीसगढ़, उत्तराखण्ड से गत चुनावों की अपेक्षा अधिक सीटें प्राप्त करेगी, परन्तु कुछ राज्यों से हानि का सामना भी करना पड़ेगा। फरवरी, 09 ई. के पश्चात् पार्टी नेतृत्व में भी परिवर्तन सम्भव है।

कुं. भारतीय जनता पार्टी

4, 5 मं. गु. श. रा., 3, 2 शु., 1, 6, 12 सू., 7, 9, 11 बु. के., 8 चं., 10

कुं. श्रीलालकृष्ण अडवानी

8-11-1927, 9:16 प्रातः सिन्ध

9, सू. मं. 7, 8 बु. श. के., 10, 6 शु., 11, 5, 12 गु., 2, 1 चं., रा., 4, 3

श्री लालकृष्ण अडवानी की यथोपलब्ध कुं. में वृश्चिक लग्न उदित है। अष्टमेश बुध की व्यय भाव में स्थिति विपरीत राजयोग व्यक्त करती है। भाग्येश चन्द्र लग्नस्थ केतु के नक्षत्र एवं नक्षत्र नवांश है सप्तमस्थ राहु भाग्येश चन्द्र भी राजनैतिक सफलतादायक बनाता है। आगामी लोकसभा चुनावों में श्री अडवानी तथा उनकी पार्टी के सदस्य कांग्रेस की अपेक्षा अधिक सीटों पर कामयाब होकर निकलेंगे।

भारत के कुछ मुख्य प्रान्त

हिमाचल प्रदेश—प्रभावराशि मीन तथा नाम राशि कर्क है। 60वें वर्ष के गणतन्त्र दिवस (26 जनवरी, 2009 ई.) की कुण्डली में राशिस्वामी गुरु नीच राशिगत भाग्य स्थान में तथा कर्क राशि पर केतुका संचार कुछ विषम परिस्थितियों का संकेत कर रहे हैं। ध्यान रहे, गतवर्ष इसी कालम के अन्तर्गत पृष्ठ 64 पर राज्य के विधानसभा चुनावों सम्बन्धी भविष्यवाणी स्पष्टतः पढ़ें, जो अक्षरशः सत्य साबित हुई—"**कांग्रेस को अपेक्षाकृत कम सीटें प्राप्त होंगी। प्रदेश में भाजपा का प्रभावक्षेत्र बढ़ेगा, भाजपा शक्तिशाली पार्टी के रूप में उभरकर सामने आएगी।**"

आगामी वर्ष लोकसभा चुनावों में दोनों मुख्य पार्टियों में कांटे की टक्कर के बाद भाजपा को सफलता प्राप्त होगी। सत्तारुढ़ मुख्यमन्त्री प्रो. प्रेमकुमार धूमल जी को गम्भीर चुनौतियों का सामना रहेगा, गुरु के मकर राशिस्थ संचारकालीन (वर्षारम्भ से 1 मई तक तथा फिर 30 जुला. से 18 दिसं. तक) विशेष उथल-पुथल वाले रहेंगे, **महंगाई, पेयजल की कमी आदि समस्याएं यथापूर्व गम्भीर बनी रहेंगी।** वर्षारम्भ जन. में तथा अग., सितं. के महीनों में ओलावृष्टि, भूस्खलन, अतिवृष्टि, वायु विस्फोट आदि प्राकृतिक प्रकोपों एवं सड़क/वाहनादि दुर्घटनाओं के कारण कृषि, जन-धन आदि की हानि होने के संकेत हैं। यद्यपि चुनावों से पूर्व प्रादेशिक सरकार द्वारा कई **लोकभावन योजनाओं की घोषणा** की जाएगी। गगनचुम्बी मंहगाई के कारण जन-साधारण लोगों में असंतोष, बेचैनी व विक्षोभ पैदा होंगे।

पंजाब—इसकी प्रभावराशि मीन तथा नाम राशि कन्या है। गणतन्त्र दिवस तथा नववर्ष प्रवेश कुं. में ग्रहस्थिति अनुसार वर्तमान गठबन्धन सरकार को विशेष आर्थिक समस्याओं व चुनौतियों का सामना रहेगा। लोकसभा चुनावों से पूर्व यद्यपि बादल सरकार कई प्रोजैक्टों तथा लोकभलायी योजनाओं की घोषणा करेगी परन्तु ऊर्जा (बिजली) के क्षेत्र में मांग एवं सप्लाई का असन्तुलन होने के कारण साधारण जनता तथा औद्योगिक क्षेत्र से विरोध का सामना करना पड़ेगा। अत्यधिक महंगाई, टैक्स, बिजली (उर्जा) समस्या के कारण गहन असन्तोष रहे। चोरी, लूट, उपद्रव आदि घटनाओं में वृद्धि होगी। आगामी लोकसभा चुनावों में कांग्रेस के साथ कांटे की टक्कर के बाद मध्यम रुपेण सफलता ही प्राप्त होगी।

हरियाणा—प्रभावराशि मीन तथा नाम राशि मिथुन है। कर्क राशि पर केतु का संचार 17 नवं., 2009 ई. तक रहेगा। तदुपरान्त मिथुनमें रहेगा। सतारूढ़ कांग्रेस की हुड्डा सरकार के समक्ष अनेक चुनौतियां एवं समस्याएं रहेंगी। **यद्यपि कांग्रेस सरकार विद्युत्, कृषि, इंजीनियरिंग, शिक्षा, चिकित्सा, जल-संसाधनों, पेयजल, रोज़गार, आवास, निर्माण आदि की समस्याओं से निपटने के लिए बहुमुखी विकास**योजनाएं तैयार करेगी। परन्तु विरोधी पार्टियां लोकसभा चुनावों से पूर्व इन समस्याओं से लाभ लेने के प्रयास में रहेंगी। चुनाव पूर्व भाजपा, चौटाला जी की 'इनैलो', कुलदीप विश्नोई को 'हजकां', बसपा, कांग्रेस के कुछ बागी सांसदों के मध्य नए राजनीतिक गठजोड़ बनेंगे। इन सबसे कांग्रेस पार्टी की स्थिति कुछ कमज़ोर होती दिखेगी। परन्तु शेष सीटें विभिन्न पार्टियों में बंट जाएंगी। कांग्रेस पार्टी का प्रभाव कुछ कमज़ोर होता दिखेगा।

दिल्ली—नई गणतन्त्र दिवस कुण्डली में इसकी प्रभाव राशि मकर पर सू., चं., बु., गु., रा. का पंचग्रही योग बना हुआ है। फलस्वरूप **राजनीतिक गतिविधियों** का केन्द्र बना रहेगा। लोकसभा चुनावों से पूर्व तथा बाद में भी राजनीतिक पार्टियों के मध्य नए-नए समीकरण एवं गठजोड़ बनेंगे। दिल्ली राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार को काफी कठिन समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। दिल्ली राज्य में भाजपा सशक्त पार्टी के रूप में उभरेगी। आतंकवादी संगठनों एवं विदेशी ताकतों द्वारा दिल्ली में विस्फोट, उपद्रव करने के

❖ ग्रहों का नक्षत्र-चरण प्रवेश-संवत् २०६६ वि. (सं. 2009-10 ई.) ❖

सूर्य नक्षत्र प्रवेश

2009 ई.	नक्षत्र	चरण
27 मार्च	उ.भा. (4)	
31 मार्च	रेव. (1)	11/22
3 अप्रै.	रेव. (2)	
7 अप्रै.	रेव. (3)	
10 अप्रै.	रेव. (4)	
13 अप्रै.	अश्वि(1) मेष	24/47
17 अप्रै.	अश्वि (2)	
20 अप्रै.	अश्वि (3)	
24 अप्रै.	अश्वि (4)	
27 अप्रै.	भर. (1)	16/33
30 अप्रै.	भर. (2)	
4 मई	भर. (3)	
7 मई	भर. (4)	
11 मई	कृति (1)	10/46
14 मई	कृति 2 वृष	21/40
18 मई	कृति (3)	
21 मई	कृति (4)	
25 मई	रोहि. (1)	6/58
28 मई	रोहि. (2)	
1 जून	रोहि. (3)	
4 जून	रोहि. (4)	
7 जून	मृग (1)	28/50
11 जून	मृग (2)	
श्राव.शु. ५, रवि	26 जुला	११ श्राव.	उ.फा.	ल. ७, अभि., मं. दा.
श्राव.शु. ८, बुध	29 जुला	१४ श्राव.	स्वा.	ल. ६, अभिजित
श्रा.शु. १०, शुक्र	31 जुला	१६ श्राव.	अनु.	ल. ६, अभिजित
श्रा. शु. १५,बुध	5 अग.	२१ श्राव.	श्रव.	मु. 10/45 से 12/05 तक
श्रा. शु. १५, गुरु	6 अग.	२२ श्राव.	श्रव.	ल. कन्या, अभिजित
भा. कृ. ५, सोम	10 अग.	२६ श्राव.	उ.भा.	मुहूर्त्त दुपै. 13/02 उपरान्त
भाद्र.शु. ३, रवि	23 अग.	८ भाद्र	हस्त	ल. ७ (चं. दा.), अभिजित
भाद्र.शु. ५, चंद्र	24 अग.	९ भाद्र	चित्रा	ल. ७ (चं. दा.), अभिजित
भा. शु. ८, गुरु	27 अग.	१२ भाद्र	अनु.	ल. ६ (कन्या ल. 8/33 तक)
भा. शु. १३,बुध	2 सितं.	१८ भाद्र	श्रव.	ल. ६ (श. दा.), अभि.
आश्वि.शु.२, रवि	20 सितं.	५ आश्वि	हस्त	ल. ७ (चं. श. दा.), अभि.
आश्वि.शु.५, बुध	23 सितं.	८ आश्वि	अनु.	मु. 12/10 के बाद, अभि.
आश्वि.शु.६, गुरु	24 सितं.	९ आश्वि	अनु.	ल. ७ (चं. दा.), अभि.
आ.शु. ११, बुध	30 सितं.	१५ आश्वि	धनि.	ल. ७ (चं. श. दा.), अभि.
कार्ति.कृ.१/२,सो	5 अक्तू	२० आश्वि	अश्वि	मु. 11/12 के बाद, अभि.
का. कृ. ५, गुरू	8 अक्तू	२३ आश्वि	रोहि.	ल. ८, ९ (चं. मं. दा.), बृश्चिक प्रात: 10/16 बाद
का. शु. १, सोम	19 अक्तू.	३ कार्ति.	स्वाती	ल. ८, ९, अभिजित
का. शु. ३, बुध	21 अक्तू.	५ कार्ति.	अनु.	ल. ९ (चं. दा.), अभि.
का. शु. ८, सोम	26 अक्तू.	१० कार्ति.	श्रव.	ल. ८, ९ (मं. दा.), अभि.
का. शु. १०,बुध	28 अक्तू.	१२ कार्ति.	धनि.	ल. ८, ९ (मं. दा.), अभि.
का.शु. १३,शनि	31 अक्तू.	१५ कार्ति.	उ.भा.	ल. ८-९ (मं. दा.), अभि.
का.शु. १५,सोम	2 नवं.	१७ कार्ति.	अश्वि	ल. ९ (मं. के. दा.), अभि.
मार्ग. कृ.३, गुरू	5 नवं.	२० कार्ति.	रोहि.	ल. ८ (सू. चं. दा.), अभि.
मार्ग. कृ. ७,चंद्र	9 नवं.	२४ कार्ति.	पुष्य	मु. प्रात: 9/59 तक, ल. वृश्चि.
मा.कृ. १२, शुक्र	13 नवं.	२८ कार्ति.	हस्त	ल. ८, ९ (मं.के.दा.), अभि.
मा.शु.५/६, रवि	22 नवं.	७ मार्ग.	श्रव.	ल. १०, अभिजित
मार्ग. शु. ६, चंद्र	23 नवं.	८ मार्ग.	श्रव.	ल. ११ (चं. श. दा.), अभि.
मा. शु. १०,शुक्र	27 नवं.	१२ मार्ग.	उ.भा.	ल. ११ (श. दा.), अभि.
मा. शु. १२,रवि	29 नवं.	१४ मार्ग.	अश्वि	ल. ११ (श. दा.), अभि.
मा. शु. १५,बुध	2 दिसं.	१७ मार्ग.	रोहि.	ल. ११ (श. दा.), अभि.
पौष कृ. ८, बुध	9 दिसं.	२४ मार्ग.	उ.फा.	लग्न अभिजित (चं. श. दा.)

आगे माघ व फाल्गुन के महीनों में शुक्र/गुरु क्रमशः अस्त होने के कारण विवाह आदि मुहूर्त नहीं होंगे॥

द्विरागमन (मुकलावां) मुहूर्त्त सं. 2009 ई.

विवाह उपरान्त पिता के गृह में आकर दूसरी बार पुनः पति के गृह में जाने को द्विरागमन (मुकलावा) कहते हैं। विवाह के दिन से १६ दिन के भीतर ही द्विरागमन हो, तो निर्धारित मुहूर्त्तों के बिना भी वधू प्रवेश या द्विरागमन करवाना शुभ होता है। इसके अतिरिक्त, नवविवाहिता स्त्री को विवाह के बाद द्विरागमन अथवा यात्रा में सम्मुख शुक्र एवं दक्षिण शुक्र का भी विचार किया जाता है—अर्थात् शुक्र जिस दिशा (पूर्व या पश्चिम) में उदित होता हो, उस दिशा में शुक्र सम्मुख तथा उससे दाहिनी ओर की दिशा दक्षिणस्थ मानी जाती है।

पक्ष तिथि वार	तारीख	प्रविष्टे	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण (घं. मिं.)
फा.कृ. १०, गुरू	19 फर.	८ फागु.	मूल	ल. मीन, अभिजित
फा.कृ. ११,शुक्र	20 फर.	९ फागु.	मूल	ल. १२, अभिजित
फा. शु. २, शुक्र	27 फर.	१६ फागु.	उ.भा.	ल. १, २, अभिजित
चैत्र कृ. २, गुरू	12 मार्च	२९ फागु.	उ.फा.	ल. १२, अभिजित
वैशा.कृ.६, बुध	15 अप्रै.	३ वैशा.	मूल	मु. दुपै. 13/40 के बाद
वैशा.कृ.८, शुक्र	17 अप्रै.	५ वैशा.	उ.षा.	ल. ३, अभिजित
वै.कृ. १०, चंद्र	20 अप्रै.	८ वैशा.	ध/श.	दुपै. 12/02 बाद, भद्रोत्तरे
वैशा.शु.३, सोम	27 अप्रै.	१५ वैशा.	रोहि.	ल. ३, मिथुन ल. 9/8 बाद
वैशा.शु. ६, गुरू	30 अप्रै.	१८ वैशा.	पुर्न.	ल. २, अभिजित
वै. शु. १३, गुरू	7 मई	२५ वैशा.	चित्रा	ल. २, ३, अभिजित
वै. शु. १५, शुक्र	8 मई	२६ वैशा.	स्वा.	ल. ३ (प्रात: 8/56 बाद), अभि.
मार्ग.शु. ६, सोम	23 नवं.	८ मार्ग.	श्रव.	ल. कुम्भ (चं.श.दा.), अभि.
मा. शु. १०,शुक्र	27 नवं.	१२ मार्ग.	उ.भा.	ल. कुम्भ (चं.श.दा.), अभि.
मा. शु. १२,रवि	29 नवं.	१४ मार्ग.	अश्वि	ल. कुम्भ = आवश्यके
मा. शु. १५,बुध	2 दिसं.	१७ मार्ग.	रोहि.	ल. कुम्भ, अभिजित
पौष कृ. ८, बुध	9 दिसं.	२४ मार्ग.	उ.फा.	ल. कुंभ दुपै. 12 बजे के बाद
पौ.कृ.९/१०, गु.	10 दिसं.	२५ मार्ग.	हस्त	मुहूर्त्त दुपै. 15/43 बाद
पौ.कृ. १०, शुक्र	11 दिसं.	२६ मार्ग.	हस्त	ल. ११ (शु चं दा.), भद्रा परि आवश्यके [दुपै. 2/55 बाद भद्रा अभाव]

यज्ञोपवीत (उपनयन) संस्कार मुहूर्त्त 2009 ई.

पक्ष तिथि वार	तारीख	प्रविष्टे	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण (घं. मिं.)
फा. कृ. ५, शुक्र	13 फर.	२ फागु.	हस्त	मु. 12/35 बाद, ल. २
फा.शु.१/२, गुरु	26 फर.	१५ फागु.	पू.भा.	ल. १२, २, अभिजित
का.शु.२/३,शुक्र	27 फर.	१६ फागु.	उ.भा.	ल. १, २, अभिजित
चैत्र कृ. २, गुरु	12 मार्च	२९ फागु.	हस्त	ल. १२, २, अभिजित
चैत्र कृ. ५, रवि	18 मार्च	२ चैत्र	स्वा.	मु. प्रात: 8/01 तक
चै. शु. ११, रवि	5 अप्रै.	२३ चैत्र	अश्ले.	ल. १, २ अभिजित
वैशा.शु. ५, बुध	29 अप्रै.	१७ वैशा.	आर्द्रा	ल. २ (श. दा.) अभि.
वैशा.शु. ६, गुरु	30 अप्रै.	१८ वैशा.	पुर्न	ल. २, अभिजित
वै. शु. १०, चंद्र	4 मई	२२ वैशा	पू.फा.	ल. २, ३, अभिजित
वै. शु. १३, गुरु	7 मई	२५ वैशा	चित्रा	ल. २, ३ अभिजित
ज्ये. शु. ३, बुध	27 मई	१४ ज्येष्ठ	आर्द्रा	मुहूर्त्त 7/45 तक
ज्ये.शु. ५, गुरु	28 मई	१५ ज्ये.	पुर्न	ल. मिथुन 8/50 तक
ज्ये.शु. १२, गुरु	4 जून	२२ ज्ये.	स्वा.	ल. ३ (बु. दा.), अभिजित
ज्ये.शु. १३, शुक्र	5 जून	२३ ज्ये.	स्वा.	प्रात: 6/52 तक

अभिजित मुहूर्त्त

पुराणानुसार अभिजित मुहूर्त्त काल में क्रियमाण सभी कर्म प्रायः सफल होते हैं। भगवान् विष्णु के सुदर्शन चक्र की भान्ति अभिजित् मुहूर्त्त सब दोषों को नाश कर देता है—

दिनमध्यगते सूर्ये मुहूर्त्ते हि अभिजित् प्रभुः।
चक्रमादाय गोविन्दः सर्वान्दोषान्निकृन्तति॥

दिनमान के अर्ध भाग में स्थानीय सूर्योदय जमा कर देने से अभिजित् मुहूर्त्त का मध्य भाग निकल आता है। **'नारद पुराण'** के अनुसार **अभिजित्** के मध्याह्न काल से १ घटी अर्थात् २४ मिनट पूर्व और मध्याह्न से २४ मिनट पश्चात् तक के समय को **अभिजित् काल** कहा जाता है।

उदाहरण—मान लो, आपने २८ नवम्बर को अभिजित मुहूर्त्त का समय जानना है, तो उस दिन के दिनमान (२५/३० घटी पल) का अर्धभाग १२ घड़ी, ४५ पल होंगे। इस अर्ध भाग के ५ घंटे, ६ मिनट बनते हैं। इनके उस दिन में जालन्धर के सूर्योदय ७/१० घं. मिं. में जमा कर देने से दुपै. १२ बजकर १६ मिनट पर अभिजित मुहूर्त्त का मध्यकाल होगा। इससे २४ मिनट पूर्व अर्थात् ११/५२ घं. मिं. से अभिजित का प्रारम्भ काल तथा (१२/१६ + ००/२४ मिनट = १२ घं. ४० मिनट पर अभिजित का समाप्ति काल (घंटा मिंट) होगा।

स्वयं सिद्ध मुहूर्त्त

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, श्रीरामनवमी, अक्षय तृतीया, विजयादशमी, दीपावली-तिथियां स्वयं सिद्ध (अणपुच्छ) मुहूर्त्त कहलाती हैं। आवश्यक परिस्थितिवश गृहारम्भादि मुहूर्त्तों में कोई मुहूर्त्त न बन पड़े तो इन स्वयं सिद्ध मुहूर्त्तों में से शुभ कार्य का सम्पादन कर सकते हैं।

सन् 2009 ई. में सर्वदेव प्रतिष्ठा (मूर्त्ति स्थापना) मुहूर्त्त

सर्वदेव प्रतिष्ठा मुहूर्त्त देवी-देवताओं की मूर्त्ति स्थापना, जलाशय, तालाब, बावड़ी, कुआं आदि के निर्माण हेतु भी ग्रहणीय होंगे। सात्त्विक देवी-देवताओं की मूर्त्ति स्थापना में उत्तरायण काल विशेष प्रशस्त माने जाते हैं।

पक्ष तिथि वार	तारीख	प्रविष्टे	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण (घं. मिं.)
फागु.कृ.५, शनि	14 फर.	३ फागु.	चित्रा	ल. १२ (प्रा. 9/08 तक), १, श्री दुर्गा
फा.कृ. ६, रवि	15 फर.	४ फागु.	स्वा.	ल. १ (दुपै. 12/53 तक), (शिव, दुर्गा)
फा.कृ. ८, मंग.	17 फर.	६ फागु.	अनु.	श्री हनुमान, शिव
फा.शु.२/३, शु.	27 फर.	१६ फागु.	उ.भा.	ल. १, २, अभि. श्री दुर्गा/गौरी
चैत्र. कृ.२, गुरु	12 मार्च	२९ फागु.	हस्त	ल. १२, २, अभि., विष्णु लक्ष्मी
वैशा.कृ. ६, बुध	15 अप्रै.	३ वैशा.	मूल	ल. ३, अभि. (श्री दुर्गादि देवी)
वैशा.कृ.८, शुक्र	17 अप्रै.	५ वैशा.	उ.षा.	ल. ३, अभि., श्रीकृष्ण राधा
वैशा.कृ. ८,शनि	18 अप्रै.	६ वैशा.	अभि.	ल. २ (प्रात: 7/53 तक) विष्णु, शिव
वै. कृ. १०, रवि	19 अप्रै.	७ वैशा.	धनि.	ल. ३ (प्रात: 10/34 बाद), अभि. (श्रीदुर्गा, हनुमान, शिव)
वै. कृ. ११, चंद्र	20 अप्रै.	८ वैशा.	ध/श	मु. 12/02 बाद, भद्रोतरे, शिव विष्णु, लक्ष्मी, शिव, गौरि)
वैशा.शु. ३, चंद्र	27 अप्रै.	१५ वैशा.	रोहि.	ल. ३ (प्रात: 9/08 बाद) अभि., श्रीराम, विष्णु, लक्ष्मी
वैशा.शु. ६, गुरु	30 अप्रै.	१८ वैशा.	पुर्न.	ल. २, अभिजित, शिवजी
वै. शु. ११, मंग.	5 मई	२३ वैशा.	उ.फा.	ल. २, ३ अभि., श्रीहनुमान
वै. शु. १३, गुरु	7 मई	२५ वैशा.	चित्रा	ल. २, ३, अभि., शिवजी
वै. शु. १५, शुक्र	8 मई	२६ वैशा.	स्वा.	ल. ३ (प्रात: 8/56 बाद), अभि., विष्णु, शिव, कृष्ण
ज्ये. कृ. ३, मंग.	12 मई	३० वैशा.	मूल	ल. ३ (चं. बु. दा.), अभि. श्री दुर्गा-शिव, गौरी
ज्ये. कृ. ८, रवि	17 मई	४ ज्येष्ठ	धनि.	ल. ३ (बु. दा.), विष्णु-लक्ष्मी, कृष्ण
ज्ये. कृ.११, बुध	20 मई	७ ज्येष्ठ	उ.भा.	ल. ३ (बु.दा.), अभि., विष्णु-दुर्गा
ज्ये.कृ. १२, गुरु	21 मई	८ ज्येष्ठ	रेव.	ल. ३ (बु.दा.), अभि., विष्णु-शिव
ज्ये. शु. ५, गुरु	28 मई	१५ ज्ये.	पुर्न.	मुहूर्त्त प्रा. 8/50 तक, शिवजी
ज्ये. शु. ९, सोम	1 जून	१९ ज्ये.	उ.फा.	ल. ३, अभि., श्रीदुर्गा, राम
ज्ये. शु. १०, मंग	2 जून	२० ज्ये.	हस्त	ल. ३, अभि., श्रीहनुमान, दुर्गा, शिव
ज्ये.शु. ११, बुध	3 जून	२१ ज्येष्ठ	चित्रा	मु. 12/49 बाद, भद्रा परिहार (लक्ष्मी नारायण)
ज्ये.शु. १२, गुरु	4 जून	२२ ज्ये.	स्वा.	३ (बु.दा.), अभि., विष्णु शिव
ज्ये.शु. १३, शुक्र	5 जून	२३ ज्ये.	स्वा.	मु. प्रात: 6/52 तक, शिव वैशा.
ज्ये.शु. १५, रवि	7 जून	२५ ज्ये.	अनु.	ल. ३ (बु.दा.), भद्रा परि. (विष्णु, शिव)
आषा.कृ.२, मंग.	9 जून	२७ ज्ये.	मूल	ल. ३ (चं. बु. दा.), अभि. दुर्गा, शिव, हनुमान
आ.कृ.४/५, शुक्र	12 जून	३० ज्ये.	श्रव.	ल. ३ (चं.दा.), अभि., दुर्गा, शिव, विष्णु
आ. कृ. ७, सोम	15 जून	२ आषा.	शत.	मु. 6/39 तक, शिवजी

माघ व फाल्गुण मासों में शुक्र व गुरू अस्त होने से देव - प्रतिष्ठा आदि मुहूर्त्तों का अभाव रहेगा।

श्री विष्णु, राम की मूर्त्ति स्थापना में वैशाख आदि उत्तरायण मासों के अतिरिक्त अक्षया तृतीया, रामनवमी, विजयादशमी, दीपावली आदि विशेष शुभ हैं। श्री विष्णु प्रतिमा में माघ मास वर्जित होता है। **भैरव आदि तामस देवों** के लिए दक्षिणायन एवं मार्गशीर्ष मास विशेष ग्राह्य हैं। श्रीकृष्ण की प्रतिमा के लिए उत्तरायण मास, भाद्र. कृष्णाष्टमी तथा मार्गशीर्ष मास शुभ माने जाते हैं।

श्री शिव मूर्त्ति, शिवलिंग की प्रतिष्ठा में श्रावण एवं फाल्गुण मास की चतुर्दशी (शिवरात्री) विशेषतया प्रशस्त है।

श्री दुर्गा माता, श्री महालक्ष्मी, सरस्वती, गौरी एवं काली माता की भी प्रतिष्ठा में दक्षिणायण (गुर्वास्तादि रहित) मास में नवरात्रे, अष्टमी/नबमी तिथि, मूल नक्षत्र, दीवाली एवं बसन्त पंचमी, नवरात्रे विशेष शुभ माने जाते हैं।

श्री हनुमान जी की मूर्त्ति स्थापना में चैत्र शु. पूर्णिमा, कार्तिक कृष्ण चौदश, मंगल, रविवार एवं आर्द्रा नक्षत्र विशेष शुभ माने जाते हैं। आगे दिए गए मुहूर्त्त भगवान् विष्णु, राम, शिव-शक्ति माता, श्री गणेश, हनुमान आदि देवों के लिए शुभ एवं ग्राह्य होंगे।

ऊपर लिखे सर्वदेव प्रतिष्ठा मुहूर्त्तों में श्रीगणेश, श्रीदुर्गा एवं शिवजी सम्बन्धी मुहूर्त्तों के साथ-साथ आगे लिखे विशेष मुहूर्त्त भी ग्रहणीय रहेंगे।

श्रीगणेश मूर्ति प्रतिष्ठा मुहूर्त्त–(2009 ई.)

पक्ष तिथि वार	तारीख	प्रविष्टे	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण (घं. मिं.)
माघ कृ. ४, बुध	14 जन.	2 माघ	मघा	ल. १, अभि. (संकटचौथ) (गुरु अस्त-आवश्यके)
फा. कृ. ४, शुक्र	13 फर.	२ फागु.	हस्त	ल. १२, अभि., चं. दा.
वैशा.कृ.४, रवि	12 अप्रै.	३० चैत्र	विशा	मु. 8/54 तक, भद्रा पूर्वे, रात्रौ मासांत दोष
ज्ये.कृ.३/४, मंग	12 मई	३० वैशा	मूल	ल. ३ (चं. दा.), भद्रा परि, 14/09 उपरान्त
श्राव.कृ. ४,शनि	11 जुला	२८ आषा.	ध/श	ल. अभिजित (चं. दा.)
भा.कृ.३/४, रवि	9 अग.	२५ श्राव.	पू.भा.	मु. 12 बजे बाद, भद्रोत्तरे
भा.शु.३/४, रवि	23 अग.	८ भाद्र	हस्त	ल. ७ (चं. दा.), अभिजित्
का.शु.३/४, बुध	7 अक्तू	२२ आश्वि.	कृति.	मु. प्रात: 10/52 उप., अभि.
मा.कृ.३/४, गुरु	5 नवं.	२० कार्ति.	रोहि.	ल. वृश्चिक (चं.दा.), अभि.
पौष कृ. ४,शनि	5 दिसं.	२० मार्ग	पुर्न	ल. २, अभि. (केतु युति परि.)
माघ कृ. ४, रवि	3 जन.	२० माघ	अश्ले	14/21 बाद, शुक्रास्त विचारणीय

श्रीदुर्गा व अन्य देवी प्रतिष्ठा मुहूर्त्त 2009 ई.

(निम्न मुहूर्त्त जो द्वितीया या तृतीया तिथियों को लगाए गए हैं, देवी गौरी प्रतिष्ठा में भी ग्राह्य होंगे।)

पक्ष तिथि वार	तारीख	प्रविष्टे	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण (घं. मिं.)
फा.कृ. ५, शुक्र	13 फर.	२ फागु.	हस्त	ल. १२-२ (चं. दा.), अभि.
फा.शु.२/३,शुक्र	27 फर.	१६ फागु.	उ.भा.	ल. १, २, अभि. (गौरी)
चैत्र कृ. २, गुरु	12 मार्च	२९ फागु.	हस्त	ल. १२, २, अभि., श्री गौरी
वैशा. कृ. ६,बुध	15 अप्रै.	३ वैशा.	मूल	ल. ३, अभिजित्
वै. कृ. ९, रवि	19 अप्रै.	७ वैशा.	धनि.	ल. ३, अभिजित्
वैशा. शु. ३,चंद्र	27 अप्रै.	१५ वैशा.	रोहि.	३ (प्रात: 9/08 बाद), अभि.
वैशा.शु. ५, बुध	29 अप्रै.	१७ वैशा.	आर्द्रा	ल. २, अभिजित्
ज्ये. कृ. ३, मंग.	12 मई	३० वैशा.	मूल	ल. ३ (चं. बु. दा.), अभि.
ज्ये.शु. १०, मंग	2 जून	२० ज्ये.	हस्त	ल. ३, अभिजित
आ. कृ. ५, शुक्र	12 जून	३० ज्ये.	श्रव.	ल. प्रात: 9/22 उप., अभि.
आ.शु. १४, चंद्र	6 जुला	२३ आषा	मूल	ल. कन्या, अभि. (रिक्ता)
श्राव.शु. ६, रवि	26 जुला	११ श्राव.	हस्त	ल. ६, अभिजित
श्रा. शु. १२,रवि	2 अग.	१८ श्राव.	मूल	ल. ६ (श.बु.दा.), अभि.
श्रा. शु. १५,बुध	5 अग.	२१ श्राव.	श्रव.	ल. ६ (10/45 बाद), अभि.
भाद्र. शु.३, रवि	23 अग.	८ भाद्र.	हस्त	ल. ७ (चं. दा.), अभि.
भा.शु.९/१०,श.	29 अग.	१४ भाद्र.	मूल	ल. ६ (8/08 बाद), ७ (तुला), रा. ल. १
भा. शु. १०,रवि	30 अग.	१५ भाद्र.	मूल	ल. ६ (श. [illegible]), ७ (11/05 तक)

—श्रीदुर्गा प्रतिष्ठा मुहूर्त्त—

पक्ष तिथि वार	तारीख	प्रविष्टे	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण (घं. मिं.)
भा. शु. १३, बुध	2 सितं.	१८ भाद्र.	श्रव.	ल. ६, ७, अभिजित
आ.शु. २/३, रवि	20 सितं.	५ आश्वि	हस्त	ल. ७ (श. दा.), अभिजित
आ.शु. ११, मंग.	29 सितं.	१४ आश्वि	श्रव.	ल. ७, अभिजित
का. कृ. ५, गुरु	8 अक्तू	२३ आश्वि	रोहि.	वृश्चिक 10/16 बाद, ९, अभि.
का. शु. ९, मंग	27 अक्तू	१० कार्ति.	श्रव.	ल. ८, ९, अभिजित
मार्ग. कृ. ३, गुरु	5 नवं.	२० कार्ति.	रोहि.	ल. ८ (सू. चं. दान)
मार्ग.कृ. १२, शु.	13 नवं.	२८ कार्ति.	हस्त	ल. ८, ९, अभिजित
पौष कृ. ९, गुरु	10 दिसं.	२५ मार्ग.	हस्त	ल. ११, अभिजित

भगवान् शिव प्रतिष्ठा मुहूर्त्त—2009 ई.

(नोट—शिव प्रतिष्ठा सम्बन्धी मुहूर्त्त, सर्वदेव प्रतिष्ठा मुहूर्त्तों में से भी ग्राह्य होंगे।)

पक्ष तिथि वार	तारीख	प्रविष्टे	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण
फा. कृ. ६, रवि	15 फर.	४ फागु.	स्वा.	दुपै. 12/53 तक
फा.कृ. १४, चंद्र	23 फर.	१२ फागु.	श्रव.	ल. मीन, वृष, अभिजित
फा. शु. ३, शनि	28 फर.	१७ फागु.	रेव.	ल. १, २, अभिजित
वैशा.कृ. ६, बुध	15 अप्रै.	३ वैशा.	मूल	ल. ३, अभिजित
वैशा.शु. ५, बुध	29 अप्रै.	१७ वैशा.	आर्द्रा	ल. २, अभिजित
वै. शु. १०, चंद्रे	4 मई	२२ वैशा.	पू.फा.	ल. २, अभिजित
ज्ये. कृ. ७, शनि	16 मई	३ ज्ये.	श्रव.	मु. 10/48 बाद, भद्रोत्तरे
ज्ये. शु. ३, बुध	27 मई	१४ ज्ये.	आर्द्रा	ल. ३, अभिजित
श्रा. कृ. १२, रवि	19 जुला	४ श्राव.	रोहि.	ल. ६ (चं. दा.), अभि.
श्रा. शु. ३, शुक्र	24 जुला	९ श्राव.	मघा	ल. ६, ७, अभि., चं. दा.
श्राव.शु. ५, रवि	26 जुला	११ श्राव	हस्त	ल. ७, अभिजित
श्रा. शु. ८, बुध	29 जुला	१४ श्राव.	स्वा.	ल. ६, अभिजित
श्रा. शु. १२, रवि	2 अग.	१८ श्राव.	मूल	ल. ६ (बु. दा.), अभिजित
श्राव.शु.१५, गुरु	6 अग.	२२ श्राव.	श्रव.	ल. ६ (बु.श.दा.), अभि.
भाद्र.कृ. ५, मंग	11 अग.	२७ श्राव.	रेव.	ल. ६ (चं.बु.दा.), अभि.
भाद्र.कृ.१२, चंद्र	17 अग.	२ भाद्र	आर्द्रा	ल. ६, ७, अभि. (आवश्यके)

शिवलिङ्ग एवं शिव मूर्त्ति स्थापना में उपयोगी

—शिववास चक्र—

शिवलिङ्ग एवं शिव मूर्त्ति स्थापना एवं प्रतिष्ठार्थ

ऊपर लिखे शास्त्रविहित मुहूर्तों में से विशेष मुहूर्त्त के चयन हेतु कुछ विद्वान् शिववास चक्र का भी प्रयोग करते हैं। पाठकों के लाभ हेतु शिववास चक्र दिया जा रहा हैं। इस चक्र की प्रयोग विधि इस प्रकार से है—उपरोक्त लिखी गई तिथियों में से अभीष्ट (Required) तिथि की संख्या को दोगुणा करके उसमें, पाँच जोड़ देवें, फिर कुल मान को सात से भाग कर देवें, जो शेष संख्या बचे, उसके अनुसार शिव का वास जानना। उदाहरण—मान लो हमने पंचमी तिथि के सम्बन्ध में शिववास जानना है, तो पाँच संख्या को दोगुणा करने पर दस संख्या मिली, इसमें 5 जमा करके 15 संख्या हुई, इसको 7 द्वारा भाग देने पर शेष 1 बचा, इसका फल लाभ/सुख अच्छा लिखा है। कुछ विद्वान् महामृत्युमुञ्जय आदि शैव मन्त्रानुष्ठान के पश्चात् करणीय होमादि में भी इस शिववास चक्र का विचार करते हैं।

शिववास चक्र

शेष	शिववास	फल
१	कैलाश पर	शुभ/लाभ, सुख
२	गौरी संग	शुभ-लाभ
३	बैल पर	कार्य सिद्धि
४	सभा में	कष्टकारी
५	भोजन	दुख प्रदायक
६	रमण	कष्टप्रद
(शून्य)	श्मशान	नेष्ट फल

नामकरण संस्कार मुहूर्त्त २०६६—(अन्न प्राशन मुहूर्त्त में भी ग्राह्य)

अपनी कुल परम्परा अनुसार सूतक समाप्ति के पश्चात् जन्मदिन से १०, ११, १२, १३, १६, १९ या २२वें या ४१वें तथा **विपणि** में दिए गए शुभ मुहूर्त्तों में नामकरण संस्कार करना चाहिए। मनुष्य के बाह्य एवं आन्तरिक व्यक्तित्व के विकास में उसकी प्रसिद्ध नाम राशि का विशेष महत्त्व होता है। व्यापार, व्यवहार, सर्विस, संकल्पपूर्वक दान दीक्षा-मंत्र-सिद्धि आदि कार्यों में नाम की ही प्रधानता रहती है। नामकरण संस्कार अपने कुल के वृद्ध व्यक्ति, महात्मा, गुरु, पण्डित, ज्योतिषी, पिता या कुल पुरोहित जी से परामर्श के अनुसार अथवा जन्म-नक्षत्र के चरणाक्षर से प्रारम्भ होने वाले अक्षर से युक्त किसी महान् पुरुष, कुलदेवता, ईश्वर या देववाचक, मंगल/कल्याणार्थक तथा कानों को मधुर लगने वाले अक्षर वाला नाम रखना चाहिए। यदि जन्म नक्षत्र/राशि पाप ग्रह से युक्त या दृष्ट हो, तो लग्न, लग्नेश या भाग्येश ग्रह से सम्बन्धित राशि वाले अक्षर से प्रारम्भ होने वाला नाम रखना चाहिए। उस दिन किसी ब्राह्मण द्वारा स्वास्ती वाचन, पंचदेव एवं नवग्रह पूजनादि करवा कर **ब्राह्मण** का भोजन, वस्त्र, फल दक्षिणा आदि द्वारा सत्कार करना चाहिए।

विवाहादि शुभ कार्यों में दोषपूर्ण, अशुद्ध एवं त्याज्य मुहूर्त्त–संवत् २०६६ वि.

नीचे वि. संवत् २०६६ में उन विशेष दोषपूर्ण एवं अशुद्ध विवाह मुहूर्त्तों का विवरण दिया जा रहा है, जिनके अन्तर्गत विवाह नक्षत्र होते हुए भी उनको शुद्ध विवाह मुहूर्त्तों में सम्मिलित नहीं किया गया। जिज्ञासु पाठकों की शंका समाधान के लिए आगे कुछ अशुद्ध एवं त्याज्य विवाह मुहूर्त्तों का विवरण लिख रहें हैं जिनका प्रत्यक्षतः कोई शास्त्रीय परिहार नहीं मिलता है। अति आवश्यक परिस्थितिवश यदि निम्न मुहूर्त्तों में से कोई विवाह आदि शुभ कार्य करना हो, तो विवाह नक्षत्र व योग स्वामी एवं देवता की विशिष्ट संख्या में संकल्पपूर्वक पूजा–पाठ व दानादि करके शुभ कार्य सम्पादित करने चाहिएँ॥ हमारे मतानुसार निम्न दोषपूर्ण एवं अशुद्ध मुहूर्त काल में शुभ कार्य के आरम्भ का त्याग ही उचित होगा। (निवेदक—पण्डित पन्ना लाल ज्योतिषी॥)

ता. मास	वार	नक्षत्र	दोष विवरण
14 अप्रैल	मंग.	मूल	रात्रि 24/35 बाद मृत्युबाण
15 अप्रैल	बुध	मूल	दुपै. 13/39 तक मृत्युबाण
18 अप्रैल	शनि	श्रव.	राहु की युति
19 अप्रैल	रवि	श्रव.	राहु की युति
20 अप्रैल	सोम	धनि.	भद्रा दोष व्याप्त
22 अप्रैल	बुध	उभा.	कृष्ण त्रयोदशी
28 अप्रैल	मंग.	रोह.	नक्षत्रान्त
2 मई	शनि	मघा	राहु का वेध
3 मई	रवि	मघा	राहु का वेध
4 मई	सोम	उफा.	भद्रा दोष व्याप्त
5 मई	मंग.	हस्त	मं., शु. का वेध
6 मई	बुध	हस्त	मं., शु. का वेध
9 मई	शनि	अनु.	सूर्य का वेध
10 मई	रवि	अनु	सूर्य का वेध
13 मई	बुध	मूल	मासान्त
15 मई	शुक्र	उषा	राहु की युति
16 मई	शनि	श्रव.	लग्नाभाव मृ.बा. 11 तक
21 मई	गुरु	अश्वि	कृष्ण त्रयोदशी
25 मई	सोम	रोहि.	राहु का वेध
26 मई	मंग.	मृग	राहु का वेध
31 मई	रवि	उफा	लग्नाभाव
3 जून	बुध	चित्रा	मृत्युबाण, व्यतिपात
10 जून	बुध	उ.षा.	राहु युति, सूर्यवेध
11 जून	गुरु	उ.षा.	राहु युति, सूर्य वेध
12 जून	शुक्र	धनि.	मृत्युबाण
13 जून	शनि	धनि.	मृत्युबाण, मासान्त
17 जून	बुध	उ.भा.	लग्नाभाव
18 जून	गुरु	रेवती	भद्रा व्याप्ति

ता. मास	वार	नक्षत्र	दोष विवरण
18 जून	गुरु	अश्वि	शनि का वेध
19 जून	शुक्र	अश्वि	शनि का वेध
27 जून	शनि	मघा	लग्नाभाव
29 जून	सोम	उ.फा.	लग्नाभाव
30 जून	मंग	हस्त	लग्नाभाव
1 जुला.	बुध	चित्रा	लग्नाभाव
2 जुला.	गुरु	स्वा.	लग्नऽभाव
6 जुला.	सोम	मूल	सूर्य का वेध
7 जुला.	मंग.	उ.षा.	राहु की युति
8 जुला.	बुध	उ.षा.	राहु की युति
10 जुला.	शुक्र	श्रव.	लग्नाभाव
11 जुला	शनि	धनि	लग्नाभाव
14 जुला.	मंग.	उ.भा.	भद्रा दोष व्या.
15 जुला.	बुध	रेव	मासान्त
19 जुला.	रवि	मृग	राहु वेध, कृष्ण १३
27 जुला.	सोम	हस्त	मृत्युबाण
4 अग.	मंग.	उ.षा.	राहु युति, भौम वेध
5 अग.	बुध	उ.षा.	राहु युति, भौम वेध
6 अग.	गुरु	धनि.	सूर्य का वेध
7 अग.	शुक्र	धनि.	सूर्य का वेध
11 अग.	मंग.	अश्वि	शनिवेध, क्रांति साम्य
12 अग.	बुध	अश्वि	शनि वेध, भुजंगपात
14 अग.	शुक्र	रोहि.	मृत्युबाण दोष
15 अग.	शनि	रोहि.	मासान्त
16 अग.	रवि	मृग.	राहु वेध, संक्रांति
21 अग.	शुक्र	मघा	सूर्य युति, क्षीण चंद्र
22 अग.	शनि	हस्त	लग्नाभाव
23 अग.	रवि	चित्रा	लग्नाभाव

ता. मास	वार	नक्षत्र	दोष विवरण
24 अग.	सोम	स्वा.	लग्नाभाव
26 अग.	बुध	अनु.	लग्नाभाव
31 अग.	सोम	उ.षा.	राहु की युति
1 सितं.	मंग.	उ.षा.	राहु की युति
4 सितं. से 18 सितं. तक श्राद्ध रहेंगे			
21 सितं.	सोम	चित्रा	लग्नाभाव
22 सितं.	मंग.	स्वा.	लग्नाभावः
25 सितं.	शुक्र	मूल	मंग., केतु का वेध
26 सितं.	शनि	उ.षा.	मं., के. का वेध
27 सितं.	रवि	उ.षा	राहु की युति
28 सितं.	सोम	उ.षा	राहु की युति, अतिगंड
3 अक्तू.	शनि	उ.भा.	सूर्य का वेध
4 अक्तू.	रवि	रेव	शनि का वेध
5 अक्तू.	सोम	रेव	शनि का वेध
6 अक्तू.	मंग.	अश्वि.	मृत्युबाण दोष
9 अक्तू.	शुक्र	रोहि.	लग्नाभाव
9 अक्तू.	शुक्र	मृग	राहु का वेध
10 अक्तू.	शनि	मृग	राहु का वेध
13 अक्तू.	मंग.	मघा	लग्नाभाव
15 अक्तू.	गुरु	उ.फा.	कृष्ण त्रयोदशी
16 अक्तू.	शुक्र	उ.फा.	मासान्त
22 अक्तू.	गुरु	मूल	केतु का वेध
23 अक्तू.	शुक्र	मूल	केतु का वेध
25 अक्तू.	रवि	उ.षा.	राहु की युति
26 अक्तू.	सोम	उ.षा	राहु की युति
31 अक्तू.	शनि	रेव	शनि का वेध
1 नवं.	रवि	रेव.	शनि का वेध

ता. मास	वार	नक्षत्र	दोष विवरण
5 नवं.	गुरु	मृग.	राहु का वेध
6 नवं.	शुक्र	मृग.	राहु का वेध
11 नवं.	बुध	मघा	नक्षत्रान्त (लग्नाभाव)
14 नवं.	शुक्र	चित्रा	कृष्ण त्रयोदशी
15 नवं.	शनि	स्वा.	मासान्त
18 नवं.	बुध	अनु.	लग्नाभाव
19 नवं.	गुरु	मूल	केतु का वेध
20 नवं.	शुक्र	मूल	केतु का वेध
21 नवं.	शनि	उ.षा.	राहु की युति
22 नवं.	रवि	उ.षा.	राहु की युति
23 नवं.	सोम	धनि.	मंगल का वेध
24 नवं.	मंग.	धनि.	मंगल का वेध
26 नवं.	वीर	उभा	लग्नाभाव
27 नवं.	शुक्र	रेव	शनि का वेध
28 नवं.	शनि	रेव.	शनि का वेध
2 दिसं.	बुध	मृग	राहु का वेध
3 दिसं.	गुरु	मृग	राहु का वेध
10 दिसं.	गुरु	उ.फा.	लग्नाभाव

11 दिसं. से शुक्र वार्धक्य प्रारम्भ (प्रातः से)
14 दिसं. से 8 फर. (2010 ई.) तक शुक्रास्त।
13 फर. (2010 ई.) से गुरू वार्धक्य प्रारम्भ
16 फर. से 21 मार्च 2010 ई. तक गुरू अस्त होंगे। फलस्वरूप माघ व फाल्गुण महीनों में विवाह आदि शुभ मुहूर्त्तों का अभाव रहेगा।

नोट—यदि किसी विद्वान को किसी मुहूर्त्त सम्बन्धी कोई शंका हो, तो पत्र लिखकर उसका स्पष्टीकरण माँग लें—

—पं. विवेक शर्मा, सुपुत्र पं. पन्ना लाल ज्यो.
अड्डा होशियारपुर चौंक, जालन्धर (पं.)

विवाहादि शुभ कार्यों में लग्न शुद्धि विचार

विवाह, मुण्डन, गृहारम्भादि शुभ कार्यों में मास, तिथि, नक्षत्र, योगादि की शुद्धि के साथ विवाह लग्न की शुद्धि को विशेष महत्त्व एवं प्रधानता दी गई है। **तिथि** को शरीर, **चन्द्रमा** को मन, **योग–नक्षत्रों** आदि को शरीर के अंग तथा **लग्न** को **आत्मा** माना गया है। यथा–

तिथिः शरीरं मन इन्दुवीर्यं विलग्नमात्माऽवयवास्तु-भाद्याः —**ज्योतिर्निबंध**

लग्न बल के बिना जो कुछ भी शुभ कार्य किया जाता है, उसका फल वैसे ही व्यर्थ हो जाता है, जैसे ग्रीष्मकाल में बिना जल के नदी।

लग्नवीर्यं विना यत्र यत्कर्म क्रियते बुधैः।
तत्फलं विलयं याति ग्रीष्मे कुसरिता यथा॥ —**ज्योति. विदरणे**

सभी शुभ कार्यों में लग्न शुद्धि का विशेष महत्त्व है।

विवाह लग्न का निश्चय करना हो, तो त्रिविक्रम–संहितानुसार, **लग्न** स्थान में चन्द्र तथा सूर्य, शनि, मंगल, राहु, केतु आदि क्रूर ग्रह न हों, लग्न से छठे स्थान में शुक्र, चन्द्र, व लग्नेश न हो तथा आठवें स्थान में चन्द्र, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र व लग्नेश नहीं होने चाहिएं तथा सप्तम स्थान में कोई भी ग्रह नहीं होना चाहिए। **सातवें चन्द्र** और गुरु समफल करते हैं। अर्थात् चन्द्र, गुरु का दानादि करने से शान्ति हो जाती है।

विवाह लग्न में अशुभ एवं पूज्य ग्रह

"त्याज्या लग्नेऽब्दयो मंदः षष्ठे शुक्रेन्दुलग्नपाः।
रन्ध्रे-चन्द्रादयः पंच, सर्वेऽब्जगुरु समौ॥"

परिहारस्वरूप १२वें शनि, तीसरे शुक्र, चतुर्थ में राहु, दशम भाव में मंगल का दोष यथोचित दानादि करने से शान्ति हो जाती है। **'पंचांगदिवाकर'** में लगाए गए लग्न मुहूर्तों में इन तीनों भावों में शनि, शुक्र व मंगल ग्रहों की स्थिति हो वहां उचित दानादि करवा लें।

आगे षष्ठाष्टम एवं द्वादश चन्द्र, शुक्र, अष्टम भौम, लग्नस्थ एवं सप्तमस्थ चन्द्र गुरु आदि के अपवाद (परिहार) लिखे गए हैं।

विवाह में ग्राह्य शुभ लग्न–मुहूर्त ग्रन्थों के अनुसार विवाह लग्न काल में ३, ६, ८, ११वें सूर्य तथा इन्हीं स्थानों (३, ६, ११) में राहु, केतु और शनि भी शुभ होते हैं। ३, ६ और ११वें **मंगल**, २, ३, ११वें **चंद्रमा**, ३, ६, ७ शुभ और ८वें स्थानों को छोड़कर अन्य भावों में स्थित **शुक्र** शुभ होता है। ग्यारहवें भाव में सूर्य तथा केन्द्र त्रिकोण में गुरु लग्नगत अनेक दोषों का परिहार करते हैं–

लग्ने वर्गोत्तमे वेन्दौ धूनाये लाभगेऽथवा।
केन्द्र कोणे गुरौ दोषा नश्यन्ति सकलाऽपि॥ मु. गणपति॥

विवाह लग्न सम्बन्धी परिहार वाक्य

जन्म राशि से अष्टमस्थ लग्न–वर कन्या की जन्म राशि या लग्न से चतुर्थ, अष्टम तथा बारहवी राशिस्थ लग्न अशुभ कहे गए हैं। यथोक्तम्–

सुखघ्नं तुर्यमुद्वाहे द्वादश वित्तनाश कृत्। जन्म भात् जन्म लग्नाच्च मृत्युदंलग्नमष्टमम्॥

परन्तु परिहार स्वरूप जन्म राशि या लग्न राशि का स्वामी तथा विवाह लग्न का **स्वामी ग्रह समान** हो, अथवा **मित्र क्षेत्री** हो, अथवा अष्टमस्थ लग्न राशि का **स्वामी**, **केन्द्र** स्थित हो अथवा गुर्वादि शुभ ग्रह से वीक्षित हो तो अष्टम लग्न का दोष दूर होता है।

कर्तृरि दोष–लग्न में पापी ग्रह मार्गी होकर १२ भाव में तथा क्रूर (पापी) ग्रह वक्री गत होकर दूसरे भाव में हो, तो कर्तृरि **दोष** होता है। यह योग दारिद्रय, शोक व मृत्यु तुल्य कष्टकारी होता है।

परिहार–कर्तृरि दोष कारक ग्रह **नीच**, शत्रु क्षेत्री, अथवा अस्तगत हो, तो इस दोष का परिहार हो जाता है। इसके अतिरिक्त गुरु, शुक्र, बुध इनमें से कोई शुभ ग्रह केन्द्र त्रिकोण में अथवा २रे या १२वें भावस्थ गुरु हो तो भी कृर्तरि दोष निवार्य हो जाता है।

अष्टम भौम का परिहार–मंगल अस्तंगत, नीच राशि का (कर्क) या शत्रु राशि (मिथुन एवं कन्या) का होकर अष्टम स्थान में हो, तो दोषकारक नहीं, परन्तु लग्नेश होकर अष्टमगत नहीं होना चाहिए।

अस्तगे नीचगे भौमे शत्रुक्षेत्रगतेऽपि वा।
कुजाष्टमोद्भवो दोषो न किंचिदपि विद्यते॥ **कश्यप॥**

छठे, बारहवें चन्द्र का परिहार–नीच राशि, शत्रु राशि या नीच–राशिगत चन्द्रमा ६ या १२वें स्थानस्थ होना दोषपूर्ण नहीं माना गया। जैसे–बृश्चिक, मिथुन, कन्या राशि ३, ६

नीचराशिगते चन्द्रे नीचांशगतेऽपि वा, चन्द्रे षष्ठारि–रिः फस्थे दोषो नास्ति न संशयः।

परन्तु लग्नेश होकर चन्द्र षष्ठाष्टम नहीं होना चाहिए।

लग्नस्थ चन्द्र का परिहार–**"कर्किगोस्थः पूर्णो विधुस्तनौ"**

व्रतबन्धोक्त अनुसार वृष, कर्क एवं पूर्ण चन्द्रमा या शुभग्रह से दृष्ट हो लग्न में दोषकारक नहीं होता। मु. मार्त्तंङ

षष्ठाष्टमस्थ शुक्रापवाद–नीच एवं शत्रु राशिगत शुक्र छठे, आठवें हो तो दोषकारक नहीं परन्तु लग्नेश होकर इन भावों में न हो। जैसे–

नीच राशिगते शुक्रे शत्रु क्षेत्रगतेऽपि वा।
भृगु षट्कोत्थितो दोषो नास्ति तत्र न संशयः॥ मुहूर्त चिं. पीयूषंधारा

सप्तम भावस्थ चन्द्र–गुरु–सप्तम भाव में यद्यपि सभी ग्रह वर्जित कहे हैं, परन्तु चन्द्र गुरु का परिहार है। **"चन्द्र चान्द्री शुक्रजीवा यामित्रे शुभकारकाः।"**

'मुहूर्त्तगणपति' अनुसार विवाहादि शुभ कार्य के लग्न में, केन्द्र–त्रिकोण में **गुरु**, **शुक्र** एवं **बुध** एवं ग्यारहवें भाव में चन्द्र या सूर्य अथवा सप्तमेश हो, तो अनेक दोषों का नाश हो जाता है।

वेध दोष परिहार–पंचश्लाका चक्रानुसार विवाह नक्षत्र का क्रूर ग्रह द्वारा वेध हो जाने पर विवाहित नक्षत्र सर्वथा त्याज्य माना जाता है। परन्तु गुरु, बुध आदि सौम्य ग्रहों का चरण वेध (१ एवं ४थे चरण के मध्य तथा २ रे व ३ रे चरण ही अशुभ माना है। —**ज्योतिर्निबन्ध**

युतिदोष परिहार—पाप एवं क्रूर ग्रह की युति त्याज्य मानी जाती है। परन्तु यदि चन्द्रमा उच्चस्थ, स्वक्षेत्री या मित्रक्षेत्री (वृष, कर्क, मिथुन, सिंह एवं कन्या) राशि का हो तो युतिदोष अविचारणीय होता है।

यथा—

स्वक्षेत्रगः स्वोच्चगो व मित्रक्षेत्रगतो विधुः।
युति दोषाय न भवेत् दम्पत्योः श्रेयसेतदा॥ (नारदः)

(१०) दग्धा तिथि परिहार—विवाह लग्न समय केन्द्र–त्रिकोण गत गुरु हो एवं एकादश (११वां) भाव शुभ ग्रह से युक्त या दृष्ट हो, तो दग्धातिथि का दोष नहीं रहता।—**मु० गणपति पंचांगदिवाकर में शुभ विवाह मुहूर्त्तों** में जहाँ कहीं अशुभ योग का स्पर्श हुआ है, वहां विशेष दोषपूर्ण घड़ियों को विचार करके ही वि. मुहूर्त्त लगाए गए हैं।

कश्यपर्वि अनुसार लग्न से केन्द्र, त्रिकोण में गुरू, शुक्र या बुधादि सौम्य ग्रह हो, तो समस्त दोषों का ऐसे परिहार हो जाता है, जैसे भगवान् विष्णु को मात्र स्मरण करने से पापों का नाश हो जाता है

काव्यो गुरू र्वा सौम्यो वा यदा केन्द्र त्रिकोणगाः।
नाशयन्ति अखिलान् दोषान् पापानि व हरिस्मृतिः॥ (कश्यप)

भद्रा का शुभाशुभ विचार

भद्राकाल में विवाह, मुण्डन, गृहारम्भ, गृहप्रवेश, रक्षा बन्धन आदि मांगलिक कृत्यों का निषेध माना जाता है, परन्तु भद्रा काल में शत्रु का उच्चाटन करना, स्त्री प्रसंग में, यज्ञ करना, स्नान करना, अस्त्र–शस्त्र का प्रयोग, आप्रेशन करना, मुकद्दमा करना, अग्नि लगाना, किसी वस्तु को काटना, भैंस, घोड़ा, ऊँट सम्बन्धी कर्म प्रशस्त माने जाते हैं।

भद्रा परिहार विचार—सामान्य परिस्थितियों में विवाह आदि शुभ मुहूर्तों में भद्रा का त्याग ही करना चाहिए, परन्तु आवश्यक परिस्थितिवश **भूलोक की भद्रा**, तथा **भद्रा मुख** छोड़कर भद्रा पुच्छ में शुभ कृत्य किए जा सकते हैं।

कार्येत्वाश्यके विष्टेर्मुख, कण्ठहृदि मात्रं परित्येत्।

एक अन्य मतानुसार अत्यावश्यक स्थिति में रात्रि में तिथि के पूर्वार्द्ध की भद्रा, दिन में परार्ध की भद्रा ग्रहण कर सकते हैं।

तिथेः पूर्वार्धजा रात्रौ दिने भद्रा परार्धजा। भद्रा दोषो न तत्र स्यात् कार्येऽत्यावश्यके सति॥

भद्रा परिहार

कुछ आवश्यक स्थितियों में भद्रा दोष का परिहार हो जाता है। यथा—

तिथि पूर्वार्धजा भद्रा दिवा भद्रा प्रकीर्तिता। तिथिरुत्तरजा भद्रा रात्रिभद्रेति कथ्यते॥
दिवा भद्रा रात्रौ रात्रिभद्रा यदा दिवा। तदाविष्टिकृतो–दोषो न, भवेत्सर्वं सौख्यदः॥

अर्थात् तिथि के पूर्वार्द्ध भाग में प्रारम्भ भद्रा अर्थात् तिथि दिवस के पूर्वार्ध भाग में प्रारम्भ भद्रायादि तिथ्यन्त में रात्रिव्यापिनी हो जाए, तो दोषकारक न होकर सुखदायिनी हो जाती है।

(ii) पीयूषधारानुसार—दिन की भद्रा रात्रि को और रात्रि की भद्रा दिन को आ जाए, तो भद्रा दोषरहित हो जाती है।

रात्रिभद्रा यदह्नि स्याद् दिवा भद्रा यदा निशि। न तत्र भद्रादोषः, सा भद्रा–भद्र दायिनी॥

(iii) "दिवा परार्द्धजा विष्टिः, पूर्वार्द्धोत्या निशि। तदा विष्टिः शुभायेति कमलासनभाषितम्॥"

उत्तरार्ध की भद्रा दिन में, तथा पूर्वार्द्ध की रात्रि में शुभ होती है।

भद्रा लोक वास

मेष, वृष, मिथुन, वृश्चिक का चन्द्रमा होने से भद्रा **स्वर्ग लोक** में, कन्या, तुला, धनु, मकर का चन्द्रमा होने से **पाताल** में, कर्क, सिंह, कुम्भ व मीन राशि के चन्द्रमा में **भद्रा मर्त्यलोक (भू लोक)** में—अर्थात् **सम्मुख रहती है।** जब भद्रा **भू–लोक में (सम्मुख)** रहती है, **अशुभफल दायिनी** एवं वर्जित मानी जाती है, अन्य लोकों में हो, तो शुभ है—

स्थिताभूर्लोस्था भद्रा सदा त्याज्या स्वर्गपातालगा शुभा –(मु. मार्त्तण्ड)

लोकवास	स्वर्ग	पाताल	भू–लोक
चन्द्रराशि	१, २, ३, ८	६, ७, ९, १०	४, ५, ११, १२
भद्रा–मुख	ऊर्ध्वमुखी	अधोमुख	सम्मुख

स्वर्गे भद्रा धनं धान्यं पाताले च धनागमः। मृत्युलोके यदा भद्रा कार्य सिद्धिस्तदानहि॥

(iv) शुक्ल पक्ष की भद्रा का नाम **बृश्चिकी** है। कृष्ण पक्ष की भद्रा का नाम **सर्पिणी** है। **मतान्तर से**, दिन की **भद्रा सर्पिणी**, रात्रि की भद्रा **बृश्चिकी** है। बिच्छू का विष डंक में तथा सर्प का विष मुख में होने के कारण **बृश्चिकी** भद्रा की पुच्छ और **सर्पिणी** भद्रा का मुख विशेषतः त्याज्य है।

(v) भद्रा दोष, मंगल–शनिवार जनित दोष, व्यतीपात, अष्टम भावस्थ एवं जन्म नक्षत्र दोष, मध्याह्न के पश्चात् शुभकारक मानी जाती है।

गोधूलि काल

विवाह मुहूर्त्तों में क्रूर ग्रह युति, वेध, मृत्युबाण आदि दोषों की शुद्धि उपरान्त यदि अभिवांछित मुहूर्त्त में शुद्ध विवाह–लग्न न निकलता हो, तो मुहूर्त ग्रन्थाचार्यों ने गोधूलि का लग्न ग्रहण करने की सम्मति प्रदान की है।

गोधूलि काल—जब सूर्यास्त न हुआ हो (अर्थात् सूर्यास्त होने वाला हो) और गाय आदि चौपाय अपने–अपने गृहों को लौटते हुए अपने खुरों से पथ की धूलि को आकाश में उड़ाकर जाने लगें, तो उस काल को मुहूर्त्तकारों ने **गोधूलि काल** का नाम प्रदान करते हुए, इसे विवाहादि सब मांगलिक कार्यों में प्रशस्त कहा है। यह लग्न, मुहूर्त्त, पात, अष्टम भाव, जामित्रादि दोषों को नष्ट प्राय कर देता है।

नो वा योगो न मृतिभवनं नैव जामित्र दोषो,
गोधूलिः सा मुनिभिरुदिता सर्वकार्येषु शस्ता॥ —मुहूर्त्त चिन्तामणि

जब कोई अन्य शुभ लग्न न बनता हो, और कन्या विवाह योग्य हो गई हो तो गोधूलि में विवाह शुभ होता है। **ज्योतिनिर्बन्धानुसार–**

लग्न शुद्धिर्यदा न स्याद् यौवने समुपास्थिते, तदा वै सर्ववर्णानां लग्नं गोधूलिकं शुभम्॥

गोधूलि लग्न काल के सम्बन्ध में विद्वानों ने मतान्तर पाए जाते हैं–

(i) पीयूषधारा के मतानुसार सूर्य के अर्ध–अस्त होने के अनन्तर **२ घड़ी (४८ मिनट) का समय गोधूलि काल है।**

(ii) मुहूर्त गणपति के अनुसार सूर्यार्ध बिम्ब के अस्त हो जाने के पूर्व एवं पश्चात् १५–१५ पल अर्थात् १२ मिनट का मध्यान्तर गोधूलि संज्ञक है।

(iii) आचार्य नारदानुसार सूर्योदय से सप्तम लग्न गोधूलि लग्न काल होता है।

चतुर्थमभिजित लग्नमुदयार्क्षात्तु सप्तमम्॥ –नारद

(iv) कुछ विद्वानों के अनुसार लग्न, सप्तम तथा अष्टम भाव में मंगल को भी वर्ज्य माना गया है। शेष भावों में अन्य किसी ग्रह का विचार गोधूलि लग्न में नहीं किया जाता।

(v) गुरुवार को सूर्यास्त के बाद तथा शनिवार को सूर्यास्त होने से पूर्व (पहले) की ही आधी घड़ी (12 मिनट) को गोधूलिकाल माना गया है, अन्यथा नहीं. (मुहूर्त चिन्तामणि)

––क्षौरकर्म (हजामत) के लिए शुभाशुभ दिन––

गर्गादि आचार्यों के अनुसार रविवार, मंगलवार एवं शनिवार को क्षौर (हजामत) कर्म करवाने से आयु का क्षय होता है। **सोमवार, बुधवार, गुरुवार** और **शुक्रवार** को क्षौर कर्म (हजामत) करवाना शुभ होता है। मतान्तर से एक पुत्र सन्तान वाले गृहस्थी को सोमवार के दिन, तथा विद्या एवं धनाकांक्षी गृहस्थी को गुरुवार के दिन क्षौर नहीं करवाना चाहिए।

इसके अतिरिक्त पर्व वाले दिन, जन्मदिन, चतुर्थी, नवमी, चतुर्दशी (१४) आदि रिक्ता तिथियों में, व्रत के दिन, अमावस्या, पूर्णिमा, संक्रान्ति, श्राद्ध के दिन, भद्रा और व्यातिपात योग में तथा भोजन करने के बाद, देश-प्रदेश जाने के समय में शुभाकांक्षी क्षौर कर्म न करावें।

––तैलाभ्यंग–अर्थात् तैल मालिश करना––

रविवार, मंगलवार, गुरुवार तथा शुक्रवार को तैल लगाना शुभ नहीं माना जाता है। **निर्णय सिन्धु** के अनुसार रविवार तैल लगाने से ताप, मंगलवार को आयु क्षीणता, गुरुवार से धन-हानि, शुक्रवार को तैल लगाने से दुःख होता है। सोमवार, बुधवार तथा शनिवारों को तैल लगाना शुभ होता है। प्रतिदिन तेल लगाने वालों को भी दोष नहीं लगता–(**–अभ्यङ्गके चैव वासिते नैव दूषणम्॥**)

चतुर्कोणों दिशाशूल विचार

आग्नेय (पूर्व-दक्षिण) में सोम व गुरुवार, **नैऋत्य** (दक्षिण-पश्चिम) दिशा में रविवार व शुक्रवार, वायव्य (उत्तर-पश्चिम) में मंगलवार तथा **ईशान** (पूर्व-उत्तर) में बुध एवं शनिवार के दिन **दिशाशूल** होता है (मुहूर्त गणपति)

दिशापति के वार अनुसार उसी दिशा की यात्रा शुभदायिनी तथा उससे पीछे (सामनेवाली) दिशा की यात्रा अनिष्टप्रदा होती है–

दिगीशाहे शुभा यात्रा पृष्ठा हे मरणं ध्रुवम् (ज्योतिस्तत्व)

परन्तु बधवार उत्तर दिशा का स्वामी होते हुए, बुध की उत्तर में निषिद्ध माना गया है (गर्ग)

विशेष–यदि एक जगह से रवाना होकर, उसी दिन गन्तव्य स्थान पर पहुँच जाना निश्चित हो, तो ऐसी यात्रा में तिथि-वार-नक्षत्र, दिशा-शूल, प्रतिशुक, योगिनी आदि जनित दोषों का विचार नहीं करना चाहिए–यथा **''एकस्मिन्नपि दिवसे यदि चेद् गमनं प्रवेशश्च।**
प्रतिशुक्रवार शूलं न चिन्तयेत् योगिनी पूर्वम्॥''–(पीयूषधारा)

यात्रादि मुहूर्त विचार

किसी कार्य के उद्देश्य से देशान्तर गमन को यात्रा कहते हैं। कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा और २, ३, ५, ७, १०, ११, १३–इन तिथियों में अश्वि., मृग. पुर्न, पुष्य, अनु, हस्त, श्रव., धनि, रेव.–इन नक्षत्रों में तथा चौर, वाण, भद्रा, वैधृति, व्यतियात और मासांत दिनादि दोष रहित समय में यात्रा करें। यात्रा करने से पूर्व क्रोध और मैथुन कर्म का त्याग करना चाहिए।

दिशाशूल

सोमवार, शनिवार को पूर्व, रविवार और शुक्रवार को पश्चिम, मंगलवार, बुधवार को उत्तर तथा गुरुवार को दक्षिण दिशा का दिशाशूल होता है, अतः उक्त वारों को उस दिशा की यात्रा नहीं करनी चाहिए। अत्यावश्यक होने पर रविवार को दलिया एवं घी खाकर, सोमवार को दर्पण देखकर या दूध पीकर, मंगलवार को गुड़ खाकर, बुधवार को धनिया या तिल खाकर, गुरुवार को दही खाकर, शुक्रवार को जौं खाकर दूध पीकर और शनिवार को अदरक या उड़द खाकर प्रस्थान किया जा सकता है।

यात्रा में सदैव चल रही नासिका के श्वास की ओर का पाँव आगे उठाकर चले, इसी तरह सवारी पर चढ़े, यात्रा सफल होगी।

चन्द्रवास ज्ञान चक्र

पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर
मेष	वृष	मिथुन	कर्क
सिंह	कन्या	तुला	बृश्चिक
धनु	मकर	कुम्भ	मीन

चन्द्रवास विचार

जाने वाली दिशा में चन्द्रमा का वास सम्मुख और दाहिनी ओर को हो तो धन का लाभ और सुख होता है। यदि पीठ की ओर अथवा बाईं तरफ चन्द्रवास हो तो कष्ट और धन की हानि होती है।

सम्मुख चन्द्रमा का विशेष फल

करणदोष, नक्षत्रदोष, वारदोष, संक्रान्ति दोष, अशुभतिथिदोष, कुलिक दोष, प्रहार्द्ध वारवेला दोष, मंगल, शनि, रवि, राहु-केतु के दोष को सम्मुख चन्द्रमा दूर करता है।

'यात्रा के समय शुभ शकुन'

यात्रा के समय श्वेत पुष्पों का दर्शन श्रेष्ठ माना गया है। भरे हुए घड़े का दिखाई देना तो बहुत ही उत्तम है। दूर का कोलाहल, अकेला वृद्ध पुरुष, पशुओं में बकरे, गौ, घोड़े तथा हाथी, देवप्रतिमा, प्रज्वलित अग्नि, दूर्वा, ताज़ा गोबर, सोना, चांदी, रत्न, बच, सरसों आदि औषधियां, मूँग, छाता, पीढ़ा, राजचिह्न, जिसके पास कोई रोता न हो ऐसा शव, फल, घी, दही, दूध, अक्षत, दर्पण, मधु, शंख, ईख, शुभ सूचक वचन, भक्त पुरुषों का गाना-बजाना, मेघ की गम्भीर गर्जना, बिजली की चमक तथा मन का सन्तोष–ये सब शुभ शकुन हैं। 'चले आओ'–यह शब्द यदि सामने की ओर से सुनाई पड़े तो उत्तम है। 'जाओ'–यह शब्द यदि पीछे की ओर से हो तो उत्तम है।

विवाहादि शुभ कार्यों में शास्त्रीय विचार

विवाह में जन्म मास, नक्षत्रादि का विचार—

आद्य गर्भ, अर्थात् बड़े लड़के या बड़ी लड़की का विवाह जन्म मास, जन्म नक्षत्र, जन्म तिथि, जन्म लग्न में न करें। **''आद्य गर्भ सुत कन्ययो र्द्वयो जन्म मास भतिथौ कर ग्रहः। नोचितोऽथ विबुधैः प्रशस्यते चेद् द्वितीय जनुषोः सुतप्रदः॥ मु. चिंतामणि॥''**

परन्तु ज्येष्ठ पुत्र के बाद उत्पन्न पुत्र या कन्या का विवाह जन्म मास, नक्षत्रादि में करना प्रशस्त है। ज्येष्ठ पुत्र-कन्या के अतिरिक्त अन्य स्थितियों में जन्म-मास, जन्म राशि, नक्षत्र एवं जन्म लग्न विशेष शुभ माना है।

जन्ममासे च पुत्राढया धनाढया च धनोदये। जन्म मे जन्मराशौ च कन्या हि ध्रुव सन्तति॥

आचार्य भृगु जी के अनुसार जन्म मास, जन्म नक्षत्र एवं जन्म लग्न में विवाह होने पर दम्पत्ति के सुख एवं प्रतिष्ठा में वृद्धि होती है तथा वह धन सम्पत्ति तथा सन्तान सुख से सौभाग्यशालिनी होती है।

जन्ममासेऽथ जन्मर्क्षे जन्मलग्नेऽथ जन्मनि।
उद्वाहेषु च नारीणां प्रतिष्ठा महती भवेत्। भृगुः
जन्ममासेऽथ पुत्राढ्या धनादया जन्मभोदये।
जन्मभे वा भवेदूढा वृद्धा संतति वर्धिनी॥ (यवनाचार्य)

ज्येष्ठ मास में विवाह का विचार

ज्येष्ठ मास, ज्येष्ठ पुत्र और ज्येष्ठ कन्या यह तीन ज्येष्ठ विवाह संस्कार में विशेषतया वर्जित माने जाते हैं। परन्तु यदि दो ज्येष्ठ वर्तमान हों अर्थात् लड़का-लड़की दोनों ज्येष्ठ (बड़े) हों, परन्तु महीना ज्येष्ठ के अतिरिक्त हो अथवा लड़का-लड़की में से एक ज्येष्ठ हो और दूसरा अनुज हो, तो ज्येष्ठ मास में भी विवाह करना सामान्य एवं मध्यम फल होता है—

द्वौ ज्येष्ठौ मध्यमौ प्रोक्तत्रवेक ज्येष्ठः शुभावहः।
ज्येष्ठ त्रयं न कर्वीत् विवाहे सर्वसम्मतम् —वाराहमिहिर॥

तथापि आवश्यक परिस्थितिवश ज्येष्ठ मास में कृतिका से सूर्य निकल जाने पर सूर्य दानादि करके विवाह करने में कोई हानि नहीं। **मुनि भारद्वाज** के मतानुसार ज्येष्ठ के महीने की भान्ति मार्गशीर्ष मास में भी अग्रज लड़का-लड़की एवं मार्ग मास-तीनों का यथासम्भव त्याग करें।

(३) सगे भाई-बहन के विवाह छः मास के भीतर नहीं करने चाहिएं। यदि इस बीच संवत् परिवर्तन हो जाए, तो कोई दोष नहीं **(मु. मार्तण्ड)**। पुत्र के विवाह के उपरान्त अपनी कन्या का विवाह ६ महीने तक न करें। इसी तरह विवाह के बाद ६ महीने तक मुण्डन, यज्ञोपवीत आदि शुभ कार्य न करें। **(नारद)**, परन्तु कन्या-विवाह के पश्चात् पुत्र विवाह ६ मास के भीतर शुभ है। दो सगे भाईयों का विवाह दो सगी बहनों से न करें अथवा एक वर के साथ दो सगी बहनों का विवाह न करें **(वसिष्ठ)** तथा जिस वर को अपनी कन्या देवे, उसकी बहन के साथ अपने लड़के का विवाह न करे **(नारदः)**।

दो सगे भाईयों या दो सगी बहनों का एक संस्कार ६ महीने के भीतर करना सम्भव है **(वृन्द्धमनुः)**। दो सहोदर (भाई-बहन) के संस्कार आवश्यक स्थिति उत्पन्न होने पर नदी, पर्वत, स्थान एवं पुरोहित भेद (भिन्न) से एक ही दिन अथवा ६ महीने के भीतर शुभ होंगे **(शार्गंधर)** जुड़वें भाई-बहन के मांगलिक कार्य एक ही मण्डप में भी शुभ हैं। विवाहादि मंगल कार्य से ६ मास तक लघु मंगल कार्य न करें। यह ६ महीने का निषेध केवल तीन पीढ़ि तक के मनुष्यों के लिए कहा है।

मंगल संस्कार से ६ महीने तक पितृकर्म, श्राद्धादि न करे। वाग्दान अर्थात् विवाह सम्बन्ध का निश्चय हो जाने के बाद वर-कन्या के कुल में माता-पिता भाई आदि निकटस्थ बन्धु की दुःखद मृत्यु हो जाने पर एक वर्ष के पश्चात् विवाह आदि शुभ कार्य करना चाहिए (निर्णय सिंधु) परन्तु **अपवाद स्वरूप** संकट काल में अथवा अत्यावश्यक परिस्थितिवश एक मास के बाद अथवा सूतक निवृत्ति के बाद जप, पाठ, होम शान्ति एवं यथाशक्ति द्रव्य, वस्त्र, गोदानादि के बाद शुभ कार्य ग्राह्य होंगे—

प्रतिकूलेऽपि कर्त्तव्यो विवाहो मासमन्तरात्।
शान्ति विधाय गां दत्वा वाग्दानादि चरेत् पुनः॥

जन्म नक्षत्र विचार

जातक का जन्म नक्षत्र अन्न प्राशन, उपनयन, मुंडन (चूड़ाकरण), राज्याभिषेक, जन्मदिनादि कृत्यों में प्रशस्त माना गया है, परन्तु यात्रा, सीमान्तोन्नयन तथा विवाहादि कार्यों में जन्म नक्षत्र अनिष्टकर होता है—

बालान्नभुक्तौ व्रतबन्धनेऽपि राज्याभिषेके खलुजन्मधिण्यम्।
शुभं तु अनिष्टं सततं विवाह सीमन्त यात्रादिषु मंगलेषु॥ —वसिष्ठ

मतान्तर से ज्योतिर्निबन्ध एवं मुहूर्त्त दीपिकानुसार केवल चूड़ाकरण (मुण्डन), औषध सेवन, विवाद, यात्रा और कर्णवेध में ही **जन्म-नक्षत्र** का निषेध कहते है, अन्य सभी कार्यों में जन्म नक्षत्र शुभ कहा है—

जन्म नक्षत्रगश्चन्द्रः प्रशस्तः सर्वकर्मसु।
क्षौर मैषजविवादध्वकर्त्तनेषु विवर्जयेत्॥ (मुहूर्त्त दीपिका)

परन्तु जन्म नक्षत्र से २५वां तथा २७वां नक्षत्र शुभ कार्यों में त्याज्य माना जाता है।

जन्म मास अग्रज (बड़े) लड़के या लड़की का विवाह **जन्म नक्षत्र** एवं **जन्म मास** में करने का निर्विवादेन निषेध माना गया है—

न जन्ममासे जन्मर्क्षे न जन्मदिवसेऽपि वा। आद्य गर्भ सुतस्याथ दुहितुर्वा करग्रहः॥ —नारद

परन्तु अनुज लड़के या लड़की का विवाह जन्म मास में ग्रहणीय माना गया है—

विवुधैः प्रशास्यते चेत् द्वितीयजनुषोः सुतप्रदः —मुहूर्त्त चिंतामणि

वर–वरण एवं सगाई मुहूर्त्त

वर-कन्या की जन्मपत्रियों में परस्पर सम्यक् मिलान हो जाने के पश्चात् दोनों के माता-पिता विवाह के संकल्प (वाग्दान) को सम्पुष्ट करने के लिए वर-कन्या का वरण (सगाई) करते हैं। इसके लिए निम्नलिखित शुभ मुहूर्त में कन्या का भाई, कुल पुरोहित (ब्राह्मण) एवं परिवार के सन्निकट सगे सम्बन्धियों के साथ यज्ञोपवीत, नारियल, साबित सुपारी, हल्दी, अक्षत, छुहारे, गुड़, वस्त्र, अंगूठी, मिष्टान्न, फल, फूलादि अर्पण करके वर का शास्त्र प्रशस्त मांगलिक मन्त्रों के साथ वरण करें। (पूर्ण विधि जानने के लिए हमारी नवीन प्रकाशित **'विवाह पद्धति'** का अवलोकन करें।

विवाह में प्रतिपादित शुभ मासों **वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, मार्गशीर्ष, माघ, फाल्गुन मासों** में, रिक्ता (४, ९, १४) तिथियों को छोड़कर अन्य तिथियों में (विशेषकर शुक्ल पक्ष प्रशस्त है), चन्द्र, बुध, गुरु एवं शुक्रवारों में तथा कृतिका, रोहिणी, तीनों पूर्वा, मृग, हस्त, श्रवण, चित्रा नक्षत्रों में शुभ लग्न कालीन वर का वरण करें।

कन्या वरण मुहूर्त्त—

उपरोक्त शुभ मासों, तिथियों में तथा कृतिका, तीनों पूर्वा, उत्तराषाढ़ा, स्वाती, श्रवण, धनिष्ठा अनुराधादि विवाहोक्त नक्षत्रों में सुपारी, नारियल, मौसमी फल, सुगन्धित द्रव्य, वस्त्र, आभूषण मिष्टान्न, फल, फूलों आदि के साथ वर परिवार के किसी श्रेष्ठ अग्रज अथवा वृद्धजन के कर कमलों के द्वारा कन्या का विधिवत् वरण करें।

लता दोष

सूर्यः	चन्द्रः	भौमः	बुधः	गुरुः	शुक्रः	शनिः	राहुः
१२	७	३	२२	६	२४	८	९
धन हानि	अशुभ	मृत्यु	अशुभ	बंधु-नाश	कार्य-नाश	कुल-क्षय	मरण

जैसे सूर्य स्थित नक्षत्र से विवाह का नक्षत्र यदि १२वां हो तो सूर्य की लता एवं पूर्ण चन्द्र के दिन नक्षत्र से विवाह का नक्षत्र ७वां हो तो चन्द्रमा की लता जाने।

(पात-दोष कुरु, जांगल, कलिंग बंग और मगध में अतिनिन्दित है।)

अश्वि	भर	कृति	रोहि	मृग	आर्द्रा	पुर्न	विशा	अनु.	मूल	उषा	श्रव	धनि	शत	पूभा
मघा	हस्त	स्वा	मूला	मघा	रोह	रोहि	उफा	उषा	मृग	उषा	स्वा.	मृग	रोहि	उफा
अनु	उषा	उफा	००	हस्त	मृग	उषा	उषा	००	मघा	अनु.	००	स्वा.	हस्त	हस्त
रेव	उभा	००	००	मृग	उफा	००	००	००	मूला	००	००	मूला	उषा	अनु
००	००	००	००	००	अनु.	००	००	००	रेव	००	००	रेव	उभा	००

ऊपर के नक्षत्रों में सूर्य हो तो नीचे के नक्षत्रों को पात दोष लगता है, हर्षण, वैधृति, साध्य, व्यतिपात, शूल—इन योगों के अन्त में विवाह का नक्षत्र हो तो भी पात दोष लगता है।

युति-दोष

जिस नक्षत्र का विवाह हो और उसी नक्षत्र पर यदि शुभ व पाप ग्रह हो तो युति दोष होता है, अथवा चंद्रमा की राशि में कोई ग्रह हो तो युति दोष होता है। क्रूर ग्रहों की युति विशेष करके वर्जित है। यह गौड़ देश में अतिनिन्दित है।

वेध दोष

रोहि	मृग	मघा	उफा	हस्त	स्वा	अनु	मूला	उषा	उभा	रेव
अभि	उषा	श्रव	रेव	उभा	शत	भर	पुन	मृग	हस्त	उफा

ऊपर के नक्षत्रों में से विवाह का नक्षत्र हो और उसके नीचे के नक्षत्र पर कोई ग्रह हो तो उस ग्रह का वेध होता है। यह क्रूर ग्रहों के वेध विशेषतया वर्जित माना गया है।

विवाह नक्षत्र से सातवें ग्रह हो तो जामित्र

रोहि	मृग	मघा	उफा	हस्त	स्वा	अनु	मूला	उषा	उभा	रेव
अभि	ज्ये.	धनि	पूभा	उभा	अश्वि	कृर्ति	मृग	पुन	उफा	हस्त

ऊपर के नक्षत्रों में विवाह का नक्षत्र हो और नीचे के नक्षत्रों पर कोई ग्रह हो तो उस ग्रह का जार्मित्र दोष होता है सो पाप ग्रह का जार्मित्र विवाह में वर्जित कहा है यह यमुना प्रांत में अतिनिंद्य है।

बाण दोष

रोग	अग्नि	राजपं	चौरपंचक	मृत्यु	
८,१७ २६	२।११ २०।२९	४ १३।२२	६।१५ २४	१।१० १९।२८	सूर्यांश
व्रते रवौ रात्रौ	गृहकार्यें भौमे दिवा	सेवाया शनौ दिवां	यात्रा भौमे रात्रौ	विवाह बुधे संध्याया	कार्येषु वारे समये

एकार्गल दोष

वि.	अति	शू	गं	व्य	व	वै	यो

सूर्य के नक्षत्र से विवाह का नक्षत्र अभिजित सहित गणना करने से यदि विषम हो और इन विरुद्ध योगों में से कोई भी योग हो तो एकार्गल दोष होता है। यह काश्मीर में विशेष वर्जित है।

उप ग्रह दोष

सूर्य के नक्षत्र से ५वें, ७वें, ८वें, १०वें, १४वें, १५वें, १८वें, १९वें, २२वें, २३वें, २४वें, २५वें, नक्षत्र पर चन्द्रमा हो तो उपग्रह दोष होता है।

क्रान्ति साम्य दोष

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	कन्या	तुला	सूर्य	चन्द्र
सिंह	मकर	धन	वृश्चि.	मीन	कुम्भ	चन्द्र	सूर्य

ऊपर व नीचे की राशि पर सूर्य व चन्द्रमा हो तो स्थूल रूप से क्रान्ति-साम्य दोष हो जाने से विवाह में सर्वदा वर्जित है।

*वैशा., आषा., भाद्र., कार्ति., पौष., फा. मासों में शुक्ल पक्षीय तिथियां तथा ज्ये., श्रा., अश्वि., मार्ग व माघ में कृ. पक्षीया तिथियां ही वर्जित है।

दग्धा तिथि दोष

वैशाख	ज्येष्ठ	आषाढ़	मार्ग.	कार्ति	पौष	
श्रावण	फाल्गुन	आश्विन	भाद्र	माघ	चैत्र	मास
६	४	८	१०	१२	२	तिथि

इन २ मासों में से २ तिथियां दग्ध होती है सो विवाह में वर्जित कहीं हैं, मध्य देश में त्याज्य है। कुछ विद्वानों अनुसार*

लत्तादि दोषाणां परिहारवाक्यानि-लत्ता मालवके (उज्जैनादि) देशे पातश्च कुरु (कुरुक्षेत्र बांगर) जांगले (फिरोजपुर इत्यादि)। एकार्गले व काश्मीरे वेधं सर्वत्र वर्जयेत्॥ उपग्रहर्क्षे कुरु वाल्हिकेपु (आगरा आदि) कलिंगवंगेषु (जगन्नाथपुरी, बंगाल, अयोध्या च पातिते भम्॥ सौराष्ट्र (कठियावाड़) शाल्वेः लताभं त्यजेत् विद्धकिल सर्वदेशे युतिदोषो भवेद गौड़े (बंगाल) जार्मित्रस्य च यामुने (यमुना के प्रांत)। मासदग्धाश्च तिथयो मध्यदेशे तिथयो मध्यदेशें विवर्जितः। युतिपरिहार-स्वर्क्षस्थः स्वोच्चगश्चंद्रो पित्रक्षेत्रगतोपिवा। गुरुश्च स्वीयवर्गस्थो वली केन्द्रगतो विधुः। लत्तापांप उपग्रह परिहारः-वनसंख्यं चरणे खेट स्तत्संख्यं चरणं त्यजेत्। लत्तोपग्रहदानेषु त्याज्या नैवाऽग्रय परे॥ परिहार-लत्तोपग्रह जामित्रयांतैकार्गलकर्त्तरी। एते दोषा विंनश्यंति लग्नेऽकें दुर्बलान्विते॥

भूमि खरीदने (क्रय) का मुहूर्त्त

वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़ (प्रवि. ७ तक) मार्गशीर्ष, माघ और फाल्गुन मास भूमि क्रय के लिए उत्तम कहे गए हैं।

शुभ तिथियाँ—प्रतिपदा (कृष्ण-पक्षे), कृष्ण तथा शुक्ल पक्षे २, ५, ६, १०, ११, १५ तिथियां।

शुभ नक्षत्र—मृगशिर, पुनर्वसु, अश्लेषा, मघा, विशाखा, अनुराधा, तीनों पूर्वा, मूला, रेवती, शतभिषा एवं स्वाती नक्षत्र।

शुभवार—सोमवार, बुधवार, वीरवार, शुक्रवार।

आवश्यक मुहूर्त्त विचार

नाम मुहूर्त्त	शुभ ग्राह्य तिथियां	शुभ वार मास	शुभ नक्षत्र
बच्चे का नाम रखना	१ (कृष्ण), तथा दोनों पक्ष की २, ३, ७, १०, ११, १३ (शुक्ल) तिथियाँ॥	सूतकान्त (सप्ताह के बाद) १०, १२, १३, १६ आदि दिनों में एवं चंद्र, बुध, गुरु एवं शुक्र वारों में॥	अश्वि, रोह, मृग, पुन, पुष्य, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, स्वा, अनु, श्रव, धनि, शत, रेवती।
बच्चे को स्कूल डालना (विद्यारम्भ)	२,३,५,७,१०,११,१२, १३ (शु.), १४, बुध एवं पूर्णिमा तिथि	उत्तरायण मासों में (२१ दिसं. से २० जून तक) ५वें ७वें वर्ष, रवि, चंद्र, बुध, गुरु व शुक्र वार।	अश्वि, मृग, रोह, पुन, पुष्य, श्ले, पूर्वा ३, हस्त, चित्रा, स्वा, श्रव, धनि, शत, उत्तरा—तीनों।
मुंडन संस्कार	१ (कृष्ण), २,३,५,६,७, १०, ११, १३ (शुक्ल, १५ शुभ तिथियाँ।	जन्म से १, ३, ५ इत्यादि वर्षों में, वैशा, ज्ये., आषा. (२० जून तक), माघ, फागु. (उत्तरायणे), चं. बु. गु. शु.।	अश्वि, मृग, पुन, पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वा., ज्ये., श्रव, धनि, शत, रेव एवं जन्म नक्षत्र ग्राह्य॥
दुकान/बही खाता शुरु करना	१ (कृ.), २, ३, ५, ७, १० १२, १३(शुक्ल) तिथियां।	रवि, चंद्र, बुध, वीर, शुक्र, शनि। वैशा, ज्ये, आषा, श्रा, भा., मार्ग, माघ, फा।	अश्वि, रोह, मृग, पुन, पुष्य, उत्तरा-३, हस्त, चित्रा, अनु, मूल, श्रव, धनि, पूभा, रेवती।
नौकरी करना	२, ३, ५, ६, ७, १०, ११ १२, १५ तिथियां।	रवि, चन्द्र, बुध, वीर, शुक्र, उत्तरायण महीने प्रशस्त हैं।	अश्वि, रोह, मृग, पुन, पुष्य, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, अनु, ज्ये, श्रव-रेव।
स्कूटर, कारादि सवारी खरीदना	१ (कृ.), २,३,५,६,७,१० ११, १२, १३ (शु.), १५।	चंद्र, बुध, गुरु व शुक्रवारों में।	अश्वि, उत्तरा-३, मृग, पुन, पुष्य, उत्तरा-३, पूर्वा-३, हस्त, चित्रा, स्वा, अनु. धनि, रेवती।
गृहारम्भ (मकान बनाना)	१ (कृ), २,३,५,६,७,१०, ११, १२, १३ (शु.)व १५।	चन्द्र, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, वैशा, ज्ये, श्रव, भादर, माघ, फागु. प्रशस्त हैं।	रोह, मृग, जुन, पुष्य, उत्तरी, ३, हस्त, चित्रा, स्वा, अनु, धनि, शत, रेव।
शिलान्यास (नींव खोदना)	गृहारम्भ वाली तिथियां ग्राह्य।	गृहारम्भ वाले वार एवं मास ग्राह्य। सुप्त भूमि के प्रविष्टे (१,५,७,९,१०,२१,२४ त्याज्य)	उपरोक्त नक्षत्रों के अतिरिक्त अश्विनी व श्रवण नक्षत्र सुप्त भूमि के प्रविष्ट।
नए घर में प्रवेश	१(कृ), २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ (शुक्ल) १५ तिथियां।	वैशा, ज्ये, मार्ग, माघ एवं फाल्गु.॥ पुराने गृह में श्राव, भाद्र भी ग्राह्य, चंद्र, बुध, शुक्र व शनि।	अश्वि, रोह, मृग, उत्तरा, ३, हस्त, चित्रा, स्वा, पुष्य, अनु, धनि, रेव।

नाम मुहूर्त्त	शुभ ग्राह्य तिथियां	शुभ वार मास	शुभ नक्षत्र
सगाई मुहूर्त्त	१ (कृ), २,३,५,७,८,१०, ११, १२, १३ (शु.), १५ शुभ तिथियां॥	चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र, वैशा, ज्ये, आ, श्रा, भा., आश्वि, मार्ग, माघ, फागु.।	अश्वि, कृति, रोह, मृग, मघा, पूर्वा ३, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, स्वा., अनु, मू, श्रव, धनि, रेवती।
विवाह मुहूर्त्त	१(कृ.),२,३,५,७,८,९,१० ११, १२, १३ (शुक्ल), १५।	वै., ज्ये, आषा, श्रा., भा, अश्वि, मार्ग, माघ, फागु. तथा कार्तिक (पर्वतीये केवल)। रवि, चंद्र बुध, गुरु, शुक्र प्रशस्त। मं. श. (मध्यम)।	रोह, मृग, मघा, उत्तरा ३ (तीनों), हस्त, चित्रा, स्वा, अनु, मूला, रेव।
मुहूर्त्त मुकलावा	२, ३, ५, ६, ७, १०, ११ १२, १३ (शुक्ल) १५ तिथियां।	चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र, वैशा., मार्ग, माघ व फाल्गुन मास।	अश्वि, रोह, मृग, पुन, पुष्य, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, स्वा, अनु., मूल, श्रव, धनि, रेव।
बीज बोना (हल चलाना)	१ (कृ) २, ३, ५, ७, १० ११, १२, १३ (शु.) १५ तिथियां।	रवि, चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र एवं शनिवार।	अश्वि, रोह, मृग, पुन, पुष्य, मघा, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, स्वा, विशा, अनु, मूला, रेवती।
अनाज संग्रह (भरने का मुहूर्त्त)	२, ३, ५, ७, ८, ११, १२, १३, (शुक्ल), १५।	चन्द्र, बुध, गुरु व शुक्र।	अश्वि, रोह, मृग, पुन, पुष्य, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, स्वा, अनु, मूल, श्रव, धनि, शत, रेवती।
आप्रेशन कराने का मुहूर्त्त	२, ३, ५, ६, ७, १०, १२, १३	रवि, मंगल, गुरु	अश्वि, रोहि, मृग, हस्त, चित्रा, स्वा, अनु, अभि, श्रव
मन्त्र सिद्ध करने का मुहूर्त्त	२, ३, ५, ७, १०, ११, १३ (शु.) १५ तिथि।	रवि, चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र वारों में।	अश्वि, मृग, उफा, हस्त, श्रवण, विशाखा।
भूमि खरीदने का मुहूर्त्त	१(कृष्ण) तथा ५, ६, १०, ११, १५।	मंगल, गुरु, शुक्र।	मृग, पुन, श्ले, मघा, विशाखा, अनु, पूर्वा ३, मूला, रेवती।
मुकद्दमा दायर करना	३, ५, ८,१०,१३ (शुक्ल) १५, चद्र व मंग. दोनों बलान्वित होने चाहिएं।	रवि, मंग, बुध, गुरु, वार प्रशस्त हैं।	भर, आर्द्रा, श्ले, मघा, पूर्वा-३, ज्ये., मूला, नक्षत्र।
पशु खरीदने का मुहूर्त्त	१(कृ)२,३,५,६,७,८,१०, ११,१२,१३(शुक्ल) १५।	रवि, चंद्र, बुध, गुरु शनि।	अश्वि, पुन, पुष्य, हस्त, विशा, ज्ये, धनि, शत, रेवती।
औषधि सेवन का मुहूर्त्त	१, (कृ),२, ३, ५, ७, १० ११, १२, १३ (शु.)।	रवि, चंद्र, बुध, गुरु, शुक्र, जन्म नक्षत्र त्याज्य हैं।	अश्वि, मृग, पुष्य, चित्रा, पुर्न, हस्त, अनु, स्वा, अभि, श्रवण, धनिष्ठा हैं।

आपको किस दिन क्या कार्य करना शुभ है ?

नाम वार	रविवार	सोमवार	मंगलवार	बुधवार	वीरवार	शुक्रवार	शनिवार
यात्रा में शुभ ग्राह्य-दिशाएँ	पूर्व, उत्तर आग्नेय (दक्षिण पूर्व)	पश्चिम, दक्षिण वायव्य (उत्तर-पश्चिम)	दक्षिण-पूर्व आग्नेय (दक्षिण-पूर्व)	दक्षिण, पूर्व नैऋत्य (दक्षिण-पश्चिम)	पूर्व, उत्तर ईशान (पूर्व-उत्तर)	पूर्व, उत्तर ईशान (उत्तर-पूर्व)	पश्चिम, दक्षिण नैऋत्य (दक्षिण-पश्चिम)
यात्रा में त्याज्य (दिशाशूले)	पश्चिम, वायव्य (उ. पश्चि. कोण)	पूर्व, उत्तर आग्नेय (दक्षि.-पूर्व)	उत्तर, पश्चिम वायव्य (उत्तर पश्चि.)	उत्तर, पश्चिम ईशान (पूर्व-उत्तर)	दक्षिण, पूर्व नैऋत्य (दक्षि. पश्चि.)	पश्चिम, दक्षिण नैऋत्य कोण (द. पश्चि.)	पूर्व, उत्तर ईशान (पूर्व-उत्तर)
विद्या एवं शिक्षा सम्बन्धी	विज्ञान, इंजीनियरिंग, सेना, उद्योग, बिजली, मैडिकल, एवं प्रशासनिक शिक्षा सम्बन्धी।	लेखनादि कार्य, मैडीकल शिक्षा, सौंदर्य प्रसाधन, औषधि निर्माण व योजना सम्बन्धी।	बिजली (इलैक्ट्रानिक), सर्जरी की शिक्षा, शस्त्र विद्या सीखना, अग्नि, स्पोर्टस, भूगर्भ विज्ञान, दंत चिकित्सा आदि।	गणित, लेखनादि, बौद्धिक कार्य, बैंक वकालत, तकनीकि हुनर, ज्योतिष, विज्ञान, वाहनादि चलाना सीखना।	दर्शन-शास्त्र, धर्म मंत्र ज्योतिष, वकालत, उच्च पद प्रशासनिक शिक्षा वैद्यक आदि।	नृत्य, वाद्य, गायन, कला, संगीत, ऐक्टिंग, गीत-काव्य, रचना, स्त्रियों एवं सौंदर्य सम्बन्धी शिक्षा।	तकनीकी शिल्प, कला, मशीनरी सम्बन्धी ज्ञान (Engineering) अंग्रेज़ी, उर्दू, फारसी का ज्ञान शुरु करना।
व्यापार सम्बन्धी कार्य	राज्य प्रशासनिक कार्य सेनाधिकारी, ज्यूलर्ज़, औषधि, शस्त्र, अग्नि, अनाज, सोना, तांबा, चाँदी, गाय, बैलादि का क्रय-विक्रय, मैडीकल, इलैक्ट्रीकल, मंत्रानुष्ठान यज्ञादि।	कृषि, गाय, भैंस, दूध, घी डेयरी, फार्म, औषधि, सोडादि तरल पदार्थ, शंख, मोती, स्त्री, धन सम्पदा, सौंदर्य प्रसाधन, सुगन्धि (Perfumes) सम्बन्धी वस्तुओं का क्रय-विक्रय, विदेशी पत्राचार आदि।	शक्ति, अग्नि एवं बिजली से सम्बिन्धत कार्य, बेकरी electronics, स्पोर्टस Goods, सोना, तांबा, मूंगा, पीतलादि का क्रय भूमि, सर्जरी एवं रक्षा सामग्री, सन्धि विच्छेद आदि कार्य।	कृषि एवं व्यापारिक वस्तुओं का क्रय-विक्रय, शेयरों का क्रय, पुस्तक, लेखन प्रशासन, लेखाकार्य (Accounts) शिक्षण, वकालत, शिल्प, एवं सम्पादन कार्य, वाहन क्रय-विक्रय।	धार्मिक अनुष्ठान, उच्च प्रशासनिक कार्य, उच्च शिक्षा के कार्य, आभूषण, औषधि, लकड़ी, भूमि, वाहनादि का लेन-देन, विदेश गमनादि कार्य।	संगीत, सिनेमा, विदेश बारे, टैलीविजन, स्त्रियों, एवं श्रृंगारिक वस्तुओं से संबन्धित कार्य, रूई, कपड़ा बैंकिंग, चाँदी, जवाहरात, रसायन, शराब, सोडा, सुगन्धित द्रव्य, वाहनादि क्रय-विक्र, खुशबूदार वस्तु।	मशीनरी, लोहा, लकड़ी चमड़ा, सीमेंट, तेल, पैट्रोल, पत्थर, भूमि, ठेकेदारी, शस्त्रों का क्रय-विक्रय, अन्वेषण एवं आप्रेशण कार्य, अधीनस्थ कर्मचारी, वाहनादि प्रयोग विदेश-यात्रादि कार्य।

नाम वार	रवि	चन्द्र	मंगल	बुध	बृह	शुक्र	शनि
नवीन वस्त्र धारण करना	शुभ है	मध्यम	अशुभ	शुभ	शुभ	अति शुभ	अशुभ
नवीन आभूषण धारण	शुभ	शुभ	मध्यम	शुभ	शुभ	शुभ	अशुभ
तेल लगाना	अशुभ	शुभ	अशुभ	विशेष शुभ	अशुभ	शुभ	विशेष शुभ
हजामत करना	मध्यम	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	मध्यम
नया जूता पहनना	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	मध्यम	शुभ	मध्यम
मुकद्दमा करना	अशुभ	अशुभ	शुभ	शुभ	अशुभ	मध्यम	शुभ

अनुष्ठान आरम्भ करने का मुहूर्त्त

मास—वैशाख, श्रावण, अश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष, माघ फाल्गुन।

तिथि (शुक्ला)—२, ३, ५, ७, १०, ११, १३।

वार—सू. गु. शु. (सोम मध्यम)।

नक्षत्र—अशिव. रो. मृ. पुन. पु. उत्तरा. ३. ह. स्वा. वि. अनु. ज्ये. श्र. ध. श. रे।

लग्न—शिव की आराधना १, ४, ७, १० लग्नों में एवं विष्णु की २, ५, ८, ११ लग्नों में तथा देवी की ३, ६, ९, १२ लग्नों में कर्त्तव्य है।

अन्य देवताओं के अनुष्ठान में वह राशि लग्न ग्रहण करें, जब ३, ६, ११वें क्रूर ग्रह १, २, ४, ५, ७, ९, १०वें सौम्य ग्रह तथा ८, १२वें प्रहाभाव।

विशेष—आराध्य देवताओं के मास, तिथि, वार, नक्षत्र विशेष शुभ है। पुनश्च, गुरु-शुक्रास्त, बलहीन चन्द्र तथा कुयोग परित्याज्य हैं।

मेलापक में मंगलीक योग एवं परिहार

विवाह योग्य लड़के-लड़की की जन्म कुण्डली में वर्ण, वश्य, तारा, ग्रहमैत्री, नाड़ी आदि अष्टकूट सम्बन्धी गुण मिलान के पश्चात् कुण्डली में मंगल एवं **मंगलीक दोष** पर विशेष रूप से विचार किया जाता है। मंगलीक दोष का आधार सामान्यत: निम्न श्लोक माना जाता है।

लग्ने व्यये च पाताले जामित्रे चाष्टमे कुजे। कन्या भर्तुर्विनाशाय भर्ता कन्या विनाशकः।

—मु. संग्रहदर्पण

अर्थात् जिस कन्या की कुण्डली में १, ४, ७, ८ या १२वें स्थान में मंगल हो, तो वह कन्या वर (पति) के लिए हानिकारक तथा इसी भान्ति जिस लड़के की कुण्डली में इन्हीं स्थानों में मंगल हो वह कन्या को हानिकारक होता है। इसी भांति लग्न, चन्द्र और कभी-कभी शुक्र की राशि से भी मंगल की उपर्युक्त स्थितियों का विचार किया जाता है।

अपवाद—(१) मंगल दोष वाली कन्या का विवाह मंगलीक दोष वाले वर के साथ करने से मंगल का अनिष्ट दोष नहीं होता तथा वर-वधू के मध्य दाम्पत्य सुख बढ़ता है—

कुज दोष वती देया कुजदोषवते किल। नास्ति दोषो न चानिष्टं दम्पत्योः सुखवर्धनम्॥

मंगलीक सम्बन्धी उपरोक्त श्लोक के परिहार स्वरूप मुहूर्त्त ग्रन्थों में अनेकत्र परिहार वाक्य मिलते हैं। यथा—

(२) यदि लड़की की कुण्डली में जिस स्थान पर मंगल स्थित (मंगलीक कारक) हो, और लड़के की कुण्डली में उसी स्थान पर शनि, मंगल, सूर्य, राहु आदि कोई पाप ग्रह स्थित हों, तो भौमदोष भंग हो जाता है। इसी प्रकार लड़के की कुण्डली में भौम दोष होने पर कन्या की कुण्डली में उसी भाव में कोई पाप ग्रह होने से भी भौमदोष नहीं रहता—

शनि भौमोऽथवा कश्चित् पापो वा तादृशो भवेत्।
तेष्वेव भवनेष्वेव भौमदोष विनाश कृत्॥—फलित संग्रह **अन्येऽपि—**

भौमेन सदृशो भौमः पापो व तादृशो भवेत्। विवाहः शुभदः प्रोक्तश्चिरायुः पुत्रपौत्रदः॥

अर्थात् एक की कुण्डली में मंगल दोष हो, तो दूसरे की कुण्डली में भी उन्हीं स्थानों में शनि आदि पाप ग्रह होने से मंगलीक दोष भंग होकर विवाह में शुभ होता है।

यामित्रे च सदा सौरि लग्ने वा हिबुके तथा। अष्टमे द्वादशे चैव भौमदोषो न विद्यते॥

यह श्लोक भी लगभग इसी आशय का है।

(३) मेष राशि का मंगल लग्न में, बृश्चिक राशि का चौथे भाव में, मकर का सातवें, कर्क राशि का आठवें, एवं धनु राशि का मंगल १२वें हो, तो मंगल दोष नहीं होता।

यथोक्तम्—

अजे लग्ने व्यये चापे पाताले बृश्चिके कुजे।
द्यूने मृगे कर्किचाष्टौ भौमदोषो न विद्यते॥ **—मु. पारिजात**

प्रकारान्तर से, मीन का मंगल ७वें भाव तथा कुम्भ राशि का मंगल अष्टम में हो, तो भौम दोष नहीं होता।

"द्यूने मीने घटे चाष्टौ भौम दोषो न विद्यते" **—मु. चिंतामणि**

(४) यदि द्वितीय भाव में चन्द्र-शुक्र का योग हो, या मंगल गुरु द्वारा दृष्ट हो, केन्द्र भावस्थ राहु हो, अथवा केन्द्र में राहु-मंगल का योग हो, तो मंगल दोष नहीं रहता—

न मंगली चन्द्र भृगु द्वितीये, न मंगली पश्यति यस्य जीवा।
न मंगली केन्द्रगते च राहुः, न मंगली मंगल-राहु योगे॥ **—मुहूर्त्त दीपक**

(५) बलान्वित गुरु वा शुक्र लग्न में हो, तो वक्री, नीचस्थ, अस्तंगत अथवा शत्रुक्षेत्री मंगल उपरोक्त दुष्ट स्थानों में होने पर भी भौम दोष नहीं होता—

सबले गुरौ भृगौ वा लग्ने द्यूनेऽथवाभौमे।
वक्रे नीचारि गृहस्थे वाऽस्तेऽपि न कुज दोषः॥ **—मुहूर्त्त दीपक**

(६) इसी भांति केन्द्र व त्रिकोण में यदि शुभ ग्रह हों, तथा ३, ६, ११वें भावों में पाप-ग्रह हों तथा सप्तमेश ग्रह सप्तम में ही हो, तो मंगल दोष नहीं होता—

"केन्द्र कोणे शुभादये च त्रिषडायेऽप्यसद्ग्रहाः।
तदा भौमस्य दोषो न मदने मदपस्तथा॥" **—मु. चिंतामणि**

अपरं च—

(७) यद्यपि १, २, ४, ७, ८, ११ और १२वें भावों में स्थित मंगल वर-वधू के वैवाहिक जीवन में विघटन उत्पन्न करता है, परन्तु यदि मंगल अपने घर (१, ८) का हो, **उच्चस्थ** (मकर) का **किंवा मित्र क्षेत्री** मंगल दोष कारक नहीं होता—

तनु धन सुख मदनायुर्लाभ व्ययगः कुजस्तु दाम्पत्यम्।
विघट्यति तद् गृहेशो न विघटयति तुंगमित्रगेहेवा॥ **—मु. चिंतामणि**

(८) यदि वर-कन्या की कुण्डलियों में परस्पर राशिमैत्री हो, गणैक्य हो, २७ गुण या अधिक मिलान होता हो, तो भी भौम दोष अविचारणीय है।

राशिमैत्रं यदा याति गणैक्यं वा यदा भवेत्। अथवा गुण बाहुल्ये भौम दोषो न विद्यते॥

—मुहूर्त्त दीपक

विवेचन—उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है कि मुहूर्त्त संग्रह दर्पण में दिए गए मंगलीक सम्बन्धी उपरोक्त श्लोक ("लग्ने व्यये पाताले--") के परिहारस्वरूप कुछ अर्वाचीन ग्रन्थों में उपलब्ध होते हैं, जिनमें परस्पर विरोध वाक्यता भी मिलती है।

उल्लेखनीय है कि प्राचीन सैद्धान्तिक एवं प्रतिष्ठित मुहूर्त्त ग्रंथों जैसे—विवाह वृन्दावन, मुहूर्त्त मार्तण्ड, सारावली, मु. चिन्तामणि (प्राचीन संस्करण), ज्योतिः निबन्ध आदि) में मंगलीक सम्बन्धी उपर्युक्त श्लोक एवं तत्सम्बन्ध विभिन्न परिहार वाक्यों का स्पष्ट उल्लेख नहीं मिलता।

वर-कन्या की कुण्डली में मंगलीक दोष एवं उसके परिहार का निर्णय अत्यन्त सावधानीपूर्वक करना चाहिए। केवल १, ४, ७, ८ आदि भावों में मंगल को देखकर दाम्पत्य जीवन के सुख-दुःख का निर्णय कर देना उपयुक्त नहीं। मंगलीक वाले स्थानों (भावों) में मंगल के अतिरिक्त कोई अन्य क्रूर ग्रह भी १, २, ७ एवं १२वें स्थानों में हो, तो वह भी परिवारिक एवं वैवाहिक जीवन के लिए अनिष्टकारी होता है। यथा—

लग्ने क्रूरा व्यये क्रूरा धने क्रूराः कुजस्तथा। **—मु. संग्रह दर्पण**
सप्तमे भवने क्रूराः परिवार क्षयंकराः॥

मेलापक में मंगलीक योग एवं परिहार

मंगल अथवा मंगलीक दोष का निर्णय कुण्डली विशेष में सभी ग्रहों के पारस्परिक अनुशीलन के पश्चात् ही करना चाहिए। सभी लग्न कुण्डलियों में मंगलीक दोष का प्रभाव एक जैसा नहीं होता। इसमें कोई सन्देह नहीं कि कुछ लग्न कुण्डलियों में मंगल अथवा मंगलीक दोष का अशुभ एवं अनिष्ट प्रभाव वर-कन्या के वैवाहिक जीवन पर पड़ता है, परन्तु यदि किसी कुण्डली में मंगल अन्य ग्रहों के सहचर्य से योगकारक हो, उच्चस्थ या स्वराशिगत हो अथवा गुरु आदि शुभ ग्रह की दृष्टि से प्रभावित हो, तो मंगल अशुभ की अपेक्षा **शुभ प्रभाव कारक** होगा। जैसे—मकर, मेष, बृश्चिक, सिंह, धनु और मीन राशि के मंगल को शुभ माना जाता है तथा **कर्क एवं सिंह लग्नों में मंगल केन्द्र त्रिकोणपति** होने से मंगल अशुभ न होकर योगकारक माना जाएगा—

''सर्वे त्रिकोणनेतारो ग्रहा शुभफलप्रदाः।
इसी भान्ति स्वोच्चस्थितः शुभफलं प्रकरोति पूर्णम्।
नीचर्क्षगस्तु विपलं रिपु मन्दिरेऽल्पम्॥ (सारावली)
भाव सर्वे शुभपतियुता वीक्षितः वा शुभेशै—
तत्तद्भावाः सकल फलदाः पापदृक्योगहीनाः॥''

अतएव वर-कन्या की कुण्डलियों का मिलान करते समय उनके सुखी एवं सम्पन्न दाम्पत्य जीवन के लिए केवल मंगल या मंगलीक पर ही अत्यधिक बल न देते हुए मेलापक सम्बन्धी **अन्य तत्त्वों** का भी सर्वाङ्ग रूप से विवेचन करना चाहिए। जिनमें कुछ मुख्य तत्त्व निम्नलिखित हैं—

(१) चलित भाव कुण्डली—जो ग्रह भाव मध्य होते हैं, वह भाव सम्बन्धी पूर्ण फल प्रकट करते हैं, जो ग्रह भाव सन्धि में होते हैं, वह शून्य फल दिखाते हैं। तदनुसार वर-कन्या की कुण्डलियों का मिलान करते समय दोनों की कुण्डलियों के ग्रह स्पष्ट, भाव स्पष्ट एवं चलित भाव कुण्डली बनी होनी चाहिए, तभी मंगल अथवा मंगलीक दोष की वास्तविक स्थिति का पता चल पाएगा। यदि दोनों की कुण्डलियों में **मंगल** सन्धिगत होगा, तो मंगलीक दोष भंग माना जाएगा।

(२) सप्तम भाव में सप्तमेश या शुभ एवं योगकारक ग्रहों की स्थिति अथवा मंगल या सप्तम भाव पर गुरु, शुक्र की दृष्टि अथवा सप्तमेश ग्रह की स्वगृही दृष्टि होने से मंगलीक दोष क्षीण होगा।

(३) सप्तमेश ग्रह उच्चस्थ या स्व-मित्रादि राशिगत होकर केन्द्र त्रिकोणादि भावों में स्थित हो तो विवाह में मंगल का दोष निष्प्रभावी होगा।

(४) इसके विपरीत सप्तमेश त्रिक में हो, पापग्रह युक्त व पाप दृष्ट, नीच राशिगत अथवा अस्तंगत हो तो विवाह का **पूर्ण सुख नहीं होता**—

दुःस्थे कामपतौ तु पाप ग्रहगे पापेक्षिते-तद्युते। तज्जाया भवनस्य मध्यमफलं सर्वं शुभं चान्यथा॥

(५) इसके अतिरिक्त लग्नेश, कुटुम्बेश (द्वितीयेश), पंचमेश, अष्टमेश, सप्तमेश एवं चन्द्र, शुक्र, गुरु, मंगलादि ग्रहों के बलाबल का विचार करना भी नितान्त आवश्यक है।

(६) अष्टकूट नक्षत्र राशि मिलान पर यदि वर-कन्या में परस्पर राशिमैत्री उपलब्ध हो गुणाधिक्य (२७ या अधिक) गुण मिलते हों तो भी मंगलीक दोष अविचारणीय होगा।

इस प्रकार वर-कन्या की कुण्डली में मंगल के अतिरिक्त कुण्डलियों में अन्य सभी ग्रहों के शुभाशुभत्व का सम्यक् विचार करते हुए विद्वान् ज्योतिषी को मेलापक सम्बन्धी अपना अन्तिम निर्णय देना चाहिए।

वर-कन्या मिलान में वर्णादि अष्टकूटों का महत्त्व

विवाह गृहस्थाश्रम की आधारशिला है और उसी के मध्यम से मनुष्य, देव-ऋषि एवं पितरादि ऋण त्रय से उद्धृण होकर परम कल्याण को प्राप्त होता है। तद् हेतु उत्तम लक्षणों जैसे—सुन्दर, सुशीला, मधुरभाषिणी एवं पतिव्रता कन्या तथा कर्त्तव्यनिष्ठ, स्वस्थ, शिक्षित, सदाचारी एवं सुसंस्कृत लड़के के साथ विवाह सम्बन्ध शुभ होता है। विवाह सम्बन्ध करने से पूर्व लड़के-लड़की का कुल-गोत्र, सनाथता, विद्या, धन, स्वस्थ (शरीर) और आयु—इन सात गुणों की परीक्षा करने के पश्चात् ही कुण्डलियों में परस्पर **मंगलीक आदि अरिष्ट** योगों तथा वर्ग, **स्त्रीदूर, कर्तरि एवं वर्णादि अष्टकूटों** का विचार करना चाहिए।

मेलापक प्रक्रिया में **मंगलीक और अष्टकूट** तत्त्वों का विशेष महत्त्व है, क्योंकि वर-कन्या के दाम्पत्य जीवन को अधिकाधिक सुखी एवं मंगलमय बनाने के लिए उनके जन्म नक्षत्रों एवं जन्म कुण्डलियों के अनुसार मिलान करना अत्यन्त आवश्यक है। उपयुक्त मिलान न होने की स्थिति में पति-पत्नी के वैवाहिक जीवन में—विचार वैमनस्य, सन्तान कष्ट, वैधव्य, वैधुर्यादि दोष अथवा पारिवारिक कष्ट होने की सम्भावनाएं हो जाती है। **मंगलीक दोष** का विशेष विवरण इसी पंचाँग के अन्य पृष्ठों में दिया गया है। यहाँ पर नक्षत्र मिलान के मुख्य तत्त्व अष्टकूट का विवेचन किया जा रहा है। ध्यान रहे, अष्ट (आठ) कुंटों का निर्णय वर-कन्या के जन्म नक्षत्रों से ही किया जाता है। अष्टकूटों के आठ कूट (अंग) निम्नलिखित हैं :—

(१) वर्ण (२) वश्य (३) तारा (४) योनि (५) ग्रहमैत्री (६) गणमैत्री (७) भकूट तथा **(८) नाड़ी** —ये आठ कूट हैं।

प्रत्येक कूट की क्रम संख्या अपने श्रेष्ट गुणों की सूचक है। वर्णादि अष्टकूटों में **गुणों का योग** ३६ होता है। इसमें क्रमानुसार वर्ण का १ गुण, वश्य के २, तारा के ३, योनि के ४, ग्रहमैत्री के ५, गण-मैत्री के ६, भकूट के ७ एवं नाड़ी के ८ (आठ) गुण जानने चाहिएं।

वर्णादि कुल ३६ गुणों के योग में से १ से १७ तक गुण मिलान तुच्छ एवं निन्दनीय (त्याज्य) माने जाते हैं, १८ से २१ तक मध्यम एवं ग्राह्य और २२ से २८ तक उत्तम तथा २९ से ३६ तक गुण सर्वोत्कृष्ट मिलान माना जाता है।

एकैकवृद्धितो ज्ञेया वर्णादीनां गुणाः क्रमात्।
विवाहः शुभदस्तेषां गुणे त्वष्टादशाधिके॥ —मु० गणपति

वर्णादि अष्टकूट

(१) वर्ण विचार—४, ५, १२ राशियों का **ब्राह्मण**, १, ५, ९ का **क्षत्रिय**, २, ६, १० **वैश्य** तथा ३, ७, ११ राशियों का **शूद्रवर्ण** होता है। वर का वर्ण कन्या के वर्ण से उच्च स्तरीय अथवा समान वर्ण होने पर **एक गुण** प्राप्त होता है। अन्यथा शून्य गुण होगा।

परिहार—यदि वर की राशि का वर्ण कन्या के राशि-वर्ण से हीन हो, परन्तु राशिपति उत्तम वर्ण हो, तो वर्ण मिलान शुभ हो जाता है।

(२) वश्य विचार—सिंह राशि के अतिरिक्त सभी राशियाँ नर (मनुष्य) राशि के वश में हैं। जल राशियाँ (४।१० उ.।१२) नर राशियों (३।६।७।९ पू.।११) का भक्ष्य है। वृश्चिक को छोड़कर शेष राशियाँ सिंह राशि के वश्य हैं। **समान वश्य होने पर २ गुण,** एक वश्य और दूसरा शत्रु होने पर एक गुण, एक वश्य और एक भक्ष्य होने पर आधा गुण तथा एक शत्रु और एक भक्ष्य होना शून्य अर्थात् गुणाभाव होगा।

(३) तारा विचार—कन्या के जन्म नक्षत्र से वर के जन्म नक्षत्र तक तथा वर के नक्षत्र से कन्या के नक्षत्र तक गिनकर दोनों संख्याओं को अलग-अलग ९ द्वारा भाग देने पर यदि शेष ३, ५, ७ बचे तो अशुभ तारा होती है।

दोनों (वर-कन्या) ताराओं में अशुभ तारा हो तो शून्य गुण, एक में तारा शुभ और दूसरे में अशुभ हो तो डेढ़ गुण तथा दोनों में तारा शुभ हो तो ३ गुण होते हैं।

(४) योनि विचार—अश्विनी आदि नक्षत्रों के अनुसार जातक की योनि ज्ञात की जाती है। वर और कन्या की योनियों का आपसी वैर त्याज्य है। जैसे—गौ और व्याघ्र में, सिंह और गज, न्यौला और सर्प में, अश्व और महिष में, श्वान और हरिण में, वानर और मेष में, मूषक और मार्जार में, परस्पर महावैर है।

[**नोट**—योनि व महावैर योनि की तालिका चक्र गत पृष्ठों में दिया गया है।]

गुण—वर-कन्या की एक ही योनि होना शुभ है। योनियों में परस्पर अतिमित्र हो तो ४ गुण, मित्र हो तो ३, सहज प्रकृति समान हो तो २, सामान्य वैर हो तो १ गुण तथा योनियों में अतिशत्रुता हो तो शून्य-अर्थात् गुणाभाव होगा।

(५) ग्रह मैत्री—ग्रह मैत्री कूट के सन्दर्भ में वर-कन्या के राशि स्वामियों का एक्य अथवा मैत्री भावादि अभिप्रेत्य है। (राशि स्वामी का विवरण गत पृष्ठों में नक्षत्र, राशि, वर्णादि तालिका चक्र में दिया गया है।)

गुण विचार—वर-कन्या की राशियों में परस्पर अधि-मित्रता या राश्यैक होने पर ५ गुण, एक सम और दूसरा मित्र हो, तो ४ गुण, एक-दूसरे के सम हो, तो ३ गुण, एक मित्र दूसरा शत्रु हो, तो १ गुण, एक सम दूसरा शत्रु हो, तो आधा गुण, दोनों की राशियां परस्पर शत्रु हों, तो शून्य अर्थात् गुणाभाव होता है।

अष्टकूटों में राशि स्वामी की मैत्री को विशेष महत्त्व दिया गया है। मिलान में वर्ण, योनि, गण और षडाष्टक दोष होने पर भी यदि परस्पर राशि मैत्री पाई जाती हो तो अन्य किंचिद् दोषों का निवारण हो जाता है। यथा—

गणदोषो योनि दोषो वर्णदोषः षडाष्टकम्।
चत्वारि नैव दुष्यन्ति राशिमैत्री यदा भवेत्॥ —बृहज्जयोतिः सार

अपवाद—वर-कन्या के राशिपतियों में परस्पर वैर होने पर भी राशि नवांशपति परस्पर मित्र हो, तो विवाह शुभ माना जाता है। यथा—

राशिनाथे विरूद्धेऽपि सबल नवांशकाधिपौ।
तन्मैत्रेऽपि च कर्त्तव्य, दम्पज्योः शुभमिच्छता॥

(६) गण विचार—अश्वि., मृग., पुन., पुष्य, हस्त, स्वा., अनु., श्रव., रेवती नक्षत्रों का **देवता गण,** तीनों पूर्वा, तीनों उत्तरा, रोहिणी, भर० और आर्द्रा इन नक्षत्रों का **मनुष्यगण,** कृति., अश्ले, मघा, चित्रा, विशा., ज्ये., मूला, धनि. और शत. का **राक्षसगण।**

वर-कन्या का **एक ही गण** होने पर विवाह **उत्तम,** देव-मनुष्य हो तो शुभ, किसी एक का राक्षसगण और दूसरा मनुष्यगण हो अथवा किसी एक का देवगण और दूसरा राक्षस गण हो तो अशुभ एवं त्याज्य होता है।

गुण विभाजन—वर-कन्या का एक ही गुण हो, तो ६ गुण, वर का देवगण एवं कन्या का मनुष्यगण हो तो भी ६ गुण, पर कन्या देवगण एवं वर का मनुष्य हो तो ५ गुण, एक का देवगण तथा दूसरा राक्षसगण अथवा एक का मनुष्यगण दूसरे का राक्षसगण हो, तो शून्य गुण होता है इत्यादि।

मनुष्यादि गणों का गुण बोधक चक्र

कन्या	गुण	देव	मनुष्य	राक्षस
	देव	६	५	१
	मनुष्य	६	६	०
	राक्षस	०	०	६

गुण दोष परिहार—

(क) राशिपतियों में परस्पर मित्रता या राशिनवांशपति में भिन्नता हो, तो गणदोष नहीं रहता।

ग्रहमैत्री च राशिश्च विद्यते नियतं यदि। न गणभाव जनितं दूषणंस्याद विरोधदम्॥

गर्ग—मु. चिन्तामणि च

(ख) ग्रहमैत्री तथा वर-कन्या के नक्षत्रों की नाड़ियों में भिन्नता हो, तो गणदोष होने पर भी दोष नहीं होता।

—पीयूषधारा

(ग) इसी भान्ति तारा, वश्य, योनि ग्रहमैत्री तथा भकूट की शुद्धि होने पर कोई दोषपत्ति नहीं होती।

—मुहूर्त मार्त्तण्ड

(७) भकूट विचार—इसे **राशिकूट** भी कहते हैं। वर-कन्या की जन्म राशि परस्पर छठे एवं आठवें हो, तो **षडाष्टक दोष** होता है। यदि वर-कन्या की जन्म राशि परस्पर पांचवीं-नौवीं हो, तो **नव पंचम दोष**, यदि दोनों की राशियाँ परस्पर दूसरी और बारहवीं हो, तो **द्विद्वादश दोष** कहलाता है। **षडाष्टक दोष** (विशेषकर शत्रु-षडाष्टक) होने की स्थिति में वर-कन्या, इनके माता-पिता अथवा उनके किसी निकटस्थ बन्धु को मृत्यु-तुल्य कष्ट होने की सम्भावना होती है। **नवपंचम दोष** की स्थिति में विवाहित दम्पत्ति को संतान सम्बन्धी दुःख होने का भय होता है तथा **द्विद्वादश दोष** (शत्रुकूट) होने पर वर कन्या को धन हानि एवं आर्थिक परेशानियों का सामना रहता है।

षडाष्टक परिहार—(i) मेष-वृश्चिक, वृष-तुला, मिथुन-मकर, कर्क-धनु, सिंह-मीन तथा कन्या-कुम्भ आदि मित्र राशियों का षडाष्टक शुभ होता है, जबकि वैर-षडाष्टक ही विशेषतया त्याज्य होता है। यथा—१-६, २-९, ३-८, ४-११, ५-१०, ७-१२ राशियों का शत्रुगत षडाष्टक होने से त्याज्य माना जाता है।

(ii) परन्तु परिहारस्वरूप **तारा-शुद्धि, राशीश-मैत्री, राशिवश्यैक्य,** अथवा **राशि स्वामी ग्रह समान** होने पर षडाष्टक दोष भी ग्राह्य होता है। यथा—

न वर्गवर्णौ न गणोः न योनिर्द्विद्वादशे चैव षडाष्टके वा।
तारा विरुद्धे नव पंचमे वा मैत्री यदा स्यात्शुभदो विवाहः॥

—बृ. ज्योतिस्सार

नव पंचम परिहार—

(i) वर की राशि से कन्या की राशि पांचवीं हो और कन्या की राशि से वर की राशि ९वीं हो, तो यह नव-पंचम शुभ होता है—

वरस्य पंचमे कन्या, कन्यायां नवमेवरः। एतत् त्रिकोणकं ग्राह्यां पुत्रपौत्र सुखावहम्॥

—बृहज्योतिषः सारः

(ii) मीन-कर्क, वृश्चिक-कर्क, मिथुन-कुम्भ और कन्या-मकर—ये चार नवपंचक विशेषतया त्याज्य माने जाते हैं।

मीनालिम्यां युते कीटे कुम्भे मिथुन संगते। मकरे कन्यकायुक्ते न कुर्यान्नवजचमे॥ —शार्गधर

(iii) वर-कन्या दोनों के चन्द्र राशि अधिपति अथवा राशि नवांशपति परस्पर मित्रक्षेत्री हों, तो नवपंचम अविचारणीय है।

द्वि-द्वादश दोष का परिहार—

(i) लड़के की राशि से कन्या की राशि दूसरी हो तो कन्या धन हानिकारक और १२वीं हो तो वह धनवती और पति प्रिया होती है।

(ii) १-२, ३-४, ५-६, ७-८, ९-१० एवं ११-१२ राशियों का द्वि-द्वादश शत्रु-द्विद्वादश एवं च अनिष्टकर मानते हैं।

(iii) मतान्तर में **सिंह और कन्या** द्वि-द्वादश ग्राह्य है।

—मुहूर्त्तमार्त्तण्ड

इसके अतिरिक्त कुछ परिस्थितियों में वर-कन्या की परस्पर राशि-स्थिति विशेष शुभकारी होती है। जैसे—वर-कन्या, दोनों की एक ही राशि १०वें का होना, दोनों की राशियों का परस्पर ३-११वें (त्रिरेकादश) होना, दोनों की राशियों का आपस में ४-१०वें होना एवं च दोनों की राशियों का परस्पर सप्तम (**समसप्तक**) होना वर-कन्या के वैवाहिक जीवन के लिए शुभफल प्रद होता है। परन्तु **अपवाद** रूप में, कर्क-मकर का तथा सिंह-कुम्भ राशियों का समसप्तक योग वर-कन्या के विवाह में शुभ नहीं माना गया— **मकरे कर्कटे चैव कुम्भे सिंहे तथैव च।**
परस्परं सप्तमे च वैधव्यं तु विनिर्दिशेत्॥

—ज्योतिनिबन्ध

(८) नाड़ी दोष विचार—अष्टकूट निर्धारक तत्त्वों में नाड़ी का विशेष महत्त्व है। वर-कन्या की एक ही नाड़ी होना विवाह में अशुभ माना गया है। 36 गुणों में से इसके 8 गुण होते हैं। भिन्न नाड़ी के आठ गुण तथा नाड़ी समान होने पर गुणाभाव अर्थात् शून्य गुण होता है।

अश्वन्यादि २७ जन्म नक्षत्रों को तीन नाड़ियों (पंक्तियों) में विभाजित किया गया है—आदि, मध्य और अन्त्य। इनका विवरण निम्न चक्र में दिया गया है।

नाड़ी चक्र

आदि नाड़ी	अश्वि	आर्द्रा	पुन	उ.फा.	हस्त	ज्ये.	मूल	शत	पू.भा.
मध्य नाड़ी	भर	मृग	पुष्य	पू.फा.	चित्रा	अनु.	पूषा	धनि	उ.भा.
अन्त्य नाड़ी	कृति	रोह	श्ले.	मघा	स्वा	विशा	उ.षा.	श्रव	रेव

वर-कन्या का जन्म नक्षत्र एक ही नाड़ी में पड़ना विवाह में अशुभ माना जाता है। दोनों की **आदि (प्रथम)** नाड़ी हो, तो विवाह के पश्चात् उनका परस्पर वियोग आदि, **मध्य नाड़ी** हो, तो दोनों की हानि तथा **अन्त्य** नाड़ी हो तो वैधव्य या अतिशय दुःख होता है।

—बृहज्योतिषसार

वर-कन्या के नक्षत्र एक ही नाड़ी वाले हों, तो नाड़ी दोष माना जाता है। एक समान नाड़ी वाले वर-कन्या को ज्योतिषाचार्यों ने बहुत अशुभ माना है।

विवाह में नाड़ी दोष का आचार्यों द्वारा विशेष महत्त्व दिया गया है। नारद ऋषि अनुसार—

एक नाडी विवाहश्च गुणैः सर्वे समन्वितः।
वर्जनीयः प्रयत्नेन दम्पत्योः निधनं यतः॥ (नारद)

अर्थात् विवाह मिलान में चाहे सब गुण मिल रहे हों, परन्तु वर-कन्या की एक ही नाड़ी का प्रयत्नपूर्वक त्याग करना चाहिए। यह दोष दम्पत्ति के लिए अनिष्टकर/घातक माना जाता है। नाड़ी दोष में एक ही नक्षत्र और समान नक्षत्र चरण होने पर भी सभी आचार्यों ने एकमत से अनिष्टकारी कहा है।

नाड़ी दोषापवाद एवं परिहार—

(i) वर-कन्या की एक ही राशि हो, परन्तु नक्षत्र अलग-अलग हों।

(ii) वर-कन्या दोनों का जन्म नक्षत्र एक हो, परन्तु राशियाँ भिन्न-भिन्न हों, तो नाड़ी दोष अविचारणीय है। (विवाह वृन्दावन)

(iii) वर-कन्या, दोनों का नक्षत्र एक हो, परन्तु चरण भिन्न-भिन्न हों।

(iv) नाड़ी दोष ब्राह्मणों के लिए, वर्णदोष क्षत्रियों के लिए, गण दोष वैश्यों के लिए तथा योनि दोष शूद्रों के लिए विशेष रूप से विचारणीय होता है—

नाड़ी दोषस्तु विप्राणां वर्णदोषश्च क्षत्रिये। गणदोषश्च वैश्येषु योनि दोषस्तु पादजान्॥

ध्यान रहे, ब्राह्मणेतर वर्ण जातियों के लिए नाड़ी दोष नितान्तः उपेक्षनीय नहीं होता॥

हमारे मतानुसार नाड़ी दोष का विचार सभी जाति के वर-कन्याओं के मिलान के सम्बन्ध में समान रूप से करना चाहिए। विशेष रूप से कर्क, वृश्चिक तथा मीन (४, ८, १२) राशियों के सन्दर्भ में।

(v) यदि वर-कन्या दोनों की एक राशि हो, परन्तु नक्षत्र भिन्न-भिन्न हों अथवा यदि दोनों का नक्षत्र एक हो और राशि अलग-अलग हो, एवं च नक्षत्र चरण भिन्न (पाद भेद) हो, तो ऐसी स्थिति में नाड़ी एवं गण दोष नहीं होता—अर्थात् शुभ होता है।

राश्यैक्ये चेद् भिन्नमृक्षं द्वयोः स्यान्नक्षत्रैक्ये राशियुग्मं तथैव।
नाड़ी दोषों नो गणानां च दोषो नक्षत्रैक्ये पादभेदे शुभंस्यात्॥ —मुहूर्त्त संग्रह दर्पण

यद्यपि वर-कन्या का एक ही नक्षत्र अथवा एक ही राशि का होने से नाड़ी दोष का परिहार माना गया है, परन्तु यदि दोनों के नक्षत्र चरणों में समानता हो अथवा नक्षत्रों में पाद वेध* हो, तो विवाह सर्वदा त्याज्य एवं वर्जित होगा। यथा—

एक नक्षत्र जातानां नाड़ी दोषो न विद्यते। अन्यर्क्षनाड़ीवेधेषु विवाहो वर्जितः सदा॥
—ज्योतिष तत्त्व प्रकाश

अन्यत्र भी कहा गया है— **दम्पत्योरेक नक्षत्र भिन्नपादे शुभावहम्।**
दम्पत्योरेकपादे तु वर्षान्ते मरणं ध्रुवम्॥ (का. नि.)

पराशरानुसार भी यही अभिमत है—

पराशरः प्राह नवांशभेदाद एकनक्षत्र राशचोरपि सौमनस्यम्॥

***नोट**—ध्यान रहे, किसी नक्षत्र के प्रथम पाद और चतुर्थ पाद तथा **दूसरे** एवं **तीसरे पाद** में परस्पर वेध होना भी पाद-वेध कहलाता है।

(vi) 'नरपतिजचर्या' अनुसार वर कन्या के नक्षत्र चरणों के I & IV, II & III तथा IV & I, III & II चरणों के मध्य ही पादवेध चरणों का विचार करना अनिवार्य होता है। इसके अतिरिक्त अन्य नक्षत्र चरणों के वेध जैसे I & III, II & IV नक्षत्र चरणों में वेधाभाव होने के कारण स्वल्पदोष रह जाता है।

आद्यांशेन चतुर्थांश चतुर्थांशेन यादिमम्। द्वितीयेन तृतीयं तु तृतीयेन द्वितीयकम्॥
ययो भांशव्यधश्चैवं जायते वर कन्ययोः। तयो मृत्युर्न सन्देहः शेषांशाः स्वल्प दोषदाः॥

(vii) 'ज्योतिष चिन्तामणि' अनुसार रोहिणी, मृगशिर, आर्द्रा, ज्येष्ठा, कृतिका, पुष्य, श्रवण, रेवती एवं उत्तराभाद्रपद—इन नक्षत्रों में उत्पन्न वर-कन्या को नाड़ी दोष नहीं लगता।

रोहिण्यार्द्रा मृगेन्द्राग्नी पुष्यश्रवणपौष्णभम्।
अहिर्बुध्न्यर्क्षमेतेषां नाड़ी दोषो न विद्यते॥ —ज्यो० चिन्तामणि

नाड़ी आदि दोषों का परिहार होने की स्थिति में उनसे सम्बन्धित आधे गुणों को जोड़ (जमा कर) देने का विधान है।

उपयुक्त उपायों से परिहार—

हमारे मतानुसार गण, योनि, षडाष्टक, द्विद्वादश, नाड़ी आदि अष्टकूटों में परिहार वाक्य उपलब्ध हो जाने पर भी अपनी शक्ति एवं सामर्थ्यानुसार यथोचित संख्या में जप, पाठ, दानादि करवा लेना चाहिए।

'बृहस्पति संहिता' के अनुसार नाड़ी दोष की शान्ति के लिए **श्रीमृत्युञ्जय मन्त्र** का जाप (यथोचित संख्या में) करके ब्राह्मणों को गौ, वस्त्र, अनाज, घृतादि सहित भोजन एवं सुवर्ण, चांदी, रत्नों की दक्षिण आदि से सन्तुष्ट करने से नाड़ी दोष का परिहार हो जाता है—

अन्यत्र भी लिखा है—श्री महामृत्युञ्जय के जप-पाठ के उपरान्त—

षडाष्टके गोमिथुनं प्रदेयं, कास्यं सरूप्यं नवपंचमेच।
नाड्यां सुवर्णान्नमथो सुधेनुं द्विद्वादशे ब्राह्मणतर्पणं च॥

अर्थात् दुष्ट षडाष्टक दोष होने पर गोमिथुन (एक गाय, एक बैल), **नवपंचम** में चांदी-कांसे का बर्तन, **नाड़ी दोष** में गाय, अन्न, सुवर्ण-वस्त्र का दान तथा **द्विद्वादश** में ब्राह्मणों एवं सुपात्र जनों को यथाशक्ति भोजन, दान-दक्षिणादि द्वारा सन्तुष्ट करने से मिलान सम्बन्धी **अष्टकूट दोषों** की शान्ति हो जाती है।

वर-कन्या की कुण्डली में नाड़ी-देष हो, परन्तु अत्यन्त आवश्यक परिस्थितिवश विवाह करना आवश्यक हो, तो उस स्थिति में वर/कन्या का अर्क/कुम्भ विवाह, महामृत्युजंय जप, सुवर्ण, रत्न, चांदी, अनाजादि के दान, ब्राह्मण भोजन आदि के पश्चात् ही विवाह कार्य करना प्रशस्त होगा—

हेमाज्यरत्नगोदानं मृत्युञ्जयजपस्तथा।
कुर्यादवश्यमुद्वाहे नाडीदोषाऽपनुत्तये॥ (मुहूर्त्त गणपति)

शुद्ध वर-कन्या मेलापक सारिणी (भाग-१)

राशि	वर/नक्षत्र → कन्या नक्षत्र ↓	मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या		
		अश्वि 1 से 4	भर 1 से 4	कृति 1	कृति 2,3,4	रोह 1 से 4	मृग 1,2	मृग 3,4	आर्द्रा 1 से 4	पुन 1,2,3	पुन 4	पुष्य 1 से 4	श्ले 1 से 4	मघा 1 से 4	पू.फा. 1 से 4	उ.फा. 1	उ.फा. 2,3,4	हस्त 1 से 4	चित्रा 1,2
मेष	अश्वि 1 से 4	२८ 8	३३ 4	२८ 3,6	१८॥ 1236	२१॥ 1,2,3	२२॥ 1,2,3	२६ 1,3,5	१७ 1,5,8	११ 1358	२३॥ 3,8	३१॥ 3	२८ 6	२२ 6,9,व	२५ 9,व	१५ 389व	११ 3578	९ 4568	२३॥ 1357
मेष	भर 1 से 4	३४ 4	२८ 8	२१ 6	११ 1,2,6	२३ 1,2,3	१४॥ 1238	१८ 1358	२६॥ 1,3,5	२७ 1,3,5	३१॥ 3	२३॥ 3,8	२५ 3,6	२० 6,9,व	१८॥ 8,9व	२६ 9,व	२१॥ 1,5,7	२० 1357	५ 13578
मेष	कृति 1 चरण	२७॥ 3,6	२१ 6	२८ 8	१८ 1,2,8	१० 1268	१६॥ 1236	२० 1356	२०॥ 1356	२१ 1356	२५॥ 3,6	२६॥ 3,6	२३॥ 3,8	१७ 389व	२० 6,9व	२० 6,9व	१५॥ 1567	१६ 1567	१८ 1357
वृष	कृति 2,3,4	११ 2,3,6	२० 2,6	११ 2,8	२८ 8	२० 6,8	२६॥ 3,6	१७॥ 2,3,6	१७॥ 2,3,6	१८॥ 2,3,6	२२ 3,5,6	२३ 3,5,6	२० 3,5,8	११ 358व	२२ 5,6व	२२ 5,6व	२१ 6,9	२१ 6,9	२३॥ 3,9
वृष	रोह 1 से 4	२४ 2,3	२३॥ 2,3	११ 2,6,8	२० 6,8	२८ 8	३६	२७ 1,2	२४ 1,2,3	२३ 1234	२६ 3,4,5	२७ 3,5	१२॥ 3468	१०॥ 3568	२४॥ 3,5व	१७ 5,व	२६ 4,9	२६ 4,9	२० 4,6,9
वृष	मृग 1-2	२३॥ 2,3	१५ 2,3,8	११ 2,3,6	२७॥ 3,6	३५ -	२८ 8	११॥ 1,2,8	२४॥ 1,2,4	२३ 1234	२६ 3,4,5	११ 3,5,8	२२ 3,5,6	११॥ 456व	१५ 3458	२४॥ 3,5व	२४ 3,9	२६ 4,9	१३ 6,8,9
मिथुन	मृग 3-4	२७ 3,5	१८ 3,5,8	२२ 3,5,6	२० 2,3,6	२७॥ 2,व	२० 2,8,व	२८ 8	३३ 4	३१॥ 3,4	११॥ 2,4,5	११ 2358	१४॥ 2356	२४ 3,4,6	२० 348व	२८॥ 3,व	३१॥ 3	३४ 4	११ 4,6,8
मिथुन	आर्द्रा 1 से 4	११॥ 3,5,8	२७॥ 3,5	२१॥ 3,5,6	११ 2,3,6	२५ 2,3,4	२६ 2,4	३४ -	२८ 8	२५ 4,8	१३ 24568	२०॥ 235व	१३ 2356	२४ 3,6,व	२१॥ 3,4व	२१॥ 3,4,8	२४॥ 3,4,8	२५ 3,4,8	२७॥ 4,6
मिथुन	पुन. 1,2,3	२० 3,5,8	२७ 3,5	२३॥ 3,5,6	२०॥ 2,3,6	२३ 2,3,4	२४ 2,3,4	३१॥ 3,4	२४ 4,8	२८ 8	१६ 258व	२३ 2,5,व	१७ 235व	२३ 346व	२७ 3,4व	२२ 3,8व	२५ 3,8	२६ 3,8	२७॥ 3,6
कर्क	पुन. 4	२३ 1,3,8	२१॥ 1,3	२५॥ 1,3,6	२२ 1356	२४ 1345	२५ 1345	१८ 1245	१० 12568	१५ 1258	२८ 8	३५ -	२१॥ 3,6	१६॥ 1246	२०॥ 1234	१५॥ 1238	१८ 1358	११॥ 1358	२१ 1356
कर्क	पुष्य 1 से 4	३०॥ 1,3	२१॥ 1,3,8	२७ 1,3,6	२३ 1356	२५ 1,3,5	१८ 1358	११॥ 12358	१८॥ 1235	२२ 125व	३५ -	२८ 8	३० 6	२० 1236	१५॥ 1238	२३॥ 1,2,3	२६ 1,3,5	२७ 1,3,5	१२॥ 14568
कर्क	श्ले. 1 से 4	२६ 1,6	२५ 1,3,6	२३ 1,3,8	११ 1358	११॥ 14568	११ 1456	१३ 12456	११ 12456	१५॥ 1256	२८ 3,6	२१ 6	२८ 8	१५ 1248	१५॥ 1246	१८॥ 1236	२२॥ 1356	२२ 1356	२६ 1,3,5
सिंह	मघा 1 से 4	२० 6,9,व	२० 6,9,व	१६॥ 8,9,व	१७॥ 158व	१॥ 1568व	१७॥ 156व	२१॥ 146व	२२॥ 136व	२१ 1346व	१६॥ 2,4,6	२० 2,3,6	१६॥ 2,4,8	२८ 8	३० 6	२७ 3,6	१६ 1236	१६॥ 1236	२१॥ 123व
सिंह	पू.फा. 1 से 4	२६ 9,व	१८॥ 8,9,व	२० 6,9,व	२१ 156व	२३॥ 145व	१५॥ 1458	२० 148व	२८॥ 1,3,व	२६ 1,4,व	२२॥ 2,3,4	१७॥ 2,3,8	१६॥ 2346	३० 6	२८ 8	३५	२४ 1,2व	२३ 123व	७॥ 1268
सिंह	उ.फा. 1	१७ 8,9,व	२६ 9,व	२१ 6,9,व	२१ 156व	२६ 1,5,व	२५ 135व	२८॥ 1,3व	२१ 1,3,8	२१॥ 1,3,8	१७॥ 2,3,8	२५॥ 2,3	२० 2,3,6	२७॥ 3,6	३५ -	२८ 8	१७ 128व	१६॥ 128व	१३॥ 1236
कन्या	उ.फा. 2,3,4	१३ 3578	२२॥ -5,7	१६ 5,6,7	२१ 6,9	२६ 4,9	२४॥ 3,9	३१॥ 1,3	२३॥ 1,3,8	२४॥ 1,3,8	२० 3,5,8	२८ 3,5	२२॥ 3,5,6	१८ 2,6,व	२५ 2,व	१८ 2,8व	२८ 8	२७॥ 8	२५ 3,4,6
कन्या	हस्त 1 से 4	१० 34578	२० 3,5,7	१७॥ 5,6,7	२२ 6,9	२५ 9	२६ 9	३३ 1,4	२२॥ 1,3,8	२४ 1,3,8	२० 358व	२८ 3,5व	२३ 3,5,6	१८॥ 236व	२२॥ 2,3व	१६ 2,8व	२६ 8	२८ 8	२८ 4,6
कन्या	चित्रा 1,2	१३ 3567	४॥ 45678	११ 3,5,7	२४ 3,4,9	२० 6,9	१२॥ 6,8,9	११ 1,6,8	२६ 1,4,6	२५॥ 1,3,6	२१॥ 356व	१२॥ 3568व	२७ 35,व	२२॥ 2,3,व	८॥ 2368व	१४॥ 2346व	२४॥ 3,4,6	२७॥ 4,6	२८ 8

नोट—गुणों वाली संख्या (२, ३, ४) के नीचे उसी कोष्ठक में दोष (1, 2, 3) की Figures में लिखे गए हैं। वर्ण दोष की जगह 1, द्विद्वादश दोष की जगह (2), तारादोष की जगह 3, योनिवैर की जगह 4, राशि मैत्री दोष की जगह 5, गणदोष की जगह 6, षडाष्टक की जगह 7, नाड़ी दोष की जगह 8, नवपंचम की जगह 9 और वश्य दोष को 'व' से अंकित किया गया है।

वर-कन्या मेलापक सारिणी — (भाग-२)

कन्या	वर/नक्षत्र → कन्या नक्षत्र ↓	मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या		
		अश्वि 1 से 4	भर. 1 से 4	कृति 1	कृति 2,3,4	रोह 1 से 4	मृग 1,2	मृग 3,4	आर्द्रा 1 से 4	पुर्न 1,2,3	पुर्न 4	पुष्य 1 से 4	श्ले 1 से 4	मघा 1 से 4	पू.फा. 1 से 4	उ.फा. 1	उ.फा. 2,3,4	हस्त 1 से 4	चित्रा 1,2
तुला	चित्रा 3,4	२२॥ 3,4,6	१४ 3468	२८॥ 3,4	२४ 3,7	२०॥ 4,6,7	१२ 6,7,8	१३ 6,8,9	२१ 4,6,9	१९॥ 3,6,9	२०॥ 3,5,6	११ 3568	२६॥ 3,5,व	२५॥ 3,5,व	११॥ 3568	१७॥ 456व	१७॥ 2346	२० 2,4,6	२१ 2,8
	स्वा. 1 से 4	२७॥ 3,4	२१॥ 3	१७॥ 3,6,8	१३ 3678	१५॥ 3,7,8	२६ 4,7	२७ 9	२६॥ 4,9	२८ 9	२९ 5,व	२७ 3,5	१४ 3568	१३ 3568	२५॥ 3,5व	२५॥ 3,5व	२६ 2,3	२७॥ 2,3	२१ 2,4,6
	विशा 1,2,3	२२॥ 3,4,6	२३ 3,4,6	२०॥ 3,4,8	१५॥ 3478	१०॥ 3678	१८॥ 3,6,7	२० 3,6,9	२० 4,6,9	२१ 4,6,9	२२ 56,व	२१॥ 4,5,6	१८॥ 3,5,8	१७॥ 358,व	१९॥ 358व	१७॥ 2346	१७॥ 2346	१९ 2346	२७॥ 2,3
वृश्चिक	विशा 4	१७ 1467	१७ 1467	१४॥ 1478	१९॥ 1,4,8	१४॥ 1368	२२॥ 1,3,6	१२॥ 1567	१३ 1567	१३॥ 1567	१९॥ 4,6,9	१८॥ 4,6,9	१५॥ 3,8,9	२२ 1,3,8	२३॥ 136व	२१॥ 146व	१७॥ 1456	१८ 1456	२७ 135व
	अनु. 1 से 4	२५ 1,3,7	१५॥ 1378	२० 1367	२४॥ 1,3,6	२७॥ 1,3,4	२०॥ 1,3,8	१० 13578	१५ 13457	२०॥ 1,5,7	२६॥ 9	१८॥ 8,9	२१ 6,9	२५ 1,3,6	२१ 138व	२१॥ 1,3व	२५ 135व	२६ 135व	११॥ 1358
	ज्ये. 1 से 4	१२ 1678	१८॥ 1367	२५ 1,3,7	२९॥ 1,3	२२॥ 1,3,6	२२॥ 1,3,6	१३ 13567	३ 134578	५॥ 135678	१०॥ 3689	२० 6,9	२६ 9	३१ 1,4,व	२४ 136व	१७ 1368	१३ 13568	१३ 1568व	२४॥ 1345
धनु	मूल 1 से 4	१२ 4689	२१ 6,9	२५ 3,9	१९॥ 1,5,7	१३ 1567	१३॥ 1567	२१ 1356	१५ 1568	१२ 14568	७॥ 4678	१७॥ 3,6,7	२४ 4,7	२५ 9,व	२० 6,9व	९॥ 689व	१३ 1568	१३ 1568	२६ 1,4,5
	पू.षा. 1 से 4	२६ 9	१८॥ 8,9	१८॥ 4,6,9	१२॥ 14567	१८॥ 1457	११ 14578	१८॥ 1458	२७ 1,3,5	२७ 1,3,5	२३॥ 37,व	१३ 3478	१७॥ 3,6,7	१९ 6,9,व	१७॥ 8,9व	२५ 9,व	२८॥ 1,5	२७ 1,3,5	१३॥ 13568
	उ.षा. 1	२५ 3,9	२६ 4,9	१२ 4689	६ 15678	१० 14578	१७ 1457	२५ 1,4,5	२७ 1,3,5	२७॥ 1,3,5	२३॥ 37,व	२३॥ 3,7,व	८॥ 678व	८॥ 4689	२४ 4,9व	२५ 9,व	२८॥ 1,5	२८॥ 1,5	२१ 1,5,6
मकर	उ.षा. 2,3,4	२७ 3,4,5	२८॥ 4,5	१४॥ 4568	१२ 4689	१६ 4,8,9	२३ 3,4,9	२१ 1347	२२ 1,3,7	२२॥ 1,3,7	२८ 3,5	२८ 3,5	१४ 3568	४॥ 45678	२० 4,5,7	२१ 4,5,7	२४॥ 9,व	२५ 9,व	१७॥ 4,6,9
	श्रव 1234	२७ 3,4,5	२६॥ 3,4,5	१४ 4568	१२ 4689	१६ 4,8,9	२६ 4,9	२३ 147व	२१ 1,3,7	२२ 1,4,7	२८ 4,5	२६ 4,5	१५ 4568	६॥ 5678	१८॥ 4,5,7	२० 4,57	२४ 4,9व	२४॥ 4,9व	१९॥ 4,6,9
	धनि 1,2	२० 3456	११॥ 34568	२६ 3,4,5	२४ 3,4,9	२०॥ 4,6,9	१२ 4689	९ 1678	१६ 1467	१६ 1467	२२ 4,5,6	१३ 4568	२८ 4,5	१९॥ 4,5,7	५॥ 5678	१२॥ 4567	१६ 469व	१८ 469व	१५ 489व
कुम्भ	धनि 3,4	२० 4,5,6	१०॥ 4568	२६ 3,4,5	३०॥ 3,4	२७ 4,6	१९॥ 4,6,8	१२ 4689	१९ 4,6,9	१८॥ 3469	१३ 4567	४॥ 45678	१९॥ 357व	२५॥ 3,5,व	११ 568व	१८॥ 456व	१८ 4,6,7	१९ 4,6,7	१७ 4,7,8
	शत 1 से 4	१५ 3568	२१ 3,5,6	२८ 3,5	३२॥ 3	२५॥ 3,4,6	२७ 4,6	२० 4,6,9	१२ 4698	१३ 6,9,8	८ 5678व	१४ 567व	२१ 5,7,व	२६॥ 3,5,व	२०॥ 356व	१२॥ 568व	११॥ 3678	९ 4678	२५ 4,7
	पू.भा. 1,2,3	१८ 4,5,8	२५ 3,4,5	२० 4,5,6	२५ 3,4,6	३१॥ 3,4	३१॥ 3,4	२५ 3,4,9	१७॥ 4,8,9	१८॥ 4,8,9	१३॥ 4578व	२० 457व	१३ 3567व	१९॥ 5,6,व	२५॥ 4,5व	१६॥ 458व	१५॥ 4,7,8	१५॥ 3678	१७॥ 3467
मीन	पू.भा. 4	१४॥ 1248	२२ 1234	१६॥ 1246	१९ 1456	२६ 1345	२६ 1345	२६ 145व	१८॥ 1458	१९ 1458	१८ 4,8,9	२५ 4,9	१९ 4,6,9	१८ 1467	२३॥ 1347	१४॥ 1478	१६ 1458व	१७ 1458	१८॥ 1456
	उ.भा. 1 से 4	२५ 1,2,3	१७ 1238	१९ 1236	२१ 1356	२६ 1345	१८ 1358	१७॥ 1358	२५ 135व	२८ 1,5,व	२७॥ 9	१९॥ 8,9	२१॥ 6,9	१९ 1367	१७ 1378	२६ 1,3,7	२७॥ 135व	२७ 135व	१० 14568
	रेव 1 से 4	२५ 1,2,4	२४॥ 1,2,3	११ 1268	१४ 1568	१७॥ 1358	२६ 1,3,5	२५ 135व	२४॥ 135व	२६ 1,3,5	२६ 3,9	२७॥ 9	१४ 6,8,9	१३ 1687	२३॥ 1,3,7	२४ 1,3,7	२६ 135व	२७ 135व	११॥ 1456

नोट—गुणों वाली संख्या (२, ३, ५) के नीचे उसी कोष्टक में दोष (1, 2, 3) की Figures में लिखे गए हैं। वर्ण दोष की जगह 1, द्विद्वादश दोष की जगह (2), तारादोष की जगह 3, योनिवैर की जगह 4, राशि मैत्री दोष की जगह 5, गणदोष की जगह 6, षडाष्टक की जगह 7, नाड़ी दोष की जगह 8, नवपंचम की जगह 9 और वश्य दोष को 'व' से अंकित किया गया है।

वर-कन्या मेलापक सारिणी — (भाग-३)

कन्या राशि	वर/नक्षत्र → कन्या नक्षत्र ↓	तुला			वृश्चिक			धनु			मकर			कुम्भ			मीन		
		चित्रा 3,4	स्वा. 1 से 4	विशा 1,2,3	विशा 4	अनु 1 से 4	ज्ये 1 से 4	मूल 1 से 4	पू.षा. 1 से 4	उ.षा. 1 चरण	उ.षा. 2,3,4	श्रव 1 से 4	धनि 1,2	धनि 3,4	शत 1 से 4	पू.भा. 1,2,3	पू.भा. 4	उ.भा. 1 से 4	रेव 1 से 4
मेष	अश्वि 1 से 4	२२॥ 1346	२६॥ 1,3,4	२२॥ 1346	१८॥ 3467	२५॥ 3,7	१४॥ 6,7,8	१३ 6,8,9	२५ 4,9	२३॥ 1,3,9	२५ 1,3,5	२६ 1,3,5	२० 1456	२०॥ 1456	१५ 1358	१६ 1358	१५ 2348	२५ 2,3	२६ 2,4
	भर 1 से 4	१३॥ 1368	२९ 1,3	२१॥ 1,3,6	१७॥ 3467	१७॥ 378	२० 3,6,7	२० 6,9	१८॥ 8,9	२६ 4,9	२७॥ 1,5	२६ 1,3,5	१० 14568	९॥ 14568	२० 1356	२४ 1345	२३ 2,3,4	१७॥ 2,3,8	२७ 2,3
	कृति 1 चरण	२७॥ 1,3,4	१५ 1368	१९॥ 1348	१५॥ 3478	१९॥ 3,6,7	२५॥ 3,7	२५ 3,9	१८॥ 4,6,9	१२॥ 6,8,9	१३॥ 1568	१२ 14568	२५ 1,3,5	२५॥ 1,3,5	२७ 1,3,5	१९॥ 1356	१७॥ 2346	१९॥ 2,3,6	१२ 2368
वृष	कृति 2,3,4	२३ 1347	११ 13678	१४॥ 1378	२०॥ 3,4,8	२४॥ 3,6	३०॥ 3	२० 3,5,7	१४ 4567	७ 5678	१२ 6,9,8	१०॥ 4689	२४ 3,4,9	२९॥ 1,3,4	३१॥ 1,3	२३॥ 1346	२० 3456	२२ 3,5,6	१४ 3568
	रोह 1 से 4	१९॥ 1,6,7	१५॥ 1378	९॥ 1678	१५ 1368	२९॥ 3,4	२४ 3,6	१४॥ 3567	१९॥ 3,5,7	११॥ 4578	१६ 4,8,9	१७॥ 4,8,9	२०॥ 4,6,9	२६ 1,4,6	२५ 1,3,6	३१ 1,3,4	२७ 3,4,5	२७ 3,4,5	१९ 3,5,8
	मृग 1-2	१२ 1678	२५॥ 1,7	१९ 1367	२५ 3,6	२१॥ 3,5,8	२४॥ 3,6	१५ 3567	१०॥ 3578	१७॥ 3457	२२ 3,4,9	२५॥ 4,9	१३ 4689	१९॥ 1468	२७ 1,4,6	२९॥ 1,3,4	२६ 3,5	१८ 3,5,8	२७ 3,5
मिथुन	मृग 3-4	१४ 6,8,9	२७ 4,9	२१ 3,6,9	१४ 3567	११ 3578	१४ 3567	२३ 3,5,6	१८॥ 3458	२५ 3,4,5	२०॥ 347व	२४ 4,7,व	११ 678व	१३ 6,8,9	२१॥ 6,9	२४ 3,9	२५॥ 3,5,व	१७॥ 3,5,8	२६॥ 3,5,व
	आर्द्रा 1 से 4	२१ 4,6,9	२७ 9	२०॥ 4,6,9	१३ 4567	१७॥ 3457	३ 345678	१६ 3568	२८ 3,5	२८ 3,5	२३॥ 3,7व	२३॥ 3,7,व	१८ 467व	१९॥ 4,6,7	१२॥ 4689	१७॥ 4,8,9	१९ 5,8,व	२६॥ 3,5व	२७ 3,5,व
	पुन. 1,2,3	२१ 3,6,9	२८ 9	२२ 6,9	१५ 5,7व	२२ 5,7व	७ 35678	१४ 34568	२७ 3,5	२७ 3,5	२२॥ 3,7व	२३॥ 3,7,व	१७॥ 3467	१९ 3469	१४ 6,8,9	१६ 4689	१८॥ 4,8,9	२८ 5,व	२७॥ 3,5,व
कर्क	पुन. 4	२१ 1356	२८ 1,5व	२२ 156व	२० 6,9	२६ 9	१२ 3689	८॥ 14678	२१ 147व	२१॥ 147व	२६ 1,3,5	२७ 1,3,5	२१ 1456	१२ 14567	८॥ 1567	१०॥ 14578	१६॥ 4,8,9	२६॥ 9	२६ 3,9
	पुष्य 1 से 4	११ 14568	२६॥ 1,3,5	२१॥ 1456	१९॥ 4,6,9	१८॥ 8,9	२१ 6,9	१७॥ 1367	११॥ 1478	२१॥ 1347	२६ 1,3,5	२५ 1345	१३ 13568	४॥ 145678	१४ 13567	१८॥ 1457	२४ 4,9	१८॥ 8,9	२७ 9
	श्ले. 1 से 4	२५॥ 1,3,5	१२ 1568	१७॥ 1,5,8	१५ 3,8,9	२०॥ 6,9	२६ 9	२३ 1,4,7	१६ 1367	७॥ 3678	१३ 4568	१३ 4568	२६ 1,4,5	१७॥ 1457	२० 1357	११ 14567	१८ 4,6,9	२१ 6,9	१३ 6,8,9
सिंह	मघा 1 से 4	२४॥ 1,3,5	११॥ 13568	१६॥ 1358व	२२॥ 3,8व	२६ 3,6व	३३ व	२५ 9,व	१९॥ 6,9व	८॥ 689व	३॥ 15678	४॥ 15678	१८॥ 1,5,7	२४॥ 1,5,व	२५॥ 1,5,व	१८॥ 156व	१९ 3,6,7	२० 3,6,7	१३॥ 6,7,8
	पू.फा. 1 से 4	१०॥ 1568	२५॥ 135व	१८॥ 156व	२४ 3,6व	२३॥ 3,8व	२५॥ 3,6व	२० 6,9व	१७॥ 8,9,व	२४ 4,9व	१९ 1,5,7	१८॥ 1,5,7	४॥ 15678	११ 1568	१९॥ 156व	२४॥ 135व	२५ 3,7	१७॥ 3,7,8	२६ 3,7
	उ.फा. 1	१७ 13456	२५॥ 1,3,5	१६॥ 13456	२२॥ 3,4,6	३१॥ 3,व	१७॥ 3,6,8	९॥ 3689	२५ 9,व	२५॥ 9,व	२० 1,5,7	२० 1,5,7	११॥ 1567	१७॥ 1356	११ 3568	१५॥ 358व	१६ 3478	२६॥ 3,7	२६ 3,7
कन्या	उ.फा. 2,3,4	१६॥ 1246	२५॥ 1,2,3	१७ 1246	१८ 456व	२७॥ 3,5व	१३॥ 568व	१४ 3568	२९॥ 5	२९॥ 5	२४॥ 9,व	२५ 9,व	१७ 3,6,9	१६॥ 1367	१०॥ 3678	१४॥ 1378	१७॥ 3,5,8	२८ 3,5व	२७॥ 3,5,व
	हस्त 1 से 4	२० 1246	२६॥ 1,2,3	१८॥ 1236	२० 3456	२६ 3,6व	१३॥ 3568	१५ 3568	२७ 3,5	२८॥ 5	२४ 9,व	२४ 9,व	१९ 4,6,9	१९ 1467	८॥ 34678	१३॥ 1378	१६॥ 3458	२६॥ 3,5व	२७॥ 3,5,व
	चित्रा 1,2	२० 1,2,8	१९ 1246	२६॥ 1,2,3	२८॥ 3,5व	११ 3568	२५ 345व	२७ 3,4,5	१४ 3568	२२ 3,5,6	१७॥ 3,6,9	१९ 6,9,व	१५॥ 4,8,9	१६ 1478	२४ 1,4,7	१६॥ 1467	१९॥ 3456	१० 34568	१९॥ 3456

नोट—गुणों वाली संख्या (२, ३, ५) के नीचे उसी कोष्टक में दोष (1,2,3) की Figures में लिखे गए हैं। वर्ण दोष की जगह 1, द्विद्वादश दोष की जगह (2), तारादोष की जगह 3, योनिवैर की जगह 4, राशि मैत्री दोष की जगह 5, गणदोष की जगह 6, षडाष्टक की जगह 7, नाड़ी दोष की जगह 8, नवपंचम की जगह 9 और वश्य दोष को 'व' से अंकित किया गया है।

वर-कन्या मैलापक सारिणी — (भाग-४)

वर/नक्षत्र → कन्या नक्षत्र ↓		तुला			वृश्चिक			धनु			मकर			कुम्भ			मीन		
		चित्रा 3,4	स्वा. 1 से 4	विशा 1,2,3	विशा 4	अनु 1 से 4	ज्ये 1 से 4	मूला 1 से 4	पूषा 1 से 4	उषा 1 चरण	उषा 2,3,4	श्रव 1 से 4	धनि 1,2	धनि 3,4	शत 1 से 4	पूभा 1,2,3	पूभा 4	उभा 1 से 4	रेव 1 से 4
तुला	चित्रा 3,4	२८ 8	२७ 4,6	३४ 3	२३॥ 2,3व	६ 2348व	२१ 234व	२७॥ 3,4,5	१४ 3568	२२ 3,5,6	२५ 3,6,व	२७ 6,व	२३॥ 4,8,व	१८॥ 4,8,9	२६ 4,9	१९ 3469	१२ 4567	३ 345678	१२ 34567
	स्वा. 1 से 4	२८ 4,6	२८ 8	२० 4,6,8	१० 248व	२१॥ 2,3व	१६॥ 236व	२३ 3,5,6	२७ 3,5	१९ 3,5,8	२२ 3,8,व	२३ 3,8,व	२७ 4,6	२१ 4,6,9	२० 4,6,9	२५ 4,9	१९ 457,व	१९॥ 3,7,व	१२ 3578
	विशा 1,2,3	३४॥ 3	१९ 4,6,8	२८ 8	१७॥ 2,8व	१६ 246व	२१॥ 234व	२७॥ 3,4,5	२२ 3,5,6	१४ 3568	१७ 368व	१७॥ 368व	३०॥ 3,4,व	२५ 3,4,9	२६ 4,9	२० 4,6,9	१४ 4567	१३॥ 4567	४ 45678
वृश्चिक	विशा 4	२३ 123व	७ 12468व	१६॥ 128व	२८ 8	२७॥ 4,6	३१॥ 3,4	२२ 1234	१७॥ 1362व	९ 12368	१२॥ 13568	१२॥ 13568	२५ 1345	२४ 1345	२६ 145,व	२० 1456	१९॥ 4,6,9	१८॥ 4,6,9	९॥ 4689
	अनु. 1 से 4	६॥ 12568	२२ 123व	१६ 1246	२८ 4,6	२८ 8	३१ 6	१५ 12346	१३॥ 1238व	२२ 123व	२५ 1,3,5	२६ 1,3,5	१२ 13568	११ 1358	२१ 1356	२४॥ 145व	२४ 4,9	१८॥ 8,9	२७॥ 9
	ज्ये. 1 से 4	१९॥ 1234	१५ 126व	१९॥ 1234	३१॥ 3,4	३० 6	२८ 8	१४॥ 1248	१७॥ 1236	१७॥ 1236	२० 1356	२० 1356	२५ 1,3,5	२४ 1345व	१८ 1358	१० 13568	९॥ 3689	२१॥ 6,9	२१ 6,9
धनु	मूल 1 से 4	२६ 1,4,5	२१ 1356	२६ 1,4,5	२३ 124व	१५॥ 1246	१५ 1248	२८ 8	२८ 4,6	२६॥ 3,6	१५॥ 1236	१५॥ 1236	२०॥ 1234	२८॥ 1,3,4	२१॥ 1,3,8	१४॥ 1468	१६॥ 3468	२५ 6,व	२७ 6,व
	पू.षा. 1 से 4	१३ 1568	२७ 1,3,5	२१ 1356	१८ 246व	१५॥ 238व	१८ 246व	२८ 4,6	२८ 8	३४ -	२३ 124व	२३॥ 1,2,व	५॥ 1268	१४॥ 1468	२३॥ 1,4,6	२८॥ 1,4	३०॥ 4,व	२३॥ 8,व	३१ 3,व
	उ.षा. 1	२१ 1,5,6	१९ 1,5,8	१३ 1568	९॥ 268व	२४ 2,3व	१८॥ 2,3,6	२६॥ 3,4,6	३४ -	२८ 8	१६॥ 128व	१५ 1248व	१५॥ 1236व	२३॥ 1,3,6	२३॥ 1,3,6	२९॥ 1,3,4	३१ 3,व	३१ 3,व	२३ 3,8,व
मकर	उ.षा. 2,3,4	२४ 1,3,6	२२॥ 1,3,8	१५॥ 1368	१३ 4568	२७ 4,5	२१ 4,5,6	१६ 246व	२४ 2,4व	१७॥ 2,8व	२८ 8	२६ 4,8	२६॥ 4,6	१७॥ 126व	१७॥ 126व	२३॥ 1234	३०॥ 3,4	३१ 3,4	२२॥ 3,4,8
	श्रव 1234	२७ 146व	२२॥ 148व	१७॥ 1468	१४ 3568	२७ 3,4,5	२२ 3456	१७॥ 246व	२३॥ 2,3व	१५ 248व	२५ 4,8	२८ 8	२८ 4,6	१९ 1246	१८ 1246	२१॥ 124व	२८॥ 3,4	२९॥ 3,4	२२॥ 3,4,8
	धनि 1,2	२३ 148व	२४॥ 146व	२९ 1,4व	२६ 3,4,5	१२ 4568	२६ 3,4,5	२१ 234व	७॥ 2468व	१६ 2346	२७ 3,4,6	२७॥ 4,6	२८ 8	१८॥ 126व	२४ 124व	२० 126व	२६॥ 3,6	१५॥ 4,6,8	२२॥ 3,4,6
कुम्भ	धनि 3,4	१८॥ 4,8,9	२० 4,6,9	२५ 3,4,9	२५ 4,5व	११ 4568	२५ 4,5व	२९॥ 3,4	१५॥ 3468	२४॥ 3,6	१८ 236व	१९ 246व	२० 2,8,व	२८ 8	३३ 4	२८॥ 3,6	१८ 236व	७ [illegible]	१४॥ 246व
	शत 1 से 4	२६ 4,9	१९॥ 4,6,9	२६ 4,9	२६॥ 4,5व	२१ 356व	१९ 358व	२२॥ 3,4,8	२४॥ 3,4,6	२४॥ 3,4,6	१८॥ 236व	१८॥ 236व	२५ 2,4,व	३३ 4	२८ 8	१९॥ 4,6,8	८॥ 2468व	१७॥ 236व	१६ 236व
	पू.भा. 1,2,3	१९ 3469	२६ 4,9	२० 4,6,9	२०॥ 456व	२६॥ 4,5व	११ 4568व	१५ 3468	२९॥ 3,4	३०॥ 3,4	२४॥ 234व	२३॥ 234व	२०॥ 236व	२९ 3,6	१९ 4,6,8	२८ 8	१७॥ 2,8,व	२२॥ 2,4,व	२०॥ 234व
मीन	पू.भा. 4	१२ 14567	१९॥ 1457	१३॥ 14567	१९॥ 4,6,9	२५ 4,9	९ 4689	१५॥ 1468	२९ 134व	३० 1,3व	२९॥ 1,3,4	२८॥ 1,3,4	२५॥ 1,3,6	१७ 1236व	८ 12468	१७ 128व	२८ 8	३३ 4	३०॥ 3,4
	उ.भा. 1 से 4	३ 145678	१९॥ 1357	१२॥ 14567	१८॥ 4,6,9	१९॥ 8,9	२१॥ 6,9	२४॥ 136व	२२॥ 1,8व	३० 134व	२९॥ 1,3,4	२९॥ 1,3,4	१४॥ 1468	५॥ 12468	१६॥ 1236व	२२ 124व	३३ 4	२८ 8	३५ -
	रेव 1 से 4	१३ 14567	११ 1578व	४॥ 145678	१०॥ 4689	२७॥ 9	२२॥ 6,9	२७ 146व	२९॥ 1,3व	२१॥ 138व	२१ 1348	२१॥ 1348	२३ 1346	१४॥ 1246व	१६॥ 1236व	१८॥ 124व	३० 3,4	३४ -	२८ 8

नोट—गुणों वाली संख्या (२, ३, ५) के नीचे उसी कोष्टक में दोष (1,2,3) की Figures में लिखे गए हैं। वर्ण दोष की जगह 1, द्विद्वादश दोष की जगह (2), तारादोष की जगह 3, योनिवैर की जगह 4, राशि मैत्री दोष की जगह 5, गणदोष की जगह 6, षडाष्टक की जगह 7, नाड़ी दोष की जगह 8, नवपंचम की जगह 9 और वश्य दोष को 'व' से अंकित किया गया है।

तिथि, नक्षत्रादि गण्डान्त नक्षत्रों का विचार

अश्विनी नक्षत्र—मेष राशि एवं केतु के इस नक्षत्र में उत्पन्न हुए बच्चे का जीवन प्रायः संघर्षशील होता है। इस नक्षत्र में **प्रथम चरण** में जन्म होने से पिता के लिए कष्टकारी, **दूसरे चरण** में फिजूलखर्ची, **तीसरे चरण** में भ्रमणशील तथा **चतुर्थ नक्षत्र** में कृश शरीर (अपने शरीर के लिए) कष्ट रहता है।

आश्लेषा नक्षत्र—कर्क राशि एवं बुध के नक्षत्र के जातक प्रायः चंचल एवं चतुर बुद्धि वाले तथा परिवर्तनशील प्रकृति के होते हैं। **प्रथम चरण** में जन्म हो तो विशेष दोष नहीं, **दूसरे चरण** में पैतृक धन की हानि, **तीसरे चरण** में माता-पिता के लिए गण्डान्त शूल तथा **चतुर्थ चरण** में पिता के लिए अनिष्टकारी है—

आश्लेषाद्ये न गण्डं स्यातंधनगण्डं द्वितीयके। तृतीये मातृगण्डं तु पितृगण्डं चतुर्थके॥

मघा नक्षत्र—सूर्य राशि और केतु के नक्षत्र में उत्पन्न जातक स्पष्टवादी, शीघ्र क्रुद्ध होने वाले, उद्यमी और धनवान होते हैं। **प्रथम चरण** में उत्पन्न हो तो माता-पिता को कष्ट या मातृ पक्ष की हानि, **दूसरे चरण** में पिता को परेशानी, **तीसरे चरण** में जन्म हो तो शुभ फलदायक, **चतुर्थ चरण** में जन्म हो तो विद्या, धनादि के लिए शुभ होता है।

ज्येष्ठा नक्षत्र—मंगल की राशि (वृश्चिक) एवं बुध के नक्षत्र में उत्पन्न जातक सरल हृदय, तीक्ष्ण बुद्धि, धर्म परायण तथा उन्नति के कार्यों में अनेक बाधाओं से युक्त होते हैं। ज्येष्ठा नक्षत्र के **प्रथम पाद** (चरण) में उत्पन्न बच्चा ज्येष्ठ (बड़े) को अरिष्टकर, **दूसरे चरण** में पैदा हो तो छोटे भाई को नेष्ट, **तीसरे चरण** में पिता के लिए अरिष्टकर तथा यदि **चतुर्थ चरण** में उत्पन्न हो जातक स्वयं अपने एवं पिता के लिए अनिष्टकारी होता है।

ज्येष्ठाद्यपादेऽवज्रमाशुं हन्याद् द्वितीयपादे यदि तत्कानिष्ठम्।
तृतीयपादे पितरं निहन्ति चतुर्थे मृतमेति जातः॥

ज्येष्ठा नक्षत्र और मंगलवार के योग में उत्पन्न कन्या बड़े भाई के लिए अरिष्टकारक होती है।

अभुक्त मूल नक्षत्र—ज्येष्ठा नक्षत्र की अन्तिम २ घटियाँ तथा मूला नक्षत्र के आरम्भ की २ घटियाँ—कुल चार घड़ियाँ **अभुक्त मूल** गण्ड नक्षत्र कहलाते हैं। इनमें उत्पन्न कन्या, पुत्र, पशु और नौकर कुल के लिए अनिष्टकारी होते हैं। इनमें उत्पन्न बच्चे को बिना शान्ति कराये न देखें।

अभुक्त मूं गठिका चतुष्टयं ज्येष्ठान्त्यमूलादि भवं हि नारदः।
जातं शिशुं तत्र परित्यजेत् वा मुखं पिताऽस्याष्ट समा न पश्येत्॥

अभुक्त मूल—नक्षत्रों की आद्यान्त घटियों के बारे में विद्वानाचार्यों में मतान्तर पाया जाता है। यथा-नारद के अनुसार ज्येष्ठा, मूला नक्षत्र की चार घटियाँ, वशिष्ठ के अनुसार २ घड़ियाँ तथा बृहस्पति के मतानुसार केवल १-१ अभुक्त-मूल संज्ञक है। अभुक्तमूलोत्पन्न बालक यदि जीवित रहे, तो अपने वंश की वृद्धि करने वाला, धनवान् एवं सम्पत्तिवान होता है।

मूला नक्षत्र—केतु के नक्षत्र और गुरु की राशि (धनु) में उत्पन्न जातक धार्मिक रुचि वाला, उदार हृदय, मिलनसार, परोपकारी, धन-वाहनादि सुखों से युक्त होता है। चरण भेदानुसार मूला के **प्रथम चरण** में उत्पन्न जातक पिता की हानि करता है। **दूसरे चरण** में माता की हानि, **तीसरे चरण** में धन का नाश तथा **चौथा चरण** शुभ होता है। नक्षत्र की विधिपूर्वक शान्ति करवा लेने से अनिष्ट का भय नहीं रहता।

मूलाद्यपादे पितरं निहन्याद् द्वितीयके मातरमाशु हन्ति।
तृतीयजो वित्तविनाशकः स्यात् चतुर्थपादे समुपैति सौख्यम्॥

मूला नक्षत्र और रविवार दोनों के योग में उत्पन्न कन्या श्वसुर के लिए अनिष्टकारी होती है—

भौमवासरे योगेन ज्येष्ठाजा ज्येष्ठ सोदरम्॥ भानुवासरयोगेन मूलजा श्वसुरं हरेत्॥

मूल नक्षत्र फल का अन्य प्रकार

मूला नक्षत्र की सम्पूर्ण घटियों को १५ द्वारा भाग देकर १५ खण्ड बना लें। प्रत्येक खण्ड का फल इस प्रकार से होगा। **प्रथम भाग** हो तो पिता के लिए अनिष्टकर, **दूसरे में** चाचा की हानि, **तीसरे में** बहनोई की हानि, **चौथे में** पितामह (दादा) की हानि, **आठवें में** चाची के लिए अनिष्टकर, **नवमे में** सबके लिए अनिष्टकर, **दसवें अंश में** पशु का नाश, **ग्यारहवें में** नौकर का नाश होता है। **बारहवें अंश में** स्वयं जातक का नाश होता है। **तेरहवें अंश में** हो तो उसके ज्येष्ठ भाई का नाश, **चौदहवें अंश में** जातक की बहिन का अनिष्ट होता है। अगर **पन्द्रहवें में** हो तो नाना का नाश (अनिष्ट) होता है।

उदाहरणार्थ यदि मूल का सर्वर्क्ष योग ६४ घड़ी १८ पल है, तो इसमें १५ द्वारा भाग देने से लब्ध प्रथम भाग में ४ घड़ी, १७ पल हुए। मान लो कि जन्मकालीन भयात् २८।४५ है। ४।१७ घट्यादि को ९ से गुणा करने पर पता चला कि ३८।३३ पर नौवां खण्ड (भाग) समाप्त होकर ३८।४५ पर दसवां भाग पड़ता है। तदनुसार फल चौपाय आदि पशु के लिए अनिष्ट रहेगा।

रेवती नक्षत्र—बुध के नक्षत्र और गुरु की राशि (मीन) में उत्पन्न जातक सर्वप्रिय, विद्यावान, सुन्दर आकृति, तर्कशील एवं धनवान् होता है। रेवती के **प्रथम चरण** में जन्म हो तो राजा के समान वैभवशाली, **दूसरे में** मन्त्री के समान सुख साधनों से युक्त, **तीसरे में** जन्म होने से धनवान तथा **चतुर्थ में** जन्म होने से माता-पिता के लिए अरिष्टकारी होता है।

दिवाजातस्तु पितरं रात्रिजो जननी तथा। आत्मानं संध्यायोहन्ति नास्ति गण्डे विपर्ययः॥

अरिष्ट ग्रहों की शान्ति हेतु सप्तवारों के व्रत की विधि

यदि किसी जातक की जन्म कुण्डली में कोई अशुभ ग्रह अनिष्टकारक हो अथवा किसी विशेष कार्य सिद्धि में कोई अनिष्ट ग्रह बाधा एवं पीड़ा पहुंचा रहा हो, तो उससे सम्बन्धित वार में विधि अनुसार व्रत, पाठ-पूजा एवं ग्रह मंत्र के जप हवन दानादि करने से अरिष्ट ग्रह की शान्ति होने से अभीष्ट फल की प्राप्ति होती है। अधिक विस्तृत जानकारी के लिए हमारे कार्यालय से "**व्रत और त्यौहार**" एवं **सप्तवार कथा** मंगवा कर पढ़ सकते हैं। मूल्य ३० रुपए। व्रत, जप, हवनादि अनुष्ठान करने से मानसिक व कायिक पापों का प्रायश्चित हो जाता है।

रविवार के व्रत की विधि—सर्व मनोकामना की पूर्ति विशेषकर शत्रु विजय, पुत्र प्राप्ति, नेत्र रोग, कुष्ठ (कोढ़) आदि चर्म रोगों के निवारण हेतु तथा आयु एवं सौभाग्य वृद्धि के लिए रविवार का व्रत किया जाता है। इस व्रत को सूर्यषष्ठी (विशेषकर रविवासरी), रथ सप्तमी अथवा शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) रविवार से प्रारम्भ करके प्रत्येक रविवार कम से कम बारह (१२) अथवा एक वर्ष पर्यन्त व्रत रखें। व्रत के दिन प्रातः स्नानादि से निवृत्त होकर सूर्य के बीज मंत्र "**ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः**" मंत्र का कम से कम तीन माला करके सूर्य भगवान् का ध्यान करें। **आदित्याय विद्महे भास्कराय धीमहि तन्नो भानुः प्रचोदयात्॥** अथवा गायत्री मंत्र की दो माला जाप करें। तदनन्तर ताम्र बर्तन में शुद्ध जल (गंगा जल सहित), गंगाक्षत, लाल पुष्प या लाल चन्दन एवं कुशा डालकर सूर्य देव को इस मंत्र द्वारा अर्घ्य देकर प्रदक्षिणा करें—"**एहि सूर्य सहस्त्रांशों तेजो राशे जगतपते। अनुकम्पय मां गृहाण अर्घ्य दिवाकर**" स्वयं भी लाल चन्दन या केशरादि से तिलक लगाए। उस दिन नमक-तेलादि तामसिक भोजन से परहेज रखें। उद्यापन-कालीन अंतिम रविवार को सूर्य के बीज मंत्र तथा सूर्य गायत्री मंत्र द्वारा हवनादि के पश्चात् ब्राह्मण दम्पत्ति को मिष्ठान सहित भोजन करवा कर यथाशक्ति गेहूं, गुड़, ताम्र बर्तन, नारियल, लाल वस्त्र, मिष्ठानादि का दक्षिणा सहित दान करें। **सूर्य शान्ति** हेतु मानक (माणिक्य) रत्न सुवर्ण की अंगूठी में धारण करना तथा लाल वस्त्र दान करना शुभ रहता है।

सोमवार के व्रत की विधि—यह व्रत श्रावण, चैत्र, वैशाख, कार्तिक या मार्गशीर्ष के महीनों के शुक्ल पक्ष के प्रथम सोमवार से प्रारम्भ करें। इस व्रत को पांच वर्ष अथवा सोलह सोमवार पर्यन्त श्रद्धा के साथ विधिपूर्वक धारण करें। चैत्र शुक्लाष्टमी तिथि, आर्द्रा नक्षत्र, सोमवार को अथवा श्रावण मास के प्रथम सोमवार को प्रारम्भ करने का विशेष माहात्म्य है। व्रतारम्भ करने वाले स्त्री-पुरुष को चाहिए कि प्रातःकाल जल में कुछ काले तिल डालकर स्नान करें। स्नानानन्तर "**ॐ नमः शिवाय**" आदि शिव मंत्रों द्वारा तथा श्वेत फूलों, सफेद चन्दन, चावल, पंचामृत, अक्षत, सुपारी, फल, गंगा, जल, बिल्व पत्रादि से शिव-पार्वती का पूजन करें और पूजनोपरान्त ब्राह्मण को दान-दक्षिणा देकर स्वयं भोजन करें। भोजन एक समय नमक रहित होना चाहिए। व्रत का उद्यापन भी उपर्युक्त महीनों में करना श्रेयकर होता है। उद्यापन में दशमांश जप का हवन करके सफेद वस्तुओं जैसे—चावल, श्वेत वस्त्र, बरफी, दूध-दही, क्षीर, चांदी, सफेद फलों का दान करना चाहिए। यह व्रत करने से मानसिक शान्ति होकर मनोरथ सिद्धि होती है। उद्यापन के दिन ब्राह्मणों तथा बच्चों को खीर, पूड़ी, मिष्ठान भोजन करवा कर यथाशक्ति दान करें।

चन्द्रमा की शान्ति हेतु चांदी की अंगूठी में चन्द्रकान्तमणि एवं मोती धारण करना, श्वेत वस्त्र दान करना, दूध, दही, बरफी, चावलों, बतासे आदि का दान करना कल्याणकारी होता है। व्रत के दिन इसके बीज मंत्र "**ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्रमसे नमः**" की कम से कम तीन माला का जाप करना चाहिए।

मंगलवार के व्रत की विधि—सर्व प्रकार के सुखों, रक्त विकार, शत्रु दमन, स्वास्थ्य रक्षा, पुत्र प्राप्ति, स्वास्थ्य लाभ, हृदयमोचनादि के लिए मंगलवार का व्रत उत्तम है। यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम मंगलवार से प्रारम्भ करके २१ सप्ताह तक अथवा यथाशक्ति जीवन-पर्यन्त रखें। इस व्रत में गेहूं और गुड़ सहित भोजन करें। भोजन नमक रहित एक समय ही करना चाहिए। इस व्रत से मंगल ग्रह के अरिष्ट दोष भी शांत हो जाते हैं। व्रत में श्री हनुमान जी की लाल पुष्पों, फूलों, ताम्र बर्तन तथा नारियल द्वारा पूजा एवं दान करना चाहिए साथ ही श्री हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए। भौम ग्रह की शान्ति के लिए "**ॐ क्रां, क्रीं, क्रौं सः भौमाय नमः**" बीज मंत्र की कम से कम तीन माला जाप करनी चाहिए। मंगल की शुभता के लिए ताम्बे की अंगूठी में मूंगा धारण करना शुभ होता है। **मंगल देवता** का ध्यान निम्नलिखित मंत्र द्वारा करना चाहिए—

रक्त माल्य अम्बरधरः शक्ति शूल गदाधारः। चतुर्भुजः रक्तोमा वरदः स्याद धरासुतः॥ इसके अतिरिक्त श्री हनुमान चालीसा तथा श्री हनुमान उपासना करना भी कल्याणप्रद रहता है।

बुधवार के व्रत की विधि—इस व्रत का प्रारम्भ शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) बुधवार से करें। २१ व्रत रखें। बुधवार के व्रत से बुध ग्रह की शान्ति तथा धन, बुद्धि, विद्या और व्यापार में वृद्धि होती है। यह व्रत विशाखा नक्षत्रकालीन बुधवार को प्रारम्भ करके सात अथवा हर बुधवार तक करें। व्रत के दिन स्नानोपरान्त हरे वस्त्र पहिनकर श्री विष्णु सहस्त्रणाम का पाठ तथा ग्रह शान्ति के लिए हरा वस्त्र धारण करके, बीजमंत्र "**ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः**" का पाठ कम से कम तीन माला जाप करनी चाहिए। इस दिन एक समय नमक रहित जैसे—मूंगी से बना हुआ हलवा, मीठी पंजीरी व मूंग के लड्डुओं का दान करें और स्वयं भी सेवन करें। व्रत के अन्तिम बुधवार को मधुसर्पी, दधि तथा घृत के साथ बीज मंत्र का हवन करें। तदुपरांत सुपात्रव्यक्ति को मूंगी सहित भोजन, हरे फल, हरा-पीला वस्त्र दान करें। गौओं को हरा चारा भी डाल देवें।

बुध ग्रह की शान्ति के लिए हरा वस्त्र धारणा करना, छोटी इलाइची, तुलसी तथा कांसे के बर्तन में भोजन करना तथा पन्ना रत्न धारण करना शुभ एवं कल्याणकारी रहता है।

बृहस्पतिवार के व्रत की विधि—यह व्रत गुरु ग्रह की शान्ति तथा विद्या-बुद्धि, धन-धान्य, पुत्र-पौत्र विवाह आदि सुखों की प्राप्ति के लिए किया जाता है। यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (ज्येष्ठ) वीरवार से प्रारम्भ करके तीन वर्ष अथवा १६ वीरवार तक करना चाहिए। व्रत प्रारम्भ के दिन प्रातः स्नानादि से निवृत्त होकर पीले वस्त्र धारण करके पीले पुष्पों, चने की दाल, पीला यज्ञोपवीत, पीला चन्दन, बेसन की बरफी, हल्दी व पीले चावलों एवं केला आदि पीले फलों सहित भगवान् विष्णु तथा बृहस्पति (गुरू) की पूजा करनी चाहिए तथा गुरू के बीज मन्त्र की कम से कम तीन या पांच अथवा १६ माला करनी चाहिए। व्रती को बृहस्पति वार को शिर नहीं धोना चाहिए तथा एक समय ही नमक रहित भोजन करना चाहिए। व्रती को उस दिन भोग लगा कर किसी ब्राह्मण व बालक को चने की दाल, बेसन की बर्फी, बेसन का हलुवा, घी, लड्डु, पीले चावल, केलों आदि पीतल का बर्तन तथा पीले वस्त्र का दान दक्षिण सहित करके स्वयं भी ऐसा ही भोजन करना चाहिए। इस दिन केले के वृक्ष की पूजा का भी विधान लिखा है। मन-वचन और कर्म द्वारा शुद्ध चित्त होकर गुरु गायत्री मंत्र अथवा गुरु के बीज मंत्र "**ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः**" का यथाशक्ति पाठ करे। उद्यापन में पाठ के दशमांश भाग का समधि,

मधु-सर्पी, घृत, दधि व हरिद्रा सहित सामग्री द्वारा हवन करना कल्याणकारी रहता है। बृहस्पति की शुभता के लिए सोने की अंगूठी में पुखराज पहिनना भी शुभ रहता है।

शुक्रवार व्रत कथा की विधि—यह व्रत धन, विवाह, संतानादि भौतिक सुखों में वृद्धिकारक होता है। यह व्रत शुक्ल-पक्ष के प्रथम (जेठे) शुक्रवार से शुरु किया जाता है। श्रावण मास के प्रथम शुक्रवार को प्रारम्भ करने से विशेष रूप से लक्ष्मी की कृपा रहती है। व्रत के दिन स्नानोपरान्त सफेद वस्त्र धारण करके श्री लक्ष्मी देवी की धूप, दीप, श्वेत, चंदन, चावल, श्वेत पुष्प, चीनी, सुपारी से पूजा करके बच्चों में श्वेत मिठाई, क्षीर, फलादि बाँट दें। ग्रह शान्ति के लिए

योगिनी दशा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी हम अपने ज्योतिष तत्त्व (गणित खण्ड) में उदाहरण सहित विस्तारपूर्वक लिख चुके हैं। पाठकों की सुविधा के लिए संक्षेप में पुनः जानकारी देते हैं।

योगिनी दशा में मंगल आदि दशाओं का कुल मान 36 वर्ष का होता है। 36 वर्ष के पश्चात् उनकी पुनः आवृत्ति होती है। इन आठ दशाओं के क्रमशः ये नाम हैं—

1. मंगला, 2. पिंगला, 3. धान्या, 4. भ्रामरी, 5. भद्रिका, 6. उल्का, 7. सिद्धा, और **8. संकटा।** इनकी क्रम संख्या अनुसार ही इनकी वर्ष संख्या निर्धारित की गई है, जिनका कुल जोड़ 36 वर्ष आता है। 1 + 2 + 3 + 4 + 5 + 6 + 7 + 8 = कुल 36 वर्ष। मंगला, पिंगला आदि दशाएं अपना नामानुसार ही शुभाशुभ फल प्रदान करती हैं।

योगिनी दशा जानने की विधि—विंशोत्तरी दशा की भांति ही योगिनी दशा का आधार 27 नक्षत्र हैं। यथा-अश्विनी नक्षत्र से प्रारम्भ करके अपने जन्म नक्षत्र तक की संख्या में 3 जोड़ करके, कुल जमा को 8 द्वारा भाग देने से यदि 1 शेष बचे तो मंगला, 2 शेष बचें तो पिंगला, 3 बचें तो धान्या इत्यादि क्रमानुसार दशा जानें, यदि शेष शून्य (0) बचे तो आठवीं अर्थात् संकटा दशा जानें।

प्रत्येक दशा का स्वामी ग्रह भी अलग-अलग ग्रह होता है। किस नक्षत्र के अन्तर्गत मंगला, पिंगला, आदि कौन सी दशा आती है तथा उस दशा का स्वामी कौन सा ग्रह है। यह सब आगामी तालिका (चक्र) से जान सकते हैं—

जन्म नक्षात्रानुसार योगिनी दशा चक्र

दशा नाम	मंगला	पिंगला	धान्या	भ्रामरी	भद्रिका	उल्का	सिद्धा	संकटा
दशा वर्ष क्रम	1	2	3	4	5	6	7	8
दशा स्वामी	चंद्र	सूर्य	गुरु	मंगल	बुध	शनि	शुक्र	रा. के
जन्म नक्षत्र	आर्द्रा चित्रा श्रवण	पुर्न स्वाती धनिष्ठा	पुष्य विशाखा शतभिषा	अश्ले. अनु. पू. भा. अश्वि.	मघा ज्येष्ठा उभा. भरणी	पूफा. मूला रेवती कृतिका	उफा. पूषा. रोहिणी	हस्त उषा. मृग.

जन्म नक्षत्र से योगिनी दशा का भोग्य काल जानना

विंशोत्तरी दशा पद्धति के समान ही योगिनी दशा में जन्म कालीन नक्षत्र का भयात (नक्षत्र का बीता हुआ काल) तथा भभोग (कुल मान)—दोनों को पलात्मक में बना लें। फिर पलात्मक भयात् को योगिनी की जन्म दशा वर्षों से गुणा करके, प्राप्त संख्या को पलात्मक भभोग के द्वारा भाग देने से योगिनी दशा के भुक्त वर्ष, मास आदि निकल आएँगे। इस प्राप्त वर्ष, मासादि जो जन्म दशा के कुल वर्षों में से घटा देने से हमें जन्म कालीन भोग्य दशा के वर्ष, मास आदि प्राप्त हो जाएंगे।

उदाहरण—मान लो, **20 अक्तूबर, सन् 2000 ई., शुक्रवार की अर्द्धरात्रि 1 बजकर 30 मिंट (ईष्ट ४७/१३) पर जन्म किसी बालक की योगिनी दशा निकालनी है। जन्म समयानुसार पुष्य नक्षत्र का भयात् ३० घड़ी १० पल तथा भभोग ६६ घड़ी ४५ पल होंगे। ऊपर लिखी तालिका अनुसार धान्या दशा प्रारंभ होगी। अब पलात्मक भयात् को दशा वर्ष 3 से गुणा करने पर 5430 पल प्राप्त हुए। इसको पुष्य नक्षत्र के भभोग 4005 से भाग देने पर हमें भुक्त दशा 1 वर्ष 4 मास, 8 दिन प्राप्त हुए।**

इसको धान्या दशा के कुल मान 3 वर्ष में से घटा देने पर हमें भोग्य धान्या दशा के 1 वर्ष 07 मास तथा 22 दिन प्राप्त हुए। इसको जन्म तारीख, मास, वर्ष आदि में जमा करने पर धान्य दशा 12 जून, 2002 तक समाप्त होगी। इसके आगे क्रमानुसार भ्रामरी (4 वर्ष), भद्रिका (5 वर्ष) इत्यादि जमा करते जाने से आगामी वर्षों का भोग्य दशाकाल प्राप्त हो जाएगा।

योगिनी दशा में अन्तर्दशा निकालने की विधि—अन्तर्दशा सम्बन्धी चक्र ज्योतिष तत्त्व गणित-खण्ड में उदाहरण सहित पढ़ सकते हैं।

(1) मंगला दशा (1 वर्ष)—(ज्ञानान्दकरी दशा भवति सा ज्ञेया सदा मंगला)—मंगला दशा में मंगल कार्यों का उदय होता है। विद्या में सफलता, जातक की प्रवृत्ति धार्मिक कार्यों, ब्राह्मणों एवं ईश्वर भक्ति एवं परोपकार के कार्यों में बढ़ती है। स्त्री, सन्तान एवं सवारी आदि सुखों की प्राप्ति तथा भाई-बन्धुओं का सहयोग प्राप्त होता है। गृह में किसी मंगल कार्य का उत्सव होने की भी सम्भावना होती है। जातक की प्रवृत्ति सत्कार्यों की ओर अधिक रहती है।

(2) पिंगला दशा (2 वर्ष)—इस दशा में शारीरिक एवं मानसिक कष्ट, घरेलू कलह-क्लेश, धन हानि, बनते कामों में विघ्न-बाधाएं, कार्यों में विफलता, नीच लोगों से कुसंगति, व्याकुलता, गुप्त चिन्ता, अस्वस्थता आदि अशुभ फल होते हैं। पिंगला दशा प्रारम्भ में कुछ

सुखकारक परन्तु उत्तरार्द्ध में कष्टकारी मानी जाती है। जातक का अधिकांश समय सोच-विचार में व्यतीत होता है। मित्र भी शत्रुओं जैसा व्यवहार करते हैं। आय कम खर्च अधिक होते हैं।

(3) धान्या दशा फल (3 वर्ष)—इस दशा में जातक को धन-धान्य एवं सुख के साधनों में वृद्धि होती है। उच्च-प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्बन्ध होते हैं। स्त्री एवं सन्तान की ओर से खुशी प्राप्त होती है। विद्या लाभ, व्यवसाय में लाभ व उन्नति के मार्ग प्रशस्त होते हैं। जातक व धन तीर्थ यात्रा, धर्म एवं परोपकारी कार्यों में भी व्यय होता है। सरकारी क्षेत्रों से भी सम्मान एवं लाभ के अवसर प्राप्त होते हैं।

(4) भ्रामरी दशा (4 वर्ष)—स्त्री, संतान अथवा परिवार की तरफ से परेशानी, कलह-कलेश का भय, अधिकांश समय भ्रमण (घूमने फिरने) में व्यतीत हो, कई प्रकार के कार्यों में व्यस्तता रहे, परन्तु स्थिरता न हो, आय कम तथा खर्च अधिक रहें, स्वास्थ्य भी ठीक न रहे, चित्त में व्याकुलता रहे, शत्रु भय, शरीर कष्ट तथा किसी ऋण लेने की भी सम्भावना हो सकती है। इस दशा काल में दौड़धूप व खर्च अधिक होते हैं।

(5) भद्रिका दशा (5 वर्ष)—इस दशा काल में जातक के पुण्यों का उदय और धर्म-कर्म की ओर प्रवृत्ति बढ़ती है। साथ ही धन-धान्य की वृद्धि तथा जातक के गुणों का प्रकाश बढ़ता है। उच्च विद्या में सफलता, व्यवसाय में लाभ व उन्नति, गृह में कोई मंगल कार्य हो, विप्रादि श्रेष्ठ लोगों से सम्पर्क, सुन्दर एवं सुशील स्त्री का सुख, वाहन एवं भूमि आदि सुखों की प्राप्ति होती है। कामुक एवं विलास आदि कार्यों पर खर्च अधिक होंगे। दशा के अन्तिम भाग में व्यवसाय के क्षेत्र में संघर्ष व कठिनाइयों का सामना होता है।

(6) उल्का दशा (6 वर्ष)—इस दशा में जातक का निकटस्थ सम्बन्धियों एवं मित्रों से मतभेद एवं विरोध रहे, कोई बना बनाया काम बिगड़े, अत्यधिक संघर्ष करने पर भी आय कम व खर्चों की अधिकता रहे। स्त्री एवं सन्तान सम्बन्धी परेशानियां, क्रोध एवं तनाव अधिक हो। दुर्घटना से चोटादि का भय, शरीर क़ष्ट, बुद्धि में विभ्रम, व्याधि एवं शत्रु भय, हृदय, उदर, कान, दांतों, पैरों एवं नेत्रों में पीड़ा तथा व्यसनों आदि के कारण कष्ट आदि अशुभ फल प्रकट होते हैं।

(7) सिद्धा दशा (7 वर्ष)—उच्च विद्या में सफलता, सोचे हुए (अभीष्ट) कार्यों में सिद्धि प्राप्त हो, बिगड़े कार्यों में सुधार, मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि, जातक की धार्मिक कृत्यों (परोपकार आदि) की ओर प्रवृत्ति बढ़ती है। धर्म, ज्योतिष, मंत्र आदि विधाओं की ओर रूचि, भूमि-जायदाद, वाहन, स्त्री एवं सन्तान आदि सुखों में वृद्धि तथा उच्चपदासीन (प्रतिष्ठित)लोगों से सम्बन्ध बढ़ते हैं। विवाह एवं गृहस्थ सुख और सौभाग्य में वृद्धि तथा व्यवसाय में लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होते हैं। दशा के अन्त में पारिवारिक उलझनों के कारण कुछ कठिनाईयां व चिन्ताएं होती हैं।

(8) संकटा दशा (8 वर्ष)—में भाई-बन्धुओं या पारिवारिक सदस्यों के साथ विरोध एवं मन-मुटाव पैदा हो। शरीर कष्ट एवं शत्रु भय, बनते कार्यों में विघ्न-बाधाएं, अत्यधिक परिश्रम एवं संघर्ष करने पर भी विशेष लाभ प्राप्त न हो, किसी विश्वस्त मित्र द्वारा धोखा दिए जाने की सम्भावना एवं धन हानि, स्त्री एवं सन्तान आदि के कारण तनाव व गुप्त चिन्ता, व्यवसाय में अस्थिरता, भ्रमणशीलता व खर्च अधिक हो, परदेश (विदेश आदि) में जाने की उत्कट इच्छा (अभिलाषा) बनी रहती है। इस दशावधि में उत्साह एवं पराक्रम में कमी, मानसिक व शारीरिक कष्ट, वात-पित्त एवं कफ़ादि में विकार के कारण रोग भय, अपव्यय, विघ्न भय आदि अशुभ फल होते हैं। संकटा दशा का पूर्वार्ध भाग राहु से तथा उत्तरार्द्ध भाग केतु से प्रभावित रहता है।

उपरोक्त पिंगला, उल्का, संकटा आदि क्रूर एवं अशुभ दशा के फल प्रकट हो रहें हों, तो जातक को उस दशा स्वामी ग्रह से सम्बन्धित ग्रह का जाप, पूजा एवं दानादि करके ग्रह शान्ति करवा लेना चाहिए।

--योगिनी दशा में अन्तर्दशाओं का फल विचार--

योगिनी अन्तर्दशाओं में जब मंगला आदि शुभ दशाओं के अन्तर में धान्या, भद्रिका आदि शुभ योगिनी की ही अन्तर्दशा चलती है, तो अपने ग्रह स्वामी के गुणों के अनुसार शुभ फलों में वृद्धि होती है। यदि दोनों योगिनी अन्तर्दशाएं अशुभ फलप्रदा होंगी, तो अशुभ फलों की मात्रा में वृद्धि होगी। यदि मुख्य योगिनी शुभफली एवं उपदशा अशुभफली हो, तो मिश्रित फल प्राप्त होंगे।

नोट—विंशोत्तरी, योगिनी आदि सभी प्रकार की दशाओं के फल का विचार करते समय उस समय की **'पंचाँग दिवाकर'** में दी गई ग्रहों की गोचर स्थिति एवं उसके प्रभाव को भी ध्यान में अवश्य रखना चाहिए। इससे ग्रह फलकथन में अधिक सूक्ष्मता होगी— पं. पन्ना लाल ज्योतिषी।

जन्मदिन पर क्या करें, क्या ना करें ?

—आवश्यक नियम—

सनातन धर्म में जन्मदिन (वर्धापन) संस्कार एक सर्वांगपूर्ण जन्मोत्सव है, जिसे विधिपूर्वक करने से आयु एवं आरोग्य की वृद्धि होती है, सुख-समृद्धि होती है। देवताओं, ऋषियों एवं माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होता है तथा अनिष्ट ग्रहों की शान्ति होती है। जन्मदिन पर जन्मदिन की पूजा, होमादि के अतिरिक्त शास्त्रकारों ने जन्मदिन पर विशेष नियमों का पालन करने के निर्देश दिए हैं, उन्हें सावधानीपूर्वक करने से अनिष्ट की शान्ति तथा दीर्घायु की प्राप्ति होती है।

(१) जन्मदिन की प्रातःकाल उठकर हाथ-मुँह धोकर एवं शौचादि से निवृत्त होकर सर्वप्रथम अपने इष्टदेव का ध्यान करके मन ही मन प्रणाम करें। फिर प्राणायाम एवं हल्का व्यायाम करके माता-पिता एवं अग्रजों का अभिवादन करके उनसे आशीरर्वाद ग्रहण करें।

(२) प्रातः ही मार्कण्डेय, अश्वत्थामा, हनुमान आदि अष्ट दीर्घजीवियों को स्मरण करके उन्हें प्रणाम करना चाहिए। इससे अपमृत्यु नहीं होती तथा दीर्घायु प्राप्त होती है। इनकी पूजादि का विवरण **'जन्मदिन पूजा पद्धति'** के अन्दर दिया गया है। तत्पश्चात् अन्य मांगलिक देवों एवं दिव्य वस्तुओं के दर्शन करके उन्हें प्रणाम करें, जैसे—श्री गणेश मूर्ति, सूर्य देव, गाय, तुलसी, शंख, दर्पण आदि।

(३) जन्मदिन को तिलों आदि के तेल की मालिश करके जल में तिल एवं गंगाजल डालकर मंत्रपूर्वक एवं विधिपूर्वक स्नान करना चाहिए। धर्मशास्त्रानुसार जन्मदिन को सामान्य परिस्थितियों में गर्म जल से स्नान नहीं करना चाहिए। ताज़ा अथवा गंगादि नदी के पानी में स्नान करना शुभ होता है।

(४) जन्मदिन पर क्षौर कर्म, केश कटवाना, दाढ़ी बनवाना आदि एवं नखों को नहीं काटना चाहिए।

(५) जन्मदिन को किसी कर्मकाण्डी ब्राह्मण द्वारा जन्मदिन पूजन (स्वस्तिवाचन, ॐकार, गणेश, शिव, विष्णु, सूर्य आदि नवग्रह, गौरी, मार्कण्डेय आदि अष्टदीर्घजीवी, षष्ठी देवी आदि की पूजा तथा आवाहित देवी-देवताओं के होमपूर्वक मनाना चाहिए। पूजानादि के पश्चात् ब्राह्मण भोजन एवं यथाशक्ति दान करना चाहिए।

(६) जन्म कुण्डली अथवा वर्षफल में जो कोई भी अरिष्ट ग्रह हो अथवा उनकी दशा हो, उनकी विशेष पूजा, दान एवं होम द्वारा शान्ति करवानी चाहिए। इसके अतिरिक्त आरोग्य एवं सुखमय व्यक्तिगत एवं पारिवारिक जीवन के लिए गायत्री मंत्र जप, सूर्य द्वादश नाम स्तोत्र, श्री गणेश स्तोत्र, आदित्य हृदय, सूर्याष्टक स्तोत्र, सूर्य चालीसा, अमोघ शिव कवच, महामृत्युञ्जय स्तोत्र, श्रीलक्ष्मी स्तोत्र एवं जन्म या वर्ष कुण्डली के अरिष्ट ग्रह के अशुभ फल निवारण हेतु सूर्य, भौमादि गायत्री जप-दान स्वयं अथवा किसी योग्य ब्राह्मण द्वारा करवाना शुभ होगा।

(७) जन्मदिन को सारा दिन शुभ कार्यों (विशेषकर सत्संग) मन्त्र-जाप, स्तोत्र पाठ, प्रभु कीर्तन आदि में व्यतीत करना चाहिए। वृथा-वार्तालाप, वृथा दौड़-धूप, कलह-क्लेश, झूठ-कपट एवं क्रोधादि से बचना चाहिए।

(८) वैसे तो मांस, अण्डा, मदिरा आदि-तामसिक भोजन नहीं लेना चाहिए। परन्तु जन्मदिन को विशेषतया तामसिक भोजन से परहेज रखना चाहिए। स्त्री-प्रसंग, मैथुनादि वासनात्मक कृत्यों से परहेज चाहिए।

(९) यदि किसी कारणवश **जन्मदिन पूजन** न करवा सकें, तो गृह में या मन्दिर में गायत्री मन्त्र जप या अन्य जप विष्णु सहस्रणामादि स्तोत्र पाठ, सूर्य के द्वादश नाम मन्त्र व अर्घ्य, षष्ठी देवी स्तोत्र का पाठ, अष्ट दीर्घजीवियों का नाम स्मरण एवं नमस्कार तथा धर्म स्थान पर ब्राह्मण भोजन एवं उन्हें यथाशक्ति दान आदि करना चाहिए।

(१०) विशेष शरीर कष्ट या अरिष्ट हो, तो अनाजादि का तुलादान दक्षिणा सहित (संकलक्पवूर्वक) करवाना चाहिए। इसके अतिरिक्त इस दिन मन्त्रपूर्वक सर्वोषधि स्नान, महामृत्युञ्जय मन्त्र जाप अथवा बालारिष्ट योग हो, तो षष्ठी पूजन एवं षष्ठी देवी का स्तोत्र पाठ एवं पूजित देवताओं नवग्रहों आदि के हवन करवाना कल्याणकारी होता है। पूजनोपरान्त बालक द्वारा छायापात्र दान एवं मंगल ग्रन्थी बंधन करवाना शुभ होता है। (इसका विस्तृत विवरण पुस्तक के भीतर देखें।)

(११) जन्म दिन पर अपने आस-पड़ोस फूल एवं फलदार पौधे लगाने सौभाग्यवर्द्धक एवं दीर्घायुकारक होते हैं।

(१२) इस दिन अन्ध विद्यालय, गौशाला, अस्पताल, कुष्ठाश्रम आदि चैरिटेबल स्थानों पर अन्न, वस्त्र फल, दवाईयों अथवा धन आदि द्वारा सेवा करना कल्याणकारी होता है।

(१३) यदि जन्म दिन को ग्रहण हो या संक्रान्ति, अमावस, चतुर्दशी, ग्रहणवेध या किसी क्रूर ग्रह की दशा हो या जन्म राशि पापाक्रान्त हो, तो उस दिन मिष्ठान्न सहित अनाज का दान तथा दक्षिणा सहित तुलादान कराना चाहिए।

भाग्योदय देखने का चक्र

यदि आपको किसी व्यक्ति के भाग्य का फल जानना हो, तो उस व्यक्ति को कहें कि वह व्यक्ति 1 से 31 की संख्या के भीतर कोई भी अंक मन में सोच ले। तदुपरान्त उसको पूछें कि नीचे लिखे A से लेकर E तक के पाँच यन्त्रों में से किस-किस यन्त्र में उसका सोचा हुआ अंक विद्यमान् है। जिस-जिस यन्त्र में अमुक व्यक्ति का सोचा हुआ अंक मिले, उस यन्त्र के दाईं तरफ के सबसे ऊपर के कोने वाले पहले हिन्दसों को परस्पर जमा कर लेने से व्यक्ति विशेष के मन में सोची हुई संख्या पता लग जाएगी। उस अंक की संख्या के आधार पर व्यक्ति के '**भाग्य का फल**' आगे लिखे अनुसार जानें—

उदाहरण—मान लो किसी मनुष्य ने अपने मन में 22 का अंक सोचा है। अब देखो कि यह 22 का अंक खाना नं० A, B, C, D, E में कहाँ मिलता है। अब इन यन्त्रों B,C, E के ऊपर के दायें कोनें के अंकों 2 + 4 +16 को जोड़ो तो 22 का जोड़ बनता है। अत: प्रश्नकर्त्ता ने 22 का अंक सोचा है और इसके अनुसार देखा तो लिखा है, कि विदेश गमन सम्बन्धी विचार बनेगा। व्यवसाय में कुछ परिवर्तन के योग हैं। इसी भान्ति अन्य अंकों के बारे में भी विचार करें।

नं० A

7	5	3	1
15	13	11	9
17	19	21	23
25	27	29	31

नं० B

7	6	3	2
15	14	11	10
23	22	19	18
31	30	27	26

नं० C

30	29	28	4
22	21	20	23
15	13	12	14
5	6	7	31

नं० D

30	10	28	8
26	25	24	31
14	13	12	27
9	29	11	15

नं० E

29	30	31	16
26	25	24	20
21	22	23	27
17	18	19	28

(1) तुम्हारे मन की मुराद उस समय पूरी होगी, जब तुमकों इस का ध्यान भी न होगा। (2) धैर्य रखें, भाग्योदय होने वाला है। फिर भी प्रतिदिन गायत्री मन्त्र का पाठ करते रहें। (3) किसी ऐसे साधन द्वारा तुम्हारी आशा पूर्ण होगी जिसका आपको ध्यान भी नहीं होगा। (4) जिस गुप्त चिन्ता के लिए आप परेशान हो, उसकी सफलता के लिए अभी कुछ विलम्ब हो सकता है, अपना पुरुषार्थ जारी रखें। (5) आपके लिए खुशी का समय आने वाला है, धैर्य रखें। सूर्य उपासना करना शुभ होगा। (6) घबराओ नहीं, तुम्हारी बेहतरी का साधन (ईश्वर कृपा से) शीघ्र निकल आएगा। (7) आपकी मुश्किलों का हल माता-पिता के आशीर्वाद से ही निकल पाएगा। (8) तुम्हारे भाग्य में धन-सम्पत्ति का सुख लिखा है, किन्तु विशेष परिश्रम करना होगा, लक्ष्मी चालीसा का पाठ करना शुभ रहेगा। (9) थोड़े दिनों में आपके सामने विदेश यात्रा सम्बन्धी प्रस्ताव रखा जाएगा, इसको स्वीकृति देने से पहले गम्भीरता से विचार करना उचित होगा। (10) इस समय आपका भाग्य गर्दिश में है, विशेष पुरुषार्थ एवं शिव उपासना करने से सफलता मिलेगी। (11) आपके संघर्ष और परेशानियों [illegible] में धन-लाभ एवं सुख के साधन बढ़ेंगे। (12) उतावलेपन से बनते काम बिगड़ सकते हैं। धीरज से काम लें, धीरे-धीरे ही बिगड़े कामों में सुधार आएगा। (13) किसी प्रिय बन्धु के सहयोग से बिगड़ा हुआ कोई विशेष काम बनेगा। (14) अभी बनते कामों में विघ्न-बाधाएँ रहेंगी। मानसिक तनाव व उद्‌विघ्नता से बचें। (15) भाग्य में अभी कशमकश रहेगी। लगभग अढ़ाई महीने बाद सुधार के योग हैं। (16) ईश्वर पर भरोसा रखो, लगभग दो महीने बाद भाग्य में परिवर्तन होने के संकेत मिलते हैं। (17) अभी सितारे गर्दिश में है, लगभग डेढ़ मास बाद हालात में सुधार होगा। (18) अनावश्यक चिन्ता एवं तनाव से बचें, अच्छा समय आने वाला है। (19) उत्साहपूर्वक कर्म करते रहें, भाग्य में परिवर्तन व शुभ लाभ के योग पाए जाते हैं। (20) अपने भाग्य एवं पुरुषार्थ पर भरोसा रखें, मनोवांछित कार्यों में सफलता मिलने वाली है। (21) वर्तमान काल में आपके भाग्य के सितारे गर्दिश में है। लगभग एक मास बाद हालात में सुधार के योग हैं। (22) विदेश गमन सम्बन्धी विचार बनेगा। व्यवसाय में कुछ परिवर्तन के योग हैं। (23) आर्थिक परेशानियों के कारण तनाव होगा, लगभग डेढ़ मास बाद भाग्य में लाभ व उन्नति के योग हैं। (24) वर्तमान में समय संघर्षपूर्ण होगा। निकट भविष्य में मनोवांछित कार्यों में सिद्धि प्राप्ति होने के संकेत हैं। (25) किसी अंतरंग मित्र की सहायता से कोई बिगड़ा काम बनेगा। अचानक धन लाभ भी होगा। (26) वृथा कामों में समय न गंवाओ, आने वाले दो महीनों में लाभ व उन्नति के योग हैं। (27) व्यर्थ की चिन्ता न करें, लगभग डेढ़ मास बाद भाग्य में सुखद परिवर्तन होने के आसार हैं। (28) उत्साह से अपने कर्त्तव्य पालन में लगे रहें, लगभग दो मास में भाग्य में शुभ परिवर्तन होने वाला है। (29) संघर्षपूर्ण परिस्थितियों के कारण मन अशान्त रहेगा। लगभग अढ़ाई मास बाद आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। लक्ष्मी स्तोत्र का पाठ करें। (30) अपने निश्चय पर दृढ़ रहें, लगभग डेढ़ मास आर्थिक कामों में सुधार होगा। (31) वर्तमान परिस्थितियां संघर्षपूर्ण होंगी। कार्य-व्यवसाय में परिवर्तन के बाद सफलता प्राप्त होगी।

स्वप्न — शकुन का शुभाशुभ फल विचार

दैनिक जीवन में मनुष्य की जो वासनाएँ अतृप्त अथवा अपूर्ण रहती हैं, वही स्वप्न रूप में येन-केन प्रकारेण पूर्ति का आभास कराती हैं। सूर्योदय के कुछ पूर्व अथवा ब्रह्म मुहूर्त्त में देखे गए स्वप्न का फल दस दिनों में, रात्रि के प्रथम प्रहर में देखे गए स्वप्न का फल एक वर्ष के पश्चात्, रात्रि के दूसरे प्रहर में देखे गए का फल छः मास में, तृतीय प्रहर में देखे गए स्वप्न का फल तीन मास के बाद, रात्रि के अन्तिम प्रहर में देखे गए स्वप्न का फल एक मास में प्रकट होता है, जबकि दिन में देखे गए स्वप्न विश्वसनीय नहीं होते। शुभ सांकेतिक स्वप्न देखने के पश्चात् सोना नहीं चाहिए, शेष रात्रि भजन, चिंतन में बितानी चाहिए तथा किसी को अपना स्वप्न बताना भी नहीं चाहिए। इसके विपरीत अशुभ स्वप्न देखने के बाद फिर सो जाएं तथा प्रातःकाल यदि उस अशुभ स्वप्न की स्मृति ताजी रहे तो गुरुजनों को उसे बतला दें। अशुभ निवारण के लिए गायत्री पाठ, स्नानदानादि, अनुष्ठानादि कार्यों का सम्पादन करें। अधिक जानकारी हेतु हमारे कार्यालय से स्वप्न ज्योतिष विज्ञान सम्बन्धी पुस्तक मंगवाएँ।

स्वप्न	फल	स्वप्न	फल	स्वप्न	फल	स्वप्न	फल	स्वप्न	फल
अंगूठी पहनना	धन लाभ व प्रसन्नता	कैंची चलाना	व्यर्थ विवाद	गर्भपात	गम्भीर रोग	ज्वर पीड़ित	स्वास्थ्य ठीक	ढोलक बजाना	किसी व्यक्ति से भेंट
आम का वृक्ष देखना	सन्तान सुख	कौआ बोलते देखना	बुरा समाचार मिले	घूंघट देखना	नया कारोबार	जुआ खेलना	धन हानि	तम्बू देखना	नया काम शुरु करें
अतिथि देखना	आकस्मिक विपत्ति	कंघी करना	इच्छा पूर्ण हो	घोड़े से गिरना	परेशानी, चिन्ता	जेब काटना	धन हानि	तलवार चलाना	शत्रु पर विजय
अन्धेरा देखना	दुःख मिले	कबूतर देखना	शुभ समाचार	घाट पर नहाना	तीर्थ यात्रा	जड़ें देखना	दीर्घायु	तपस्वी देखना	आत्म उन्नति
आकाश से गिरना	मान हानि, चिन्ता	काला नाग	राज्य सम्मान	घायल देखना	संकट से मुक्त होना	जड़ें काटना	संकट का सूचक	तैरते देखना	आयु में वृद्धि
अर्थी देखना	रोग मुक्त	किला देखना	तरक्की पाना	घर बनाना	प्रसिद्धि प्राप्त हो	जनाजा दखना	धन लाभ/तरक्की	तर्पण करते देखना	मृत्यु की सूचना
अग्नि देखना	पित्त सम्बन्धी रोग	कोढ़ी देखना	रोग सूचक	घडी देखना	यात्रा का संकेत	झगड़ा देखना	प्रसन्नता मिले	तारे देखना	मनोरथ सिद्धि
आकाश देखना	तरक्की होना	कन्या देखना	तीर्थ यात्रा	घोड़े पर बैठना	सफलता का सूचक	झाड़ू देखना	नुकसान हो	तीर मारना	खुशी मिले
आँवला खाना	स्वास्थ्य लाभ	कोयला देखना	व्यर्थ का झगड़ा	चोट लगना	स्वास्थ्य लाभ	झण्डा देखना	सुयश/धन लाभ	तूफान देखना	परेशानी बढ़े
अपने को मृत देखना	आयु वृद्धि	कीचड़ में फंसना	कष्ट हो, व्यय हो	चरखा देखना	आर्थिक लाभ	झांकी देखना	अशुभ	तीर्थ देखना	धार्मिक खींच
आग जलाकर पकड़ना	व्यर्थ व्यय हो	कटा सिर देखना	चिन्ता परेशानी	चावल खाना	शुभ समाचार	झोली देखना	विजय संकेत	तितली देखना	प्रेम सम्बन्ध में सफलता
आत्महत्या करना	दीर्घायु	कुत्ता देखना	उत्तम मित्र प्राप्त हो	चोर देखना	धन प्राप्ति	झोंपड़ी देखना	सुरक्षा सूचक	तोता देखना	धन लाभ
आलू देखना	मुसीबत आना	कोयल देखना	कोई शुभ समाचार	चादर देखना	बदनामी हो	झरना देखना	दुःख दूर हों	तलाक होते देखना	दाम्पत्य सुख में बाधा
आपरेशन देखना	रोग के चिन्ह	कढ़ाई करते देखना	प्रेम या व्यापार में सफलता	चांदी के जेवर	सम्बन्ध विच्छेद	टिकट लेना	सम्बन्ध टूटना	तरक्की होते देखना	योजनाओं में सफलता
अस्त्र-शस्त्र देखना	दुःखों से निपटारा हो	कबाब खाना	अपयश/विवाद	चौकीदार देखना	धनागमन का संकेत	टोकरी देखना	व्यापार में वृद्धि	तराजू देखना	व्यापार लाभ
इन्द्रिय देखना	सन्तान सुख	कब्रिस्तान देखना	प्रतिष्ठा वृद्धि	चीखें मारना	परेशानी व कष्ट	टाट देखना	सम्मानजनक स्थिति	ताली बजाना	खुशी मिले
इम्तहान में फेल होना	शुभ फल प्राप्ति	खून करना	संकट आना	चुनरी देखना	सौभाग्य प्रतीक	टेलीफोन करना	शुभ समाचार	ताश खेलना	व्यापार लाभ
ईमारत बनाना	धन लाभ, तरक्की	खिलौना देखना	सुख शान्ति	छुरी मारना	परिवार से वाद विवाद	टापू देखना	संकट लक्षण	ताला बन्द देखना	कार्यों में रुकावट
ईंजन देखना	योजनाएं असफल	खरबूजा देखना	धन लाभ	छिपकली देखना	अचानक धन लाभ	टोपी देखना	प्रगति हो	तरबूज देखना	परेशानी
ईमली खाना	पुत्र प्राप्ति	खेत देखना	संकट पूर्ण	छींकना	कार्य बाधा	ठग मिलना	धन हानि	तांगा देखना	झगड़ा हो
ईमली का पेड़ देखना	स्वास्थ्य	खरगोश देखना	स्त्री से मिलाप	छाता देखना	चिन्ताओं से छुटकारा	ठिठुरना	उज्ज्वल भविष्य	थूक देना	परेशानी बढ़े
इन्द्रधनुष देखना	जीवन में परिवर्तन	गुरु देखना	कार्य सफलता	छपाई देखना	अपमानित होना	ठोकर लगते देखना	सफलता का सूचक	थप्पड़ मारना	कलह क्लेश
उल्लू देखना	रोग अथवा शोक हो	गोबर देखना	पशु लाभ हो	छंटनी देखना	पदोन्नति	ठाकुर देखना	आध्यात्मिक प्रवृत्ति	थप्पड़ खाना	शुभ
उल्टा लटके देखना	अपमान मिले	गंगा देखना	शेष जीवन सुखी	जख्म देखना	परेशानियां	डॉक्टर देखना	रोग उत्पत्ति	थन स्पर्श करना	धन प्राप्ति
ऊँट देखना	अंग घात	ग्रहण देखना	रोग व चिन्ता	जादूगर देखना	अशुभ लक्षण	डूबते देखना	कठिनाईयों का सामना	दूध पीना	खुशी प्राप्ति
ऊँचाई पर चढ़ना	तरक्की व मान	गोली चलते देखना	विपत्ति निवारण	जहाज देखना	परेशानी दूर हो	डोली देखना	कोई परेशानी हो	दरवाजा देखना	नए कार्य का आरम्भ
ऐनक देखना (काली)	निराशा	गुलाब देखना	मनोकामना पूर्ण हो	जिन्दा जलना	धन की प्राप्ति	डाकिया देखना	समाचार प्राप्त हो	दही देखना	सफलता
कमल देखना	धन प्राप्ति	गरीबी देखना	सुख समृद्धि	जल देखना	मान सम्मान	डाकू देखना	धन हानि	दाँव लगाना	भारी हानि

स्वप्न	फल
दान करना	शुभ
दर्जी देखना	काम बिगड़ना
दांत गिरते देखना	दुःख एवं झंझट
दलदल देखना	व्यर्थ चिन्ता बढ़े
दवाई पीना	रोग नाश
दुकान (भरी) देखना	धन लाभ
दुकान (खाली) देखना	धन हानि
देवी देवता देखना	खुशी प्राप्ति
दक्षिणा देना	मंगल कार्य सूचक
दरिया में नहाना	रोग नाश
दीवार गिरना	धन हानि
दक्षिणा देना	मंगल कार्य
दाह संस्कार देखना	दीर्घायु
धन देखना	धन की प्राप्ति
धूल देखना	यात्रा पड़े
धमकी देना	शत्रु पर विजय
धार्मिक कार्य करना	पारिवारिक सुख
धोबी देखना	सफलता हो
धुआं देखना	कार्य में विघ्न
धूप देखना	पदोन्नति, लाभ हो
धनुष खींचना	लाभप्रद यात्रा हो
नदी में गिरना	फिक्र, चिन्ता
नंगा देखना	कष्ट प्राप्ति
नदी का पानी पीना	राज्य से लाभ
न्यायालय देखना	झगड़े में सफलता
नदी देखना	आकांक्षा पूर्ति
नवयौवना देखना	प्रेम सम्बन्ध
नाखून काटना	रोग से मुक्ति
नाव में बैठना	झूठा आरोप लगे
नाग देखना	सुख प्राप्ति
नृत्य देखना	धन प्राप्ति
पत्थर देखना	विपत्ति
प्यासा होना	कार्य बाधा
पुल देखना	शुभ यात्रा हो
परछाई देखना	अशुभ होना
पर्व दखना	शुभ हो
पशु देखना	व्यापार में लाभ

स्वप्न	फल
पहरेदार देखना	चोरी होना
पहाड़ देखना	उन्नति का सूचक
पान खाना	प्रिय से मिलाप
परीक्षा देते देखना	असफलता
पहलवान देखना	स्वास्थ्य लाभ
पपीता देखना	धन लाभ
पुजारी देखना	उन्नति का संकेत
पूर्वज देखना	शुभ फल प्राप्ति
पतंग देखना	परेशानी बढ़े
पखाना करना	कष्ट मिले
पानी बरसते देखना	शुभ कारक
पिंजरे में पक्षी देखना	सुख प्राप्ति
पगड़ी देखना	प्रतिष्ठा प्राप्ति
प्रणय प्रबन्ध देखना	दाम्पत्य सुख प्रतीक
प्रेत देखना	सौभाग्य वर्द्धक
फुलवाड़ी देखना	खुशी मिले
फव्वारा देखना	चिन्ता दूर हो
फेल होना	सफलता का सूचक
फकीर देखना	शुभ फलदायक
बहन देखना	सौभाग्य वृद्धि
बकरी देखना	शुभ यात्रा लाभ
बूढ़ी स्त्री देखना	दुःख प्राप्ति
बाग देखना	सुख मिले
बाढ़ देखना	धन की हानि
बिच्छू देखना	चिन्ताकारक
बालू देखना	धन लाभ हो
बादाम देखना	स्वास्थ्य लाभ
बारिश देखना	रोग व कलह
बन्दूक देखना	संकट आवे
बिल्ली देखना	लड़ाई के चिन्ह
बाजार देखना	दरिद्रता दूर हो
बर्फ देखना	प्रिया से मिलाप
बारात देखना	चिन्ता व परेशानी
भूकम्प देखना	सन्तान कष्ट
भाषण देना/सुनना	वाद विवाद
भूखा देखना (स्वयं को)	यात्रा लाभ
भिखारी देखना	[illegible]

स्वप्न	फल
भोजन पकाना	शुभ समाचार
मिठाई खाना	मान व तरक्की
मुर्दे के साथ खाना	दुःख दूर हो
मछली देखना	धन व स्त्री प्राप्ति
मोर देखना	खुशी प्राप्ति
महल देखना	कष्ट से छुटकारा
मधुमक्खी देखना	व्यापार वृद्धि
मिर्च खाना	लड़ाई संकेत
माली देखना	खुशी मिले
मुर्दे हंसते देखना	फिक्र व चिन्ता
मृत्यु देखना	भाग्योदय
मुण्डन कराना	सुखी गृहस्थी
मन्दिर देखना	इच्छा पूर्ण हो
मंगनी देखना	विवाह में देरी
महात्मा देखना	धन प्राप्ति
यात्रा करना	यात्रा द्वारा धन लाभ
यज्ञ देखना	सौभाग्यसूचक
युद्ध देखना	सफलता के संकेत
यन्त्र देखना	असफलता प्राप्ति
यम देखना	आयु वृद्धि
रोटी खाना	इच्छा पूर्ण हो
रुद्राक्ष देखना	कल्याण का प्रतीक
रोते हुए देखना	प्रसन्नता का प्रतीक
रोगी देखना	दुःख निवृत्ति
रसोईघर देखना	धन धान्य का प्रतीक
रेल देखना	कष्टकारी यात्रा
राख देखना	सफलता की प्राप्ति
रथ देखना	यात्रा पड़े
रेत पर चलना	शत्रु से हानि
रीछ देखना	शुभ समाचार
रिश्वत लेना	अपमान हो
राक्षस देखना	कष्ट से छुटकारा
रखैल देखना	सन्तान कष्ट
लकड़ी उठाना/देखना	अकारण वाद-विवाद
लोहा देखना	स्वास्थ्य हानि
लाटरी का टिकट	सौभाग्य प्रद
[illegible]	[illegible]

स्वप्न	फल
लंगर देखना	धन सम्पदा वृद्धि
विष खाना	परेशानी बढ़े
वृक्ष काटना	धन हानि
विदाई देखना	धन वृद्धि
वध दिखाई देना	आकस्मिक विपत्ति
विवाह देखना	दुर्भाग्य सूचक
विधवा देखना	हानि
विदेश यात्रा देखना	परिवारिक विवाद
वर्षगांठ मनाना	आयु में कमी
वर्षा देखना	चिन्ता, हानि
विमान देखना	सौभाग्य सूचक
शेर देखना	शत्रु नाश
शीशा देखना	रोग नाश
शत्रु देखना	सफलता हो
शव देखना	शुभ फल
श्राद्ध करना	पितरों की प्रसन्नता
शिकार करना	पारिवारिक कष्ट
शिशु देखना	सुखी दाम्पत्य जीवन
शोक समूह देखना	आनन्द का प्रतीक
शमशान घाट	दीर्घायु
शराब पीना	वाद विवाद
साँप देखना/पकड़ना	शत्रु पर विजय
सागर देखना	धन वृद्धि
सुन्दरी देखना	धन लाभ
साईकिल चलाना	कार्य सिद्धि
स्टेशन देखना	यात्रा शुभ होगी
सेहरा देखना	गृह क्लेश
सुन्दर वस्त्र देखना	बीमार होना
सेब देखना	दीर्घायु
स्नान करते देखना	व्यवसाय में लाभ
हवालात देखना	मान सम्मान
हंसते हुए देखना	खुशी का प्रतीक
हड्डियाँ देखना	डूबे धन की प्राप्ति
हत्या देखना	परेशानी
हरी फुलवारी देखना	धन-जन वृद्धि
हाथी देखना	व्यवसाय वृद्धि
हिम गिरते देखना	धन प्राप्ति
[illegible]	सफलता मिले

शरीर में तिल और उनके शुभाशुभ फल

अंग	फल
माथे पर तिल	धनवान होवे
माथे के दाहिने ओर	मान प्रतिष्ठा में वृद्धि
दोनों भौंह के मध्य में	यात्रा कारक है
बायीं आंख पर	औरत से कलह
दाहिनी आँख पर	औरत से विशेष प्यार रहे
ठोडी पर तिल हो	औरत से प्यार कम हो
बायें गाल पर	धन का अपव्यय
दाहिने गाल पर	धन की बढ़ोतरी हो
ऊपर के होंठ पर	विषयवासना में रत रहे
नीचे के होंठ पर	धन की कमी रहे
कान पर तिल हो	आयु मध्यम रहे
गर्दन पर तिल हो	आराम प्राप्त हो
दाहिनी भुजा पर हो	मान-प्रतिष्ठा प्राप्त हो
नाक पर तिल हो	यात्रा कारक है
बायीं भुजा पर हो	झगड़ा होवे
बायीं छाती पर हो	औरत से झगड़ा हो
दाहिनी छाती पर हो	औरत से प्यार रहे
दोनों छातियों के मध्य	जीवन सुखमय रहे
हृदय पर हो	बुद्धिमान हो
पसली पर तिल हो	डरपोक स्वभाव हो
पीठ पर तिल हो	यात्रा में रहा करे
पेट पर तिल हो	श्रेष्ठ भोजन की इच्छा रहे
बगल में तिल हो	दूसरों को हानि पहुंचावे
कमर पर तिल हो	मन अशान्त रहे
बायें हाथ की पीठ पर	व्यय अधिक हो
दाहिनी हथेली पर	धनवान् हो
बायीं हथेली पर	व्यय कारक है
दाहिने पैर में तिल हो	यात्रा कारक है
बायें पैर पर	अपव्यय कारक
पाँव के तलुवे में	यात्रा अधिक

॥ अथ नक्षत्रकष्टावलीय ॥

नक्षत्र चरण	चरण				कष्ट लक्षणानि	देवता	दानद्रव्याणि	जप संख्या	जपार्थ नक्षत्र मन्त्राणि	बलिदान
	१	२	३	४						
	रोग दिन संख्या									
अश्विनी १	०९	११	१०	२०	अर्ध गात्र पीड़ा वातज्वर निद्राभंग	अश्विनी देवता	घृत कुंभ सुवर्ण ब्राह्मण भोजन	५ हजार	ॐ अश्विनौ तेजसाचक्षुः प्राणेन सरस्वती वीर्य्यम् वाचेन्द्रो बलेनेन्द्राय दधुरिन्द्रियम्॥ ॐ अश्विनीकुमाराभ्यो नमः।	कुमकुम, श्वेत चंदन, चम्पक पुष्प तंदुल मोदक नैवेद्य गुड़, क्षीर, कमल पुष्प, धूप तिल दीपः
भरणी २	दि ००	दि ८०	दि ४०	दि ११	छर्दरोग तीव्रज्वर तंद्रा अनेक रोग	यम देवता	शर्करा घृत अजा गौ महिषी, छायापात्र	१० हजार	ॐ यमायत्वा मखायत्वा सूर्य्यस्यत्वा तपसे देवस्यत्वा सवितामध्वा नक्तु पृथिव्या स Ω स्पृशस्पाहिअर्चिरसि शोचिरसि तपोसि ॥२॥	अगर गन्ध करवीरपुष्प गुग्गुल धूप गुड़ोदन नैवेद्य धूप दीप क्षेत्रपाल पूजा
कृतिका ३	दि ००	दि ११	दि १६	दि २८	रक्तनेत्र उरु शूल नेत्र पीड़ा अतिदाह	अग्नि देवता	सुवर्ण गौदान ग्रह शांति	१० हजार	ॐ अयमग्नि सहस्रिणो वाजस्य शांति Ω वनस्पतिः मूर्द्धा कबोरयीणाम् ॥ ३ ॥ अग्नये नमः॥	चन्दन गंध पुष्प नैवेद्य गुग्गुलधूपघृत दीप तिलमाष गुडोदन पायस नैवेद्य, दशांग
रोहिणी ४	दि ०७	दि ०९	दि १८	दि ३०	शिर दर्द ज्वर पीड़ा कुक्षिशूल प्रलाप	प्रजापति देवता	सप्तधान्य सुवर्ण कृष्ण गौदुग्धखड	५ हजार	ॐ ब्रह्मजज्ञानं प्रथमं पुरस्ताद्विसीमतः सूरुचोवेन आवः सबुध्न्या उपमा अस्यविष्टाः सतश्रचयोनिमसतश्चविधः ॥४॥ ॐ ब्रह्मणे नमः॥	चन्दन गन्ध पुष्प नैवेद्य अष्टगन्ध दूध मोदक धूप घृत क्षीर नैवेद्य, दीप, दशांग
मृगशिर ५	दि ०९	दि ०५	दि ०७	दि १०	अर्ध शरीर पीड़ा महाघोर कष्ट	सोम देवता	दधितडुलगोवत्सा दान ब्राह्मण भोजन	१० हजार	ॐ सोमोधनु Ω सोमाअवन्तुमाशु Ω सोमोवीरः कर्मणयन्ददाति यदत्यविदध्य Ω सभेयम्पितृ श्रवणयोम ॐ चन्द्रमसे नमः ।५॥	चन्दन गंध सौरभ पुष्प गुग्गुल धूप पायस नैवेद्य मधु घृतदुग्धदध्योदन बलि, दशांग
आर्द्रा ६	दि ००	दि १८	दि ००	दि ००	ज्वर सर्वांगपीड़ा निद्रानाश त्रिदोष	रुद्र देवता	कृष्ण वृषभादि दान कृष्ण वस्त्रादि	१० हजार	ॐ नमस्ते रुद्र मन्यवऽउतोत इषवे नमः बाहुभ्यां मुतते नमः॥६॥ ॐ रुद्राय नमः॥	हरिद्रा कुमकुम गन्ध सवन्तिका पुष्प अष्ट गंधतिलपिष्ट धूप नैवेद्य घृत मिष्ठान्न दशांग
पुनर्वसु ७	दि ०७	दि १४	दि ०२	दि २१	अर्ध शरीर पीड़ा शिर पीड़ा ज्वर	अदिति देवता	सुवर्ण कमलदान ५ कन्याभोजनवस्त्र	१० हजार	ॐ अदितिद्यौरदितिरन्तरिक्षमदिति र्माताः स पिता स पुत्रः विश्वेदेवा अदितिः पंचजना अदितिजातम अदितिरर्जनित्वम् ॥७॥ ॐ आदित्याय नमः॥	कुंमकुम गंध वारिज पुष्प गुग्गुल धूप घृत पायस नैवेद्य मोदक गुड़बलि पीत वर्णान्न
पुष्य ८	दि ०७	दि ०७	दि १०	दि २१	ज्वर पीड़ा शूल अतिकठिन रोग	बृहस्पति देवता	पीत वस्त्र सुवर्ण गौदान पक्कान्नदान	१० हजार	ॐ बृहस्पते अतियदर्यौ अर्हाद्युमद्विभाति क्रतुमज्जनेषु। यदी दयच्छ वसऋतप्रजातदस्मासुद्रविणं धेहि चित्रम् ॥ ॐ गुरवे नमः ॥	कुमकुम अगर गंध अगस्त पुष्पघृतगुग्गुल धूपक्षीर नैवेद्यदध्योदन, शक्कर बलिदानम्
आश्लेषा ९	दि ००	दि ००	दि ११	दि ००	सर्व गात्र पीड़ा मृत्युतुल्य कष्ट	सर्प देवता	कुलमातृ योगिनी पूजा गोशय्यादान	१० हजार	ॐ नमोऽस्तु सर्पेभ्योये के च पृथिवीमनुः। ये अन्तरिक्षे यो दिवितेभ्यः सर्पेभ्यो नमः ॥९॥ ॐ सर्पेभ्यो नमः	चन्दन गन्धचम्पक पुष्प गुग्गुल घृतधूप क्षीर मिष्टान्नहविनैवेद्य तिल घृत दुग्धबलि कुंकुम,
मघा १०	दि १५	दि ०७	दि १७	दि- २०	अर्धगात्र पीड़ा शीत जन्यरोगभय शिर पीड़ा	पितर देवता	तिल तंडुलमाष वस्त्रदान	१० हजार	ॐ पितृभ्यः स्वधायिभ्यः स्वाधानमः पितामहेभ्यः स्वधायिभ्यः स्वधानमः। प्रपितामहेभ्यः स्वधायिभ्यः स्वधा नमः अक्षन्न पितरोऽमीमदन्तः पितरोतितृपन्त पितरःशुन्धध्वम् ॥१०॥ ॐ पितरेभ्ये नमः॥	चन्दन गन्ध चम्पक पुष्प गुग्गुल धूप घृत मिष्ठान्नहविनैवेद्य तिल घृत दुग्धबलि, दीप, नैवेद्य, दीपादि
पूर्वाफाल गुणी ११	दि ००	दि १५	दि ००	दि ३०	सर्वगात्रे पीड़ा ज्वर अर्धशिररोग	भग देवता	पित्तल पात्र यव माष गोस्वर्णदान	१० हजार	ॐ भगप्रणेतर्भगसत्यराधो भगे मां धियमुदवाददन्नः। भगप्रजननाय गोभिरश्वैर्भगप्रणेतृभिर्नुवन्तः स्यामः ॥११॥ ॐ भगाय नमः॥	चन्दन गंध चम्पक पुष्पगुग्गुलघृतधूप शर्करामोदक पूपोदन घृत पायसनैवेद्य बिल्व
उत्तरा फाल्गु. १२	दि ००	दि १४	दि ०७	दि ६०	शिर रोग महाज्वर कुक्षिशूलरोग	अर्यमा देवता	सुवर्णरजत अन्न गो वस्त्र दान	५ हजार	ॐ दैव्या वद्धर्व्यू च आगत Ω रथेन सूर्य्यत्वचा। मध्वायज्ञ Ω समञ्जायेतं प्रत्नया यं वेनश्चित्रं देवानाम् ॥१२॥ ॐ अर्यमणे नमः॥	कपूरकुंकुमगंध अर्कपुष्पघृत गुग्गुल धूप घृतपायसनैवेद्य घृतान्नहोम केशर गंध
हस्त १३	दि १५	दि १७	दि १५	दि ००	सर्वाङ्ग पीड़ा उदर शूल प्रस्वेद अफारा	सविता देवता	गोदानछाया पात्र रक्तवस्त्र सुवर्ण	५ हजार	ॐ विभ्राडवृहन्पिवतु सोम्यं मध्वार्य्युदधज्ञ पत्त व विहुतम् वातजूतोयो अभि रक्षतित्मना प्रजा पुपोषः पुरुधाविराजति ॥ ॐ सावित्रे नमः॥	कुकुमरक्तचन्दन गंध कमल पुष्पसुगन्ध गुग्गुलधूपः घृत पायसनैवेद्य दीप, केशर
चित्रा १४	दि ११	दि ०९	दि ०९	दि १६	विविधरोग भय महादारुण कष्ट	त्वष्टा देवता	विचित्रवृषभ गुड़ तिल छाया पात्र	५ हजार	ॐ त्वष्टातुरीयो अद्भुत इन्द्राग्नी पुष्टिवर्द्धनम्। द्विपदापदायाः छन्द इन्द्रियमुक्षा गौत्र वयोदधुः ॥१४॥ त्वष्ट्रेनमः ॥ ॐ विश्व कर्मणे नमः॥	कुंकुम दीप अगरगन्ध विचित्र पुष्पगुग्गुल धूपमोदक घृत विचित्रान्नंहविनैवेद्य, केशर

नक्षत्र चरण	चरण				कष्ट लक्षणानि	देवता	दानद्रव्याणि	जप संख्या	जपार्थ नक्षत्र मन्त्राणि	बलिदान
	१	२	३	४						
स्वाती १५	रोग दिन संख्या ६०	१७	३०	००	अनेक तरह के रोग ज्वर, कष्ट	वायु देवता	लाल गो सुवर्ण पक्वान्न दान	५ हजार	ॐ वायरन्नरदि बुधः सुमेध श्वेतः सिषीक्तिनो युतामभि श्री तं वायवे सुमनसा वितस्थुर्विश्वेनरः स्वपत्थ्या निचक्रुः ॥१५॥ ॐ वायवे नमः॥	चन्दनगंध कमल पुष्प अगर गुग्गुल धूप, दीप पायस शर्करा घृत नैवेद्य।
विशाखा १६	दि १५	दि ००	दि ०४	दि १३	कुक्षिशूल रोग सर्व गात्र पीड़ा	इन्द्राग्नी देवता	रक्त पीत वस्त्र कृष्णवृषभ दान	१० हजार	ॐ इन्द्राग्नी आगत Ω सुतं गार्भिर्नमो वरेण्यम्। अस्य पातं धियोषिता ॥१६॥ ॐ इन्द्राग्नीभ्याँ नमः॥	श्री खण्ड चन्दन गंध कमल पुष्प देवदारु धूपधृत पायस नैवेद्य, दीपक केशर।
अनुराधा १७	दि ६०	दि १२	दि ३६	दि ३०	तीव्र ज्वर महारोग शिर पीड़ा	मित्र देवता	अन्न सुवर्ण गो दान छायापात्र	१० हजार	ॐ नमो मित्रस्यवरुणस्य चक्षसे महो देवाय तदृत Ω सपर्यत दूरंदृशे देव जाताय केतवे दिवस्पुत्राय सूर्योयश Ω सत ॥१८॥ ॐ मित्राय नमः॥	कुंकुमगंध कमल पुष्प चन्दन धूपः पायस घृत पुष्प मोदक नैवेद्य, केशर, गंध।
ज्येष्ठा १८	दि ५९	दि ०९	दि ०६	दि ०४	पित्तरोग शरीर कांपना व्याकुलता	इन्द्र देवता	सुवर्ण नील वस्त्र तैल छायापात्रदान	५ हजार	ॐ त्रातारमिंद्रमबितारमिंद्र Ω हवे हवेसुहव Ω शूरमिंद्रम् वहयामि शक्रं पुरुहूतभिंद्र Ω स्वास्ति नो मधवा धात्विन्द्रः। ॐ इन्द्राय नमः॥	चन्दन गंध सुगंध पुष्प कपूर धूप विचित्रान्न नैवेद्य, चम्पा पुष्प पायस, नारियल।
मूला १९	दि ००	दि ०९	दि १५	दि ०६	ज्वरशूलसन्निपात महाकठिन रोग	निर्ऋति देवता	सप्तधान्य सुवर्ण कृष्णगोछायापात्र	५ हजार	ॐ मातेवपुत्रं पृथिवी पुरीष्यमग्नि Ω स्वयोनावभारुषा तां विश्वेदैवर्ऋतुभिः संविदानः प्रजापति विश्वकर्मा विमुञ्चत। ॐ निर्ऋतये नमः॥	कृष्ण अगर गंध नील पद्म पुष्प कृष्ण अगर धूप मिष्ठान्नहवि माष नैवेद्य।
पूर्वाषाढ़ा २०	दि ००	दि १५	दि २४	दि १०	शरीरपीड़ा कंपरोग शिररोग महाकष्ट	जल देवता	श्वेतवस्त्रतंडुलसु-वर्णजलकुंभ	५ हजार	ॐअपाघ मम कील्वषम पकृल्यामपोरपः अपामार्गत्वमस्मद यदुः स्वपन्य-सुवः ॥२०॥ ॐ अद्भ्यो नमः॥	चन्दनगन्ध पद्म पुष्प गुग्गुल धूप घृत पायस नैवेद्य।
उत्तराषाढ़ा २१	दि ३०	दि २४	दि २६	दि १६	कटिपीड़ा प्रलाप उदर शूलरोग युक्त	विश्वेदेवा देवता	ब्राह्मण भोजन अन्न सुवर्ण दान	१० हजार	ॐ विश्वे अद्य मरुत विश्वऽउतो विश्वे भवत्यग्नयः समिद्धाः विश्वेनोदेवा अवसागमन्तु विश्वेमस्तु द्रविणं बाजो अस्मै॥२१॥	चन्दन गंध मालती गुग्गुल पुष्प पायस नैवेद्य।
श्रवण २२	दि ६०	दि २४	दि ०६	दि ०९	वातापित्तकफरोग अतिसारसर्वगात्रपी	गोविन्द देवता	सुवर्गगेदानब्राह्मणभोजनछायापात्र	१० हजार	ॐ विष्णोरराटमसि विष्णो श्नपत्रेस्थो विष्णो स्युरसिविष्णो ध्रुवोसि वैष्णवमसि विष्णवेत्वा ॥२२॥ ॐ विष्णवे नमः॥	चन्दन गंध मालतीपुष्प कपूर गुग्गुल धूप ओदन पायस षडरम नैवेद्य।
धनिष्ठा २३	दि १५	दि २	दि २०	दि २१	मूत्रकृच्छ ज्वर रक्त अतिसार कंपरोग	वसु देवता	छत्री जूता सुवर्ण गोछायापात्रदान	१० हजार	ॐ वसोःपवित्र मसि शतधारंवसोः पवित्रमसि सहस्रधारम्। देवस्त्वासविता पुनातुवसोः पवित्रेणशतधारेण सुप्वाकामधुक्षः। ॐ वसुभ्यो नमः॥	अगर गंध कमल पुष्प अगर धूप घृत पायस नैवेद्य, दीपक, ताम्र बर्तन।
शतभिषा २४	दि ००	दि ४५	दि ०३	दि २२	वायु रोग से भय सन्निपातज्वरपीड़ा	वरुण देवता	तिलसुवर्ण घृत तैल अजागोदान	१० हजार	ॐ वरुणस्योत्तम्भनमसिवरुणस्यस्कुं मसर्जनी स्थोवरुणस्य ऋत सदन्य सि वरुण स्यऋतमदन ससि वरुणस्यऋतसदनमसि। ॐ वरूणाय नमः॥	कुकम अगर गन्ध कमल पुष्प अगर धूप घृत धूप नैवेद्य।
पूर्वाभाद्र--पद २५	दि ००	दि १२	दि २१	दि १९	सर्वगात्रपीड़ाछर्दी चिन्ताव्याकुलता	ऽजेकपाद देवता	सुवर्ण रजतश्वेत वस्त्र धृत दुग्ध	५ हजार	ॐ उतनाऽहिर्वुध्न्यः शृणोत्वज एकपापृथिवी समुद्रःविश्वे देवा ऋता वृधो हुवाना स्तुतामंत्राः कविशस्ता अवन्तु॥ ॐ अजैकपदे नमः॥	कंकुम चन्दनगन्धश्वेतार्क पुष्प सर्वोषधी मिश्र धूप दधि पायस नैवेद्य।
उत्तराभा--द्रपद २६	दि १०	दि २०	दि ०९	दि १५	कामलारोगअतिसा ज्वरवायुशूलभ्रम	अहिर्बुध्न देवता	रजत कृष्ण वस्त्र तिल सुवर्ण दान	१ हजार	ॐ शिवोनामासिस्वधितिस्तो पिता नमस्तेऽस्तुमामाहि Ω सो निवर्त्तयाम्यायुषेऽत्राद्याय प्रजननायर रायम्पोषाय (सुप्रजास्वाय ॥२६॥) ॐ अहिबुर्धाय नमः॥	कपूरचन्दनगन्ध पद्म पुष्प विल्व गुग्गुल धूप दधि पायस नैवेद्य।
रेवती २७	दि १८	दि १०	दि ०९	दि २०	वातपित्तज्वर भ्रम उरू शूलपीडा	पूषा देवता	पित्तल पात्र रक्त वृषभवस्त्रछायापात्र	१० हजार	ॐ पूषन् तव व्रते वय नरिष्येभ कदाचन। स्तोतारस्तेइहस्मसि ॥२७॥ ॐ पूष्णेनमः॥	रक्त चन्दन गन्ध चम्पक पुष्प घृत गुग्गल धूप घृत पायस नैवेद्य।

रोग-त्रिनाड़ी चक्र

आर्द्रा	पूफा	उफा	अनु	ज्ये०	धनि	शत०	भरणी	कृत्ति
पुर्न	मघा	हस्त	विशा	मूला	श्रव०	पूभा	अश्वि	रोहि
पुष्य	आश्ले	चित्रा	स्वाती	पूषा	उषा	उभा	रेवती	मृग

मंगलवार १।६।११ तिथि कृत्तिका नक्षत्र। बुधवार २।७।१२ तिथि आश्लेषा नक्षत्र। गुरुवार ३।८।१३ तिथि मघाहस्तनक्षत्र। शुक्रवार ४।९।१४ तिथि–आर्द्रा धनिष्टा नक्षत्र। शनिवार ५।१०।१५ तिथि–भरणीनक्षत्र। इन तीन योगों में रोग का प्रारम्भ हो तो मृत्यु या मृत्युतुल्य कष्ट जानना। (रोग के दिन नक्षत्र से नाम का नक्षत्र ५।१४।२३ संख्या पर काल का मुंह होता है और १०, १८वें नक्षत्र काल की दंष्ट्र (दाढ़) होती हैं, मुख वा दंष्ट्रा में जिस दिन नक्षत्र प्राप्त हो उस दिन अत्यंत रोगग्रसित पुरुष की मृत्यु तुल्य कष्ट जानना। सूर्य जिस नक्षत्र में हो, वह नक्षत्र, चन्द्र नक्षत्र और नाम का नक्षत्र जिस दिन एक नाड़ी में हो उसी दिन आश्लेषा रोगी की मृत्यु जानना।

का नक्षत्र जिस दिन एक नाड़ी में हो उसी दिन असाध्य रोगी की मृत्यु जानना।

। । अथ बालकष्टावली पूतना विधान । ।

मंत्र को २१ बार पढ़कर सात बार रूग्ण बालक के सिर पर घुमाकर चौरस्ते (चौराहे) पर मौन होकर रख आवे॥

जन्म से			पूतना नाम	ग्रसित लक्षण	मूर्तिद्रव्य	बलि द्रव्य तथा समय	धूप	मन्त्र
दि ०१	मा १	व ०१	१ योगिनी २ मातृका ३ नंदिनी	ज्वर गात्रशोष अनाहार वमन मूर्छा कांपना हीन ज्वर उदर पीड़ा	नदी का मिट्टी का पुतला ३ दिन विधान	उबले चावल सफेद चंदन का लेप सफेदफूल ध्वजा ५ चिलिड़ियां (पूड़े) ५ दीपक ५ प्रात: समय पूर्व दिशा में तीन दिन बलि देवे।	सरसों बालछड़ आक बिल्वपत्र तिल्ली और मनुष्य के केश नीम घी का धूप	ॐ नमो भक्तवत्सले मोचिनी स्वाहा
दि ०२	मा ०२	व ०२	१ सुनंदिनी २ योगिनी ३ स्तनदा	ज्वर हाथ पांव संकोचदांतो का पीसना आँखें मीचना ज्वरादि रोदन आँखें दुखना	सेर चावल की पीठी का पुतला ३ दिन दिन विधान	उबले चावल सेर पर आटे के पूड़े मच्छी और बकरे का मांस ध्वजा १३ दीपक १३ पश्चिम दिशा में सन्ध्या समय ३ दिन बलि देवे।	पूर्ववत् सब वस्तुओं का धूप देना	ॐ नमो भगवती स्वाहा
दि ०३	मा ०३	व ०३	१ पूतना	ज्वर कम्प न प्रलाप अरुचि आँखें मीचना वमन रोमांच	पूर्ववत मूर्ति	लाल चावल लाल ध्वजा लाल चन्दन लालफूल सायंकाल उत्तर दिशा में ३ दिन बलि देवे।	गोश्रृङ्ग और सांप को कांचली का धूप देना	ॐनमो भगवती स्वाहा
दि ०४	मा ०४	व ०४	१ मुखमंडिका २ आकाशयोगिनी	ज्वर गात्र भग आंखमीचना शिर झुकाना श्वास श्याम ता अरुचि नींद न आना	चावल के चूर्ण का पुतला विल्व के कांटे से रेखा	सफेद चंदन का लेप सफेद फूल सफेद ध्वजा सेर भर आटे के पूड़े तीनों सन्ध्या समय पश्चिम दिशा में बलि ३ दिन देवें।	लहसन नीम के पत्ते मनुष्य के और बिल्ली के बाल गो घृत धूप देना।	ॐ नमो पूतने मातवीर्लि भक्ष सुशोभने बालंकमुचंसुयोगेन बलिदाने नहर्षयेत्
दि ०५	मा ०५	व ०५	विडालिका	ज्वर हिक्का श्वास शूल गात्र संकोच अरुचि उदर पीड़ा	सेर भरचावलों की पीठी का पुतला	उबले चावल ध्वजा ५ दीपक ५ सफेद चन्दन सफेद फूल अपरान्ह के समय वृक्ष के मूल में पश्चिम दिशा में ३ दिन बलि देवे।	पूर्ववत धूप देना	ॐ सुभगे सुभलेदेवि सर्व शत्रु निवारिणी। कुरु शांति शिशो: स्वस्थं जीव दानेन राक्षसि
दि ०६	मा ०६	व ०६	शकुनी	ज्वर गात्र संकोच अरुचि श्वास लेने में कठिनाई उदर पीड़ा	सेर चावलों की पीठी का पुतला बनाना	कृष्णोदन ध्वजा ५ दीपक ५ काले फूल मच्छी का मांस बकरे का मांस पायस दूध आधसेर आटे को पूड़े अपरान्ह पश्चिमदिशा में तीन दिन बलि देवे	कूठ गुग्गुल सफेद चन्दन सरसों हाथी का दांत गो घृत धूप देना।	ॐ राक्षसि त्व महाभागे बालमुंच शुभानने। क्षेम कुरु जगत्य स्मिन् शोभावान वरं कुरु
दि ०७	मा ०७	व ०७	शुष्करेवती	ज्वर देह संकोच अरुचि कांपना रोदन करना	पूर्ववत मूर्ति	सफेद ध्वजा ७ दीपक ७ सफेद फूल सफेद चंदन सायंकाल पश्चिम दिशा में ३ दिन बलि देवे।	गो श्रृङ्ग और लहसन से पूर्ववत धूप देना।	ॐ नमो पद्मपत्राक्षि विशालाक्षि बन शिव। सगृहाँ बलि माषज्च बाले मुँच सुशोभने।
दि ०८	मा ०८	व ०८	विडालिका	ज्वर गात्र संकोच आँखें मीचना रोना जिव्हाशोष शिर पीड़ा अरुचि	पूर्ववत मूर्ति	पायस (खीर) दूध घी लाजा मध्यान्ह व पूर्व संध्या समय दक्षिण दिशा में ३ दिन बलि देवे	गुग्गुल में घृत मिलाकर उपरोक्त धूप देना।	ॐ नमो सर्व भूतेशि शोभने त्वं पिशाचिनी। बलिचैवा सुरी कृत्य त्वरितं मुंच बालकम्
दि ०९	मा ०९	व ०९	मनोन्मत्ता	ज्वर वमन तृष्णा श्वास अफारा देह संकोच उदर शूल	पूर्ववत मूर्ति	उबले चावल मच्छी का मांस पापड़ गन्ना संध्या समय उत्तर दिशा में ३ दिन बलि देवे।	गोश्रृङ्ग को घृत में घिसकर पूर्ववत धूप देना	ॐ नमो भगवते वासुदेवाय हुं फट स्वाहा।
दि १०	मा १०	व १०	रेवती	ज्वर वमनाकास श्वास पीड़ा	पूर्ववत मूर्ति	गुड़ उबले चावल घी ध्वजा २५ पूड़े २५ लालफूल २५ सफेद फूल ४४ संध्यासमय दक्षिण में ३ दिन बलिदेवे	गोश्रृङ्ग लहसन को घृत में मिलाकर धूप देना।	ॐ नमो भगवते वासुदेवाय फट स्वाहा।
दि ११	मा ११	व ११	सुदर्शना	ज्वर अरुचि मुखशोष गात्र पीड़ा रोदन	माष उड़द की पीठी	उबले चावल सफेद चंदन लेपन सफेद फूल ध्वजा २५ दीपक २५ पूड़े २५ बलि संध्या समय दक्षिण दिशा में बलि देवे।	पूर्ववत धूप देना	ॐ नमो भगवते रावणाय चंद्रहास वज्रहस्ताय ॐ हुं फट स्वाहा।
दि १२	मा १२	व १२	अद्भुता	ज्वर रोदन पसीना आँखें दुखना सन्ताप रोमांच शरीर पीड़ा	सेर चावल की पीठी का पुतला	ध्वजा १३ पूड़े मच्छी का मांस बकरे का मांस पापड़ संध्या समय दक्षिण में ३ दिन बलि देवे	गो श्रृङ्ग को घृत में घिस कर पूर्ववत धूप देना।	ॐनमो नारायणाय प्रज्वल २ ताप हर २ शोषय २ मर्दय २ हन दुष्टान हुं फट स्वाहा

वर्षफल बनाने की सारिणी (सूर्य सिद्धान्तीय)

वर्ष	०१	०२	०३	०४	०५	०६	०७	०८	०९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५
वार	०१	०२	०३	०५	०६	००	०१	०३	०४	०५	०६	०१	०२	०३	०४	०६	००	०१	०२	०४	०५	०६	००	०२	०३
घड़ी	१५	३१	४६	०२	१७	३३	४८	०४	१९	३५	५०	०६	२१	३७	५२	०८	२३	३९	५४	१०	२६	४१	५७	१२	२८
पल	३१	०३	३४	०६	३७	०९	४०	१२	४३	१५	४६	१८	४९	२१	५२	२४	५५	२७	५८	३०	०१	३३	०४	३६	०७
विपल	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०

वर्ष	२६	२७	२८	२९	३०	३१	३२	३३	३४	३५	३६	३७	३८	३९	४०	४१	४२	४३	४४	४५	४६	४७	४८	४९	५०
वार	०४	०५	००	०१	०२	०४	०५	०६	००	०२	०३	०४	०५	००	०१	०२	०३	०५	०६	००	०१	०३	०४	०५	०६
घड़ी	४३	५९	१४	३०	४५	०१	१६	३२	४७	०३	१८	३४	४९	०५	२१	३६	५२	०७	२३	३८	५४	०९	२५	४०	५६
पल	३९	१०	४२	१३	४५	१६	४८	१९	५१	२२	५४	२५	५७	२८	००	३१	०३	३४	०६	३७	०९	४०	१३	४३	१५
विपल	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००

वर्ष	५१	५२	५३	५४	५५	५६	५७	५८	५९	६०	६१	६२	६३	६४	६५	६६	६७	६८	६९	७०	७१	७२	७३	७४	७५
वार	०१	०२	०३	०४	०६	००	०१	०३	०४	०५	०६	०१	०२	०३	०४	०६	००	०१	०२	०४	०५	०६	००	०२	०३
घड़ी	११	२७	४२	५८	१३	२९	४४	००	१५	३१	४७	०२	१८	३३	४९	०४	२०	३५	५१	०६	२२	३७	५३	०८	२४
पल	४६	१८	४९	२१	५२	२४	५५	२७	५८	३०	०१	३३	०४	३६	०७	३९	१०	४२	१३	४५	१६	४८	१९	५१	२२
विपल	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०

वर्ष	७६	७७	७८	७९	८०	८१	८२	८३	८४	८५	८६	८७	८८	८९	९०	९१	९२	९३	९४	९५	९६	९७	९८	९९	१००
वार	०४	०५	००	०१	०२	०३	०५	०६	००	०१	०३	०४	०५	००	०१	०२	०३	०५	०६	००	०१	०३	०४	०५	०६
घड़ी	३९	५५	१०	२६	४२	५७	१३	२८	४४	५९	१५	३०	४६	४३	१७	३२	४८	०३	१९	३४	५०	०५	२१	३६	५२
पल	५४	२५	५७	२८	००	३१	०३	३४	०६	३७	०९	४०	१२	३०	१५	४६	१८	४९	२१	५२	२४	५५	२७	५८	३०
विपल	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००

वर्ष फल साधन

जिस संवत् या वर्ष का वर्ष लग्न निकालना हो, उस संवत् में से जातक के जन्म का सम्वत् घटाने से जो वर्ष शेष बचेंगे वह **गतवर्ष** होंगे फिर वर्षफल सारणी में गत वर्षों के नीचे लिखे वार, घड़ी पलादि के ध्रुवांक को जातक के जन्म, वार, घड़ी, पलादि में जमा कर लेने पर आगामी वर्ष का वार एवं वर्षेष्ट काल निकल आएगा। अब इस वर्षेष्ट को स्थानिक लग्न सारणी की सहायता से जन्म लग्न की भान्ति ही वर्ष लग्न ज्ञात कर सकते हैं। फिर वर्ष प्रवेश के वर्षेष्ट अनुसार ही ग्रहस्थापना कर लेंवे। उदाहरण सहित इसका स्पष्टीकरण हमारी प्रकाशित **वर्षफल चन्द्रिका** में पढ़ें।

मुन्था—जन्म लग्न राशि की संख्या में से गतवर्ष की संख्या को जोड़कर जो योगफल आए, उसे १२ से भाग देकर जो संख्या शेष रहे, उसी राशि अंक पर मुंथा स्थापित करनी चाहिए। **मुन्था जन्म** लग्न से प्रति वर्ष एक राशि आगे चलती है।

त्रिपताकी चक्र—त्रिपताकी का **चन्द्रमा** निकालने के लिए वर्ष प्रवेश की संख्या को ९ द्वारा भाग दें। जो शेष बचे जन्मकुण्डली में जिस राशि में चन्द्रमा स्थित है, उससे आगे उतने भाव गिनकर प्राप्त राशि अंक पर चन्द्रमा लगावें। शेष ग्रहों के लिए वर्ष प्रवेश संख्या में ४ द्वारा भाग दें। शेष को जन्मस्थान के ग्रहों से जहां वे स्थित हैं, उतना आगे गिनकर चक्र में लिखें।

मुद्दा दशा निकालना—गत वर्ष में जन्म नक्षत्र जोड़कर उसमें से दो घटावें, ९ द्वारा भाग देने से जो शेष बचे तदनुसार दशा जाननी चाहिए। यदि १ बचे तो **सूर्य** की, २ बचें तो **चन्द्रमा**, ३ बचें तो **मंगल**, ४ से **राहु**, ५ बचें तो **गुरु**, ६ बचें तो **शनि**, ७ से **बुध**, ८ से **केतु**, ९ अथवा ० बचे तो **शुक्र** की दशा जाननी चाहिएं।

मुद्दा दशा के दिनादि—**सूर्य** के १८ दिन, **चन्द्रमा** के ३०, **मंगल** के २१ दिन, राहु के ५४ दिन, **गुरु** के ४८ दिन, **शनि** के ५७ दिन, **बुध** के ५१ दिन, **केतु** के २१ दिन तथा **शुक्र** के ६० दिन **मुद्दा दशा में होते हैं।**

स्थानबल—सूर्य वर्ष लग्न से ९वें, चन्द्रमा ३रे, मंगल ६ठे, बुध १, गुरु ११वें, शुक्र ५, शनि १२वें स्थान में हो तो ५ हर्ष बल देते हैं।

स्वभोच्चबल—सूर्य १।५, चन्द्रमा २।४, मंगल १।८।१०, बुध ३।६, बृहस्पति १२।४, शुक्र २।७।१२, शनि १०।११।७—इन राशियों में ५ बल देते हैं।

पुरुष-स्त्री ग्रहः—स्त्री ग्रह लग्न से १।२।३।७।८।९, घरों में ५ बल देते हैं और पुरुषग्रह लग्न से ४।५।६।१०।११।१२ घरों में ५ बल देते हैं। दिन के समय पुरुष ग्रह तथा रात्रि के इष्ट में स्त्री ग्रह ५ बल देते हैं।

त्रिराशिपति चक्र

मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	कुं.	मी.	राशि
सू.	शु.	श.	शु.	बृ.	चं.	बु.	मं.	श.	मं.	बृ.	चं.	दिनपति
बृ.	चं.	बु.	मं.	सू.	शु.	श.	शु.	श.	मं.	बृ.	चं.	रात्रिपति

वर्ष लग्न की जो राशि हो उसकी ऊपर की पंक्ति में राशि के सामने देखो और उसके नीचे यदि इष्ट दिन का हो तो दिनपति के सामने रात्रि का हो तो रात्रिपति के सामने और वर्ष लग्न की राशि के नीचे जो ग्रह हैं वही त्रिराशिपति होगा।

वर्ष कुण्डली में दृष्टि चक्र

ग्रह	सू.	चं.	मं.	बु.	बृ.	शु.	श.
प्रत्यक्ष मित्र	५—९	५—९	५—९	५—९	५—९	५—९	५—९
गुप्त मित्र	३—११	३—११	३—११	३—११	३—११	३—११	३—११
प्रत्यक्ष शत्रु	१—७	१—७	१—७	१—७	१—७	१—७	१—७
गुप्त शत्रु	४—१०	४—१०	४—१०	४—१०	४—१०	४—१०	४—१०

वर्ष कुण्डली में जो ग्रह जिस भाव में पड़ा हो वह उस भाव से पांचवें और ९वें भाव को प्रत्यक्ष मित्र दृष्टि से देखता है। तीसरे ग्यारहवें गुप्तमित्र दृष्टि से, पहले सातवें प्रत्यक्ष शत्रु दृष्टि से और ४-१० गुप्त शत्रु दृष्टि से देखते हैं।

(१) प्रत्यक्ष मित्र दृष्टि शुभ और बलवान् होती है। (२) गुप्त मित्र दृष्टि सम है। (३) गुप्त शत्रु दृष्टि अशुभ है। (४) शत्रु दृष्टि अशुभ है।

दृष्टि फल

प्रत्यक्ष मित्र दृष्टि—इस का फल कार्य में शीघ्र सफलता, सम्बन्धियों से सुख-प्रेम और लाभ इत्यादि इस से जिन मनुष्यों के साथ पहिले शत्रुता होती है उन से प्रेम उत्पन्न होता है तथा नए सम्बन्ध स्थापित होते हैं।

गुप्त शत्रु दृष्टि—यह प्रत्यक्ष दृष्टि से कुछ कम फलदायक है। अर्थात् कार्य बड़ी कठिनता से सफलता को प्राप्त होता है, यह प्रत्यक्ष रूप में सहायता करने वाली होती है, परन्तु गुप्त रूप से शत्रुता करने वाली होती है।

गुप्त मित्र दृष्टि—इसका फल प्रत्यक्ष मित्र दृष्टि से कम होता है। यह भी कार्य में सफलता व लाभदायक है, परन्तु प्रत्यक्ष भाव से नहीं, गुप्त भाव से सफलता व कार्य सिद्ध होता है।

प्रत्यक्ष शत्रु दृष्टि—इसका फल शत्रुता उत्पन्न करना, बनता कार्य बिगाड़ना, मित्र से वैर, धन हानि, मानसिक परेशानी, निकट सम्बन्धियों से मन-मुटाव इत्यादि हैं।

वेध-सिद्ध नवीन मतानुसार वर्ष प्रवेश सारिणी

एक सौर वर्ष में सूर्य द्वारा उसी राशि, अंश, कला, विकला पर घूमकर पुनः जितना समय लगता है, उसकी अवधि (Duration) के सम्बन्ध भिन्न-भिन्न मत पाए जाते रहे हैं। ''सूर्य सिद्धान्तानुसार'' उक्त समय ३६५ दिन, १५ घड़ी, ३१ पल ३० विपल है, जबकि आधुनिक वेधशालाओं द्वारा प्रमाणित यह समयावधि ३६५ दिन, १५ घड़ी २२ पल और साढ़े ५३ विपल होते हैं। इस प्रकार दोनों मतों में लगभग ८।३० पल अथवा ३ मिन्ट २७ सेकिण्ड का अन्तर पाया जाता है। प्रत्येक शताब्दि (वर्ष) यह अन्तर बढ़ता जाता है। फलस्वरूप वर्ष प्रवेश इष्ट एवं कभी-कभी एक-दो लग्नों का भी अन्तर पड़ जाता है। गत पृष्ठों में हमने सूर्य सिद्धान्तानुसार वर्ष सारिणी पहिले की भान्ति ही दी हुई है। अब आजकल कुछ विद्वान नवीन वेधसिद्ध वर्ष सारिणी का प्रयोग करने लगे हैं। इससे फलादेश में भी अधिक सूक्ष्मता आ जाती है। अधिक जानकारी हेतु हमारे ज्योतिष कार्यालय से **'वर्षफल चन्द्रिका'** लेखक पण्डित पन्ना लाल गणितकर्त्ता (संशोधित संस्करण) मंगवा कर पढ़ें। यद्यपि परम्परानुगामी सूर्य-सिद्धान्तीय वर्ष सारिणी का ही प्रयोग कर रहे हैं।

गताब्द	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०
वार	१	२	३	५	६	०	१	३	४	५	६	१	२	३	४	६	०	१	२	४	५	६	०	२	३	४	५	०	१	२
घटी	१५	३०	४६	१	१६	३२	४७	३	१८	३३	४९	४	१९	३५	५०	६	२१	३६	५२	७	२३	३८	५३	९	२४	३९	५५	१०	२६	४१
पल	२२	४५	८	३१	५४	१७	४०	३	२५	४८	११	३४	५७	२०	४३	६	२९	५१	१४	३७	०	२३	४६	९	३२	५४	१७	४०	३	२६
विपल	५३	४६	३९	३२	२५	१८	११	०४	५७	५०	४३	३६	२९	२२	१५	८	०१	५४	४७	४०	३३	२६	१९	१२	०५	५८	५१	४४	३७	३०

गताब्द	३१	३२	३३	३४	३५	३६	३७	३८	३९	४०	४१	४२	४३	४४	४५	४६	४७	४८	४९	५०	५१	५२	५३	५४	५५	५६	५७	५८	५९	६०
वार	३	५	६	०	१	३	४	५	६	१	२	३	५	६	०	१	३	४	५	६	१	२	३	४	६	०	१	२	४	५
घटी	५६	१२	२७	४२	५८	१३	२९	४४	५९	१५	३०	४६	१	१६	३२	४७	२	१८	३३	४९	४	१९	३५	५०	५	२१	३६	५२	७	२२
पल	४९	१२	३५	५८	२०	४३	६	२९	५२	१५	३८	१	२३	४६	९	३२	५५	१८	४१	४	२७	४९	१२	३५	५८	२१	४४	७	३०	५३
विपल	२३	१६	९	२	५५	४८	४१	३४	२७	२०	१३	६	५९	५२	४५	३८	३१	२४	१७	१०	०३	५६	४९	४२	३५	२८	२१	१४	७	०

गताब्द	६१	६२	६३	६४	६५	६६	६७	६८	६९	७०	७१	७२	७३	७४	७५	७६	७७	७८	७९	८०	८१	८२	८३	८४	८५	८६	८७	८८	८९	९०
वार	६	०	२	३	४	५	०	१	२	३	५	६	०	२	३	४	५	६	१	२	३	५	६	०	१	३	४	५	६	१
घटी	३८	५३	९	२४	३९	५५	१०	२५	४१	५६	१२	२७	४२	५८	१३	२८	४४	५९	१५	३०	४५	०१	१६	३२	४७	०२	१८	३३	४८	०४
पल	१५	३८	१	२४	४७	१०	३३	५६	१८	४१	४	२७	५०	१३	३६	५९	२२	४४	७	३०	५३	१६	३९	२	२५	४७	१०	३३	५६	१९
विपल	५३	५६	३९	३२	२५	१८	११	४	५७	५०	४३	३६	२९	२२	१५	८	१	५४	४७	४०	३३	२६	१९	१२	०५	५८	५१	४४	३७	३०

वर्ष कुण्डली में मुंथा का महत्त्व

मध्याह्न काल—अभीष्ट दिन के दिनमान को अढ़ाई से भाग देकर जो मान (घड़ी-पलों या घण्टा-मिनटों में) प्राप्त होवे, उसको अपने स्थानीय सूर्योदय में जमा करने से, आपको अपने नगर के **मध्याह्न** का **आरम्भकाल** ज्ञात होगा।

दिनमान को अढ़ाई से भाग देने के पश्चात् जो संख्या घण्टा/मिनटादि प्राप्त हो, उसे २ से भाग देकर अर्ध-भाग करें, तथा इस अर्ध-संख्या को **मध्याह्न** के आरम्भकाल में जमा कर देने से मध्याह्न का समाप्ति काल जान सकते हैं।

मध्याह्न काल की समाप्ति से अपराह्न का प्रारम्भकाल शुरु होता है।

दिनमान से मध्याह्न, अपराह्न, सायह्न जानने की प्रक्रिया

भारतीय भूखण्ड में दिनमान का विस्तार लगभग 9/30 घं. मिंट से लेकर **14-30** घं. मि. के मध्य में पड़ता है। इसीलिए 9/30 घं. मिं. दिनमान से लेकर 14/30 घं. मिं. के दिनमान के मध्यान्तर में आने वाले मध्याह्न, अपराह्न आदि के आरम्भ व समाप्ति काल जानने की प्रक्रिया लिख रहे हैं। मध्याह्न तथा अपराह्न काल के प्रारम्भ एवं समाप्ति काल के घण्टा मिनट को अपने नगर के सूर्योदय में अलग-अलग जमा कर देने से क्रमश: मध्याह्न एवं अपराह्न काल का प्रारम्भ तथा समाप्तिकाल पता चल जाएगा।

उदाहरण—मान लीजिए हमें जम्मू नगर में 31 अग. 2008 को मध्याह्न का आरम्भ, समाप्ति व मध्यम काल जानना है, तो 31 अग. के सूर्योदय (6/08) को उस दिन के सूर्यास्त (18-53 घं. मिं.) में से घटा देने पर हमें 12 घं. 45 मिनट का दिनमान प्राप्त हुआ। आगे दी गई तालिका में दिनमान घं. 12/45 मिं. के आगे दाईं ओर देखने से हमें मध्याह्न का आरम्भ 5 घं. 6 मिं. मिला। इसको उस दिन के सूर्योदय (6-08) में जमा कर देने से हमें मध्याह्न का प्रारम्भ 11 घं. 14 मिं. तथा उसी दिनमान के सामने समाप्ति काल (7.39) में सू.उ. जमा करने से हमें 31 अग. के मध्याह्न का समा. काल (13-47) प्राप्त हुआ। आरम्भ व समाप्ति के समयान्तर के अर्ध भाग (10/17) को मध्याह्नारम्भ (11-14) में जमा कर देने से हमें मध्याह्न का मध्य काल प्राप्त होगा।

दिनमान	मध्याह्न		अपराह्न		सायह्न	
	प्रारम्भ	समाप्ति	प्रारम्भ	समाप्ति	प्रारम्भ	समाप्ति
घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.
9 30	3 48	5 42	5 42	7 36	7 36	9 30
9 45	3 54	5 51	5 51	7 48	7 48	9 45
10 00	4 00	6 00	6 00	8 00	8 00	10 00
10 15	4 06	6 9	6 9	8 12	8 12	10 15
10 30	4 12	6 18	6 18	8 24	8 24	10 30
10 45	4 18	6 27	6 27	8 36	8 36	10 45
11 00	4 24	6 36	6 36	8 48	8 48	11 99
11 15	4 30	6 45	6 45	9 00	9 00	11 15
11 30	4 36	6 54	6 54	9 12	9 12	11 30
11 45	4 42	7 03	7 03	9 24	9 24	11 45
12 00	4 48	7 12	7 12	9 36	9 36	12 00

दिनमान	मध्याह्न		अपराह्न		सायह्न	
	प्रारम्भ	समाप्ति	प्रारम्भ	समाप्ति	प्रारम्भ	समाप्ति
घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.
12 15	4 54	7 21	7 21	9 48	9 48	12 15
12 30	5 00	7 30	7 30	10 00	10 00	12 30
12 45	5 06	7 39	7 39	10 12	10 12	12 45
13 00	5 12	7 48	7 48	10 24	10 24	13 00
13 15	5 18	7 57	7 57	10 36	10 36	13 15
13 30	5 24	8 06	8 06	10 48	10 48	13 30
13 45	5 30	8 15	8 15	11 00	11 00	13 45
14 00	5 36	8 24	8 24	11 12	11 12	14 00
14 15	5 42	8 33	8 33	11 24	11 24	14 15
14 30	5 48	8 42	8 42	11 36	11 36	14 30
15 00	6 00	9 00	9 00	12 00	12 00	15 00

इसी भान्ति अभीष्ट दिनमान की दाईं तरफ चौथे कालम में अपराह्न के आरम्भ तथा समाप्ति के घं.मिं. उस दिन के स्थानीय सूर्योदय में अलग-अलग जोड़ देने पर अपराह्न का आरम्भ व समाप्ति काल (भा. स्टैं. टा.) मालूम हो जाएगा।

सायह्नकाल का प्रारम्भ और समाप्ति जानने के लिए भी दी गई तालिकानुसार दिनमान देखकर उसके सामने लिखे अनुसार प्रारम्भ और समाप्ति (घं. मिं.) काल में अभीष्ट दिन को सूर्योदय जोड़ देने से सायंकाल का प्रा. व समाप्ति निकल आएगी।

–प्रदोषकाल ज्ञात करना–

स्थानीय सूर्यास्त के बाद मध्यमान से तीन मुहूर्त्त (6 घड़ी), अर्थात् 2 घण्टे 24 मिनट तक प्रदोष काल होता है—''**त्रिमुहूर्त्त प्रदोषःस्यात् भानौऽस्तं गते सति।**''

प्रदोषकाल में सूर्यास्त के बाद शिवपूजनार्चनादि तथा ब्राह्मण भोजन का विधान है। कुछ विद्वान् सूर्यास्त के बाद **2 घड़ी** (1 घण्टा, 12 मिनट) तक के काल को प्रदोष मानते हैं। सम्भवतः यह काल प्रदोष काल में शिवपूजन में ही विशेष प्रशस्त होने से ग्राह्य माना गया है। **रात्रिमान** में 15 मुहूर्त्तों में से प्रथम मुहूर्त्त का स्वामी भी भगवान् शिव ही हैं।

पुरुषार्थ चिन्तामणि के अनुसार सूर्यास्त के बाद 3 घड़ियाँ तक प्रदोष काल होती हैं। रात्रिमान के आधार पर प्रदोष काल का आरम्भ काल तो स्थानीय सूर्यास्त से ही माना जाता है। अतएव आगे प्रत्येक रात्रिमान के स्थानिक सूर्यास्त से प्रदोष काल शुरु होकर, उसकी दाईं तरफ लिखे हुए घण्टा मिनट जोड़ देने से आपके नगर के प्रदोष काल का समाप्ति काल प्राप्त हो जाएगा। (घं.मिं.) सूर्यास्त में से सूर्योदय घटा देने से **दिनमान** निकल आता है तथा कुल चौबीस घण्टों में से **दिनमान घटा देने से रात्रिमान** घण्टा मिनट में प्राप्त हो जाता है।

अपनी अभीष्ट रात्रिमान के साथ लिखे स्थानीय सूर्यास्त से प्रदोषकाल शुरु होगा। उस सूर्यास्त के साथ दाहिनी ओर प्रदोष समाप्ति के घण्टा मिनट जमा करने से प्रदोष काल का समाप्ति काल ज्ञात हो जाएगा।

निशीथकाल—प्रदोषकाल के **समाप्तिकाल** से **निशीथकाल** का प्रारम्भ माना जाता है, तथा उसमें 3 मुहूर्त (2 घण्टा, 24 मिनट) जमा कर देने से हमें निशीथ का समाप्ति काल प्राप्त हो जाएगा। **निशीथ** में 2 घ. 24 मिनट जोड़ देने से **महानिशीथ** काल निकल आएगा।

उदाहरण—जैसे 7 जुलाई को जालन्धर में प्रदोष का प्रारम्भ एवं समाप्ति काल जानना है। इसी दिन जालन्धर में रात्रिमान 10 घं. 00 मिं. है। इस रात्रिमान के आगे नीचे के कोष्ठक में 'प्रदोषकाल' के नीचे 'प्रारम्भ' और 'समाप्ति' के घं.मिं. क्रमशः 'सूर्यास्त' और २ घं. ०० मिं. है। अतएव जालन्धर के इस दिन के सूर्यास्त 19 घं. 33 मिं. से प्रदोष काल का प्रारम्भ काल तथा इसमें समाप्तिकाल के २ घं. ०० मिं. जोड़ने से 21 घं. 33 मिं. प्रदोषकाल का समाप्तिकाल होगा।

इसी प्रकार इसी दिन के अरुणोदय काल जानने के लिए हमें 7 जुलाई को जालन्धर के सूर्यास्त में 'अरुणोदय' के नीचे प्रारम्भ और समाप्ति के घं.मिं. को, क्रमशः 8 घं. 40 मिं. और 10घं.00मिं. जमा करने होंगे। सूर्यास्त काल 19घं.33मिं. में इन्हें अलग-अलग जोड़ने पर हमें 28घं.13मिं. और 29घं.33मिं. मिले, जो इस दिन जालन्धर में अरुणोदय काल के क्रमशः प्रारम्भ और समाप्ति काल (भा. स्टैं. टा.) हैं।

इसी प्रकार किसी भी नगर का रात्रिमान निकालकर आप स्थानीय प्रदोष, निशीथ, महानिशीथ, अरुणोदय काल निकाल सकते हैं।

रात्रिमान	प्रदोषकाल		निशीथकाल		महानिषीथकाल		अरूणोदयकाल	
	प्रारम्भ	समाप्ति	प्रारम्भ	समाप्ति	प्रारम्भ	समाप्ति	प्रारम्भ	समाप्ति
घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.
9 30	सूर्यास्त	1 54	1 54	3 48	3 48	5 42	8 14	9 30
9 45	सूर्यास्त	1 57	1 57	3 54	3 54	5 51	8 27	9 45
10 00	सूर्यास्त	2 00	2 00	4 00	4 48	6 00	8 40	10 00
10 15	सूर्यास्त	2 03	2 03	4 06	4 06	6 09	8 53	10 15
10 30	सूर्यास्त	2 06	2 06	4 12	4 12	6 18	9 06	10 30
10 45	सूर्यास्त	2 09	2 09	4 18	4 18	6 27	9 19	10 45
11 00	सूर्यास्त	2 12	2 12	4 24	4 24	6 36	9 32	11 00
11 15	सूर्यास्त	2 15	2 15	4 30	4 30	6 45	9 45	11 15
11 30	सूर्यास्त	2 18	2 18	4 36	4 36	6 54	9 58	11 30
11 45	सूर्यास्त	2 21	2 21	4 42	4 42	7 03	10 11	11 45
12 00	सूर्यास्त	2 24	2 24	4 48	4 48	7 12	10 24	12 00
12 15	सूर्यास्त	2 27	2 27	4 54	4 54	7 21	10 37	12 15
12 30	सूर्यास्त	2 30	2 30	5 00	5 00	7 30	10 50	12 30
12 45	सूर्यास्त	2 33	2 33	5 06	5 06	7 39	11 03	12 45
13 00	सूर्यास्त	2 36	2 36	5 12	5 12	7 48	11 16	13 00
13 15	सूर्यास्त	2 39	2 39	5 18	5 18	7 57	11 29	13 15
13 30	सूर्यास्त	2 42	2 42	5 24	5 24	8 06	11 42	13 30
13 45	सूर्यास्त	2 45	2 45	5 30	5 30	8 15	11 55	13 45
14 00	सूर्यास्त	2 48	2 48	5 36	5 36	8 24	11 58	14 00
14 15	सूर्यास्त	2 51	2 51	5 42	5 42	8 33	12 11	14 15
14 30	सूर्यास्त	2 54	2 54	5 48	5 48	8 42	12 24	14 30
15 00	सूर्यास्त	3 00	3 00	6 00	6 00	9 00	12 50	15 00

सामान्य रूप में सूर्योदय से 4 से 5 घड़ी पूर्व **उषाःकाल** होता है। इसे **ब्राह्म मुहूर्त** भी कहते हैं। इस मुहूर्त में श्री भगवान् का चिन्तन, पूजा, ध्यान पाठ आदि करने का विशेष फल होता है।

अरूणोदय—सूर्योदय से 4 घड़ी पूर्व **अरूणोदय** काल होता है, इसमें भी स्नान, जप, पुण्य श्लोकों व स्तोत्रों का पाठ आदि करने का विशेष फल होता है।

प्रदोषकाल में भगवान शिव पूजन व जप करने का विशेष विधान होता है। निशीथ एवं महानिशीथ (महानिशा) काल में ध्यान, समाधि श्री दुर्गालक्ष्मी, व काली की उपासना तथा यन्त्र, मन्त्र, तन्त्रादि अनुष्ठान का विशेष प्रभावी होता है। सोमवासरी, भौमवारी एवं दीपावली की रात्रि को ... मन्त्र एवं तन्त्र सम्बन्धी साधनाओं का विशेष महत्त्व होता है।

महानिशीथ, अरुणोदय काल निकाल सकते हैं। ... की रात्रि को महानिशीथ काल में यन्त्र, मन्त्र एवं तन्त्र सम्बन्धी साधनाओं का विशेष महत्त्व

अनुकूल कार्य सिद्धि के लिए होरा ज्ञान चक्र (मुहूर्त्त) और फल ज्ञान

सर्वकार्य सिद्धि के लिए होरा मुहूर्त्त श्रेयस्कर है। होरा मुहूर्त्त के अनुसार कार्यारम्भ करके प्रत्येक मनुष्य अशुभ समय में से होरा के अनुसार अपना कार्य सिद्ध कर सकता है। सात ग्रहों के सात होरे हैं। **सूर्य की होरा**-टेंडर देने व नौकरी व राजकार्य के चार्ज लेने-देने के लिए अच्छी होती है। **चंद्रमा की होरा**—सब कार्यों के लिए अच्छी होती है। **मंगल की होरा**-युद्ध, यात्रा, कर्ज देने, सभा-सोसाईटी में आना-जाना और मुकद्दमा के कार्यों में अच्छी होती है। **बुध की होरा**—में विद्यारम्भ, कोष संग्रह करना, नवीन व्यापार, नवीन लेख, पुस्तक प्रकाशन, प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने के लिए अच्छी होती है। **गुरु की होरा**—विवाह सम्बन्धी कार्यक्रम, बड़ों से मिलना, कोषसंग्रह, नवीन काव्य लेखन आदि के लिए शुभ है। **शुक्र की होरा**—यात्रा, भूषण, नवीन वस्त्र धारण, प्रवास, सौभाग्यवर्धक कार्य के लिए शुभ है। **शनि की होरा**—भूमि, मकान की नींव, नूतन गृहारम्भ, मशीनरी, मिल्स कार्यारम्भ समस्त स्थिर कार्य शुभ होते हैं।

प्रत्येक होरा १ घण्टे का होता है। जिस दिन जो 'वार' होता है, उस वार के आरम्भ (अर्थात् सूर्योदय के समय) से १ घण्टा तक उसी वार को होरा रहता है। इसके बाद १ घण्टे का दूसरा होरा उस वार से छठे वार का होता है। इसी प्रकार दूसरे होरे के वार से छठे वार का होरा तीसरे घण्टे तक रहता है। इस क्रम से २४ घण्टे में २४ होरे बीतने पर अगले वार के सूर्योदय समय उसी (अगले) वार का होरा आ जाता है। जिस कार्य की सिद्धि के लिए ऊपर जो होरा उपयुक्त लिखी है, उसके अनुसार ही उस होरा में (१ घण्टे) में वह कार्य करेंगे तो अवश्य सफलता मिलेगी। ऋषियों ने होरा को 'क्षणवार' कहा है। वार से भी क्षण वार में प्रधानता मानी गई है। इसलिए यदि वार और 'क्षणवार' दोनों अनुकूल हों, तभी किसी कार्य को करना चाहिए। आवश्यकता में, यदि वार अनुकूल नहीं हो तो 'क्षणवार' अर्थात् होरा की अनुकूलता के अनुसार कार्य करना चाहिए। **जैसे**—पश्चिम की यात्रा रविवार में करने की आवश्यकता हो तो वार के अनुसार दिक्शूल पड़ेगा। इसलिए जिस समय सोम की होरा (क्षणवार) हो उस समय रविवार में पश्चिम की यात्रा की जा सकती है। नीचे चक्र के अनुसार रविवार को सोम की होरा सूर्योदय समय से ४, ११, १८ घण्टे बाद के एक-एक घण्टे तक आप सोम की होरा में जा सकते हैं। इसी प्रकार अन्य दिनों के होराओं के विषय में भी समझ लें।

वार	होरा १	होरा २	होरा ३	होरा ४	होरा ५	होरा ६	होरा ७	होरा ८	होरा ९	होरा १०	होरा ११	होरा १२
रवि.	रवि	शुक्र	बुध	सोम	शनि	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र	बुध	सोम	शनि
सोम.	सोम	शनि	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र	बुध	सोम	शनि	गुरु	मंगल	रवि
मंगल	मंगल	रवि	शुक्र	बुध	सोम	शनि	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र	बुध	सोम
बुध	बुध	सोम	शनि	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र	बुध	सोम	शनि	गुरु	मंगल
गुरु	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र	बुध	सोम	शनि	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र	बुध
शुक्र	शुक्र	बुध	सोम	शनि	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र	बुध	सोम	शनि	गुरु
शनि	शनि	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र	बुध	सोम	शनि	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र

वार	होरा १३	होरा १४	होरा १५	होरा १६	होरा १७	होरा १८	होरा १९	होरा २०	होरा २१	होरा २२	होरा २३	होरा २४
रवि.	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र	बुध	सोम	शनि	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र	बुध
सोम.	शुक्र	बुध	सोम	शनि	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र	बुध	सोम	शनि	गुरु
मंगल	शनि	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र	बुध	सोम	शनि	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र
बुध	रवि	शुक्र	बुध	सोम	शनि	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र	बुध	सोम	शनि
गुरु	सोम	शनि	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र	बुध	सोम	शनि	गुरु	मंगल	रवि
शुक्र	मंगल	रवि	शुक्र	बुध	सोम	शनि	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र	बुध	सोम
शनि	बुध	सोम	शनि	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र	बुध	सोम	शनि	गुरु	मंगल

।चौघड़ियां मुहूर्त्त ॥

दिन की चौघड़ियां

रवि	चन्द्र	मंगल	बुध	बृह	शुक्र	शनि	समय
उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	६.००
चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	७.३०
लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	९.००
अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	१०.३०
काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	१२.००
शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	१.३०
रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	३.००
उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	४.३०

।चौघड़ियां मुहूर्त्त ॥

रात्रि की चौघड़ियां

रवि	चन्द्र	मंगल	बुध	बृह	शुक्र	शनि	समय
शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	६.००
अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	७.३०
चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	९.००
रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	१०.३०
काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	१२.००
लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	१.३०
उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	३.००
शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	४.३०

शीघ्रता में कोई मुहूर्त्त न मिलता हो तो, तथा अचानक यात्रा करनी पड़ी तो, उस समय चौघड़ियां मुहूर्त्त का उपयोग करना श्रेयस्कर रहता है। दिन और रात्रि के आठ-आठ बराबर भाग करने से एक-एक चौघड़ियां मुहूर्त्त होता है। जब दिन और रात्रि बराबर अर्थात् १२ घण्टे का दिन तथा १२ घण्टे की रात्रि हो, तब एक चौघड़ियां मुहूर्त्त १ घण्टे अर्थात् पौने चार घटी का होगा। इसलिए इसका नाम चौघड़ियां मुहूर्त्त पड़ा। रविवार, चंद्रवार आदि वार सूर्योदय से प्रारम्भ होकर अगले दिन सूर्योदय तक रहता है। प्रत्येक वार के सूर्योदय से सूर्यास्त तक का समय उस वार का दिनमान तथा सूर्यास्त से अग्रिम सूर्योदय तक का समय 'रात्रिमान' होता है। दिनमान और रात्रिमान में सू. उ. तथा सू. अ. के अन्तर आने के कारण घटते-बढ़ते रहते है। परन्तु 'वार सदैव' २४ घण्टा अर्थात् ६० घटी का होता है। रात्रिमान जानने के लिए पंचांगदिवाकर में दिए गए दिनमान को ६० घटी में घटा दें। जिस दिन यात्रा करनी हो उस दिन के दिनमान के अष्टम्मांश घटी पल का घण्टा मिन्ट बनाकर उस दिन के सूर्योदय समय में जोड़ते जाएँ तो क्रमशः उस दिन की आठों चौघड़ियों का समय ज्ञात हो जाएगा। इसी प्रकार जिस दिन रात्रि में यात्रा करनी हो तो उस दिन के रात्रिमान के अष्टमांश घटी-पल का घण्टा मिन्ट बनाकर सूर्यास्त समय में जोड़ते जाने से क्रमाशः रात्रि की प्रत्येक चौघड़ियों का समय ज्ञात हो जाएगा तथा शुभाशुभ जानने के लिए प्रत्येक वार के नीचे तथा चौघड़ियां के सामने तालिका में देखें। **टिप्पणी**—सदैव चर, लाभ, अमृत एवं शुभ चौघड़ियों में ही शुभ कार्य का आरम्भ करना श्रेष्ठ रहता है।

द्वादश लग्नों एवं राशियों का फल [ज्योतिष तत्त्व (फलित खण्ड) से उद्धृत]

मेष लग्न–मेष लग्न (राशि) का स्वामी **मंगल** है। जातक का मध्यम कद, मुख का वर्ण लाल अथवा गेहुँआ होगा। राशिपति मंगल की स्थिति शुभ होने से रक्तवर्ण नेत्रों वाला, चंचल एवं उग्र स्वभाव, अत्यन्त साहसी, सतर्क एवं महत्वाकांक्षी होगा। जातक उद्यमी, तीव्र बुद्धि, स्वतन्त्र विचारों वाला, अस्थिर किन्तु तेज़ स्मरण शक्ति वाला, अत्यधिक उत्साही, स्पष्टवादी एवं भ्रमणप्रिय व्यक्ति होगा। प्रायः अपने परिश्रम के बल पर आय एवं धन के साधन जुटा लेगा। सगे सम्बन्धियों की ओर से सहायता व सुख कम होगा। यह राशि चर और अग्नि तत्त्व प्रधान होने के कारण मेष राशि (लग्न) का जातक परिवर्तनशील प्रकृति, अस्थिर स्वभाव तथा शीघ्र क्रोधित हो जाने वाला एवं शीघ्र ही मान जावे। व्यवसाय में अनेक कठिनाईयों के बावजूद उन्नति के लिए प्रयास करता रहता है। जायदाद एवं व्यवसाय में कई प्रकार के झंझट (उलझनें) आती हैं और इन्हीं कामों के द्वारा लाभ भी होता रहता है! पित्त, कफ, सिर दर्द, रक्त विकार, नेत्र विकार, त्वचा आदि रोगों का भय रहता है। मंगल शुभ होने पर जातक को खेल-कूद व संगीतादि में भी विशेष शौक रहता है। सामान्यतः **मूंगा** मेष लग्न वालों के लिए शुभ रहता है, परन्तु योग्य ज्योतिषी से परामर्श के बाद धारण करना चाहिए। **भाग्योदयकारक** वर्ष १६, २२, २८, ३२, ३६वें होंगे।

वृष लग्न–वृष लग्न का **स्वामी शुक्र** है। यदि शुक्र शुभ हो तो जातक सुन्दर, सुगठित शरीर व मध्यम कद वाला होगा। गोल, बड़ी व चमकदार आँखें, सुन्दर वर्ण एवं आकर्षक व्यक्तित्व वाला होगा। जातक परिश्रमी, हँसमुख एवं सौम्य प्रकृति वाला, धीर, शान्त एवं दृढ़ स्वभाव का होता है। जातक उदारहृदय, प्रसन्नहृदय और प्रभावशाली व्यक्ति होगा। स्वावलम्बी, उच्चाभिलाषी तथा भौतिक सुखों के लिए कठोर परिश्रम से भी पीछे नहीं हटेगा। जातक मधुरभाषी, सौन्दर्य प्रेमी, संगीत कला-साहित्यादि कार्यों में विशेष रुचि रखने वाला होगा। घर-दफ्तर आदि स्थानों पर सजावट रखेगा तथा ऐश्वर्य साधनों में निरन्तर वृद्धि करते रहने का प्रयास करेगा। जातक प्रायः अपनी इच्छानुसार ही कार्य करने वाला, ऐश्वर्ययुक्त जीवनयापन का इच्छुक, विपरीत योनि वालों के साथ मैत्री करने का आकांक्षी, व्यवहार कुशल तथा कठिन परिस्थितियों में भी अपना कार्य निकालने में कुशल होगा। जातक प्रायः चन्द्र-बुध की स्थिति शुभ होने पर कामर्स, गणित, बैंकिंग, एक्टिंग, वस्त्र उद्योग, क्रय-विक्रय (Trading) आदि में सफलता प्राप्त कर लेता है। **शुभ नग हीरा है।** भाग्योदायकारक वर्ष २८, ३६, ४२ एवं ४८वें होंगे।

मिथुन लग्न–मिथुन लग्न (राशि) का स्वामी बुध है। मिथुन लग्न वाला जातक, गौरवर्ण, चंचल आँखों वाला, सामान्य एवं ऊँचे कद वाला होगा। जातक अस्थिर किन्तु मौलिक विचारों से युक्त, तीव्र बुद्धि, परिवर्तनशील प्रकृति, मित्रों को हर प्रकार से सहायक तथा नीति के अनुसार आचरण करने वाला, तर्क-वितर्क करने में कुशल, दूर-दूर के स्थानों की यात्राएँ करने का सौभाग्य प्राप्त करेगा। जातक में बुद्धि तत्त्व एवं भाव तत्त्व दोनों प्रबल होने के कारण पठन-पाठन, कानूनी कार्य, व्यापार सम्बन्धी और लेखन सम्बन्धी कार्यों को बड़ी गम्भीरता से करेगा, मजबूत हृदय वाला परन्तु नर्म स्वभाव होने के कारण कमजोर समझा जाता है। द्विस्वभाव होने से एक ही समय पर एक से अधिक कार्य शुरू करने की प्रवृत्ति रहेगी, अपने कार्य-क्षेत्र (व्यवसाय) में प्रायः परिवर्तन करता रहता है तथा प्रायः अपने परिश्रम, बुद्धि एवं चातुर्य के बल पर जीवन में सफलता प्राप्त कर लेगा। नए-नए मित्र बनाने में कुशल, बातचीत करने की कला में निपुण होगा। क्रय-विक्रय, पुस्तक-लेखन, लेखाकार (Accounts), बैंक, वकालत, अध्यापन, इंजीनियरिंग, कल-पुर्जों के कार्य-व्यवसाय में सफलता प्राप्त हो सकती है। **शुभ नग पन्ना है, स्त्रियों के लिए पुखराज** भी अच्छा होगा। भाग्योदयकारक वर्ष २२, ३२, ३५, ३६, ४२ वें होंगे।

कर्क लग्न–कर्क लग्न (राशि) का स्वामी चन्द्रमा है। जल तत्त्व प्रधान एवं चर राशि होने से जातक सुन्दर एवं आकर्षक मुखाकृति, गोल चेहरा और मध्यम कद होगा। **चन्द्र-मंगल** शुभ हो तो जातक बुद्धिमान, संवेदनशील, भावुकहृदय, नयायप्रिय व दयालु स्वभाव वाला होगा। सामान्यतः परिवर्तनशील स्वभाव, चंचल, जलीय वस्तुओं (Liquids) का प्रिय, उच्च कल्पनाशील, समयानुकूल काम निकालने में कुशल, मिलनसार प्रकृति होगी। यदि चन्द्रमा अशुभ हो तो चिड़चिड़ा स्वभाव, वातावरण से शीघ्र प्रभावित होने वाला होगा। प्राकृतिक सौन्दर्य, कला-संगीत व साहित्य में विशेष रुचि रखे तथा सौन्दर्यानुभूति भी विशेष रूप से रहे। ऐसा जातक परिस्थितिनुसार ढल जाने वाला, प्यार सम्बन्धों में सच्चा, ईमानदार और सहृदय दयालु प्रकृति का होगा। ऐसा जातक दिल से जिस काम को करना चाहे कर ही लेता है। कल्पना (विचार) शक्ति प्रबल होती है, अन्य पुरुष के भावों को शीघ्र समझ लेने की विशेष क्षमता होती है। कर्क राशि वालों को मकर, वृश्चिक, मीन राशि वालों के साथ मित्रता शुभ रहती है। **शुभ नग सुच्चा मोती तथा सफेद पुखराज** है। भाग्योदयकारक वर्ष २४, २५, २८, ३२, ३६, ४० होंगे।

सिंह लग्न–सिंह लग्न (राशि) का स्वामी सूर्य है। इस लग्न (राशि) में जन्म लेने वाला जातक सुन्दर-पुष्ट शरीर वाला, चौड़ा मस्तक, सुगठित, आकर्षक एवं प्रभावशाली व्यक्तित्व वाला होगा। जातक बुद्धिमान, उद्यमी, कर्मठ, निडर, स्वतन्त्र विचारों वाला, पराक्रमी, व्यवहार कुशल, नीति के अनुसार आचरण करने वाला, उच्चाकांक्षी, खानपान का शौकीन, देश-विदेश में भ्रमण करने वाला, शीघ्र क्रुद्ध हो जाने की प्रकृति होने पर भी अपने बुद्धि-चातुर्य से स्थिति को सम्भाल लेने वाला होगा। छोटी-छोटी एवं मामूली बातों को उपेक्षा की दृष्टि से देखने वाला होगा तथा बड़े-बड़े कामों को भी अपने उद्यम द्वारा पूरा करने से तत्पर हो जाएगा। भाई-बन्धु होने पर भी उनका सुख कम रहता है। उच्चाभिलाषी होने के कारण प्रत्येक कार्य-व्यवसाय को बड़े पैमाने एवं उच्चस्तर पर करना पसन्द करेगा। उच्चस्तरीय, वैभवशाली एवं रईसी जीवन-यापन करने की प्रबल इच्छा रखेंगे जिसके कारण अपनी सीमा से बढ़कर भी खर्च कर डालते हैं। इस लग्न वाले जातक का बाह्य रूप में आकर्षक रूप एवं अच्छा स्वास्थ्य रहता है। **शुभ नग माणिक्य है। सिंह लग्न (राशि) वालों को सूर्य उपासना करनी चाहिए।** भाग्योन्नति वर्ष १६, २२, २४, २६, २८, ३२ होते हैं।

कन्या लग्न–कन्या लग्न (राशि) वाले जातक का मध्यम कद, कोमल शरीर, सुन्दर व आकर्षक आँखें, लम्बी नाक, वाणी तेज और बारीक होगी। जातक प्रियभाषी, हर कार्य में सहायक, लज्जाशील प्रकृति, नर्म स्वभाव और नीति के अनुकूल काम करने वाला होगा। कल्पनाशील, सूक्ष्मदर्शी, एवं संवेदनशील (Senstivie) स्वभाव होगा। शान्तचित्त एवं एकान्तप्रिय प्रवृत्ति होगी। परन्तु कठिन एवं विपरीत परिस्थितियों में भी स्वयं को ढालने का सामर्थ्य होगा। एक ही समय पर अनेक यात्राएँ एवं विषयों में पारंगत होने की चेष्टा करेगा। संगीत, कला एवं साहित्य की ओर विशेष दिलचस्पी रखेगा। द्विस्वभाव एवं परिवर्तनशील प्रकृति होने के कारण एक विषय पर चिरकाल तक स्थिर नहीं हो पाता। **बुध-शुक्र** का शुभ योग होने से लेखा-गणित (Account), संगीत, कला, अध्यापन, लेखन, क्रय-विक्रय आदि की ओर विशेष झुकाव रहेगा तथा सफलता भी होगी। धन की अपेक्षा बौद्धिक कार्यों में विशेष रुचि रहती है। बुद्धिमान, तीव्र स्मरणशक्ति एवं अध्ययनशील प्रकृति होगी। **शुभ नग पन्ना** है। भाग्योन्नतिकारक वर्ष २५, ३२ तथा ३५, ३६, ४२ वें वर्ष होते हैं।

तुला लग्न–तुला लग्न (राशि) का स्वामी शुक्र है। तुला लग्न (राशि) में उत्पन्न जातक

(राशि) का स्वामी शुक्र है। तुला लग्न (राशि) में उत्पन्न जातक

श्वेत व सुन्दर वर्ण, मध्यम अथवा लम्बा कद, सौम्य एवं हंसमुख प्रकृति होगी। जातक/जातिका न्यायप्रिय, हंसमुख, व्यवहारशील एवं नीति के अनुसार कार्य करने में कुशल होगा। ईमानदार, मिलनसार, नए-नए मित्र बनाने में कुशल होगा। सौंदर्यानुभूति विशेष होगी, संगीत, कला, नाट्य की ओर विशेष झुकाव होगा। रहन-सहन का ढंग रईसी एवं प्रभावपूर्ण होगा। जातक पर संगीत का प्रभाव जल्दी होगा। **चन्द्र-शुक्र** शुभ हों, तो मानसिक एवं कल्पनाशक्ति प्रबल होगी, परन्तु मन की केन्द्रीय शक्ति बहुत देर तक नहीं रहती। जब तक किसी कार्य में लगा रहे तब तक दिलोजान और मज़बूत दिल से करे, परन्तु अपने विचार व योजना में परिवर्तन करने में भी शीघ्र तैयार हो जाएगा। जातक को देश-विदेशों में अनेक स्थानों पर भ्रमण करने के अवसर प्राप्त होते हैं। बुद्धिमान्, तर्कशील, सावधान एवं सतर्क रहने वाला, मध्यस्थता एवं न्याय करने में कुशल, विपरीत योनि (Sex) के प्रति विशेष झुकाव रखें। इनको **हीरा** (Diamond) अथवा **श्वेत मोती शुभ नग** है जोकि किसी सुयोग्य ज्योतिषी के परामर्शानुसार धारण करने चाहिएं। जीवन के २५, २७, ३२, ३३, ३५ एवं ४७वें वर्ष भाग्य वृद्धिकारक होंगे।

वृश्चिक लग्न-वृश्चिक लग्न (राशि) का स्वामी मंगल है। इस लग्न (राशि) में उत्पन्न जातक सुन्दर मुख वाला, परिश्रमी, अपने सामर्थ्य पर ही भरोसा करने वाला, धार्मिक प्रवृत्ति होगी। **मंगल** शुभ हो तो उत्साही, उदार, परिश्रमी, साहसी, ईमानदार, स्पष्टवादी, परोपकारी, व्यवहार-कुशल, कर्त्तव्यनिष्ठ, दृढ़ संकल्प शक्ति वाला होगा। भाई बहनों अथवा सम्बन्धियों की सहायता कम मिलती है, निजी पुरुषार्थ द्वारा ही निर्वाह योग्य आय के संसाधन जुटा पाते हैं। तनिक विरुद्ध बात हो जाने पर शीघ्र उत्तेजित हो जाएंगे, परन्तु सच्चाई अथवा सुपात्रता की दृष्टि से सुयोग्य जन की सहायता करने में अपने स्वार्थ की भी बलि देने से पीछे नहीं हटेंगे। जातक जिस कार्य को करने का निश्चय कर लेता है, उसे दृढ़तापूर्वक पालन करने का प्रयास करता है। **कैमिस्ट, इंजीनियर, वकील, पुलिस, सेना विभाग, अध्यापन, ज्योतिष, अनुसंधानकर्त्ता** के क्षेत्र में **विशेष सफलता** प्राप्त करेंगे। **शुभ नग मूँगा** है। शुभ रंग लाल, संतरी, पीला, हल्का गुलाबी (Pink) है। अपनी आयु के २४, २८, ३२, ३६, ४४वें वर्ष विशेष भाग्योन्नति कारक होंगे।

धनु लग्न-धनु लग्न (राशि) का स्वामी गुरु है। इस लग्न (राशि) में उत्पन्न जातक का ऊँचा मस्तक, कान बड़े, लग्न भाव में क्रूर ग्रह होने की स्थिति में सिर मध्य अल्पबाल अथवा गंजा हो सकता है। **गुरु-बुध** की स्थिति शुभ हो तो सौम्य एवं शान्त, सरल स्वभाव, धार्मिक प्रकृति, उदार हृदय, परोपकारी, संवेदनशील, करुणा-दया आदि भावनाओं से युक्त होगा। दूसरों के मनोभावों को जान लेने की विशेष क्षमता होगी, इस लग्न (राशि) प्रभावित व्यक्ति में बौद्धिक एवं मानसिक शक्ति की प्रबलता के साथ-साथ अश्व जैसी तीव्रता, उत्साह एवं उत्तेजना से कार्य करने की क्षमला होगी। द्विस्वभाव राशि के कारण शीघ्र कोई निर्णय नहीं ले पाएं और इनको क्रोध जल्दी नहीं आता, परन्तु जब आता है तो देर तक क्रोधित रहते हैं। अग्नि तत्त्व प्रधान होने के कारण कठिन से कठिन समस्याओं को अपने सब, साहस एवं परिश्रम के द्वारा सुलझा लेंगे तथा निजी पुरुषार्थ द्वारा जीवन के हर क्षेत्र में उन्नति करने वाला, धन, सम्पदा, भूमि-जायदाद व सवारी आदि सुखों को प्राप्त करने में सफल होगा। **मंगल-गुरु** शुभ हो तो उच्च व्यवसायिक विद्या के योग है। शिक्षक, धर्म-प्रचारक, राजनीतिक, वैद्य-डॉक्टर, वकील, पुस्तक व्यवसाय आदि के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। **शुभ नग पुखराज** है। अपनी आयु के २३, २७, ३२, ३६वें वर्ष विशेष भाग्योन्नति कारक होंगे।

मकर लग्न-मकर लग्न (राशि) का स्वामी शनि है। इस लग्न (राशि) में जन्म लेने वाले जातक का मध्यम कद, नयन नक्श तीखे, सुन्दर मुखाकृति, काले घने बाल एवं पतली कमर वाला होगा। जातक गम्भीर, भावुक, हृदय, संवेदनशील, उच्चाभिलाषी, सेवाधर्मी, मननशील एवं धार्मिक प्रवृत्ति वाला होगा। बुध व शुक्र शुभ होने पर व्यवहार-कुशल, गहन विचार एवं सूक्ष्म विश्लेषण के पश्चात् ही महत्वपूर्ण निर्णय लेते है। क्षमाशील प्राय: कम होते हैं तथा इन्हें बदले एवं शत्रुता की भावना भुला पाना अत्यन्त कठिन होता है। चर राशि एवं लग्न होने से जातक की मानसिक एवं आत्मिक शक्ति प्रबल होगी। **गुरु-शनि** शुभ हो तो, जातक नर्म स्वभाव (विनम्र), विनयशील, व्यवहार-कुशल, नीति के अनुकूल आचरण करने वाला, तर्कशील, भली-बुरी बात की पहचान करने में कुशल, विश्वसनीय, मित्रता स्थापित करने में अत्यन्त सावधान (Selective) तथा ईमानदार होंगे। तर्क-वितर्क करने में कुशल, अपने विरुद्ध बात को हृदय से भुला पाना कठिन होता है। खांसी तथा वायु रोग से सावधानी बरतें। **शुभ नग नीलम** है। भाग्योन्नति वर्ष २२, २४, २८ एवं ३२, ४६ होते हैं।

कुम्भ लग्न-लग्नेश (राशिपति) शनि शुभ अवस्था में हो तो जातक मध्यम अथवा ऊँचे कद वाला, सुन्दर प्रभावशाली व्यक्तित्त्व होगा। बुद्धिमान, साधन सम्पन्न, तीव्र स्मरण शक्ति एवं गम्भीर प्रकृति वाला होगा। दूसरों के प्रति दयाभाव रखने वाला, परोपकारी मित्रों एवं सगे-सम्बन्धियों के लिए हर प्रकार से सहायक होगा। व्यावहार कुशल, मिलनसार, स्पष्टवादी एवं निस्वार्थ भाव से सेवा करने में तत्पर होगा। जातक स्वाभिमानी, स्वतन्त्रताप्रिय एवं नए-नए मित्र बनाने में भी पीछे नहीं हटेगा। उद्योगी, उद्यमी, परिश्रमी प्रकृति एवं प्रबन्धात्मक योग्यता विशेष होगी एवं उपयुक्त साधन उपलब्ध होने पर देश-विदेशों में जाने के सुअवसर प्राप्त होंगे। महत्त्वकांक्षी होते हुए भी क्रियात्मक दृष्टिकोण रखेंगे तथा अनेक विघ्न-बाधाओं व कठिनाइयों के होने पर भी जीवन में उच्च स्थिति, धन पदादि प्राप्त करने में सफल होंगे। कुम्भ लग्न मे यदि गुरु मित्र क्षेत्री या शुभ में हो तो जातक उच्चाधिकारी, उच्चपदासीन, क्रय-विक्रय, प्रोफेसर, जज-वकील अथवा उच्च एवं धनी-व्यापारी होगा, प्रारम्भिक जीवन में आर्थिक क्षेत्र में विशेष संघर्ष होगा। आर्थिक क्षेत्र में विशेष संघर्ष व कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। **शुभ नग नीलम** है। **स्त्रियों के लिए, पुखराज शुभ** होगा।

मीन लग्न-मीन लग्न (राशि) का स्वामी गुरु है। मीन लग्न (राशि) में उत्पन्न जातक बुद्धिमान्, गम्भीर एवं सौम्य प्रकृति, परोपकारी कार्य करने में तत्पर, ईमानदार, सत्यप्रिय, धार्मिक, धर्म-कर्म एवं फिलास्फी, साहित्य एवं गूढ़ विद्याओं की ओर विशेष अभिरुचि रखेगा। उच्चाभिलाषी, उच्चाकांक्षी एवं स्वाभिमानी प्रकृति, अपनी मान-मर्यादा एवं प्रतिष्ठा का विशेष ध्यान रखें। सेवाभाव रखने वाला, तीव्र बुद्धि, परिश्रमी, उद्यमी, दूरदर्शी, व्यवहार कुशल एवं नीति के अनुसार आचरण करने वाला, विश्वसनीय, ईमानदार तथा हर प्रकार से मित्रों एवं सगे-सम्बन्धियों के लिए सहायक होगा। परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को ढाल लेने की अपूर्व क्षमता होगी। देव तुल्य प्रकृति होती है। दूसरों पर न तो अन्याय करेंगे न ही किसी भान्ति अन्याय को सहन करेंगे। जातक कलाकार, चल-चित्र, व्यवसाय, खाने-पीने की वस्तुओं से सम्बन्धित, समाज सुधारक, अध्यापन सम्बन्धी कार्यों में सफल होते हैं। **शुभ नग पुखराज** है। शुभ वैवाहिक जीवन के लिए **पन्ना** धारण करें। भाग्योन्नतिकारक वर्ष २४, २८, ३३, ३८, ४५ वर्ष होते हैं।

द्विग्रही योग / त्रिग्रही योग आदि योगों का फल

किसी एक भाव/राशी में दो या दो से अधिक ग्रह हों, तो उस भाव सम्बन्धी शुभाशुभ फल में अन्तर आ जाता है, कई बार तो चमत्कारी प्रभाव उत्पन्न करते हैं। परन्तु द्विग्रही / त्रिग्रही आदि योग सभी लग्नों में एक समान फल प्रदान नहीं करते। प्रत्येक लग्न में भावस्थ एवं भावेश ग्रहों के कारकत्व सम्बन्धी फल में अन्तर पड़ सकता है। अतएव द्विग्रही/त्रिग्रही आदि योग भी कुण्डलियों एवं भावों में एक जैसा प्रभाव नहीं करते। ज्योतिष तत्त्व फलित के प्रथम भाग में प्रत्येक लग्न फल से पूर्व दो या अधिक ग्रहों के विशेष योगायोग के फल का वर्णन किया गया है। यद्यपि सामान्य रूप से कुछ ग्रह योगों में कुछ समान फल भी मिलते हैं।

यह बात विशेष ध्यान रखने योग्य है कि शुभ ग्रहों का योग उत्तम फल देता है। शुभ एवं पाप ग्रहों के योग में जो उनमें से बलान्वित एवं योगकारक होगा, उसी की प्रकृति के अनुसार फल होगा। प्राय: बलवान ग्रह अन्य ग्रहों के प्रभाव को अपने में केन्द्रित कर लेता है। इसी भान्ति अस्तंगत, नीच अथवा वक्री ग्रहों के योगों के सम्बन्ध में भी फलादेश में अन्तर पड़ जाने की सम्भावना हो जाती है। वक्री, नीच एवं अस्त ग्रहों के योग जातक को मानसिक एवं शारीरिक कष्ट, धन हानि, गुप्त चिन्ता, शत्रु-भय एवं बनते कार्यों में अड़चनें पैदा करते हैं। जबकि योगकारक एवं उदित ग्रहों के योग जातक को धन-लाभ, पदोन्नति, सुख-साधनों की प्राप्ति एवं सौभाग्य में वृद्धि करवाते हैं। शुभ ग्रहों का योग यदि शुभ भाव में होगा तो शुभ फल में वृद्धि करेगा।

अतएव यह बात विचारणीय है कि योगकारक ग्रह किस भाव में है, किन भावों के स्वामी हैं, किस भावेश (शुभ या अशुभ) ग्रह से दृष्ट हैं, एवं च योगकारी ग्रह किस नक्षत्र में है। उदाहरणार्थ निम्नलिखित कुण्डलियां स्पष्टीकरण के लिए प्रस्तुत हैं—

कुण्डली (201)

6, 4, 3 रा., 7, 5, 8, 2, 9 के., 11, 1 सू. मं., 10, 12

कुण्डली (202)

6, 4, 3 रा., 7, 5, 8, 2, 9 के., 11, 12 सू. मं., 1, 10

कुण्डली (203)

8 गु., 6, 9, 7, 5, 10, 4 सू. मं., 11, 1, 3, 12, 2

कुण्डली (204)

10, 8, 9 गु., 11, 7, 12, 6, 1, 3, 5 सू. मं., 2, 4

कुण्डली संख्या नं. 201 तथा कुं. नं. 202 में सूर्य लग्नेश एवं मंगल भाग्येश व चतुर्थेश इकट्ठे बैठे हैं। परन्तु कुं. नं. 201 में सूर्य-मंगल का योग नवम स्थान (त्रिकोण) में होने से अत्यन्त शुभ एवं भाग्यकारी होगा। जबकि कुं. नं. 202 में वही योग दुःस्थान (अष्टम) में होने से शुभफल में कमी हो जाएगी।

इसी भान्ति कुण्डली नं. 203 में सू.-मं. के योग पर गुरू की नवम दृष्टि पड़ने पर भी उतना शुभ फल नहीं करेगी जितना कि कुण्डली नं. 204 में, क्योंकि कुं. 204 में गुरु लग्नेश होकर ग्रह योग (सू.-मं.) को पुष्टि प्रदान करता है।

इसके अतिरिक्त यदि किसी कुण्डली में सूर्य, मंगल आदि योगकारक ग्रह स्वोच्च या स्वगृही स्थिति में हो, परन्तु नवांश आदि कुण्डली में भी उन्हीं ग्रहों की स्थिति स्वोच्च या स्वगृही हो, तो जातक को सम्बद्ध भाव सम्बन्धी अत्यन्त शुभ फल होंगे। यदि नवांश कुण्डली में नीच या शत्रु नवांश का है, तो जातक को वांछित शुभ फल प्राप्त नहीं होंगे।

इसके अतिरिक्त योगकारक ग्रह किस नक्षत्र में संचार कर रहे हैं, इसके बारे में भी विचार कर लिया जाए, तो फलादेश में और भी सूक्ष्मता आ जाएगी। जैसे, मान लो कुण्डली नं. 201 में मंगल भरणी नक्षत्र में तथा सूर्य अश्विनी नक्षत्र में है, तो मंगल भाग्य एवं चतुर्थ भाव सम्बन्धी सुखों (भूमि, वाहनादि) के अतिरिक्त भरणी नक्षत्र के स्वामी, शुक्र (जो कुण्डली में छोटे भाई/बहिन एवं व्यवसाय का भी द्योतक है) ग्रह सम्बन्धी लाभ प्रदान करेगा। तथा सूर्य अश्विनी के स्वामी ग्रह (केतु) स्थित राशि स्वामी के कारकत्वादि का प्रभाव भी जातक को देगा।

इस भान्ति किसी कुण्डली में दो, तीन या अधिक ग्रहों के फल का विवेचन जातक सम्बन्धी फलादेश में अधिक सूक्ष्म एवं सटीक होगा।

उपरोक्त विभिन्न कारणों से अलग-अलग लग्न कुण्डलियों में प्रत्येक ग्रह योग भिन्न-भिन्न फल प्रकट करता है, इस कारण दो ग्रहों के योग या तीन ग्रहों के योग सभी कुण्डलियों में एक जैसा फल करें, यह आवश्यक नहीं। आगे द्विग्रही योगों का फल वर्णन ग्रह सम्बन्धी सामान्य नियमों को ध्यान में रखते हुए किया गया है। किसी कुण्डली में लग्नेश होकर सूर्य, चन्द्र आदि ग्रह शुभ भावों में योगकारक हों, तो विशेष प्रभावी होते हैं।

द्वि-ग्रही (दो ग्रह) योगों का फल

विशेष—सूर्य अत्यन्त तेजस्वी ग्रह होने से सूर्य अपने सहयोगी ग्रहों के प्रभाव को प्राय: क्षीण कर देता है। सूर्य के योग में अन्य सभी ग्रह अपेक्षित फल प्रकट नहीं कर पाते। फलकथन से पूर्व इस बात को अवश्य ध्यान में रखना चाहिए। इसके अतिरिक्त सूर्य यदि

पाप ग्रहों से युक्त हो, तो पिता को कष्टकारी होता है, तथा चन्द्रमा यदि पाप ग्रहों के साथ हो, तो माता के लिए कष्टकारी होता है। यदि सूर्य व चन्द्र शुभ ग्रहों के योग में हों, तो क्रमशः पिता और माता के लिए सुखदायक होते हैं।

सूर्य-चन्द्र—जन्म कुण्डली में सूर्य-चन्द्र का योग एक ही राशि में होने से जातक स्त्रियों के वशीभूत होने वाला, कामुक, क्रय-विक्रय आदि, कार्य व्यवसाय में कुशल, धनवान होता है। जातक लौह, ताम्रादि धातुओं, यन्त्र एवं रबड़, चमड़ा, कैमीकल्स, पत्थर, औषधि, अल्कोहल, कोयला, तैल आदि के क्रय-विक्रय से विशेष लाभान्वित हो सकता है। ऐसा जातक अपने कार्य (स्वार्थ) पूरा करने में कुशल, स्वाभिमानी, कामुक, नकली वस्तु बनाने में कुशल, विषयासक्त, गुप्त युक्तियों से धनोपार्जन करने वाला, कुछ लालची, आकर्षक व्यक्तित्व, कार्य कुशल, स्वाभिमानी और अपने गौरव को प्रदर्शित करने वाला होता है। उदाहरणार्थ देखें कुण्डली नं. 9 तथा 10 ज्योतिष तत्त्व (फलित) भाग-I तथा कुं. नं. 114

पाषाण यन्त्र क्रय विक्रयेषु कूट क्रियायां हि विचक्षणः स्यात् । कामी प्रकामी पुरुष सर्वदः सर्वविधीशेन रवौ समेते ॥

यह योग 3, 5, 9 एवं 10वें भावों में अधिक प्रशस्त माना जाता है। 2, 6, 8 या 12वें भाव में वांछित फल में कमी करके अशुभ फल भी प्रदान करता है। द्वादश भाव में यह योग होने से जातक क्रूर कर्म करने में पटु, अशिष्ट एवं कठोर प्रकृति, क्रोधी, आंखों में कष्ट एवं आर्थिक परेशानियां होती हैं। मेष, वृष, कर्क, सिंह, तुला, वृश्चिक व मीन लग्न में यह योग प्रशस्त होते हैं।

सूर्य-मंगल—सूर्य-मंगल एक ही राशि में हो, तो जातक तीक्ष्ण बुद्धि, अत्यधिक परिश्रमी, बौद्धिक किन्तु राजसिक प्रवृत्ति, साहसी, पराक्रमी दूसरों पर अधिकार (दबाव) डालने वाला, कुछ स्वार्थी, स्वाभिमानी, झगड़ा करने में जल्दी तथा अपने बन्धुओं से प्रेम करने वाला होता है। ऐसा जातक विदेश में अधिक सफल होता है। सिंह लग्न में यह योग विशेष फलप्रद होता है। देखें कुं. संख्या नं. 47 (पृष्ठ 175) ज्यो. तत्त्व फलित भाग (1)

ऐसा जातक क्रोधी एवं हिंसक कार्यों में जल्दी प्रवृत्त होता है। यह योग 1, 3, 5, 9, 10 एवं 11वें भावों में प्रशस्त तथा जातक को उपरोक्त गुणों के अतिरिक्त भूमि, जायदाद, मकान, वाहनादि सुखों से युक्त एवं भाग्यशाली करता है। जबकि अन्य भावों में मिश्रित फल होते हैं। उदा. कुं. देखें नं. 48 (पृष्ठ 176) फलित ज्योतिष तत्त्व भाग (1)

1, 4, 5, 7, 8, 9, 10, 11, 12 लग्नों में यह योग प्रशस्त तथा अन्यों में सामान्य फल होता है। देखें उदा. कुं. नं. 109

सूर्य-बुध—सूर्य-बुध का योग बुधादित्य योग भी कहलाता है। इस योग में जातक प्रियभाषी, विद्वान, बुद्धिमान, अच्छा व्यक्तित्व, अच्छा वक्ता, राजा अर्थात् उच्च प्रतिष्ठित लोगों द्वारा आदर प्राप्त (राज मान्य), सेवा आदि कार्य (नौकरी आदि) से धनार्जन करने वाला, शिल्प, तकनीकि, गायन आदि कलाओं में कुशल तथा धर्म, ज्योतिष, योग आदि विभिन्न प्रकार की विद्याओं का जानकार हो, धार्मिक विचार युक्त तथा धन एवं सुख साधनों से युक्त होता है। परन्तु जातक पा. अनुसार ऐसे व्यक्ति की बुद्धि अस्थिर रहती है। यदि सूर्य-बुध नीच राशिस्थ हों, तो शुभ फलों में कमी होती है।

विद्या रूप बलान्विता उस्थिरमतिः सान्यान्विते पूषणि॥

मेष, वृष, मिथुन, सिंह, कन्या, तुला व धनु लग्नों से यह योग प्रशस्त माना जाता है। देखें उदा. कुं. 2 पृष्ठ (70) ज्यो. तत्त्व फलित (1) तथा कुं. नं. 5, 11, 13 एवं नं. 41 (पृष्ठ 172) नं. 45 (पृ. 174) तथा कुं. नं. 59, 66, 72, 84, 86, 104, 108, 110, 96

सूर्य-गुरु—सूर्य-गुरु का योग हो, तो जातक धार्मिक कार्यों में श्रद्धावान, दूसरों के कार्यों (सेवा आदि) में लगने वाला, मित्रों की सहायता से धन लाभ प्राप्त करने वाला, राज मन्त्री अर्थात् उच्च प्रतिष्ठित अधिकारी वर्ग से सम्पर्क रखने वाला, भूमि, जायदाद, धन, संतान, वाहन आदि सुखों से सम्पन्न, परोपकारी एवं चतुर बुद्धि वाला एवं विख्यात होता है।

पुरोहि तस्ते निपुणो नृपाणां मन्त्री च मित्राप्तधनः समृद्धः। परोपकारी चतुरो दिनेशे वाचामधीशेन युते नरः स्यात्॥

ऐसे जातक को धर्म, योग, चिकित्सा, ज्योतिष आदि में भी रुचि होती है। मेष, मिथुन, सिंह, वृश्चिक, धनु, कुम्भ व मीन लग्न में यह ग्रह योग अच्छा फल (प्रशस्त) प्रकट करता है, जबकि अन्य लग्नों में यह ग्रह योग अच्छा फल (प्रशस्त) प्रकट करता है। जबकि अन्य लग्नों में सामान्य फल प्रदान करता है। यह योग लग्न या चतुर्थ में हो, तो जातक विद्वान, धनवान, नीतिज्ञ, भूम्यादि सुखों से युक्त, प्रियभाषी एवं सदाचारी होता है। सप्तम में हो तो स्त्रियों के वशीभूत, धन/धान्य से सम्पन्न एवं पिता से वैमनस्य हो। दशम में यह योग हो, तो जातक कीर्तिमान एवं सुख साधनों से युक्त हो। अशुभ ग्रह दृष्टि हो, तो कर्ण योग होता है। सूर्य-गुरु का योग, यदि शनि से दृष्ट हो, तो जातक को मैडीकल क्षेत्र (डाक्टरी आदि) में अच्छी सफलता प्रदान करता है।

सूर्य-शुक्र—का योग हो, तो जातक नाच, गायन, संगीत, सिनेमा, टैलीविजन आदि के शौक हों तथा इन्हीं के माध्यम से धनोपार्जन होने की संभावना हो, मित्रों एवं बन्धुओं के सुख से युक्त, अस्त्र-शस्त्र विद्या में निपुण, स्त्री के सहयोग से धनादि का लाभ प्राप्त करने वाला, आंखों में कष्ट की सम्भावना, स्त्रियों के संग में खुश रहे, हुनर और दस्तकारी के कामों में कुशल हो। यह योग तृतीय, पंचम, नवम् या दशम् भावों में हो, तो जातक व्यवहार कुशल, उच्च प्रतिष्ठित, धन, सवारी आदि सुखों से युक्त, चतुर बुद्धि एवं विख्यात होता है। अन्य ग्रहों में यह योग इतना सफल नहीं रहता है। देखें कुं. नं. 75

वृष, मिथुन, सिंह, कन्या, तुला, धनु, मकर एवं कुम्भ लग्नों में सूर्य-शुक्र का योग विशेष प्रशस्त माना जाता है, जबकि अन्य लग्नों में साधारण फल रहता है। उदा. कुं. नं. 10 (पृष्ठ 74 फलित भाग 1), 102

सूर्य-शनि-कुण्डली में सूर्य-शनि का योग होने से जातक धातुओं (लोहा, ताम्बा, पीतल, सोना, चांदी) आदि के व्यापार में निपुण, स्वास्थ्य में कमी, अपने धर्म-कर्म में निपुण, अपने वंश के गुणों से युक्त, क्रय-विक्रय एवं व्यापारिक क्षेत्र में कुशल हो। जड़ी-बूटियों की पहचान करने में रुचि, स्त्री, पुत्र आदि सन्तान से चिन्तित परन्तु भूमि, वाहन आदि सुख साधनों एवं सम्पत्ति से युक्त हो। मतान्तर में ऐसे योग में उत्पन्न जातक को पिता, भाईयों एवं सन्तान पक्ष से चिन्ताएं बनी रहती हैं। जातक अपने विचारों, गुणों का सदुपयोग अथवा लाभ नहीं उठा पाता। पिता के साथ वैचरिक मतभेद रहते हैं। सूर्य एवं शनि यदि नीच राशिस्थ होंगे, तो विशेष अशुभ फल प्रकट होंगे।

यह योग मेष, वृष, मिथुन, तुला, बृश्चिक, धनु व कुम्भ लग्नों में विशेष प्रशस्त माना जाता है। जबकि अन्य लग्नों में सामान्य फल होता है। सिंह लग्न में यह योग संघर्षपूर्ण पारिवारिक परिस्थितियों का परिचायक है। उदाहरणस्वरूप देखें ज्यो. तत्त्व फलित भाग (1) उदा. कुं. नं. 39 (पृष्ठ 172) प्रस्तुत बालक 7 मास का था, जब इसके पिता की आकस्मिक मृत्यु हुई।

सूर्य-राहु-इस योग के प्रभाव से किसी का भला करने पर भी जातक को बुराई मिले, पिता को कष्ट या पितृ सुख में कमी हो, कार्य व्यवसाय में आय कम व उलझनें अधिक रहें। सरकारी क्षेत्र में भी परेशानियों का सामना हो। 42वें वर्ष सन्तान को कष्ट का भय, भाग्योन्नति में विघ्न बाधाएं हों, सिरपीड़ा, आंखों को कष्ट या रोग भय हो। जातक का मन सांसारिक विषयों की ओर अधिक आकृष्ट होता है। निकट बन्धुओं के साथ मन-मुटाव एवं कलह रहे।

सूर्य-केतु-का योग हो तो जातक का पारिवारिक लोगों से विग्रह या कलह रहे अथवा किसी निकटस्थ के कलह कारण मन विक्षुब्ध रहे। धन हानि एवं आर्थिक उलझनें अधिक हों, सिर एवं चक्षुओं में पीड़ा हो, घरेलू एवं व्यावसायिक पेरशानियों के कारण तनाव रहे। शत्रु एवं रोग भय हो। परन्तु तृतीय, पंचम, नवम एवं दशम भाव में यह योग शुभ होगा। चिकित्सा, धर्म, योग, ज्योतिष आदि गूढ़ विषयों में रुचि, सरकारी क्षेत्रों से लाभान्वित हों। देखें उदा. कुं. 87 (धनु जातक)

चन्द्र-मंगल-का योग हो तो जातक बुद्धिमान, परिश्रमी, कुछ तीक्ष्ण स्वभाव, अपने धर्म एवं नियमों का पालन करने वाला, साहसी एवं कुशल वक्ता, कैमीकल, चर्म, धातु, शिल्प आदि एवं तकनीकि कार्यों में कुशल, क्रय-विक्रय एवं व्यापार द्वारा अच्छा धनार्जन करने में सफल होता है। सर्विस में भी हो, तो एक से अधिक साधनों द्वारा धन लाभ प्राप्त करने में कुशल होता है। यह योग तृतीय, पंचम, नवम, दशम एवं ग्यारहवें भावों में हो, तो अच्छा फलप्रद कहा गया है। दशम में चंद्र-मंगल का योग होने से उच्चाधिकारी या सेनाध्यक्षकर्त्ता होता है। सारावली में प्रथम, चतुर्थ एवं सप्तम भावों में इसका फल अच्छा नहीं कहा। इसके अतिरिक्त यह योग मेष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, बृश्चिक, मकर, कुम्भ व मीन लग्नों में विशेष प्रशस्त माना जाता है। शेष अन्य लग्नों में साधारण फल। देखें कुं. नं. 71, 89.

चन्द्र-बुध—का योग हो, तो जातक मधुरभाषी, सुन्दर व्यक्तित्व, व्यवहार कुशल बुद्धि, हंसमुख, स्त्रियों के प्रति विशेषतः आसक्त, संगीत, साहित्य एवं काव्यादि रचनाओं में रुचि, धार्मिक प्रवृत्ति, लग्न भाव, तृतीय, चतुर्थ, षष्ठ, सप्तम भावों में यह योग हो तो जातक पराक्रमी, बुद्धिमान, भूमि, वाहन, स्त्री आदि सुखों से युक्त होगा। यदि दशम में यह योग हो तो जातक धनवान् और विख्यात होता है। द्वादश में हो, तो संगीत, काव्य आदि कलाओं में कुशल होता है। अष्टम भाव में हो, तो माता-पिता के लिए अरिष्टकर होता है। वृष, मिथुन, कर्क कन्या, तुला, बृश्चिक, धन, मकर व मीन लग्नों वालों के लिए इस योग का फल विशेष लाभप्रद रहता है, जबकि अन्य लग्न वालों को साधारण फल होता है। देखें कुं. नं. 62

चन्द्र-गुरु—का योग हो तो जातक अत्यन्त बुद्धिमान, अच्छे लोगों की संगति करने वाला, परोपकारी स्वभाव एवं धार्मिक प्रवृत्ति वाला होगा। अपने भाई-बन्धुओं का सम्मान करने वाला, भाई-बन्धुओं, भूमि, वाहन आदि सुखों से युक्त, यदि शुभ एवं योगकारक ग्रह से दृष्ट हो तो जातक सुख-साधनों से सम्पन्न हो। केन्द्र-त्रिकोण में यह योग जातक को सुन्दर एवं आकर्षक व्यक्तित्व वाला एवं स्त्री, पुत्र आदि सुखों से युक्त बनाता है। चतुर्थ भाव में ऐश्वर्य एवं वैभव आदि सुखों से युक्त, सप्तम में विविध कलाओं में कुशल, पंचम में विनयशील, बुद्धिमान व विचारों को गुप्त रखने वाला एवं पारिवारिक सुखों से युक्त, नवम में भाग्यशाली, धार्मिक आस्था युक्त तथा दशम में व्यापारिक क्षेत्र में सफल होता है।

यह योग मेष, मिथुन, कर्क, कन्या, तुला, बृश्चिक, धनु एवं मीन लग्नों के शुभ भावों को विशेष प्रशस्त माना जाता है। चन्द्र-गुरु के सम्बन्ध से गज-केसरी नामक शुक्र योग भी बनता है। देखें कुं. नं. 65, 79, 108.

चन्द्र-शुक्र-कुण्डली में चन्द्र-शुक्र का योग हो, तो जातक सुन्दर एवं आकर्षक व्यक्तित्व वाला, उत्साहशील, सुन्दर वस्त्रों, पुष्पों, सुगन्धित (पर्फयूम आदि) वस्तुओं या दवाइयों आदि के कार्य से सम्बन्धित रहे, जातक क्रय-विक्रय (व्यापार) करने में समझदार, व्यवहार कुशल, ऐश्वर्य पसन्द-स्त्रियों में प्रीति एवं मनोरंजन आदि कार्यों में अधिक रूचि, आवास, वाहन एवं स्त्री आदि तथा अभिनय, नृत्य आदि के क्षेत्र में सफलता दिलाता है। देखें कुं. नं. (67) ऐश्वर्य राय। यदि यह योग दशम भाव में हो, तो जातक विस्तृत/वैभवयुक्त एवं विख्यात होता है, उसके अधीन बहुत से कर्मचारी होते हैं। एकादश भाव में अल्प पुत्र एवं कन्या सन्तति अधिक देता है। छठे, आठवें एवं बारहवें भाव में यह योग शुभ नहीं माना जाता है तथा मेष, वृष, मिथुन, कर्क, कन्या, तुला, बृश्चिक, धनु, मकर व मीन लग्नों में यह योग प्रशस्त होता है। अन्य लग्नों में साधारण फल होता है। यदि चन्द्र व शुक्र नीच राशिस्थ हो, तो जातक शराबादि नशों में भी रुचि रखे। देखें कुं. नं. 63.

चन्द्र-शनि—का योग हो, तो अत्यन्त मेहनती, गहन चिन्तनशील, दूरदर्शी, विभिन्न प्रकार के फुटकर कार्यों द्वारा धनोपार्जन करने वाला, शिल्पज्ञ (हुनरमन्द), अनेक स्त्रियों से प्रीति रखने वाला, चतुर्थ भाव में योग हो, तो चौपाय, सवारी आदि का शौक हो। जातक जल, मोती, मणि, जवाहरात, चान्दी, सुवर्ण एवं जहाज आदि की आजीविका अथवा भूमि की खुदाई या उससे निकलने वाली या गूढ़ वस्तुओं से सम्बन्धित वृत्ति वाला होगा। देखें कुं. नं. 106.

दशम भाव में शुभ योग हो, तो जातक विशिष्ट समुदाय का नेता (स्वामी) एवं विख्यात होता है। चन्द्र-शनि नीच राशिगत हों तो जातक नीच स्वभाव का, स्वार्थी, शराब, स्त्री आदि ऐश परस्ती पर धन का अपव्यय करने वाला अथवा जमीन-जायदाद सम्बन्धी झगड़े या मुकद्दमों में धन की क्षति होती है। उदाहरणार्थ देखें कुं. नं. 27 पृष्ठ 124, फलित खण्ड भाग (1)। मेष, मिथुन, कर्क, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु व मीन लग्न में चन्द्र-शनि का योग प्रायः प्रशस्त होता है। देखें उदाहरण कुण्डली नं. 75, 81

चन्द्र-राहु—का योग होने से निकटस्थ बन्धुओं के व्यवहार के कारण मन अशान्त रहे, माता एवं स्त्री को कष्ट, भोजन विकार (खाने-पीने की गड़बड़ी) के कारण शरीर अस्वस्थ , धन की फिजूलखर्ची अधिक रहे। गुप्त चिन्ताएं एवं मानसिक तनाव के कारण शरीर कष्ट की सम्भावना। यदि इस योग पर किसी शुभ ग्रह की दृष्टि हो, तो अशुभ फल कम होंगे।

चन्द्र-केतु—किसी बन्धु को कष्ट हो अथवा वैमनस्य पैदा हो, धन हानि, सहयोगियों के साथ गलतफहमी रहे, धन हानि, मन को परेशान करने वाली घटनाएं हों, तन्त्र, मन्त्र, ज्योतिष आदि गूढ़ विषयों में विशेष रुचि हो। गुप्त युक्तियों से धनार्जन करने वाला तथा अशान्त चित्त वाला होता है।

मंगल-बुध—का योग हो, तो जातक कुशलवक्ता, भूमि अथवा मकान, वाहन आदि सुखों से युक्त, औषधि अथवा शिल्प एवं विविध धातुओं से मिश्रित वस्तुओं के व्यापार से धनी एवं लाभान्वित होने वाला, ज्योतिष, गणितादि में रुचि, सुन्दर शरीर सौष्ठव एवं स्त्रियों में विशेषतः आसक्त होने वाला होता है। ऐसा जातक कार्य/व्यवसाय में कूटनीति एवं युक्तियों का प्रयोग करने वाला अर्थात् सत्यासत्य वचनों द्वारा अपना काम निकलवाने वाला होता है। तैल, पैट्रोलियम पदार्थ, मोबिल आयल, घृतादि चिकनाईयुक्त पदार्थ, जड़ी-बूटियों आदि से औषधि निर्माण, वैद्य, हकीम, डाक्टर, कैमिस्ट, कैमीकल्स आदि के कार्यों से विशेष लाभान्वित होने के योग होंगे। केन्द्र-त्रिकोण में यह योग हो तो जातक अनेक मित्र-बन्धुओं आदि धन एवं वाहन आदि सुखों से युक्त होता है, परन्तु दोनों शत्रु ग्रह होने से जातक के जीवन में संघर्ष, तनाव एवं अशान्ति रहती है। देखें कुं. नं. 93

मंगल-गुरु—का योग हो, तो जातक मेधावी, बुद्धिमान, विद्वान्,उत्साहशील, धार्मिक प्रवृत्ति वाला, शिल्प और गणित, ज्योतिष, मंत्र एवं धर्मादि शास्त्रों में रुचि रखने वाला, शिल्पादि कामों में गुणी, परोपकारी, बोलने में चतुर, अग्रणी, भूमि, जायदाद, भाई-बन्धु, धन-सन्तान एवं सवारी आदि सुख-साधनों से सम्पन्न और प्रमुख व्यक्तित्व होता है। परन्तु अत्यन्त संघर्ष के बाद अपने कार्य क्षेत्र में सफल होता है। देखें कुं. नं. 70, 102, 76.

मेधावी शिल्पशास्त्रज्ञः श्रुतिज्ञो वाक्विशारदः ॥ अश्वप्रियः प्रधानश्च जीव मंगल संगमे ॥ (मानसागरी)

यह योग केन्द्र भावों में विशेष शुभफलप्रद होता है। जबकि षष्ठ, अष्टम या द्वादश भाव में जातक अल्पधनी, रोगी एवं अल्पसुखी होता है। मं.-गु. का योग मेष, मिथुन, कर्क, सिंह, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर एवं मीन लग्न में विशेष प्रशस्त माना जाता है। देखें उदा. कुं. नं. (76)।

मंगल-शुक्र—का योग हो, तो जातक ज्योतिष, गणित, तन्त्र आदि गूढ़ विषयों में रुचि रखने वाला, अपने कार्य की सिद्धि के लिए सत्यासत्य आदि युक्तियों का आश्रय लेने वाला, लोक व्यवहार में कुशल, मिलनसार, हंसमुख, विविध साधनों से धनार्जन करने वाला, क्रय-विक्रय एवं व्यापार आदि में कार्य कुशल, स्त्रियों से मित्रता करने में कुशल अथवा स्त्री के वशीभूत होकर अनैतिक कार्य भी कर सकता है। ऐश परस्त एवं मनोरंजन आदि कार्यों पर अपव्यय (वृथा खर्च) करने वाला, संगीत, कला, अभिनय आदि में कुशल होगा। यह योग लग्न, चतुर्थ एवं दशम भावों में विशेष फलप्रद होता है। इसके अतिरिक्त मेष, वृष, कर्क, सिंह, कन्या, वृश्चिक, मकर व कुम्भ लग्नों में यह योग प्रशस्त माना जाता है। भौमादि ग्रह लग्नेश होकर शुभ भावों में हों तो विशेष प्रभावी होते हैं। देखें कुं. नं. 59

मंगल-शनि—का योग हो, तो जातक मिथ्याचरण करने वाला, वाद-विवाद (बहस), झगड़े, मुकद्दमे आदि के कार्यों में होशियार हो तथा कलह-क्लेश के कारण परेशान रहे, ज्योतिष तन्त्र, मन्त्र, जादू आदि के कार्यों में रुचि, क्लिष्ट, चौर प्रवृत्ति, प्रपंच आदि मिथ्या व्यवहार करने में कुशल, रहस्यमय स्वभाव, भाईयों से हानि परन्तु शत्रुओं पर प्रभावी हो, अपने स्वार्थ (फायदे) का विशेष ध्यान रखे, लोहे, पत्थर, रबड़, कैमीकल, सोना, चांदी, रत्नों आदि के कामों में विशेष लाभ की सम्भावना हो, मेष, वृष, मिथुन, कर्क, तुला, धनु, मकर व कुम्भ लग्न में यह योग विशेष प्रशस्त होता है। प्रथम, चतुर्थ, सप्तम भावों में तो अशुभ होता है, परन्तु दशम भाव में जातक का उच्च प्रतिष्ठित लोगों से सम्पर्क एवं उनसे लाभान्वित होने वाला तथा वाहन आदि सुख साधनों से संयुक्त होता है। कई बार किसी षड्यंत्र का भी शिकार हो जाता है। देखें कुं. नं. 68, 78. (**ज्योतिष तत्त्व—फलित खण्ड-प्रथम भाग**)

मंगल-राहु—के योग के कारण जातक के अग्रज या आत्मीय जन के शरीर कष्ट के कारण मन परेशान रहे। जातक स्वयं आंखों, शिर एवं पित्त जनित रोगों के कारण रुग्ण रहे। बनते कार्यों में बार-बार विघ्न बाधाएं हों। आय सीमित तथा वृथा खर्च बहुत अधिक रहें। वाहनादि से बार-बार चोट लगने की सम्भावना रहती है। मंगल-राहु का योग प्रायः तृतीय, छठे, नवें, दशम एवं एकादश भावों में अपेक्षाकृत शुभ माना जाता है।

मंगल-केतु—के योग के कारण जातक को दुर्घटना आदि से चोट का भय, पत्थर, लोहा अथवा शस्त्र आदि से चोट / घाव आदि का भय हो, निर्वाह योग्य आय के साधन बनते हों परन्तु आकस्मिक धन हानि की भी सम्भावना हो। स्त्री कष्ट, मानसिक तनाव एवं अपव्यय अधिक रहें। तन्त्र, मन्त्र/ज्योतिष आदि गूढ़ विषयों में भी रुचि रहे।

बुध-गुरु—के योग से जातक बुद्धिमान्, विद्वान्, अच्छा वक्ता, संगीत, नृत्य, शिल्प, कला, अभिनय आदि कलाओं का जानकार अथवा सिनेमा, टैलीविजन आदि कलाओं के द्वारा धनोपार्जन करने वाला होता है। यदि यह युति केन्द्र भावों (1, 4, 7 या दशम) में हो तो [illegible] व्यक्तित्व वाला, उच्चप्रतिष्ठित, भूमि, अच्छी पत्नी, वाहन एवं धन-धान्य, प्रतिष्ठा आदि सुखों से सम्पन्न होता है। यह योग छठे, आठवें, दसवें एवं बारहवें भावों में भी प्रशस्त माना जाता है। यह योग मिथुन, सिंह, कन्या, तुला, धनु, कुम्भ व मीन लग्नों में विशेष शुभ माना जाता है।

बुध-शुक्र—का योग लग्न में हो, तो जातक सुन्दराकृति, बुद्धिमान, विवेकशील, शालीन एवं प्रियभाषी, कामुक, व्यवहार कुशल, उच्च प्रतिष्ठित, हुनरमन्द, सम्मानित, प्रसिद्ध, धार्मिक प्रवृत्ति वाला, गुणवान, अनेक लोगों (बहुतों) की सहायता करने वाला और अपने कुल में श्रेष्ठ होता है। प्रसन्नचित्त, हंसमुख, गायन, संगीत आदि का शौकीन, चतुर्थ भाव में यह योग होने से जातक मित्र-बन्धुओं तथा सवारी आदि सुखों के युक्त होता है। सप्तम भाव में होनें से धन-धान्य, स्त्री सुख आदि ऐश्वर्यों से युक्त तथा दशम में होने से जातक नीतिवान, तीव्र बुद्धि, सामर्थ्यवान तथा सुख-साधनों से सम्पन्न होता है। केन्द्र-त्रिकोण में यह योग विशेष शुभ होता है। ऐसा जातक विलासप्रिय, नीतिवान, कला, अभिनय, एकाऊंट्स, कानून, ज्योतिष आदि विषयों का भी जानकार होता है। यह योग वृष, मिथुन, सिंह, कन्या, तुला, मकर व कुम्भ लग्न वालों को शुभ फल देता है। देखें उदा कुं. नं. 71, 82, 94.

बुध-शनि—का योग हो, तो जातक शिल्प कलाओं में कुशल परन्तु चंचल बुद्धि, बोलने में चतुर, चिन्तनशील, भ्रमणशील, दुर्बल शरीर, विभिन्न स्रोतों द्वारा आय के साधन प्राप्त करने वाला, वाद-विवाद करने वाला, माया पर (चालाक) एवं व्यवसाय में धीरे-धीरे लाभ व उन्नति करने वाला होता है, वृष, मिथुन, कन्या, तुला, धन, मकर व कुम्भ लग्न में शुभ भावों में पड़ा हो, तो शुभ फल प्रदान करता है, जबकि अन्य लग्नों में इस योग का फल शुभाशुभ (मिश्रित) होता है। देखें उदा कुं. नं. 70.

